www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार, 5 सितंबर 2025 | वर्ष – 67 | अंक – 141 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 4.00 रु

प्रेस पंजीयन- 06072/59



शिक्षक दिवस आज

■ लगातार अनिश्चित हो रही विधेयकों के अनुमोदन की समय-सीमाएं
■ सपनों को संवारने वाला शिल्पकार: शिक्षक
पृष्ठ 6

■ ट्रंप की टैरिफ नीति के बीच अमेरिकी सांसद से मिले भारतीय राजदूत
■ अमेरिका को अखर सकती है किम, शी व पुतिन की नजदीकियां
पृष्ठ 7

आज ईद-ए-मिलाद-उन-नबी

# बर्खास्तगी के विरोध में एनएचएम कर्मचारियों ने प्रदेश भर में सौंपा सामूहिक इस्तीफा






**रायपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों पर बर्खास्तगी की कार्रवाई के बाद आंदोलनरत कर्मचारी आक्रोशित हो गए हैं। प्रदेशभर में आज एनएचएम कर्मचारियों ने अपने-अपने जिले के स्वास्थ्य अधिकारी को सामूहिक इस्तीफा सौंपा है। बस्तर जिले में 887, कांकेर में 655, बलौदाबाजार जिले में 421 एनएचएम कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा दिया है

रायपुर में एनएचएम कर्मचारी अपना सामूहिक इस्तीफा सौंपने स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पहुंचे थे। अब नोटिस के बाद भी काम पर नहीं लौटने पर सरकार ने 35 एनएचएम अधिकारी-कर्मचारियों की सेवा समाप्ति कर दी है। इसके चलते अब आक्रोश बढ़ गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय रायपुर में रायपुर जिले के एनएचएम अधिकारी-कर्मचारी इस्तीफा देने पहुंचे हैं। कार्यालय के सामने प्रदर्शन भी किया।

**बलौदाबाजार जिले में 421 कर्मचारियों ने इस्तीफा सौंपा**–नियमितीकरण समेत 10 सूत्री मांगो को लेकर एनएचएम कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। बलौदाबाजार जिले में 421 एनएचएम कर्मचारियों ने अपना इस्तीफा सीएमएचओ को सौंप दिया है। वहीं कांकेर में 655 स्वास्थ्यकर्मियों ने अपना सामूहिक इस्तीफा जिला स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा है।

**मुंगेली जिले में 300 से अधिक कर्मचारियों ने इस्तीफा सौंपा**–मुंगेली जिले में 300 से अधिक एनएचएम कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा सीएमएचओ को सौंपा। इस दौरान कर्मचारियों ने कहा, सरकार मोदी की गारंटी के तहत नियमितीकरण का वादा पूरा करे। मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

**प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा ठप**

**बस्तर जिले में 887 कर्मचारियों ने इस्तीफा सौंपा**– बस्तर जिले के 887 एनएचएम कर्मचारियों ने सीएमएचओ प्रभारी को अपना इस्तीफा देकर शासन के खिलाफ मोर्चा और मजबूत कर दिया है। जिला अध्यक्ष शकुंतला का कहना है कि शासन ने हमारे कई कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। एनएचएम कर्मचारियों ने कई बार बातचीत की कोशिश की थी, लेकिन जब शासन की ओर से कोई पहल नहीं हुई। जब शासन ने हमारे 10 कर्मचारियों की बर्खास्ती की तो पूरे प्रदेश के 33 जिलों में सामूहिक इस्तीफा देने का फैसला लिया गया। इस्तीफा देने के बावजूद एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे रहेंगे। इस हड़ताल से स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाएं पूरी तरह प्रभावित हो गई हैं। वहीं सीएमएचओ प्रभारी बीके ठाकुर ने कहा कि सभी इस्तीफे शासन को भेजे जाएंगे और आगे का निर्णय शासन स्तर पर लिया जाएगा।

**बिलासपुर जिले में 735 संविदा कर्मचारियों ने इस्तीफा सौंपा, जारी रहेगा आंदोलन**–बिलासपुर जिले के 735 संविदा कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा सीएमएचओ को सौंप दिया है। कर्मचारियों ने कोन्हेर उद्यान, नेहरू चौक से बाइक रैली निकालकर सरकंडा स्थित सीएमएचओ कार्यालय का घेराव किया। कार्यालय का मुख्य गेट बंद रहा, जिसके बाहर कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और नियमितीकरण एवं ग्रेड पे की मांग दोहराई। अंततः मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शुभा गढ़ेवाल बाहर आकर कर्मचारियों का सामूहिक त्यागपत्र स्वीकार किया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार की उदासीनता के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा और नियमितीकरण की मांग पूरी होने तक हड़ताल समाप्त नहीं होगी

### एनएचएम संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष मोहन दुबे बर्खास्त

प्रदेश में नियमितीकरण समेत अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे एनएचएम संघ के पदाधिकारियों के खिलाफ अब कार्रवाई शुरू होगई है। संघ के पदाधिकारियों पर गाज गिरने के बाद आज बिलासपुर सीएमसीचो ने आदेश जारी करते हुए कार्यकारी प्रांताध्यक्ष श्याम मोहन दुबे को पद से बर्खास्त कर दिया है। संघ के कर्मचारी 18 अगस्त से अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सरकार ने उन्हें 24 घंटो के भीतर काम पर लौटने के आदेश दिए थे जिसके बाद अब काम पर न लौटने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है।

**बर्खास्तगी आदेश की कॉपी जलाकर दिया इस्तीफा**–जांजगीर चाम्पा जिले के 340 एनएचएम कर्मचारियों ने आज सीएमएचओ कार्यालय पहुंचकर सामूहिक इस्तीफा दिया. उन्होंने अपने संगठन के पदाधिकारियों पर राज्य शासन के निर्देश पर की गई बर्खास्तगी कार्रवाई के विरोध में आदेश कॉपी को जलाया और सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए मोदी की गारंटी को झूठा बताया। कर्मचारियों ने आंदोलन को उग्र करने की चेतावनी भी दी।

**बारिश से हो रही तबाही पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई**

# अवैध पेड़ कटाई का बदला ले रही प्रकृति

■ सुप्रीम कोर्ट ने चार राज्यों को नोटिस भेजा
■ दो हफ्तों में जवाब दाखिल करने को कहा



**नई दिल्ली**, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में उत्तर भारत के कई राज्यों में आई बाढ़ और भूस्खलन पर गंभीर चिंता जताई है। अदालत ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए चार राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने की बात कही। सुप्रीम कोर्ट ने जिन चार राज्यों को नोटिस जारी किया, उसमें पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं। कोर्ट ने इन राज्यों की सरकारों को नोटिस जारी कर उनसे दो हफ्तों के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि बड़े पैमाने पर अवैध पेड़ कटाई की गई है और यही हालिया आपदा का एक बड़ा कारण हो सकता है।

**बड़ी संख्या में लकड़ी के गट्ठर बहते नजर आए**–अदालत ने मीडिया रिपोर्टों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि हमने हिमाचल प्रदेश के दृश्य देखे, जहां बड़ी संख्या में लकड़ी के गट्ठर बाढ़ में बहते हुए नजर आए। यह अनियंत्रित पेड़ कटाई का संकेत है। वहीं, पंजाब में खेत और गांव तबाह हो गए हैं। विकास जरूरी है, लेकिन वह संतुलित होना चाहिए। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी मामले की गंभीरता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमने प्रकृति के साथ इतनी छेड़छाड़ की है कि अब प्रकृति हमें उसका जवाब दे रही है। उन्होंने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे पर वे पर्यावरण मंत्रालय के सचिव से बात करेंगे और संबंधित राज्यों के मुख्य सचिवों से भी संवाद स्थापित करेंगे।

**प्रभावित राज्यों को इस पर ठोस जवाब देना होगा**–सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रभावित राज्यों को इस पर ठोस जवाब देना होगा कि बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए और आगे ऐसी आपदाओं से बचाव के लिए उनकी क्या योजना है। कई राज्यों में हुई बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरीके से प्रभावित है। पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के कई शहरों में जलजमाव है। पंजाब में हालात सबसे खराब हैं, जहां पर कई गांवों में पानी भर गया है।

### पंजाब के 23 जिले और 1655 गांव बाढ़ से प्रभावित, अब तक 37 की मौत

**नई दिल्ली।** देशभर के कई राज्यों में मॉनसूनी बारिश ने आफत मचाई हुई है। भूस्खलन और बाढ़ से हाल बेहाल है। मूसलाधार बारिश से हर जगह पानी ही पानी नजर आ रहा है। पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड से लेकर मैदानी राज्यों दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र तक बारिश से बुरा हाल है। बात पंजाब की करें तो बारिश और बाढ़ के चलते राज्य में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 तक पहुंच गई। पंजाब के 23 जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। आंकड़ों के मुताबिक लगभग 1655 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। अगर पूरे पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या गिनी जाए तो 3 लाख 55 हजार 709 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

मध्य प्रदेश के 26 जिले बाढ़ से प्रभावित बताए जा रहे हैं। रतलाम में भारी बारिश की वजह से जनजीवन प्रभावित हुआ है। दिल्ली में बाढ़ से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। यह स्थिति हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण हुई है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर 3,000 से ज्यादा वाहन, जिनमें ज्यादातर भारी मोटर वाहन (एचएमवी) हैं, फंसे हुए हैं।

**सार संक्षेप**

### पीएमएलए मामले में शिखर धवन ईडी के समक्ष पेश

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप वनएक्सबेट से जुड़े धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के एक मामले में आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम धवन से पूछताछ कर रही है और इस मामले में उनका बयान दर्ज कर रही है। जांच एजेंसी को संदेह है कि धवन के कुछ विज्ञापनों और प्रचारों के जरिए इस ऐप से संबंध थे। इससे पहले ईडी ने इस मामले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना से पूछताछ की थी।

### ट्रक से कार की टक्कर, पांच व्यवसायियों की मौत

**पटना।** बिहार के पटना जिले के परसा बाजार थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात एक ट्रक और कार की टक्कर में पांच युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। बताया जा रहा है कि सभी मृतक व्यवसायी थे और फतुहा से वापस पटना लौट रहे थे। जानकारी के मुताबिक, सभी पांच कारोबारी किसी कार्य से फतुहा गए थे और देर रात सभी कार पर सवार होकर पटना लौट रहे थे। इसी दौरान परसा बाजार थाना क्षेत्र के सुईथा मोड़ के पास कार से चालक का नियंत्रण हट गया और कार ने आगे जा रहे एक ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी।

### नाइजीरिया में नाव दुर्घटना में 60 लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर राज्य में एक नाव के पलट जाने से कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोगों को बचा लिया गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बोर्गु स्थानीय सरकारी क्षेत्र के अध्यक्ष अब्दुल्लाही बाबा आरा ने कहा, नाव दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 60 हो गई है और हताहतों की संख्या बढ़ रही है।

### देश मे परिस्थितियां लोकतंत्र के अनुकूल नहीं: रेड्डी

**पटना**, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में इंडिया गठबंधन के साझा उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने आज कहा कि करीब 52 साल तक संविधान की सेवा करने के बाद आज मैं जिस पद के लिए खड़ा हूं, वह सियासी नही संवैधानिक पद ही है।

जस्टिस रेड्डी ने गुरुवार को पटना में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस समय देश मे परिस्थितियां लोकतंत्र और संविधान के अनुकूल नही है और ऐसे समय मे मेरे जैसे संविधान के जानकारों की भूमिका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि मेरी पृष्ठभूमि सियासी नही है और मैं किसी भी राजनीतिक दल का सदस्य नही हूं। जस्टिस रेड्डी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के अलावा आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल और कुछ और छोटी पार्टियों ने समर्थन का वादा किया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का मुझे समर्थन मिल रहा है उनका देश की जनता के बीच प्रतिनिधित्व करीब 63 प्रतिशत है और देश भर के भ्रमण के दौरान जिस तरह का समर्थन प्राप्त हो रहा है, उसे देख कर अच्छे भविष्य की उम्मीद बन रही है।

# अनुशासनहीनता की कार्रवाई से बचने रविंद्र चौबे अचानक पहुंचे राजीव भवन

**प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से बंद कमरे में हुई चर्चा**

**रायपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस की बैठक में उनके खिलाफ अनुशासनहीनता का प्रस्ताव पारित होने के बाद हड़बड़ाए श्री चौबे गुरुवार को अचानक कारवाई से बचनेराजीव भवन पहुंचे। इस दौरान बंद करने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से उनकी मुलाकात हुई।

बैठक के बाद दोनों नेताओं ने तमाम असहमतियों को दरकिनार करते हुए कहा कि कांग्रेस को मजबूत करना हमारा मकसद है। आगामी चुनाव कलेक्टिव लीडरशिप में लड़ी जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्म दिन पर चौबे ने यह नया दिया था कि छत्तीसगढ़ की जनता आज भी भूपेश बघेल का नेतृत्व चाहती है।' इस बयान पर प्रदेश कांग्रेस में बवाल मचा है।



### भाजपा को अपने भवन का नाम नमक हराम भवन रखना चाहिए

वहीं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन को चमचा भवन बताते हुए भाजपा के पोस्टर जारी किए जाने पर दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को अपने भवन का नाम नमक हराम भवन रखना चाहिए।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से मुलाकात के बाद पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि दीपक बैज कांग्रेस के अध्यक्ष है, हमारा समर्थन उनके साथ है। दीपक बैज के नेतृत्व में मजबूती से कांग्रेस लड़ाई लड़ रही है। भूपेश बघेल के जन्मदिन पर भ्रमपूर्वक बातें कही गई। अगर कुछ बातें कही गई तो वह बात नहीं थी, जो प्रेस में आई। दीपक बैज बहुत ही मैच्योर अध्यक्ष हैं। वहीं दीपक बैज ने महंत के चमचे वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस की बैठक में बहुत सारे मुद्दे थे। बैठक में संगठन सृजन अभियान पर चर्चा की गई। कांग्रेस को मजबूत करना हमारा मकसद है। बैठक में जो बातें हुई, वह घर की बात है, पार्टी की बात है।

**भाजपा कार्यकर्ताओं की गुंडई पर भड़के लालू**

# बिहारियों को इतने हल्के में ना लें गुजराती



**पटना**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान दरभंगा में खुले मंच से पीएम मोदी को मां की गाली देने के खिलाफ गुरावार को एनडीए ने आधे दिन का बिहार बंद बुलाया था। बंद के दौरान राज्य के अलग-अलग हिस्सों से बीजेपी कार्यकर्ताओं की गुंडई की खबरें सामने आईं। अब इसको लेकर आरजेडी चीफ लालू प्रसाद ने बीजेपी पर तीखा हमला बोला है। लालू ने एक्स पर लिखा, क्या प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपाइयों को आदेश दिया है कि आज पूरे बिहार और बिहारियों की माताओं-बहनों और बेटियों को गाली दो? गुजराती लोग बिहारियों को इतने हल्के में ना लें? यह बिहार है। बीजेपी के गुंडे-मव्वाली सम्मानित शिक्षिकाओं, राह चलती महिलाओं, छात्राओं, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और पत्रकारों को गालियां दे रहे है, उनके साथ हाथापाई कर दुर्व्यवहार कर रहे है? क्या यह उचित है? शर्मनाक!

**एनडीए में शामिल दलों का मिला समर्थन**–बीजेपी के बिहार बंद को एनडीए में शामिल तमाम दलों ने अपना समर्थन दिया और गुरुवार को सुबह सात बजे से ही सड़कों पर उतर गए। इस दौरान राज्य के कुछ जिलों में महिलाओं और आम लोगों के साथ बीजेपी कार्यकर्ताओं के द्वारा अभद्रता की खबरें सामने आईं। 'बिहार बंद' के दौरान भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता भी सड़कों पर उतरे।

# मणिपुर में शांति बहाली के लिए समझौते पर हस्ताक्षर

**नईदिल्ली**, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में उग्रवादी संगठन कुकी-ज़ो परिषद (केजेडसी) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को यात्रियों और आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आवाजाही के लिए खोलने तथा वहां तैनात सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करने का निर्णय लिया है। गृह मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि यह निर्णय कुकी-जो और उसके अधिकारियों के बीच सिलसिलेवार बैठकों के बाद लिया गया। गृह मंत्रालय, मणिपुर सरकार और कुकी राष्ट्रीय संगठन (केएनओ)-यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) के प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक के बाद एक समझौते एसओओ पर भी हस्ताक्षर किए गए। इसके अंतर्गत उग्रवादी संगठन अपनी गतिविधियों को विराम देते हुए रोक देंगे। संगठनों के प्रतिनिधियों ने सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करने की भी प्रतिबद्धता जताई है। यह समझौता आज से एक वर्ष की अवधि तक लागू रहेगा। समझौते के नियमों में मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता पर बद दिया गया है। समझौते में यह भी कहा गया है कि मणिपुर में स्थायी शांति और स्थिरता के लिए मुद्दों का बातचीत से समाधान किये जाने की आवश्यकता है।

■ कुकी-जो परिषद राष्ट्रीय राजमार्ग-दो को खोलेगी, सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करने की भी प्रतिबद्धता जताई

# सरकार को गलती सुधारने में 8 साल लगे : चिदंबरम

**जीएसटी दरों में बदलाव पर बोले-अर्थशास्त्रियों ने बार-बार इन गलतियों को सुधारने की मांग की थी**



**मदुरै**, 4 सितम्बर (एजेंसिया)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने गुरुवार को मदुरै एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्र सरकार के हालिया जीएसटी दरों में बदलाव पर अपनी बेबाक राय रखी। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन यह भी सच है कि उसे अपनी गलती स्वीकार करने में आठ साल का समय लग गया। चिदंबरम ने कहा कि हम जीएसटी में बदलाव का स्वागत करते हैं, लेकिन सरकार ने आठ साल बाद अपनी गलती को समझा है। जब 1 जुलाई 2017 को यह कानून लागू हुआ था, तभी हमने कहा था कि यह गलती है और इतने तरह-तरह के टैक्स स्लैब नहीं होने चाहिए। मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमणियन ने भी यह सलाह दी थी, लेकिन वित्त मंत्रियों और अन्य नेताओं ने उस समय किसी की बात नहीं सुनी। हमने संसद में भी कई बार इस मुद्दे को उठाया था। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि कई नेताओं और अर्थशास्त्रियों ने बार-बार इन गलतियों को सुधारने की मांग की थी। अब कम से कम सरकार ने यह मान लिया और सुधार किया।

**रैंकिंग** यूनिवर्सिटी में आईआईएससी और कॉलेजों में हिंदू कॉलेज टॉप

# एनआईआरएफ रैंकिंग में आईआईटी मद्रास नंबर वन

**नई दिल्ली, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ)-2025 रैंकिंग जारी की। शिक्षा मंत्रालय की इस रैंकिंग में ओवरऑल रैंकिंग और इंजीनियरिंग संस्थानों में आईआईटी मद्रास ने पहला स्थान हासिल किया है।**

*अगर मैनेजमेंट संस्थानों की बात करें तो यहां आईआईएम अहमदाबाद टॉप पर है। वहीं, कॉलेजों की रैंकिंग में दिल्ली विश्वविद्यालय का हिंदू कॉलेज पहले स्थान पर है। मेडिकल कॉलेजों की रैंकिंग में नई दिल्ली स्थित ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एम्स) नंबर वन है। यूनिवर्सिटी रैंकिंग में आईआईएससी बेंगलुरु टॉप पर है। यह रैंकिंग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जारी की। इस रैंकिंग में बीते वर्ष की ही तरह इस साल भी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान यानी आईआईटी मद्रास का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। आईआईटी मद्रास ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है।*



■ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जारी की रैंकिंग

*इंजीनियरिंग श्रेणी में आईआईटी मद्रास ने लगातार 10वें वर्ष प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, ओवरऑल रैंकिंग की श्रेणी में आईआईटी मद्रास को लगातार 7वीं बार शीर्ष स्थान हासिल हुआ है। इसके अलावा इनोवेशन की श्रेणी में इस वर्ष आईआईटी मद्रास को प्रथम स्थान मिला है। सस्टेनेबिलिटी डेवलपमेंट गोल्स श्रेणी, जो इस वर्ष पहली बार शामिल की गई, उसमें भी आईआईटी मद्रास को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।*

# देश

**उवाच**

"अमर्यादित भाषा को कभी जस्टिफाई नहीं किया जा सकता है। कहा कि राजनीति में भारतीय भाषाओं की यही खूबसूरती है कि आप कोई भी बात मर्यादित ढंग से बोल सकते हैं। लेकिन, अपशब्द को कभी जायज नहीं ठहराया जा सकता है: **चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 21.0 |
| मुंबई | 31.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 27.0 |

जीएसटी सुधार को लेकर खरगे का सरकार पर वार, बोले

# देश के इतिहास में पहली बार किसानों पर लगा टैक्स

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को जीएसटी सुधार को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार किसानों पर टैक्स लगा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र की कम से कम 36 वस्तुओं पर जीएसटी लगाया था। इसीलिए हमने भाजपा के इस जीएसटी को 'गब्बर सिंह टैक्स' का नाम दिया।

खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया और लिखा, 'कांग्रेस पार्टी ने अपने 2019 और 2024 के घोषणा पत्रों में सरल और तर्कसंगत कर व्यवस्था के साथ जीएसटी 2.0 की मांग की थी। हमने जीएसटी के जटिल कंप्लायंस को भी सरल बनाने की मांग की थी, जिससे एमएसएमई और छोटे व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हुए थे। 28 फरवरी 2005 को कांग्रेस-यूपीए सरकार ने लोकसभा में जीएसटी की औपचारिक घोषणा की थी। 2011 में ही जब तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी जीएसटी बिल लेकर आए थे तब भाजपा ने इसका विरोध किया था। उस समय नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उन्होंने भी जीएसटी का विरोध किया था। आज यही भाजपा सरकार रिकॉर्ड जीएसटी कलेक्शन का जश्न मनाती है, जैसे कि आम जनता से टैक्स वसूलकर उसने कोई बहुत बड़ा काम किया हो।' उन्होंने आगे लिखा, 'देश के इतिहास में पहली बार किसानों पर टैक्स लगाया गया है। इस मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र की कम से कम 36 वस्तुओं पर जीएसटी लगाया था। दूध-दही, आटा-अनाज, यहां तक कि बच्चों की पेंसिल-किताबें, ऑक्सीजन, इंशोरेशन और अस्पताल के खर्च जैसी रोज इस्तेमाल करने वाले वस्तुओं पर भी जीएसटी लगाया गया। इसीलिए हमने भाजपा के इस जीएसटी को 'गब्बर सिंह टैक्स' का नाम दिया। कुल जीएसटी का दो-तिहाई यानी 64 प्रतिशत हिस्सा गरीबों और मध्यम वर्ग की जेब से आता है, लेकिन अरबपतियों से केवल 3 प्रतिशत जीएसटी लिया जाता है, जबकि कॉर्पोरेट टैक्स की दर 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दी गई है। वहीं, पिछले 5 वर्षों में इनकम टैक्स वसूली में 240 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और जीएसटी वसूली में 177 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।'



कांग्रेस-यूपीए सरकार ने लोकसभा में जीएसटी की औपचारिक घोषणा की थी। 2011 में ही जब तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी जीएसटी बिल लेकर आए थे तब भाजपा और नरेंद्र मोदी ने जीएसटी का विरोध किया था। आज यही भाजपा सरकार रिकॉर्ड जीएसटी कलेक्शन का जश्न मनाती है: **मल्लिकार्जुन खरगे**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आखिर में लिखा, 'ये अच्छा है कि सरकार की 8 वर्ष देर से ही सही जीएसटी पर कुंभकर्णी नींद खुली और उन्होंने जागकर रेट रेशनलाइजेशन की बात की है। सभी राज्यों को 2024-25 को आधार वर्ष मानकर 5 वर्षों की अवधि के लिए कंपनसेशन दिया जाए, क्योंकि दरों में कटौती से उनके राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है।'

## जीएसटी 2.0 पर जयराम रमेश का सवाल, 'क्या परिषद एक औपचारिकता रह गई है?'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने जीएसटी 2.0 को लेकर केंद्र सरकार की हालिया घोषणाओं पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2.0 की वकालत करती रही है। मैं पूछता हूं कि क्या जीएसटी परिषद अब केवल एक औपचारिकता बनकर रह गई है? कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2.0 की वकालत करती रही है, जो दरों की संख्या घटाए, बड़े पैमाने पर उपभोग होने वाली वस्तुओं पर टैक्स की दरें कम करे, टैक्स चोरी, गलत वर्गीकरण और विवादों को न्यूनतम करे, इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर (जहां इनपुट पर आउटपुट की तुलना में अधिक टैक्स लगता है) समाप्त करे, एमएसएमई पर प्रक्रियागत नियमों का बोझ कम करे और जीएसटी के दायरे का विस्तार करे। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कल शाम संवैधानिक निकाय जीएसटी परिषद की बैठक के बाद बड़े ऐलान किए। हालांकि, जीएसटी परिषद की बैठक से पहले ही प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त, 2025 के अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में इसके निर्णयों की सारगर्भित घोषणा कर दी थी। क्या जीएसटी परिषद अब केवल एक औपचारिकता बनकर रह गई है? जयराम रमेश ने जीएसटी 1.0 पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, निजी खपत में कमी, निजी निवेश की सुस्त दरें और अंतहीन वर्गीकरण विवादों के बीच केंद्र सरकार को अब मानना पड़ा है कि जीएसटी 1.0 अपनी अंतिम सीमा तक पहुंच चुका है। दरअसल, जीएसटी 1.0 की डिजाइन ही त्रुटिपूर्ण थी और कांग्रेस ने जुलाई 2017 में ही इस पर ध्यान दिला दिया था, जब प्रधानमंत्री ने अपना यू-टर्न लेकर इसे लागू करने का निर्णय लिया था।



'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2.0 की वकालत करती रही है, जो दरों की संख्या घटाए, बड़े पैमाने पर उपभोग होने वाली वस्तुओं पर टैक्स की दरें कम करे, टैक्स चोरी, गलत वर्गीकरण और विवादों को न्यूनतम करे: **जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

प्राकृतिक आपदाओं पर मायावती की प्रतिक्रिया, बोलीं

# केंद्र और राज्य सरकारें मानवीय रुख अपनाएं

**लखनऊ,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने देश के कई हिस्सों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से उत्पन्न हालात पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इन आपदाओं के कारण पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, असम सहित कई राज्यों में ग्रामीण क्षेत्रों में जान-माल और पशुधन की भारी क्षति हो रही है। साथ ही गुरुग्राम और नोएडा जैसे शहरी इलाकों में जलभराव की समस्या ने करोड़ों लोगों की जिंदगी को प्रभावित किया है।



बसपा सुप्रीमो मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि इन कठिन हालातों में जनता को भारी परेशानियों और आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की मदद के लिए आम लोगों की तरफ से स्वयं आगे आने की खबरें और तस्वीरें संतोषजनक हैं और यह मानवता की भावना को दर्शाता है।

उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की कि वे इस आपदा के समय अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएं और पीड़ितों की हर संभव सहायता करें। मायावती ने कहा कि सरकारों को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए तत्काल राहत पहुंचाने के लिए कदम उठाने चाहिए।

## बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी बसपा

**मोतिहारी।** बहुजन समाज पार्टी ने इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ी घोषणा की है। बसपा ने पूरी ताकत से चुनावी मैदान में उतरने का ऐलान कर दिया है। बसपा के बिहार प्रभारी अनिल कुमार ने गुरुवार को पूर्वी चंपारण के मुख्यालय मोतिहारी में कार्यकर्ताओं के साथ एक अहम बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इस बार बसपा राज्य की सभी 243 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि न एनडीए और न ही महागठबंधन से कोई समझौता किया जाएगा। अनिल कुमार ने कहा कि जनता अब दोनों बड़े गठबंधनों से तंग आ चुकी है। उन्होंने कहा, 'एनडीए और महागठबंधन दोनों ने जनता से सिर्फ झूठे वादे कर उन्हें ठगने का काम किया है। अब बिहार की जनता बदलाव चाहती है और वह बदलाव बहुजन समाज पार्टी लेकर आएगी।'

**सार संक्षेप**

### भाजपा की नौटंकी नहीं चलेगी, बिहार बंद पूरी तरह असफल : संजय यादव

**पटना।** सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) की तरफ से बुलाए गए 'बिहार बंद' का प्रदेशभर में असर देखा गया है। पटना समेत कई शहरों में सुबह से ही एनडीए कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और विरोध-प्रदर्शन किया। यह बंद कांग्रेस-राजद के मंच से प्रधानमंत्री के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में बुलाया गया। इसी बीच, राजद सांसद संजय यादव ने दावा किया कि यह बंद पूरी तरह से असफल रहा और बिहार की जनता ने साफ संदेश दे दिया है कि राज्य में भाजपा का कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता भी मर्यादा का पालन नहीं करते हैं। क्या उनके बयान सनातन के मंत्रोच्चार हैं? अगर उनकी पार्टी का कोई व्यक्ति कुछ कहे तो इसके लिए विपक्ष को दोषी ठहराया जाता है। यह दोहरापन अब नहीं चलेगा।

# नीतीश ने सारण में 1203.81 करोड़ रुपए लागत की 27 योजनाओं का किया शिलान्यास

**पटना,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को सारण जिले में 1203.81 करोड़ रुपए लागत की 27 योजनाओं का शिलान्यास किया। श्री कुमार ने छपरा के रतनपुर बिन टोलिया स्थित कार्यक्रम स्थल से सारण जिला अंतर्गत प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 1203.81 करोड़ रुपए लागत की 27 योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 545 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से 400 / 220 / 132 के.बी. ग्रिड उपकेंद्र, छपरा एवं 132 के.बी. के संचरण लाइन का निर्माण कार्य, 60 करोड़ एक लाख रुपए लागत की एच.टी.एल.एस द्वारा रिकन्डक्टरिंग का कार्य, 93 करोड़ 62 लाख रुपए लागत की एकमा - मशरख पथ का चौड़ीकरण कार्य एवं 41 करोड़ 66 लाख रुपए लागत की एकमा से डुमाइगढ़ तक पथ का चौड़ीकरण कार्य शामिल है।



मुख्यमंत्री नीतीश ने छपरा के जगदम कॉलेज से खैरा बिन टोलिया तक किये जा रहे सड़क के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया

इसके अलावा इसके अंतर्गत 89 करोड़ 96 लाख रुपए लागत की एन0एच0 19 के छूटे हुए छपरा सेक्शन पथ का चौड़ीकरण कार्य, 40 करोड़ 53 लाख रुपये लागत की खैरा बिन टोलिया पथ का चौड़ीकरण कार्य तथा सात करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से एकमा ग्रिड उपकेंद्र, शीतलपुर ग्रिड उपकेंद्र एवं मशरख ग्रिड उपकेंद्र में कुल पांच अदद 33 के.बी लाइन 'बे के निर्माण कार्य सहित अन्य योजनाओं का शिलान्यास कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री श्री कुमार ने विकासात्मक योजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने से पहले छपरा के जगदम कॉलेज से खैरा बिन टोलिया तक किये जा रहे सड़क के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण होने से छपरा में ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी और शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। बिन टोलिया के पास बन रहे नए बस स्टैंड से रोड कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी।

सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में बोले मोदी

# आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता से लड़ना सभी मानवतावादी देशों का कर्तव्य

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि मैं भारत के लोगों के प्रति संवेदना और आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में समर्थन के लिए सिंगापुर के प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद को लेकर हमारी समान चिंताएं हैं। हम मानते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता से लड़ना सभी मानवतावादी देशों का कर्तव्य है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत के लोगों के प्रति संवेदना और आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में समर्थन के लिए, मैं प्रधानमंत्री वॉन्ग और सिंगापुर सरकार का आभार व्यक्त करता हूं।

संयुक्त प्रेस वार्ता में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया



आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता से लड़ना सभी मानवतावादी देशों का कर्तव्य है, आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में समर्थन के लिए सिंगापुर के प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं: **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

उन्होंने कहा कि पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री वॉन्ग की पहली भारत यात्रा पर, मैं उनका हार्दिक स्वागत करता हूं। ये यात्रा और भी विशेष है, क्योंकि इस वर्ष हम दोनों देशों के संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। पिछले साल, मेरी सिंगापुर यात्रा के दौरान, हमने संबंधों को कंप्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा दिया था। इस एक वर्ष में हमारे संवाद और सहयोग में गति और गहराई आई है। आज साउथ ईस्ट एशिया क्षेत्र में सिंगापुर हमारा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। सिंगापुर से भारत में बड़े स्तर पर निवेश हुआ है। हमारे रक्षा संबंध निरंतर मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हमने अपनी पार्टनरशिप के भविष्य के लिए एक डिटेल्ड रोडमैप तैयार किया है। हमारा सहयोग केवल पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा। बदलते समय के अनुरूप, एडवांस मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन शिपिंग, स्किलिंग, सिविल न्यूक्लियर और अर्बन वाटर मैनेजमेंट जैसे क्षेत्र भी हमारे सहयोग के केंद्र बिंदु बनेंगे। हमने निर्णय लिया है कि आपसी व्यापार को गति देने के लिए द्विपक्षीय कंप्रिहेंसिव इकोनॉमिक कोऑपरेशन एग्रीमेंट और आसियान के हमारे फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का समयबद्ध तरीके से रिव्यू किया जाएगा।

आतंकी वित्तपोषण मामला

# सुप्रीम कोर्ट का अलगाववादी नेता शब्बीर शाह को अंतरिम जमानत देने से इनकार

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कथित आतंकवाद वित्तपोषण मामले में कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह को अंतरिम जमानत पर तत्काल रिहा करने का आदेश देने से इनकार कर दिया। हालांकि, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने शाह द्वारा जमानत की मांग करते हुए दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की राय मांगी है। शब्बीर अहमद शाह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस ने मांग कि थी कि शाह 'बेहद बीमार' हैं, उन्हें अंतरिम ज़मानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

इससे पहले, दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाह की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि एक गैरकानूनी संगठन के अध्यक्ष के रूप में, वह इसी तरह की गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल नहीं होंगे और सबूतों से छेड़छाड़ करने या उन गवाहों को प्रभावित करने का प्रयास कर सकते हैं, जिनकी अभी जांच होनी बाकी है।



इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि एक गैरकानूनी संगठन के अध्यक्ष के रूप में, वह इसी तरह की गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल नहीं होंगे और सबूतों से छेड़छाड़ करने या उन गवाहों को प्रभावित करने का प्रयास कर सकते हैं: **सुप्रीम कोर्ट**

न्यायमूर्ति शैलेंद्र कौर और न्यायमूर्ति नवीन चावला की पीठ ने मुकदमे में देरी के आधार पर जमानत पर रिहाई की याचिका खारिज करते हुए कहा। 'हालांकि अपीलकर्ता (शाह) पांच साल से हिरासत में है, लेकिन आरोप पहले ही तय हो चुके हैं और मुकदमा चल रहा है। अभियोजन पक्ष की ओर से गवाहों से पूछताछ न करने में कोई देरी नहीं हुई है।' इसके अलावा, न्यायमूर्ति कौर की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि शाह के खिलाफ गंभीर आरोपों और संबंधित मुद्दों की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए, घर में नज़रबंदी की उनकी वैकल्पिक याचिका पर विचार करने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

## विदेशी सैन्य अताशे संग संवाद में बोले सेना प्रमुख द्विवेदी, रक्षा कूटनीति को मिली नई दिशा

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में विदेशी सैन्य अताशे से सीधा संवाद किया। भारतीय सेना द्वारा आयोजित इस वार्षिक विदेशी सेवा सैन्य अताशे ब्रीफिंग में 53 देशों के 67 रक्षा अताशे शामिल हुए। इस संवाद का उद्देश्य समकालीन वैश्विक शांति एवं सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करना और इस विषय पर भारत के दृष्टिकोण को साझा करना था। इस अवसर पर विदेशी रक्षा अताशे को 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अंतर्गत रक्षा क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों और स्वदेशी रक्षा उत्पादन क्षमता की जानकारी भी दी गई। सेना प्रमुख ने इस दौरान क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर उभर रही चुनौतियों, भारत की सुरक्षा दृष्टि और भारतीय सेना की रणनीतिक प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यह रेखांकित किया कि भारत केवल अपनी सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और सहयोग को बढ़ावा देने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। भारतीय सेना का मानना है कि यह संवाद विभिन्न देशों के साथ आपसी समझ, विश्वास और सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। इस तरह वार्षिक विदेशी सेवा सैन्य अताशे ब्रीफिंग ने भारत की रक्षा कूटनीति को नई दिशा दी और वैश्विक साझेदारी व शांति के साझा संकल्प को सशक्त बनाया। इस आयोजन के दौरान थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को लेफ्टिनेंट जनरल वाई.के. जोशी (सेवानिवृत्त) द्वारा लिखित पुस्तक भी भेंट की गई। यह पुस्तक एक प्रेरणादायक संस्मरण है, जिसमें कारगिल युद्ध के नायक लेफ्टिनेंट जनरल जोशी ने अपने सैन्य जीवन, नेतृत्व की चुनौतियों और सैनिक जीवन के त्याग को विस्तार से वर्णित किया है।



■ भारतीय सेना द्वारा आयोजित इस वार्षिक विदेशी सेवा सैन्य अताशे ब्रीफिंग में 53 देशों के 67 रक्षा अताशे शामिल हुए

## झूठ और फरेब की राजनीति करती है भाजपा : शक्ति सिंह गोहिल

**उधम सिंह नगर।** कांग्रेस सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ किए गए अभद्र भाषा के इस्?तेमाल को लेकर भाजपा के हमलों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उस समय मंच पर मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति करती है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि यह भारतीय जनता पार्टी नहीं बल्कि 'बड़का झूठी पार्टी' है।

## हड़ताल पर रहे हजारों सर्वे कर्मियों की सेवा समाप्त, अब होगी नई बहाली

**पटना,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। बिहार सरकार ने हड़ताल पर बैठे विशेष सर्वे संविदा कर्मियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए उनकी सेवा समाप्त कर दी है। भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय ने स्पष्ट किया कि बार-बार की गई अपील और चेतावनी के बावजूद बड़ी संख्या में कर्मी ड्यूटी पर वापस नहीं लौटे, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा पूर्व में प्रकाशित सूचना के माध्यम से हड़ताल/धरना प्रदर्शन कर रहे विशेष सर्वे संविदा कर्मियों से कर्तव्य पर वापस लौटने की अपील समाचार पत्रों, विभाग के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉम्र्स एवं निदेशालय के वेबसाइट के माध्यम से की गई थी। साथ ही इस हेतु पूर्व में पुनः एक और अंतिम अवसर देते हुये कर्तव्य पर वापस लौटने हेतु अवसर दिया गया था। निर्धारित तिथि एवं समय तक कुल 3295 संविदा कर्मियों द्वारा कर्तव्य पर वापस लौटकर कार्य किया जा रहा है। शेष सभी हड़ताल पर बने हुये संविदा कर्मियों की संविदा भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा समाप्त कर दी गई है, जिसका आदेश निर्गत किया जा रहा है।


CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED

**कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फायनैंस लिमिटेड**

**पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :-** 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013

**सर्किल कार्यालय पता :-** 9बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के तहत कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फायनैंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान सीजीएचएफएल को, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, ऋण अनुबंध के साथ पठित अन्य दस्तावेजो/प्रलेखों, यदिकोई, जो उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित किया गया है, के तहत देय आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की प्रतिभूति के लिए निम्नलिखित आस्तियां सीजीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|---|
| 1. | (ऋण खाता क्रमांक LNHLRAP000084088 (पुराना) 5030000806997 (नया) (रायपुर शाखा) श्री अभिषेक साहू (कर्जदार) श्रीमती लखेश्वरी साहू (सह-कर्जदार) | 21-08-2025 रु. 12,68,614/- (02-08-2025 तक) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति एलआईजी फ्लैट नंबर 115, प्रथम तल, कारपेट एरिया 645.29 वर्ग फीट, निर्मित क्षेत्रफल 740.44 वर्ग फीट, जो ब्लॉक ए, आरडीए कालोनी, नगर विकास योजना स्कीम संख्या 04, कमल विहार सेक्टर 10, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001 में स्थित है। |

यदि उक्त कर्जदार सीजीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, सीजीएचएफएल द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उक्त कर्जदार उक्त अधिनियम के तहत, सीजीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, उपरोक्त आस्तियां बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से अंतरित नहीं कर सकते हैं। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के प्रावधानों अथवा तदधीन विरचित नियमों का उल्लंघन करता है अथवा उल्लंघन हेतु अभिप्रेरित करता है, उक्त अधिनियम के तहत दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

स्थान : छत्तीसगढ़
तिथि : 05-09-2025

हस्ता./- (प्राधिकृत अधिकारी)
वास्ते कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फायनैंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल)



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

(1) निविदा संख्या टीआरडी-बीएसपी-283-25-26 दिनांकः 01/09/2025

**कार्यः** (1) जयरामनगर-झारसुगुड़ा सेक्शन में ऑटो सिगनलिंग के प्रावधान के लिए ऑटो सिग्नलिंग गूमटी में 10 केवीए एटी आपूर्ति का प्रावधान का बचा हुआ कार्य । (2) बिलासपुर डिवीजन के घुटकू-कटनी (एचयूएन रूट) सेक्शन के बीच ऑटो सिग्नलिंग का प्रावधान (304 किलोमीटर)।

**निविदा मूल्यः रू. 2,10,41,204.28/-, बयाना राशिः रू. 2,55,200.00/-, निविदा जमा करने की तिथि व समयः** दिनांक **24/09/2025** के **15:00** बजे तक।

(2) निविदा संख्या टीआरडी-बीएसपी-284-25-26 दिनांकः 30/08/2025

**कार्यः** एसईसीएल के गोविंदा साइडिंग में अर्थिंग हील के साथ डबल पोल आइसोलेटर के स्थानांतरण के संबंध में ओएचई का प्रावधान/संशोधन । **निविदा मूल्यः रू. 10,90,258.42/-, बयाना राशिः रू. 21,800.00/-, निविदा जमा करने की तिथि व समयः** दिनांक **22/09/2025** के **15:00** बजे तक।

पात्रता के मापदंड तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर पधारें । निविदा सूचना को वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (क.वि.) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपर (छ.ग.) के कार्यालय के नोटिस बोर्ड से भी देखे जा सकते हैं।

*व.मं.विद्युत अभियंता (क.वि.)*

*सीपीआर/10/299* *द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail



**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**

(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A successor company of CSEB) (CIN-U40108CT2003SGC015820)

**OFFICE OF CHIEF ENGINEER (CIVIL)** Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013

Phone No. : 0771-2574581 e-mail:ceciviltrans.raipur @cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146

**No.-04-01/Trans./Works/ 2008** **Raipur, dtd. 03.09.2025**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-

**1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/53, Rfx No.- 8100044921,** Construction of 03 bay shed for Civil Dn. store cum subdivision office and TLM office for storing equipments machinery and staying of staff at 220/132/33 KV S/s Colony premises CSPTCL Raigarh.; **NIT Value:-** Rs. 24.10 Lakhs **& EMD:-** Rs 24,100/-, **Completion Period:-** 04 Months. **2.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/57, Rfx No.- 8100044905,** Construction of 03 bay shed for storage of equipments and Machineries at 132/33 KV S/s Baramkela CSPTCL Raigarh.; **NIT Value:-**Rs. 12.05 Lakhs **& EMD:-** Rs 12,100/-, **Completion Period:-** 04 Months. **3.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/58, Rfx No.- 8100045675,** Construction of cement concrete road from main gate to control room at 132 KV S/s Premises Jagdalpur.; **NIT Value:-** Rs. 17.70 Lakhs **& EMD:-**Rs 17,700/-, **Completion Period:-** 04 Months. **4.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/59, Rfx No.- 8100045396,** Construction of stack platform and slope protection beside chain link mesh fencing at 132/33 KV Sub-station Janakpur under Sub-station Division CSPTCL Bishrampur.; **NIT Value:-** Rs. 6.68 Lakhs **& EMD:-** Rs 6,700/-, **Completion Period:-** 04 Months. **5.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/60, Rfx No.- 8100045993,** Construction of 01 No. additional 33 KV feeder bay for connectivity to proposed 33 KV PIL feeder at 132/33 KV S/s Champa under E.E. (MRT-cum S/s Dn.) CSPTCL Korba.; **NIT Value:-** Rs. 9.14 Lakhs **& EMD:-** Rs 9,200/-, **Completion Period:-** 03 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01,02, 03, 04, 05, is Rs.2000/- (i/c GST),** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 26.09.2025 for Sl. No.- 01, 02; dt. 29.09.2025 for Sl. No.- 03, 04; dt. 30.09.2025 for Sl. No.- 05.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal.

**SAVE ELECTRICITY**

(Sanjay Tiwari)
Chief Engineer (Civil) CSPTCL, Raipur

## एक्शन व डायलॉग पैक्ड फिल्म 'अजेय' में दिखेगा योगी का दमदार अवतार

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर बनी फिल्म 'अजेय- द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ अ योगी' का ट्रेलर गुरुवार को जारी कर दिया गया। इस फिल्म को 19 सितम्बर को रिलीज किया जाना है, जिसका दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, ट्रेलर की शुरुआत में विजुअल के साथ वॉयस ओवर चलता है, जिसमें पूर्वांचल के कद्दावर नेता अवधेश राय की गोली मारकर हत्या से जुड़ी खबर दिखाई जाती है। इसमें बाद गोरखपुर में कर्फ्यू की घोषणा की जानकारी दी जाती है। इस सीन में एक जीप पर भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ भी दिखाए जाते हैं, जो आगे की सीट पर बैठकर कैमरे से फोटो क्लिक करते हैं। इस सीन के अगले फ्रेम में फिल्म में योगी आदित्यनाथ का किरदार निभा रहे अनंत जोशी की एंट्री होती है, जो एक दमदार डायलॉग बोलते सुनाई देते हैं।

# सौंदर्य बढ़ाने के काम आता है चावल का आटा

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। त्वचा की देखभाल के लिए कुछ लोग बाजार में मिलने वाले महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का सहारा लेते हैं, तो कुछ आज भी घरेलू नुस्खों को ही बेहतर मानते हैं। हमारी दादी-नानी के जमाने से लेकर आज तक, रसोई में मौजूद कई चीजें सौंदर्य बढ़ाने में काम आती रही हैं। इन्हीं में से एक है 'चावल का आटा'।

> चावल में मौजूद तत्व जैसे एलांटोइन, फेरुलिक एसिड, विटामिन बी त्वचा के लिए
>
> मृत त्वचा की परत को हटाकर नए सेल्स को सांस लेने का देता है मौका

आयुर्वेद में चावल को त्वचा के पोषण के लिए प्रभावशाली माना गया है। वहीं, आधुनिक विज्ञान भी इस बात की पुष्टि करता है। अमेरिकन नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, चावल में मौजूद तत्व जैसे एलांटोइन, फेरुलिक एसिड, विटामिन बी, और एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा के लिए कई तरह से फायदेमंद होते हैं। चावल के आटे से बने फेस पैक, स्क्रब और क्लींजर स्किन को एक्सफोलिएट करते हैं, यानी मृत त्वचा की परत को हटाकर नए सेल्स को सांस लेने का मौका देते हैं। यह प्रक्रिया त्वचा को निखारती है और प्राकृतिक चमक लौटाती है। चावल के आटे में मौजूद स्टार्च त्वचा को ठंडक देने का काम करता है, जिससे लालपन, जलन या सूजन जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। वहीं, चावल के आटे में पाए जाने वाले मिनरल्स और विटामिन्स त्वचा की मरम्मत करने का काम करते हैं।

हालांकि, हर अच्छी चीज के साथ कुछ सावधानियां भी जरूरी होती हैं। चावल का आटा भले ही एक नेचुरल इंग्रेडिएंट हो, लेकिन अगर इसे गलत तरीके से या अधिक मात्रा में इस्तेमाल किया जाए, तो यह फायदे की बजाय नुकसान भी पहुंचा सकता है। अगर आपकी त्वचा ड्राई है और आप बार-बार चावल का आटा लगाते हैं, तो इससे त्वचा की प्राकृतिक नमी खत्म हो सकती है। इसका कारण यह है कि चावल का आटा एक नैचुरल एक्सफोलिएटर होने के कारण स्किन की ऊपरी परत को हटा देता है, जिससे त्वचा रूखी होती है और खिंचाव महसूस हो सकता है। कुछ लोगों की त्वचा सेंसेटिव होती है और उन पर चावल के आटे का सीधा इस्तेमाल जलन, खुजली या रैश की वजह बन सकता है।




ऐसे मामलों में पहले पैच टेस्ट करना जरूरी होता है, ताकि किसी भी एलर्जिक रिएक्शन से बचा जा सके। इसके अलावा, अगर चावल के आटे का प्रयोग करने के बाद चेहरे को अच्छी तरह साफ नहीं किया गया, तो यह स्किन के पोर्स को बंद कर सकता है। इससे एक्ने, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स जैसी परेशानियां शुरू हो सकती हैं।

# फोलिक एसिड सिर्फ महिलाओं के लिए नहीं, हर उम्र के लिए जरूरी विटामिन

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। अक्सर लोग सोचते हैं कि फोलिक एसिड, जिसे विटामिन बी-9 भी कहा जाता है, सिर्फ गर्भवती महिलाओं के लिए जरूरी होता है। इसे आमतौर पर खून की कमी और गर्भ में बच्चे के विकास से जोड़ा जाता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि फोलिक एसिड सिर्फ महिलाओं के लिए नहीं, बल्कि पुरुषों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी एक अत्यंत आवश्यक पोषक तत्व है।

यह शरीर की कोशिकाओं से लेकर मस्तिष्क और हृदय तक कई महत्वपूर्ण कार्य करता है। फोलिक एसिड हमारे शरीर में नए रक्त कण बनाने में मदद करता है। अगर हमारे शरीर में फोलिक एसिड की कमी हो जाए, तो हमें थकान, कमजोरी और चक्कर आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

यह विटामिन दिल की सेहत के लिए भी अच्छा होता है। यह एक खतरनाक तत्व, होमोसिस्टीन, को कम करता है, जो दिल की बीमारियों का कारण बन सकता है। जिन लोगों के शरीर में फोलिक एसिड की मात्रा ठीक रहती है, उन्हें दिल का दौरा और लकवा होने का खतरा कम होता है।




- व्यक्ति की उदासी, चिड़चिड़ेपन को दूर करता है
- बच्चे के दिमाग व रीढ़ की हड्डी को सही तरीके से बनने में मददगार

फोलिक एसिड दिमाग के लिए भी फायदेमंद होता है। यह दिमाग में ऐसे रसायन बनाने में मदद करता है जो हमारे मूड को ठीक रखते हैं। अगर इसकी कमी हो जाए, तो व्यक्ति को उदासी, चिड़चिड़ापन और भूलने की समस्या हो सकती है। कुछ शोधों में यह भी देखा गया है कि फोलिक एसिड का सेवन करने वाले लोगों में याददाश्त बेहतर रहती है।

गर्भवती महिलाओं को तो फोलिक एसिड की काफी जरूरत होती है। यह बच्चे के दिमाग और रीढ़ की हड्डी को सही तरीके से बनने में मदद करता है। डॉक्टर सलाह देते हैं कि महिलाएं गर्भधारण से पहले ही फोलिक एसिड लेना शुरू कर दें, ताकि जन्म लेने वाले बच्चे में किसी प्रकार की शारीरिक कमी न हो। इसके अलावा, यह हमारी त्वचा और बालों के लिए भी फायदेमंद है। यह नई कोशिकाओं को बनने में मदद करता है, जिससे त्वचा साफ और बाल मजबूत रहते हैं। हालांकि, फोलिक एसिड का ज्यादा सेवन भी हानिकारक हो सकता है। अगर बिना जरूरत के ज्यादा मात्रा में इसे लिया जाए, तो इससे पेट खराब, घबराहट और कुछ मामलों में अन्य समस्याएं हो सकती हैं। कुछ दवाइयां, जैसे मिर्गी की दवा या कैंसर की दवा, फोलिक एसिड को शरीर में कम कर देती हैं। ऐसे लोगों को डॉक्टर की सलाह पर इसे लेना चाहिए।

## हर दिन मुस्कुराने की वजह ढूंढे : जेनेलिया डिसूजा

**मुंबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा अपनी मासूमियत और सादगी से लोगों के दिलों में खास जगह बनाए रखती हैं। फिल्मों के अलावा, वह अक्सर अपने फैंस से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ खास पोस्ट करती रहती हैं। गुरुवार को उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं।



तस्वीरों में जेनेलिया का अंदाज किसी राजकुमारी से कम नहीं लग रहा। उन्होंने डार्क ब्राउन कलर का लहंगा पहना हुआ है, जिसमें गोल्डन कलर की स्ट्राइप्स हैं। इस आउटफिट की खास बात उसका दुपट्टा है, जो लाइट बेज कलर का फ्लोरल प्रिंटेड है। इसमें ब्लू, रेड और ग्रीन कलर के फूलों के डिजाइन हैं।

जेनेलिया ने इस लुक के साथ ट्रेडिशनल गहनों को बेहद खूबसूरती से कैरी किया हुआ है। उनके गले में कुंदन चोकर हार है, कानों में भारी झुमके हैं, और हाथों में कंगनों की भरमार है। बालों को उन्होंने हल्का कर्ल कर करके पीछे की ओर बांधा हुआ है, और उसमें सफेद फूलों का एक छोटा सा गजरा है, जो उनके पूरे लुक में चार चांद लगा रहा है। पहली तस्वीर में जेनेलिया नीचे बैठी हैं, उनकी नजरें झुकी हुई हैं और चेहरे पर हल्की मुस्कान है। तस्वीर देखकर ऐसा लग रहा है, मानो वो किसी सुनहरे ख्यालों में डूबी हुई हों। दूसरी तस्वीर क्लोजअप क्लिक है। इसमें वह पलके नीचे झुकाते हुए कैमरे के लिए पोज दे रही हैं। तीसरी तस्वीर में वह खड़ी हैं और कहीं और देख रही हैं।

इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा कि हर दिन मुस्कुराने की वजह ढूंढे। जेनेलिया के इस पोस्ट पर फैंस के कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। लोग उनके लुक के साथ-साथ आउटफिट की भी जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा कि आपकी स्माइल ही तो हमारी मुस्कान की वजह है। दूसरे फैन ने लिखा, आपकी खूबसूरती की बात ही अलग है। अन्य फैंस ने उन्हें एथनिक क्वीन का टैग दिया।

# शिक्षक दिवस : बॉलीवुड स्टार्स टीचर के रोल में छाए

**मुंबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। हर साल 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन सिर्फ कक्षा में पढ़ाने वाले गुरुओं को ही नहीं, बल्कि समाज को प्रेरणा देने वाले हर उस इंसान को समर्पित होता है जो ज्ञान, दिशा और जीवन का मूल्य समझाता है। भारतीय सिनेमा ने भी कई बार पर्दे पर ऐसे किरदार गढ़े हैं, जिन्होंने शिक्षकों की अहमियत और उनकी भूमिका को बड़े ही प्रभावशाली ढंग से दर्शाया है। आइए जानते हैं उन बॉलीवुड स्टार्स के बारे में जो टीचर्स का रोल कर करके पर्दे पर छा गए।


**आमिर खान :** बॉलीवुड स्टार आमिर खान ने फिल्म 'तारे ज़मीन पर' में कला



## आमिर खान, अमिताभ ने शिक्षकों की अहमियत दर्शाया

शिक्षक राम शंकर निकुंभ का किरदार निभाया है। यह किरदार उन बच्चों की भावनाओं को आवाज देता है, जिन्हें अक्सर समझा ही नहीं जाता, जिन्हें पढ़ने-लिखने में कुछ मुश्किलें आती हैं। वह उन बच्चों के टैलेंट को पहचान उन्हें उड़ान भरने में मदद करते हैं।

**ऋतिक रोशन :** अभिनेता ऋतिक रोशन ने 'सुपर 30' में बिहार के मशहूर गणितज्ञ और शिक्षक आनंद कुमार का किरदार निभाया है। यह फिल्म उस संघर्ष की कहानी है जिसमें एक शिक्षक गरीब बच्चों को आईआईटी की




परीक्षा की तैयारी कराता है। ऋतिक ने इसमें एक दमदार शिक्षक का रोल निभाया है, फिल्म में उनका अभिनय दर्शाता है कि शिक्षा बदलाव की सबसे बड़ी ताकत है।

**रानी मुखर्जी :** रानी मुखर्जी ने 'हिचकी' में नैना माथुर की भूमिका निभाई, जो टॉरेट सिंड्रोम से जूझ रही हैं। बाधाओं के बावजूद वह एक आदर्श शिक्षिका साबित होती हैं। उनका किरदार हमें सिखाता है कि कमजोरियां भी ताकत बन सकती हैं। रानी को इस रोल के लिए खूब सराहा गया था।

**बोमन ईरानी :** बॉलीवुड एक्टर बोमन ईरानी ने फिल्म '3 इडियट्स' में सख्त प्रिंसिपल डॉ. वीरू सहस्त्रबुद्धे का रोल निभाया। यह किरदार शिक्षा व्यवस्था की कठोर सच्चाई दिखाता है और बताता है कि शिक्षा सिर्फ रटने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। यह उनके बेस्ट किरदारों में से एक है।

**अमिताभ बच्चन :** 'ब्लैक' फिल्म में अमिताभ बच्चन ने देबराज सहाय का किरदार निभाया। उन्होंने एक बहरी और अंधी लड़की मिशेल को शिक्षा दी और जीवन का अर्थ समझाया। उनका अभिनय शिक्षण की सबसे ऊंची परिभाषा पेश करता है।

**शाहरुख खान :** शाहरुख खान ने 'चक दे! इंडिया' में कोच कबीर खान का रोल निभाया। भले ही वो परंपरागत शिक्षक नहीं थे, लेकिन उन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम को अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास का पाठ पढ़ाया। यह किरदार बताता है कि शिक्षक केवल कक्षा तक सीमित नहीं होते।

## इरशाद कामिल ने कलम के दम पर बनाई बॉलीवुड में खास जगह



**मुंबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। हिंदी सिनेमा के गानों में जब भी जज्बात और शायरी की बात होती है, तो इरशाद कामिल का नाम बड़े सम्मान से लिया जाता है। उनकी कलम से निकले बोल सिर्फ गाने नहीं, बल्कि दिल की आवाज लगते हैं। 'अगर तुम साथ हो', 'नादान परिंदे', 'सफर', 'मनवा लागे', 'तुम ही हो' जैसे कई गाने आज भी लोगों के दिल को छू लेते हैं।

लेकिन बहुत ही कम लोग जानते होंगे कि उनकी इस सफर की शुरुआत मोहब्बत भरे लव लेटर्स से हुई थी। इरशाद कामिल का जन्म 5 सितम्बर 1971 को पंजाब के मलेरकोटला शहर में हुआ था। उनका बचपन एक ऐसे मोहल्ले में बीता, जहां ज्यादातर लोग दिहाड़ी मजदूरी करते थे। शिक्षा की सुविधा बेहद सीमित थी और ऐसे में पढ़ाई जारी रखना किसी चुनौती से कम नहीं था। उनके घरवाले चाहते थे कि वो डॉक्टर बनें और इसी चाहत को पूरा करने के लिए इरशाद ने पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी से हिंदी में एमए किया, फिर पत्रकारिता पढ़ी और अंत में पीएचडी की डिग्री भी हासिल की। लेकिन किस्मत में कुछ और ही लिखा था। कॉलेज के दिनों में इरशाद अपने दोस्तों के लिए लव लेटर्स लिखने का काम करते थे। उनके लिखे लव लेटर इतने असरदार होते कि पढ़ने वाले पूरी तरह भावनाओं में डूब जाते थे।

## योगासन से पीरियड्स साइकिल में आता है सुधार

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। महिलाओं की सेहत में सबसे अहम नियमित पीरियड्स साइकिल होता है। कई बार तनाव, थकान, खराब जीवनशैली और खानपान की गड़बड़ी के कारण पीरियड्स समय पर नहीं आते। यह समस्या सिर्फ शारीरिक नहीं होती, मानसिक रूप से भी महिलाओं को काफी परेशान करती है। ऐसे में बहुत-सी महिलाएं दवाइयों का सहारा लेती हैं, लेकिन इस समस्या से योग के जरिए भी राहत पाई जा सकती है।

आयुष मंत्रालय के मुताबिक, योग करने से पेल्विक एरिया एक्टिव होता है, ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, और हार्मोन बैलेंस रहता है।

**भुजंगासन :** इसे अंग्रेजी में कोबरा पोज कहा जाता है। इस आसन में शरीर की मुद्रा कोबरा के समान होती है। इस आसन में शरीर को जमीन पर पेट के बल लेटकर पीछे की ओर उठाया जाता है। इससे पेट और पेल्विक हिस्से पर खिंचाव आता है, जिससे वहां का ब्लड फ्लो बेहतर होता है। हार्मोनल ग्रंथियां एक्टिव होती हैं और पूरे प्रजनन तंत्र में ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है। इस आसन से न सिर्फ पीरियड्स साइकिल सुधरती है, बल्कि पीरियड्स के दौरान होने वाला दर्द भी कम होता है।



**तितली आसन :** तितली आसन को संस्कृत में बद्ध कोणासन कहा जाता है। इस आसन को करते वक्त दोनों पैरों के तलवों को मिलाकर बैठा जाता है और घुटनों को ऊपर-नीचे हिलाया जाता है। इस अभ्यास से पेल्विक मांसपेशियां रिलैक्स होती हैं और यूट्रस तक ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। अगर किसी महिला को लंबे समय से पीरियड्स नहीं आए हैं, तो इस आसन से मदद मिल सकती है। यह आसन गर्भाशय की सफाई और ताकत दोनों में असरदार होता है।

**सेतु बंधासन :** सेतु बंधासन को अंग्रेजी में ब्रिज पोज भी कहा जाता है। इसमें पीठ के बल लेटकर घुटनों को मोड़ा जाता है और कमर को ऊपर की ओर उठाया जाता है। यह आसन थायराइड ग्रंथि को भी एक्टिव करता है, जो हार्मोन बैलेंस में अहम भूमिका निभाती है। साथ ही यह शरीर के निचले हिस्से, खासकर पेल्विक रीजन में ब्लड फ्लो को बढ़ाता है। इस आसन को करने से न सिर्फ पीरियड्स रेगुलर होते हैं, बल्कि ओवरी और यूट्रस भी मजबूत बनते हैं।

# गर्भावस्था में पौष्टिक आहार अपनाएं, जंक फूड से बचें

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत में 1 से 7 सितम्बर तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2025' मनाया जा रहा है। यह हमें स्वस्थ आहार और पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करता है। यह सप्ताह हमें याद दिलाता है कि संतुलित और पौष्टिक आहार न केवल हमारी शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए जरूरी है, बल्कि यह विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और उनके होने वाले बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

गर्भावस्था एक ऐसा समय है, जब मां और बच्चे दोनों के लिए सही पोषण सुनिश्चित करना अनिवार्य होता है, क्योंकि यह मां के स्वास्थ्य को बनाए रखने और शिशु के समुचित विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

गाइनेकोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. मीरा पाठक से बातचीत की। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान पोषण की आवश्यकताओं और जंक फूड के दुष्प्रभावों के बारे में बात की। उनका कहना है कि गर्भवती महिलाओं को अपने आहार में पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए और जंक फूड से बचना चाहिए ताकि मां और बच्चे दोनों स्वस्थ रहें।

डॉ. मीरा पाठक ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान, शरीर में भ्रूण के विकास के कारण कई बदलाव आते हैं। इस समय बच्चे की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुछ पोषक तत्वों की अतिरिक्त मात्रा की जरूरत होती है। सबसे पहले कैलोरी की बात करें, तो इसका विशेष ध्यान रखना जरूरी है। यदि गर्भवती महिला बहुत अधिक कैलोरी लेती है, तो उसे गर्भकालीन मधुमेह या उच्च रक्तचाप जैसी समस्याएं हो सकती हैं। अगर कैलोरी की मात्रा कम रही, तो बच्चे का जन्म के समय वजन कम हो सकता है, मां को थकान, सुस्ती, नींद अधिक आना या वजन घटने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। पहले यह



- गर्भावस्था में पहले तीन महीनों में 100 अतिरिक्त कैलोरी की आवश्यकता
- ओमेगा-3 फैटी एसिड की भी बहुत जरूरत

कहा जाता था कि गर्भावस्था में दो लोगों के बराबर खाना चाहिए, लेकिन यह सही नहीं है। सामान्य रूप से एक सामान्य महिला को 2,000 कैलोरी की जरूरत होती है, लेकिन गर्भावस्था में पहले तीन महीनों में 100 अतिरिक्त कैलोरी की आवश्यकता होती है, जो एक स्वस्थ नाश्ते या छोटे भोजन से पूरी हो सकती है। दूसरे तिमाही में यह आवश्यकता बढ़कर लगभग 350 कैलोरी हो जाती है।

उन्होंने बताया कि विटामिन सी के फायदे भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं और यह आयरन के अवशोषण को बेहतर करता है। विटामिन सी नींबू, संतरा, टमाटर और आंवला जैसे खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। इसके बाद कैल्शियम और विटामिन डी की आवश्यकता भी बढ़ जाती है, क्योंकि इस समय बच्चे की हड्डियां बन रही होती हैं। ये दूध, दही, पनीर, तिल, अंडे और मछली जैसे खाद्य पदार्थों में पाए जाते हैं। प्रोटीन की मात्रा भी सामान्य से अधिक होनी चाहिए, क्योंकि यह बच्चे के मांसपेशियों और ऊतकों के विकास में मदद करता है। प्रोटीन दाल, राजमा, छोले, अंडे और पनीर में पाया जाता है।

उन्होंने आगे कहा कि ओमेगा-3 फैटी एसिड की भी बहुत जरूरत होती है, जो बच्चे के मस्तिष्क और आंखों के विकास में सहायक होता है।

# महादेव की कृपा पाने के लिए करें शुक्र प्रदोष व्रत

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। हिंदू पंचांग के अनुसार, प्रत्येक माह की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत रखा जाता है। शुक्रवार को पड़ने पर इसे शुक्र प्रदोष व्रत कहा जाता है। यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित होता है।

दृक पंचांग के अनुसार, 5 सितम्बर को पहला शुक्र प्रदोष व्रत मनाया जाएगा। यह व्रत 5 सितम्बर की सुबह 4 बजकर 8 मिनट से शुरू होकर 6 सितम्बर की सुबह 3 बजकर 12 मिनट तक रहेगा। इस दिन अभिजीत मुहूर्त सुबह के 11 बजकर 54 मिनट से शुरू होकर दोपहर के 12 बजकर 45 मिनट तक रहेगा और राहुकाल का समय सुबह 10 बजकर 45 मिनट से शुरू होकर दोपहर के 12 बजकर 20 मिनट तक रहेगा।

शुक्र प्रदोष व्रत का विशेष धार्मिक महत्व है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस व्रत को



- पूजा-पाठ करने के बाद 'ओम नमः शिवाय' मंत्रों का जप करें
- व्रत को करने से जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति

करने से जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। यह व्रत विशेष रूप से प्रेम और संबंधों को मजबूत करने के लिए भी किया जाता है।

पौराणिक ग्रंथों में प्रदोष व्रत के पूजन की विधि सरल तरीके से बताई गई है। इस दिन पूजा करने के लिए आप ब्रह्म मुहूर्त में उठकर नित्य कर्म-स्नान आदि करने के बाद पूजा स्थल को साफ करें। उस पर आटा, हल्दी, रोली, चावल, और फूलों से रंगोली बनाकर मंडप तैयार करें। अब कुश के आसन पर बैठकर भगवान शिव और पार्वती की पूजा करें।

भोलेनाथ को दूध, जल, दही, शहद और घी से स्नान कराने के बाद बेलपत्र, माला-फूल, इत्र, जनेऊ, अबीर-बुक्का, जौ, गेहूं, काला तिल, शक्कर आदि अर्पित करें। इसके बाद धूप और दीप जलाकर प्रार्थना करें।

विधि-विधान से पूजा-पाठ करने के बाद 'ओम नमः शिवाय' मंत्रों का जप करें।

संध्या के समय पूजन करने के बाद शुक्र प्रदोष व्रत कथा सुनें और इसके बाद आरती करें। घर के सभी सदस्यों को प्रसाद देकर भगवान से सुख-समृद्धि की कामना करें। साथ ही ब्राह्मण और जरूरतमंदों को अन्न दान करें। दूसरे दिन पारण करना चाहिए।

देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार 5 सितम्बर 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## जीएसटी सुधार या भूल सुधार

30 जून और 1 जुलाई 2017 की आधी रात को संसद भवन को बिजली की लड़ियों और फूलों से सजाया गया था। जगमगाती संसद में नरेन्द्र मोदी ने आर्थिक आजादी की घोषणा की और वो भी आधी रात को। मीडिया ने इसे हिंदुस्तान का ऐतिहासिक पल बताया था। मकसद साफ था कि नेहरूजी ने आधी रात को ही दुनिया के सामने देश की आजादी का ऐलान किया था, तो किसी भी तरह उनके समकक्ष आने के लिए नरेन्द्र मोदी ने संसद भवन का ही इस्तेमाल किया और वह भी आधी रात को। दरअसल 1 जुलाई 2017 से गुड्स एंड सर्विसेस टैक्स (जीएसटी) लागू हुई और इसमें वैट, सेवा टैक्स और एक्साइज ड्यूटी जैसे कई अप्रत्यक्ष टैक्स को एक साथ किया गया। लेकिन जिस तरह नोटबंदी की असफलता देश के सामने आने में देर नहीं हुई। वैसे ही जीएसटी की कमियां भी व्यापारियों को परेशान करने लगीं और आम आदमी के लिए भी कई तरह से यह व्यवस्था मारक साबित हुई।

अब इस साल प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को लालकिले से जीएसटी में महत्वपूर्ण बदलाव के वादे किए थे। उनके हिसाब से यह जनता के लिए दीवाली का तोहफा होगा। लेकिन शायद बिहार चुनाव के कारण दीवाली से पहले ही जीएसटी में दरों में बदलाव किया गया है, जो इसी महीने 22 सितंबर से लागू हो जाएगा। जीएसटी परिषद ने 3 सितंबर को इसकी मंजूरी दे दी है। अब 12फीसदी और 28 फीसदी की कर स्लैब को ख़त्म कर दिया गया है। केवल दो स्लैब 5 फीसदी और 18 फीसदी रहेंगे साथ ही सिगरेट, शराब, निजी नौका, हेलीकॉप्टर जैसे खास सामानों पर 40फीसदी की विशेष कर दर लागू की जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का कहना है कि ये सुधार आम आदमी को ध्यान में रखकर किए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा, 'यह सुधार आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग, और एमएसएमई के लिए लाभकारी होंगे।'

मीडिया एक बार फिर चरणवंदन में लग चुका है। इसे मोदी का मास्टरस्ट्रोक जैसे शीर्षकों से पेश किया जा रहा है, जबकि असल में यह कांग्रेस की सलाह पर अमल है और अपनी गलती का सुधार है। 2017 से आम आदमी को रोजमर्रा की जरूरतों से लेकर जीवनरक्षक दवाओं तक सब पर जीएसटी का भार सहना पड़ता था। अब सरकार इसे आम आदमी के लिए राहत बता रही है। राहुल गांधी 2017 से लेकर अब तक कई बार यह मांग कर चुके थे कि गरीबों, मध्यम वर्ग और एमएसएमई आदि को ध्यान में रखकर कर की दरें लागू हों, लेकिन उनकी बात को नहीं सुना गया। दरअसल जीएसटी के कारण खाद, किताब, ट्रैक्टर, दवाई, पढ़ाई दूध-दही, आटा-अनाज, यहां तक कि बच्चों की पेन्सिल-किताबें, ऑक्सीजन, इंश्योरेंस और अस्पताल के खर्च जैसी रोज़मर्रा की चीज़ें भी महंगी हो गई थीं। देश के इतिहास में पहली बार किसानों पर टैक्स लगा, सरकार ने कृषि क्षेत्र की कम से कम 36 वस्तुओं पर जीएसटी थोपा था।

अब राहत देकर इसे जनता के लिए एक बड़े तोहफे के तौर पर पेश किया जा रहा है। नए जीएसटी स्लैब के बाद अब कैंसर की जीवन रक्षक दवाओं पर अब शून्य दर से कर लगेगा। दूध, पनीर, स्नैक्स और ब्रेड सहित आम उपभोग की 175 वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। पनीर, छेना और पराठे सहित सभी प्रकार की भारतीय रोटियों पर कर 5 प्रतिशत से घटकर शून्य हो जाएगा। बालों का तेल, साबुन, शैंपू, टूथब्रश, रसोई के सामान अब 5 प्रतिशत कर के दायरे में आएंगे। 33 जीवन रक्षक दवाइयां 12 प्रतिशत से शून्य कर के दायरे में आ जाएंगी। मानव निर्मित रेशे पर कर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत और मानव निर्मित धागे पर कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर अब कोई जीएसटी नहीं लगेगा फिलहाल बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी वसूला जाता है। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि बीमा कंपनियों से आप उपभोक्ता को कितनी राहत मिलेगी, क्योंकि अपने नुकसान की भरपाई भी आखिर में कंपनियां ग्राहकों से ही वसूलेंगी। यही बात बाकी उत्पादों पर भी लागू होती है। एक बार कोई सामान महंगा बिकने लगे तो शायद ही कभी दाम कम होते हैं। इसलिए दीवाली से पहले जिन लोगों को यह लग रहा है कि सरकार से उनको वाकई तोहफा मिल गया तो वे अपनी खुशियां थाम कर रखें। नई दरें लागू होने के बाद देखें कि सामान सस्ता होता है या किसी और तरीके से कीमत बढ़ाई जाती है।

वैसे भी इस सरकार का ट्रैक रिकार्ड उद्योगपतियों के साथ खड़े होने का है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया है कि कुल जीएसटी का दो-तिहाई यानी 64फीसदी हिस्सा गरीबों और मध्यम वर्ग की जेब से आता है, और अरबपतियों से केवल 3फीसदी जीएसटी वसूला जाता है, जबकि कॉरपोरेट टैक्स की दर 30फीसदी से घटाकर 22फीसदी कर दी गई है। दरअसल एक देश एक टैक्स की बात करते हुए मोदी सरकार ने 0फीसदी, 5फीसदी, 12फीसदी, 18फीसदी, 28 फीसदी की दरों के साथ 0.25फीसदी, 1.5फीसदी, 3फीसदी और 6फीसदी की विशेष दरों वाली एक देश 9 टैक्स प्रणाली को लागू किया था। इस वजह से व्यापारियों को तकलीफ हो रही थी, उसके कुछ उदाहरण भी सामने आए थे। तमिलनाडु में एक व्यापारी ने अपनी नाराजगी जाहिर की थी तो उसे निर्मला सीतारमण के सामने बाद में माफी मांगनी पड़ी थी। सरकार की जिद और मनमानेपन का यह एक सबूत था। हालांकि जीएसटी को श्री मोदी अपने बड़ी सफलता की तरह पेश करते रहे, लेकिन उसमें बार-बार बदलाव से यह जाहिर था कि 140 करोड़ की आबादी को प्रभावित करने वाले इस फैसले पर ठीक से सोच-विचार भाजपा ने नहीं किया। इससे पहले 28 फ़रवरी 2005 को यूपीए सरकार ने लोक सभा में जीएसटी की औपचारिक घोषणा की थी। फिर 2011 में तत्कालीन वित्त मंत्री प्रणब मुख़र्जी जीएसटी बिल लेकर आए तब भाजपा के साथ गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही जीएसटी का घोर विरोध किया था। अब इसी जीएसटी को वे अपनी उपलब्धि बता रहे हैं, जबकि यह कांग्रेस के फैसले को दोहराने से ज्यादा कुछ नहीं है।

## लगातार अनिश्चित हो रही विधेयकों के अनुमोदन की समय-सीमाएं

■ के रवींद्रन

भारत के सर्वोच्च न्यायालय की दो-न्यायाधीशों वाली पीठ द्वारा राज्यपालों और राष्ट्रपति को उनके पास भेजे गए विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए निर्धारित तीन महीने की समय-सीमा, जिसकी अब मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संवैधानिक पीठ द्वारा पुनर्परीक्षा की जा रही है, लगातार अनिश्चित होती जा रही है।

यह मामला, जो मूल निर्णय के समय सुलझा हुआ प्रतीत हो सकता था, अब नाजुक होता जा रहा है क्योंकि राष्ट्रपति के संदर्भ की सुनवाई के माध्यम से व्यापक संवैधानिक सिद्धांत सामने आ रहे हैं। दो-न्यायाधीशों के निर्णय की स्थिरता अनिश्चित प्रतीत होती है, न केवल बड़ी पीठ के संदेह के कारण, बल्कि अप्रैल के निर्णय में निहित अस्पष्टताओं के कारण भी, जो अनपेक्षित परिणामों के द्वार खुले छोड़ देती हैं। दांव पर केवल विधायी प्रक्रियाओं की दक्षता ही नहीं, बल्कि संवैधानिक पाठ, न्यायिक रचनात्मकता और अनजाने में नए संवैधानिक मानदंडों के निर्माण के जोखिमों के बीच संतुलन भी है।

शुरू से ही, 8 अप्रैल के इस फैसले की कुछ हलकों में राज्यपालों द्वारा राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को अनिश्चित काल तक रोके रखने की लगातार शिकायतों के समाधान के रूप में सराहना की गई। राज्यपालों और राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर निर्णय लेने के लिए अनिवार्य करने वाले इस आदेश को जवाबदेही बढ़ाने और कार्यपालिका की मनमानी को रोकने के रूप में देखा गया। हालांकि, इसका उद्देश्य लोकतांत्रिक सिद्धांतों के अनुरूप प्रतीत होता था, लेकिन इसमें अपनाई गई विधि, जो संविधान में स्पष्ट रूप से उल्लिखित नहीं, एक कठोर समय-सीमा लागू करना—समस्याओं से भरी थी।

अब राष्ट्रपति के संदर्भ पर विचार कर रही बड़ी पीठ ने पहले ही इस तनाव को चिह्नित कर दिया है और आगाह किया है कि समय-सीमा अनिवार्य करना वास्तव में संविधान में संशोधन के समान हो सकता है। यह तर्क इस मूलभूत सिद्धांत पर आधारित है कि दस्तावेज़ के निर्माताओं ने, व्यापक बहस के बाद, संबंधित कार्यकारी प्राधिकारियों पर ऐसी सख्तियां लागू करने से जानबूझ कर परहेज़ किया था। इसके बजाय, उन्होंने दुरुपयोग को रोकने के लिए असाधारण मामलों में परंपराओं, राजनीतिक ज़िम्मेदारी और न्यायिक निगरानी पर भरोसा किया। एक निश्चित अवधि को संवैधानिक मौन मानने का प्रयास करके, दो-न्यायाधीशों की पीठ ने शायद एक ऐसी सीमा पार कर ली है जिसे नेकनीयत न्यायिक नवाचार भी उचित नहीं ठहरा सकते।

बड़ी पीठ ने एक सूक्ष्म दृष्टिकोण व्यक्त किया है। यह असाधारण विलंब के मामलों में अदालतों के हस्तक्षेप की वैधता को स्वीकार करता है, जहां सहमति न देना या निष्क्रियता स्पष्ट रूप से लोकतांत्रिक इच्छाशक्ति को नष्ट करती है। ऐसा हस्तक्षेप उपचारात्मक है, जिसका उद्देश्य संवैधानिक विघटन के विशिष्ट उदाहरणों को संबोधित करना है। हालांकि, इस मामले में विशिष्ट उपाय को हर स्थिति में लागू होने वाले एक सार्वभौमिक नियम में परिवर्तित करने से वैचारिक कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं। इससे न्यायपालिका के लिए संवैधानिक व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से पुनर्लेखन करके एक विधायी कार्य संभालने का जोखिम पैदा होता है। पीठ की आशंका है कि ऐसा दृष्टिकोण संवैधानिक व्यवस्था को मजबूत करने के बजाय कमजोर कर सकता है, क्योंकि यह भविष्य में न्यायिक रूप से निर्धारित समय-सीमाओं को चुनौती देने वाले मुकदमों की संभावना को खुला छोड़ देता है, जिससे समाधान के बजाय अधिक अस्थिरता पैदा होती है।

> **इस अनिश्चितता के व्यावहारिक परिणाम दूरगामी हैं। यदि 8 अप्रैल का फैसला बरकरार रहता है, तो राज्यपालों और राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिससे पूर्वानुमानितता पैदा होगी और विधायी प्रक्रियाओं में तेजी आएगी। फिर भी, ऐसा करने से, यह उस विचार-विमर्श की गुंजाइश को भी कम कर देता है।**

8 अप्रैल के फैसले में न्यायिक समीक्षा के अपने व्यवहार में भी अस्पष्टताएं हैं। इसने सही ही पुष्टि की कि विधेयकों को लंबित रखने में राज्यपाल का आचरण न्यायिक जांच से परे नहीं है। यह कथन इस सिद्धांत के अनुरूप है कि कोई भी संवैधानिक पदाधिकारी जवाबदेही से मुक्त नहीं है, खासकर जब निष्क्रियता प्रतिनिधि लोकतंत्र को कमजोर करती है। फिर भी, यह निर्णय ऐसी समीक्षा के दायरे को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने में विफल रहा।

विशेष रूप से, यह स्पष्ट नहीं है कि क्या जांच केवल आचरण तक ही सीमित है—अर्थात विलंब तक—या क्या यह विधेयकों के सार को भी शामिल कर सकती है। निर्णय यह सुझाव देता प्रतीत होता है कि एक बार जब किसी विधेयक को निर्धारित अवधि बीत जाने के कारण स्वत: स्वीकृति मिल जाती है, तो राज्यपाल की पूर्व निष्क्रियता को अदालत में चुनौती दी जा सकती है। लेकिन क्या इससे संबंधित विधेयकों की विषयवस्तु, आशय और संवैधानिक वैधता की भी जांच करने का रास्ता खुलता है? यदि बिना किसी ठोस समीक्षा के स्वत: स्वीकृति प्रदान कर दी जाती है, तो संभावना है कि संदिग्ध संवैधानिक योग्यता वाले विधेयक बिना किसी जांच के पारित हो सकते हैं। इसके विपरीत, यदि न्यायालय स्वयं विषयवस्तु की जांच में शामिल होते हैं, तो यह न्यायिक वीटो के समान हो सकता है, जो शक्तियों के पृथक्करण को कमजोर करता है।

इन विवादों को सुलझाने के लिए स्पष्ट संस्थागत रास्तों के अभाव से दुविधा और भी जटिल हो जाती है। संविधान में नियंत्रण और संतुलन की एक ऐसी व्यवस्था की परिकल्पना की गई है जहां राज्यपाल, राष्ट्रपति के प्रतिनिधि के रूप में, राज्य के विधानों में संवैधानिक औचित्य की रक्षा में एक सीमित लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, विधेयकों पर अनिश्चित काल तक रोक लगाकर इस पद का दुरुपयोग करने से यह सुरक्षा अवरोध का साधन बन गया है। इस असंतुलन को दूर करने की न्यायपालिका की प्रवृत्ति समझ में आती है, लेकिन एक कठोर ढांचा लागू करके, अप्रैल के फैसले ने एक और संतुलन- न्यायिक व्याख्या और संवैधानिक संशोधन के बीच की रेखा- को बिगाड़ने का प्रयास किया। वृहद पीठ की चिंता, सुविधावाद की आड़ में न्यायिक अतिक्रमण के खतरे को उजागर करती है।

इस अनिश्चितता के व्यावहारिक परिणाम दूरगामी हैं। यदि 8 अप्रैल का फैसला बरकरार रहता है, तो राज्यपालों और राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिससे पूर्वानुमानितता पैदा होगी और विधायी प्रक्रियाओं में तेजी आएगी। फिर भी, ऐसा करने से, यह उस विचार-विमर्श की गुंजाइश को भी कम कर देता है जिसका संविधान निर्माताओं ने इरादा किया होगा, खासकर उन मामलों में जहां विधेयक जटिल संवैधानिक या नीतिगत प्रश्न उठाते हैं। दूसरी ओर, यदि वृहद पीठ द्वारा फैसले को खारिज कर दिया जाता है, तो अनिश्चितकालीन विलंब की यथास्थिति वापस आ जाएगी, जब तक कि संसद स्वयं समय-सीमा तय करने के लिए हस्तक्षेप न करे, जो एक राजनीतिक रूप से जटिल प्रस्ताव है। किसी भी स्थिति में, गहरा सवाल अनसुलझा रहता है: जब विधेयकों में देरी हो रही हो, तो न्यायिक समीक्षा का वैध दायरा क्या होना चाहिए? क्या न्यायपालिका केवल यह आकलन करने तक सीमित है कि क्या देरी अनुचित है, या क्या वह आगे बढ़कर विधेयकों की प्रकृति की जांच कर सकती है, जब तक कि स्वीकृति न मिल जाए?

अप्रैल के फैसले में स्पष्टता की कमी से मुक़दमों की बाढ़ आने का ख़तरा है। उदाहरण के लिए, तीन महीने की राज्यपालीय चुप्पी के बाद स्वत: कानून बन जाने वाले किसी विधेयक को बाद में संवैधानिक कमज़ोरियों के आधार पर चुनौती दी जा सकती है। तब अदालतों को न केवल स्वत: स्वीकृति तंत्र की वैधता पर, बल्कि स्वयं कानून की मूल संवैधानिकता पर भी निर्णय लेने के लिए कहा जाएगा। यह दो-स्तरीय मुक़दमेबाज़ी उस निश्चितता को प्रदान करने के बजाय जटिलता की परतें बढ़ाएगी जिसका दावा इस फैसले में किया गया था। यह राज्यपालों को रणनीतिक रूप से पीछे हटने के लिए भी प्रोत्साहित कर सकता है, यह जानते हुए कि विवादास्पद विधेयक, एक बार स्वत: स्वीकृति मिलने के बाद, वैसे भी न्यायिक बाधाओं का सामना करेंगे। ऐसा परिणाम विरोधाभासी रूप से उसी समस्या को और मज़बूत कर सकता है जिसका समाधान अप्रैल के फैसले में किया गया था।

बड़ी पीठ के समक्ष चल रही सुनवाई इन तनावों को दूर करने की कठिनाई को रेखांकित करती है। न्यायिक रचनात्मकता लंबे समय से भारतीय संवैधानिक कानून की एक पहचान रही है, मूल संरचना सिद्धांत से लेकर मौलिक अधिकारों की व्यापक व्याख्याओं तक। फिर भी, व्याख्या और संशोधन के बीच एक रेखा, चाहे कितनी भी धुंधली क्यों न हो, रही है। 8 अप्रैल के फैसले पर बहस उस सीमा की नाज़ुकता को उजागर करती है। समय-सीमाएं निर्धारित करके, दो न्यायाधीशों की पीठ ने भले ही नेकनीयती से प्रयास किया हो, शायद हद पार कर दी हो। बड़ी पीठ का सतर्क दृष्टिकोण इस जागरूकता को दर्शाता है कि संवैधानिक मौन का सम्मान किया जाना चाहिए, भले ही वे कभी-कभी कार्यपालिका के अवरोधों की अनुमति देते हों। न्यायिक आदेश के माध्यम से हर कमी को पूरा करने का जोखिम यह है कि संविधान धीरे-धीरे आधारभूत पाठ नहीं रह जाता और न्यायिक रूप से जोड़े गए खंडों का एक ढेर बन जाता है।

## सपनों को संवारने वाला शिल्पकार: शिक्षक

■ डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर विचारों की छलछलाती सोच कुछ नया लिखने की प्रेरणा प्रदान करती महसूस की जाती है। मैं अपने शिक्षकीय अनुभव पर कुछ लिखूं या फिर मेरे अपने गुरुओं की महिमा का गान करूं, समझ पाने में असमर्थ हूं। कभी यह विचार भी मन में उठने लगते हैं कि ऐसे कौन से कारण हैं जिनके चलते आज के कुछ शिक्षक इस महान पेशे को कलंकित कर जाते हैं, क्या आज की सम्मानजनक वेतन प्रणाली ने ऐसे शिक्षकों के जीवन में अमर्यादित आचरण का बीजारोपण किया है? आर्थिक संपन्नता के चलते ही कहीं शिक्षकीय पेशा अपने कर्तव्य से विमुख तो नहीं हो रहा है? ऐसे सवाल अंतर्मन में इसलिए हिलोरे मार रहे हैं कि आज से लगभग आधी शताब्दी पूर्व इस महत्वपूर्ण पेशे में संलग्न लोगों को मिलने वाला वेतन पारिवारिक जरूरतों के लिए अपर्याप्त था, किंतु शिक्षकों का आचरण वास्तव में गुरुओं की श्रेणी का हुआ करता था। वर्तमान समय में कुछ लोगों के कारण इस पेशे में आई सामाजिक गिरावट ने यह सोचने पर विवश कर दिया है कि क्या आज भी शालाओं को गुरुकुल का पर्याय माना जा सकता है? मेरी आत्मा से निकला उत्तर नकारात्मक जान पड़ता है! शिक्षक दिवस के दिन इन बदली हुई परिस्थितियों में बहुत कुछ ऐसा लिखा जा सकता है जो भारतीय संस्कृति को नागवार गुजरता हो।

> **एक सच्चा शिक्षक अपनी महानता से आपको प्रभावित नहीं करना चाहता बल्कि वह आपको यह एहसास कराना चाहता है कि आपके पास स्वयं को खोजने का कौशल है। हमारे राष्ट्र निर्माता को यह याद रखना होगा कि एक प्रतिभाशाली शिक्षक न केवल आज के बच्चे की जरूरतों को पूरा करने वाला माध्यम है बल्कि हर बच्चे के भविष्य में आशाओं और सपनों को संवारने वाला बड़ा शिल्पकार भी है।**

एक शिक्षक के रूप में इस सेवा को स्वीकार करने वाले व्यक्ति को एक नहीं अनेक पैमानों पर खरा उतरना पड़ता है। अपनी छवि गुरु के रूप में स्थापित करने का सपना उसी दशा में पूरा हो सकता है, जब एक शिक्षक सबसे पहले अपने रहने और कपड़े पहनने के तरीकों का भलीभांति ध्यान रखें। यह भी ध्यान रखने वाली बात है कि जब भी एक शिक्षक अपनी कक्षा में प्रवेश करे, वह खुद को पूरे अनुशासन की परिधि में तौल ले । कारण यह कि हर विद्यार्थी अपने शिक्षक को अपना आदर्श मानतस्त्र हैं। एक शिक्षक द्वारा पढ़ाई गई विषय सामग्री बच्चों के मस्तिष्क पर व्यापक प्रभाव छोड़ती है। आगे चलकर यही शिक्षा एक अच्छे समाज के निर्माण में महती भूमिका निभाती है। इसी कारण कहा जाता है- ०२१०शिक्षक ही राष्ट्र का निर्माता है।' जब हम शिक्षक के रूप में एक अच्छे व्यक्तित्व की बात करते हैं तो हमारे मस्तिष्क में अपने जीवनकाल के सबसे अच्छे शिक्षक की तस्वीर घूमने लगती है । यह तस्वीर इसलिए हमारे सामने आती है, क्योंकि हमने उस शिक्षक से वह सब कुछ सीखा है जिसके चलते आज सम्मानजनक स्थान पर खड़े हैं। वही एक अच्छा शिक्षक माना जा सकता है, जो खुद को कुछ बोलने से पहले तौलता हो कि उसकी वाणी का प्रभाव सकारात्मक होगा या नकारात्मक? एक शिक्षक का बेहतरीन व्यक्तित्व उसके बोलने के तरीके पर निर्भर करता है। एक शिक्षक का बेहतरीन वक्ता होना ही वह गुण है जिसके चलते उसके विद्यार्थी उसे पसंद करने लगते हैं। प्रत्येक शिक्षक को यह स्मरण रखना चाहिए कि वह अपने विद्यार्थियों से बेसिर पैर की बात न करे। ऐसे शिक्षक विद्यार्थियों के प्रेरणा स्त्रोत नहीं हो सकते।

वर्तमान समय तेजी के साथ परिवर्तन के मार्ग पर अग्रसर है। आज के बच्चों का जीवन जीने का तरीका पहले की तुलना में पूरी तरह बदल चुका है। खास कर आज की किशोरवय और युवा पीढ़ी की सोच का अध्ययन कर उन्हें शिक्षित करना बड़ी चुनौती है। वर्तमान पीढ़ी जिसमें युवक-युवती दोनों ही शामिल हैं, उन्हें किसी काम में किसी अन्य का हस्तक्षेप बर्दास्त नहीं। फिर वह उनके माता-पिता सहित शिक्षक ही क्यों न हों? ऐसी परिस्थिति में शिक्षकों का कर्तव्य और अधिक बढ़ जाता है कि उनके विचारों में घुलमिल चुकी विषमता को कैसे बाहर निकालें? यदि एक शिक्षक ही व्यसन के कुचक्र में पड़कर अपनी कक्षाओं में प्रवेश करेगा तो क्या वह आग में घी डालने जैसा नहीं होगा? तब हमें विचार करना होगा कि हम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के उच्च विचारों को अपने हृदय में कैसे स्थान प्रदान करें? एक अध्यापक शिक्षण प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण अंग होता है। यह कल्पना भी नहीं की जा सकती है कि एक अध्यापक के बिना शिक्षा की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। प्रत्येक शिक्षक इस बात को जानता है कि उसका काम न केवल छात्रों को शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि उन्हें आने वाले कल के लिए तैयार भी करना है। तब वर्तमान का शिक्षक खुद को एक ऐसा उपकरण क्यों नहीं मान रहा है, जो उच्च स्तरीय वस्तुओं का उत्पादन कर अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को आकर्षित करने में सक्षम रहता है। आज एक शिक्षक की चुनौती पहले की तुलना में कहीं ज्यादा है। कारण यह कि अब जमाना 'गूगल' का है ! हर छात्र गूगल और किताबों के माध्यम से अपने ज्ञान को अपडेट करता रहता है। तब एक शिक्षक को हर परिस्थिति में अपने विद्यार्थियों के सवालों का सटीक जवाब देने खुद को अपडेट रखना होगा।

'शिक्षक ही शिक्षा व्यवस्था का हृदय है।' उसके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से ही जीवन प्रकाशवान हो सकता है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि अब शिक्षक का कार्य बोर्ड पर दो चॉक लेकर खड़ा होना ही नहीं रह गया है बल्कि अपने विद्यार्थियों को बेहतर तरीके से वह सब कुछ प्रदान करना है जिसकी उम्मीद एक शिक्षक के माध्यम से वर्तमान पीढ़ी चाहती है। समाज निर्माण की भूमिका में आज तैनात समस्त शिक्षकों को यह समझ लेना चाहिए कि 'एक किताब, एक कलम, एक बच्चा और एक शिक्षक' पूरी दुनिया बदलने की क्षमता रखते हैं। वास्तव में कहा जाए तो आज जरूरत इस बात की है कि एक अध्यापक खुद को केवल शिक्षक नहीं बल्कि यह मानकर काम करे कि वह जागरूकता पैदा करने की बड़ी मशीन है। शिक्षकों का प्रभाव केवल कक्षा की चहार दीवारी तक ही नहीं उससे भी आगे भविष्य निर्माण तक विस्तृत है। हमारे देश के महान वैज्ञानिक और राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम कहा करते थे- 'शिक्षण एक बहुत ही महान पेशा है, जो व्यक्ति के चरित्र, क्षमता और भविष्य को आकार देता है। यदि लोग मुझे एक अच्छे शिक्षक के रूप में याद रखें तो यह मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान होगा।'

एक सच्चा शिक्षक अपनी महानता से आपको प्रभावित नहीं करना चाहता बल्कि वह आपको यह एहसास कराना चाहता है कि आपके पास स्वयं को खोजने का कौशल है। हमारे राष्ट्र निर्माता को यह याद रखना होगा कि एक प्रतिभाशाली शिक्षक न केवल आज के बच्चे की जरूरतों को पूरा करने वाला माध्यम है बल्कि हर बच्चे के भविष्य में आशाओं और सपनों को संवारने वाला बड़ा शिल्पकार भी है। साथ ही यह भी नहीं भूलना चाहिए कि एक अच्छा शिक्षक ही अपने विद्यार्थियों में आशा का बीज बो सकता है। उनके अंदर अंकुरित हो रही कल्पना को प्रस्फुटित कर सकता है। एक शिक्षक ही विद्यार्थियों में सीखने के प्रति जीवटता और जुनून पैदा कर सकता है। इसी कारण शिक्षा को संजीवनी और शिक्षक को हनुमान कहा जाता है।

## आपके पत्र

### खतरनाक मौसम में भी स्कूल खुले क्यों?

दुनिया भर में आपदा और संकट के समय शिक्षा व्यवस्था पर अस्थायी रोक लगाना कोई नई बात नहीं है। कोरोना काल में महीनों तक स्कूल बंद रहे और वैकल्पिक माध्यमों से शिक्षा को आगे बढ़ाया गया। जब महामारी के दौर में बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि मानी गई, तो बाढ़ और प्राकृतिक आपदा की स्थिति में वही संवेदनशीलता क्यों नहीं दिखाई जाती?

यहां तर्क दिया जा सकता है कि पढ़ाई का नुकसान न हो, इसलिए स्कूल बंद नहीं किए जा सकते। लेकिन क्या पढ़ाई का महत्व बच्चों और शिक्षकों की जान से बड़ा है? शिक्षा तभी सार्थक है जब छात्र और शिक्षक सुरक्षित हों। गीली और टूटती छतों के नीचे, पानी से भरे आंगनों में और बीमारी के खौफ में पढ़ाई कराने का निर्णय शिक्षा नहीं, बल्कि मजबूरी और लापरवाही कहलाएगी।

दरअसल, असली समस्या हमारी नीति और नीयत दोनों की है। जिन अधिकारियों को स्थानीय हालात देखकर तुरंत निर्णय लेना चाहिए, वे केवल ऊपर से आए आदेशों का इंतज़ार करते रहते हैं। और ऊपर बैठे नीति-निर्माता आमतौर पर कागज़ी रिपोर्टों और फाइलों के आधार पर निर्णय लेते हैं। नतीजा यह होता है कि जमीनी हालात और सरकारी आदेशों के बीच बड़ा अंतर रह जाता है। आज ज़रूरत इस बात की है कि शिक्षा विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग मिलकर एक स्पष्ट नीति बनाएं। इसमें यह तय हो कि किन परिस्थितियों में स्वत: स्कूल बंद माने जाएंगे। जैसे- जब किसी जिले में बाढ़ का हाई अलर्ट जारी हो, जब लगातार बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त हो जाए, या जब भवनों की सुरक्षा संदिग्ध हो। इससे निचले स्तर के अधिकारी समय रहते फैसला ले सकेंगे और बच्चों को जोखिम से बचाया जा सकेगा।

इसके साथ-साथ स्कूल भवनों की नियमित मरम्मत और रखरखाव पर भी ज़ोर दिया जाना चाहिए। हर बरसात में छत टपकना और दीवारें गिरना हमारी शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल देता है। यदि बच्चों के लिए सुरक्षित भवन तक उपलब्ध नहीं करा सकते तो फिर शिक्षा के अधिकार की बातें खोखली साबित होती हैं।

एक और पहलू पर ध्यान देना ज़रूरी है। जब सरकारें 'स्मार्ट क्लास', 'डिजिटल एजुकेशन' और 'न्यू एजुकेशन पॉलिसी' की बात करती हैं, तो क्यों न आपदा के समय ऑनलाइन या वैकल्पिक शिक्षा का सहारा लिया जाए? बच्चों की पढ़ाई बिना उनकी सुरक्षा से समझौता किए जारी रखी जा सकती है। लेकिन दुर्भाग्य है कि ऐसे दूरदर्शी कदमों की जगह केवल आदेश जारी करने की औपचारिकता निभाई जाती है।

बच्चे देश का भविष्य हैं—यह वाक्य हम बार-बार सुनते हैं। लेकिन जब इस भविष्य को सुरक्षित रखने का समय आता है, तो हमारी व्यवस्था सबसे ज्यादा असफल साबित होती है। बारिश और बाढ़ जैसे हालात में स्कूलों को खुला रखना बच्चों और शिक्षकों दोनों की जान को खतरे में डालने जैसा है। यह केवल संवेदनहीनता ही नहीं, बल्कि लापरवाही की पराकाष्ठा है।

संवेदनशील शासन वही है जो संकट की घड़ी में अपने नागरिकों—खासकर बच्चों—की सुरक्षा सुनिश्चित करे। यदि इस बुनियादी दायित्व में भी हम असफल रहते हैं, तो विकास, शिक्षा और प्रगति के सारे दावे केवल खोखले नारे भर रह जाएंगे।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### जीएसटी : परेशानियों का अंबार

*द इकॉनामिस्ट के इस अंक में भारत के वर्तमान परिदृश्य पर तीन लेख हैं। एक लेख में कहा गया है कि जीएसटी का स्वागत है, किन्तु यह अनावश्यक रूप से जटिल और लालफीताशाही से ग्रस्त है जिसके कारण इसकी उपादेयता बहुत घट गई है। पत्रिका यह भी कहती है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भले ही जोरदार प्रचार के साथ बहुत सी योजनाएं प्रारंभ कर दी हों, लेकिन इनमें से अनेक तो पहले से चली आ रही थीं। जीएसटी का प्रस्ताव भी पुराना था। पत्रिका नोट करती है कि अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए जिस व्यवस्थित रूप में कार्य होना चाहिए उसे नरेन्द्र मोदी करने में समर्थ प्रतीत नहीं होते। जीएसटी की चर्चा करते हुए द इकानॉमिस्ट का कहना है कि अब पहले के मुकाबले कई गुना ज्यादा फार्म भरना पड़ेंगे। इसके अलावा जीएसटी वाले अन्य देशों में जहां टैक्स की सिर्फ एक दर है वहां भारत में शून्य से लेकर अठ्ठाइस तक दरें तय की गई हैं। इसके चलते सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में जो दो प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित की गई थी वह अब शायद एक प्रतिशत भी न बढ़ पाए।*

**(देशबन्धु में 13 जुलाई 2017 को प्रकाशित)**

**https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/07/blog-post_12.html**

मिलाद-उन-दबी आज

## पैग़म्बर मुहम्मद अमर चरित्र और मानवता के लिए आदर्श

इस्लाम का संदेश कोई नया धर्म नहीं है। प्रथम मानव और प्रथम पैग़म्बर हज़रत आदम से लेकर नूह, इब्राहीम, मूसा, ईसा (अलैहिमुस्सलाम) तक सभी दूतों ने एक ही शिक्षा दी—एक ईश्वर की उपासना और मानवता की सेवा। पैग़म्बर मुहम्मद उसी परम्परा के अंतिम दूत हैं, जिन्होंने इस सत्य को पुन: स्थापित किया और पूर्णता प्रदान की।

पैग़म्बर मुहम्मद का जीवन चरित्र विश्व-इतिहास में सबसे अधिक पढ़ा जाने वाला जीवन है। उनका जीवन एक ऐसा आदर्श है, जो न केवल अपने समय में, बल्कि पिछले 14 सौ वर्षों से निरन्तर पढ़ा, समझा और अपनाया जा रहा है। उनकी सैरत (जीवनी) पर असंख्य भाषाओं में ग्रन्थ लिखे गए हैं। उनकी शिक्षा यह है कि श्रेष्ठता का आधार न जाति है, न वर्ण, न सम्पत्ति, अपितु केवल धर्मनिष्ठ आचरण और उत्तम चरित्र है।

ईश्वर ने अपने अंतिम दूत, पैग़म्बर मुहम्मद को समस्त संसार के लिए दया और करुणा का स्रोत बनाकर भेजा। क़ुरआन में कहा गया है-

और हमने तुम्हें केवल जगतों के लिए दया स्वरूप भेजा है। (सूरा अंबिया: 107)

पैग़म्बर ने सदैव न्याय को सर्वोपरि रखा। एक प्रसंग में एक यहूदी व्यक्ति मुक़दमे में विजयी हुआ क्योंकि सत्य उसी के पक्ष में था, जबकि विरोधी एक मुसलमान था। उन्होंने घोषणा की:

यदि मेरी पुत्री फ़ातिमा भी चोरी करे तो मैं उसका हाथ काट दूंगा। (बुख़ारी)

यह शिक्षा देती है कि न्याय के सामने रिश्ते, जाति या धर्म का कोई मूल्य नहीं।

जब ताइफ़ नगर के लोगों ने पैग़म्बर को पत्थरों से घायल कर दिया, तो स्वर्गदूत ने उन्हें दण्ड देने की अनुमति मांगी। लेकिन उन्होंने उत्तर दिया:

मैं उनके लिए प्रार्थना करता हूं कि उनकी संतति से सदाचारी लोग उत्पन्न हों।

इस घटना से स्पष्ट होता है कि पैग़म्बर दया और क्षमा के प्रतीक थे।

हज के अंतिम उपदेश में पैग़म्बर ने मानव समानता की घोषणा की-

किसी अरब को अजमी पर, किसी गोर वर्ण को श्याम वर्ण पर कोई श्रेष्ठता नहीं, केवल धर्मनिष्ठा ही श्रेष्ठता का आधार है।

यह संदेश विश्व-मानवता के लिए भाईचारे और समानता का शाश्वत सिद्धान्त है।

पैग़म्बर ने सदैव अनाथ, विधवा और निर्धन की सहायता पर बल दिया। उन्होंने कहा-सबसे उत्तम मनुष्य वह है जो दूसरों को लाभ पहुंचाए। (मुस्नद अहमद)

पैग़म्बर ने पड़ोसी के अधिकार को आस्था का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा-

जिब्रील मुझे निरन्तर पड़ोसी के अधिकार की शिक्षा देते रहे, यहां तक कि मैंने सोचा वे पड़ोसी को वारिस बना देंगे। (बुख़ारी, मुस्लिम)

वह व्यक्ति सच्चा विश्वासी नहीं जो स्वयं तो तृप्त हो और उसका पड़ोसी भूखा रहे। (मुस्नद अहमद)

पैग़म्बर ने नारी को ईश्वर की अमानत बताया। अंतिम उपदेश में उन्होंने कहा-

हे लोगो! स्त्रियों के विषय में ईश्वर से डरते रहो, क्योंकि तुमने उन्हें ईश्वर की अमानत स्वरूप ग्रहण किया है। उन्होंने यह भी कहा-

तुममें सबसे श्रेष्ठ वही है जो अपने परिवार के साथ श्रेष्ठ आचरण रखे, और मैं अपने परिवार के साथ सबसे श्रेष्ठ हूं। (तिर्मिज़ी)

पैग़म्बर ने अत्याचार को सबसे बड़ा पाप बताया-अत्याचार से बचो, क्योंकि अन्याय प्रलय के दिन अंधकार बनेगा।

अत्याचारित की प्रार्थना से बचो, क्योंकि उसके और ईश्वर के बीच कोई परदा नहीं। (बुख़ारी, मुस्लिम) उन्होंने घोषणा की-

हे लोगो! तुम्हारा रक्त , तुम्हारा जीवन और तुम्हारी मर्यादा- सब एक-दूसरे पर उसी प्रकार पवित्र है जैसे यह दिन, यह महीना और यह नगर पवित्र है। (बुख़ारी, मुस्लिम)

आज आवश्यकता है कि हम उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें। क्योंकि वे वास्तव में समस्त मानवता के लिए करुणा मूर्ति हैं।

**-नुज़हत सुहैल पाशा**

## अफगानिस्तान में 130 लोगों को जहर दिए जाने की रिपोर्ट

**काबुल,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में 130 लोगों को जहर दिए जाने की रिपोर्ट है। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता मुस्तागफिर गुरबाज ने गुरूवार को बताया कि यह घटना बुधवार शाम जाजी मैदान जिले के शम्सी गांव में हुई है। उन्होंने बताया कि प्रभावित व्यक्तियों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए चिकित्सा दल मौके पर पहुंच गए हैं। अधिकारी ने बताया कि इस घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है और अभी तक यह नहीं पता चल सका है कि इस घटना को किसने अंजाम दिया है और इसके पीछे क्या मकसद था।

# देश विदेश

# ट्रंप की टैरिफ नीति के बीच अमेरिकी सांसद से मिले भारतीय राजदूत



■ ग्रेगरी मीक्स ने ट्रंप के मनमाने टैरिफ पर चिंता जताई
■ कई अमेरिकी सांसदों ने भारत के प्रति लगातार समर्थन दिखाया

**वाशिंगटन,** 4 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने अमेरिकी सांसद ग्रेगरी मीक्स से मुलाकात की है। यह मुलाकात इसलिए अहम है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति का असर भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंधों पर भी पड़ा है।

ग्रेगरी मीक्स अमेरिका के प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के सदस्य भी हैं। जानकारी सामने आई है कि राजदूत विनय क्वात्रा ने ग्रेगरी मीक्स के साथ भारत-अमेरिका संबंधों पर चर्चा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए, हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी डेमोक्रेट्स ने बताया कि मीक्स ने पिछले 25 सालों में अमेरिका-भारत की साझेदारी, खासतौर पर क्वाड के माध्यम से, पर कांग्रेस के समर्थन का जिक्र किया। ग्रेगरी मीक्स ने डोनाल्ड ट्रंप के मनमाने टैरिफ पर चिंता जताई, जो इस महत्वपूर्ण साझेदारी को खतरे में डालते हैं। साथ ही, उन्होंने भारत के साथ गहरे संबंधों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। राजदूत विनय क्वात्रा ने भी पोस्ट किया कि सदन की विदेश मामलों की समिति के वरिष्ठ सदस्य ग्रेगरी मीक्स से मिलने और द्विपक्षीय संबंधों में हाल के घटनाक्रमों से उन्हें अवगत कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमारी चर्चा व्यापार, ऊर्जा, हिंद-प्रशांत और आपसी हितों के व्यापक मुद्दों पर केंद्रित रही।

इससे पहले, बुधवार को विनय क्वात्रा ने फ्लोरिडा से रिपब्लिकन सांसद कैट कैमैक के साथ बातचीत की, जिसमें साझा मूल्यों पर आधारित द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब भारत डोनाल्ड ट्रंप की दंडात्मक नीतियों से निपट रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने भारत पर अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च टैरिफ लगाने और रूसी तेल से मुनाफाखोरी करने का आरोप लगाया था।

## पूर्व भारतीय राजदूत ने 'भारत टैरिफ किंग' के मिथक को किया खारिज



■ ट्रंप के फैसले पर उठाए सवाल

**वाशिंगटन।** पूर्व भारतीय राजदूत और ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के जडेजा मोटवानी इंस्टीट्यूट फॉर अमेरिकन स्टडीज के महानिदेशक मोहन कुमार ने ट्रंप प्रशासन के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें भारत को टैरिफ का महाराजा कहा गया था। मोहन कुमार ने भारत के उच्च टैरिफ दरों की धारणा को 'व्यापक, लेकिन भ्रामक' करार दिया।

मोहन कुमार ने तर्क दिया कि अमेरिका द्वारा शुरू किया गया टैरिफ युद्ध विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के समझौतों का उल्लंघन है। साथ ही उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि डब्ल्यूटीओ काफी समय से निष्क्रिय है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को फिर से अपने आरोप को दोहराया कि भारत अमेरिकी निर्यात पर दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ लगाता है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे भारी टैरिफ वसूल रहा था, जो दुनिया में सबसे अधिक था। इसलिए हम भारत के साथ ज्यादा व्यापार नहीं कर रहे थे, लेकिन वे हमारे साथ व्यापार कर रहे थे, क्योंकि हम उनसे मूर्खतापूर्ण तरीके से टैरिफ नहीं ले रहे थे। पूर्व विदेश सेवा अधिकारी ने टैरिफ की गणना को लेकर एक आम गलतफहमी को भी दूर करने की कोशिश की।

## अमेरिका को अखर सकती है किम, शी व पुतिन की नजदीकियां

**सियोल,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चीन की सैन्य परेड से इतर बीजिंग में दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक योजनाओं पर चर्चा की। सरकारी मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी।



■ उत्तर कोरिया ने की दीर्घकालिक योजनाओं पर चर्चा

किम और पुतिन बुधवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ वहां आयोजित विशाल सैन्य परेड में शामिल हुए थे। इसके कुछ घंटों बाद उत्तर कोरिया और रूस के दोनों शीर्ष नेताओं ने बात की। किम जोंग ने बीजिंग में जापान के खिलाफ विजय और द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन के साथ खड़े होकर बहुपक्षीय कूटनीतिक मंच पर अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराई। तियानमेन चौक पर आयोजित समारोह के लगे मंच पर तीनों नेताओं के एक साथ आने को अमेरिका के विरुद्ध उनकी एकजुटता के रूप में देखा जा रहा है। योनहाप की रिपोर्ट में कहा गया कि किम और पुतिन ने दीर्घकालिक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाई।

## सुडोकू 7025

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 7 | 3 | | | |
| | | | | | 2 | 3 | 5 | |
| 3 | | | | | | | 7 | |
| | | 2 | 8 | | | | 1 | |
| 6 | 4 | | | | | | 2 | 9 |
| | 8 | | | | 4 | 7 | | |
| | 7 | | | | | | | 6 |
| | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| | | | 4 | 1 | 8 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 5 सितम्बर, 2025 भादो शुक्ल पक्ष 13

### राशिफल

मेष - आज आप घर की बातों पर अधिक ही ध्यान देंगे। परिजनों के साथ बैठकर महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। घर के इंटीरियर पर आप धन खर्च कर सकते हैं। आज आपको अपने काम में संतोष का अनुभव होगा।

वृषभ - विदेश में रहने वाले स्नेहीजन तथा मित्रों के समाचार आपको खुशी देंगे। विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति के लिए अच्छा अवसर है। लंबे प्रवास का आयोजन हो सकता है। धार्मिक स्थल की यात्रा से आपका मन खुश रहेगा।

मिथुन - आपको अपने मिजाज को काबू में रखना पड़ेगा, ताकि कोई समस्या न हो। बीमार व्यक्ति आज कोई नई उपचार पद्धति न अजमाएं। ऑपरेशन न कराएं। खर्च बढ़ने से आर्थिक तंगी का अनुभव होगा।

कर्क - आज का दिन मनोरंजन और मौज-मस्ती में व्यतीत होगा। परिजनों या मित्रों के साथ घूमने या फिल्म देखने जाने की संभावना है। आप अच्छा भोजन ग्रहण करेंगे। सुंदर वस्त्रालंकार या नए वाहन खरीदने का योग है।

सिंह - आपके घर में आनंद का वातावरण रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ आपका समय आनंद और उत्साह में व्यतीत होगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेग। आपको मान-सम्मान प्राप्त होगा। उसके कारण खुशी का अनुभव होगा।

कन्या - आज संतान सम्बंधी मामलों को लेकर चिंता रहेगी। पेट संबंधी परेशानियां होंगी। विद्याध्ययन के लिए समय अनुकूल नहीं है। आज आपको बौद्धिक वाद-विवाद से दूर रहना चाहिए। प्रेमीजनों को प्रणय में सफलता मिलेगी।

तुला - आज अत्यधिक भावुकता आपके मन को आर्द्र बनाएगी। महिला और माताजी से संबंधित चिंताएं रहा करेंगी। प्रवास के लिए उचित समय नहीं है। इसलिए आज प्रवास का विचार बदलने की सलाह दी जाती है।

वृश्चिक - आपका आज का दिन आनंद और खुशी के पलों में व्यतीत होगा। आप नया कार्य शुरू कर सकेंगे। सहोदरों के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे। भाग्य में वृद्धि हो सकती है। मित्रों और स्वजनों से मुलाकात होगी।

धनु - आपका आज का दिन मिश्र फलदायी होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव होने की संभावना है। आज आपका मनोबल दृढ़ न होने के कारण निर्णय लेने में तकलीफ होगी।

मकर - आपके निर्धारित कार्य पूरे होंगे। ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। पारिवारिक जीवन में आनंद छाया रहेगा। आप तन-मन से स्वस्थ रहेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद का अनुभव करेंगे।

कुंभ - आपको किसी का पक्ष लेने से बचना चाहिए। किसी के साथ रुपये का लेन-देन नहीं करें। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है। किसी के साथ मतभेद या तकरार भी हो सकती है।

मीन - आज का दिन आपके लिए बहुत अनुकूल है। नौकरी में आपकी आय बढ़ेगी। आपके मित्रों और बुजुर्गों से भी आपको लाभ हो सकता है। नए मित्र बनाएंगे और यह मैत्री आगे चलकर लाभदायक साबित होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस तीसरी बार निर्वाचित

**किंग्सटन,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस को प्रारंभिक परिणामों के बाद तीसरे कार्यकाल के लिए चुना गया। आधिकारिक मतदान प्रतिशत केवल 38.8 प्रतिशत रहा, जो महामारी के दौरान हुए 2020 के चुनावों में हुए मतदान से थोड़ा ही ज़्यादा है। 28 लाख की आबादी वाले इस द्वीप पर सिर्फ़ 20 लाख से ज़्यादा पंजीकृत मतदाता ही मतदान के पात्र हैं।

प्रारंभिक परिणामों के मुताबिक सत्तारूढ़ जमैका लेबर पार्टी (जेएलपी) ने 34 सीटें जीतीं जबकि विपक्षी पीपुल्स नेशनल पार्टी (पीएनपी) को 29 सीटों पर ही संतुष्ट होना पड़ा। जमैका की प्रतिनिधि सभा में कुल 63 सीटों पर चुनाव हुए हैं। बहुमत पाने वाली पार्टी का नेता द्वीप का अगला प्रधानमंत्री बनेगा। पीएनपी के नेता मार्क गोल्डिंग ने अपनी हार स्वीकार कर ली है और जेएलपी को चुनाव में जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं इस चुनाव के परिणामों को स्वीकार करता हूं। हालांकि मैं इससे बहुत निराश हूं, फिर भी मुझे लगता है कि हमारे विरोधियों ने जो सफलता हासिल की है, उसे स्पष्ट रूप से स्वीकार करना ही उचित होगा।

# जीएसटी के फैसले से कश्मीरी हस्तशिल्प भी लाभान्वित

■ सुरेश एस डुग्गर

■ अब खरीदारों को हस्तनिर्मित उत्पाद ज्यादा किफायती मिलेंगे

**जम्मू,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद द्वारा कई हस्तशिल्प और कपड़ा उत्पादों पर जीएसटी दरों को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का हालिया निर्णय कश्मीर के पारंपरिक हस्तशिल्प क्षेत्र, विशेष रूप से हस्तनिर्मित कालीनों, टेपेस्ट्री, लेस और अन्य शिल्पों में लगे कारीगरों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है।

28वीं जीएसटी परिषद की बैठक में कला और हस्तशिल्प वस्तुओं को पहले से कहीं अधिक किफायती बनाने का संकल्प लिया गया, जिससे कारीगरों और उपभोक्ताओं दोनों पर वित्तीय बोझ कम होगा। लकड़ी, पत्थर और धातुओं से बनी मूर्तियां, पेंटिंग, हैंडबैग, आभूषण बाक्स और लकड़ी के फ्रेम जैसी वस्तुओं पर अब 12 प्रतिशत से घटकर केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

कश्मीर के लिए, इसका सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव विश्व स्तर पर प्रसिद्ध हस्तनिर्मित कालीन उद्योग पर पड़ेगा, जो हाल के वर्षों में घटती मांग और बढ़ती लागत के कारण संघर्ष कर रहा है। कालीन और अन्य कपड़ा फर्श कवरिंग, हाथ से बुने हुए टेपेस्ट्री, हस्तनिर्मित लेस और लटें, जो सभी कश्मीरी शिल्प परंपराओं के मूल हैं, पर अब केवल 5 प्रतिशत कर लगेगा। श्रीनगर के एक निर्यातक का कहना था कि इस कदम से हमारे कालीनों को घरेलू और वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी। उच्च जीएसटी दर कश्मीरी कालीनों को मशीन-निर्मित विकल्पों की तुलना में कम आकर्षक बना रही थी। अब, खरीदारों को हस्तनिर्मित उत्पाद ज्यादा किफायती मिलेंगे।

परिषद की अधिसूचना के अनुसार, कपड़ा और शिल्प की कई वस्तुओं पर कर में कटौती की गई है। हस्तनिर्मित कालीन और हथकरघा गलीचे - जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। हस्तनिर्मित लेस, ब्रैड और कढ़ाई - घटाकर 5 परसेंट। हाथ से बुने हुए टेपेस्ट्री और जरी के बार्डर-घटाकर 5 प्रतिशत। कढ़ाई वाले बैज, मोटिफ और इसी तरह के काम - घटाकर 5 प्रतिशत।

इस फैसले से कारीगरों की आय में वृद्धि, निर्यात को बढ़ावा और खतरे में पड़े पारंपरिक कौशल की रक्षा की उम्मीद है। कश्मीर का कालीन उद्योग, जिसमें हजारों कारीगर काम करते हैं, कर के बोझ के कारण उत्पादन और बिक्री में गिरावट देखी गई थी। यह राहत ट्रम्प प्रशासन द्वारा हस्तशिल्प सहित विभिन्न भारतीय निर्यातों पर 52 प्रतिशत की भारी टैरिफ वृद्धि की पृष्ठभूमि में दी गई है।

## वर्ग पहेली 7025

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. हानिकारक, अपकार करम वाला, अल्याणकारी
४. 'एजेंट'
६. रुकना, ठहरना चालू न रहना, बंद हो जाना
७. ओर, पक्ष (उर्दू)
८. झूठ बोलने वाला
१०. जो भारी न हो
११. पूरी ताकत के साथ
१३. अनुवाद (उर्दू)
१४. गुरूता, भारीपन,गौरव, महत्व
१५. बंधुत्व
१७. रानी (उर्दू)
१९. अग्नि
२१. उपवन. बगीचा
२२. अवलंबित होना, आश्रयहीन होकर नीचे की ओर झूलना, टंगना
२४. निर्माण संबंधी, सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. चेतनाहीन, जड़
२. पक्षपात (उर्दू)
३. सारथि
४. छोटी ऊंगली के ओर की बीच की ऊंगली
५. जलपान, नाश्ता
९. दीपावली
११. हित, कल्याण, उपकार
१२. आश्रय, टेक, आलंब भरोसा
१३.संपूर्ण, समाप्त (उर्दू)
१४. आकाष .नभ
१५. किस्मतवर
१६. चापलूस
१८ लेखक, लिपिकार
१९. पूजा, उपासना
२०. लालसा, तीव्र इच्छा
२३. स्त्री,

### वर्ग पहेली-7024

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | स्थि | २ क | ल | ३ श | ■ | ४ ग | ड़ | ५ ब | ड़ी |
| किं | ■ | म | ■ | ६ शि | क्षि | त | ■ | ल | ■ |
| ७ च | तु | र | ■ | व | ■ | ८ का | रा | वा | ९ स |
| न | ■ | तो | ■ | १० द | ला | ल | ■ | ■ | म |
| ■ | ११ भ | ड़ | १२ क | ना | ■ | ■ | १३ वि | ज | य |
| ■ | ला | ■ | ट | ■ | १४ क | दा | पि | ■ | पा |
| १५ भा | ई | १६ चा | रा | ■ | रू | ■ | १७ न | १८ के | ल |
| ग्य | ■ | टु | ■ | १९ मृ | णा | २० ल | ■ | व | ■ |
| २१ वा | टि | का | ■ | गां | ■ | २२ स | फ | ल | २३ ता |
| न | ■ | २४ र | वि | क | र | ■ | ■ | ■ | ली |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# इजरायल ने हमास के युद्धविराम प्रस्ताव को ठुकराया



गाजा सिटी पर हमले जारी रखने का लिया संकल्प

**यरूशलम,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। इज़रायल ने बुधवार को गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए एक व्यापक युद्धविराम समझौते पर पहुंचने के हमास के प्रस्ताव को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि उसकी सेना गाजा सिटी पर एक बड़े हमले की तैयारी जारी रखेगी। हमास ने बुधवार को जारी एक प्रेस बयान में एक व्यापक समझौते पर पहुंचने की अपनी इच्छा दोहराई जिसके तहत गाजा में इज़रायली बंधकों को इज़रायल में बंद फ़िलिस्तीनी कैदियों की एक निश्चित संख्या के बदले रिहा किया जाएगा। हमास के अनुसार, इस समझौते में स्थायी युद्धविराम, गाजा से इज़रायली सेना की वापसी, मानवीय सहायता और आवश्यक आपूर्ति के लिए सीमा चौकियों को फिर से खोलना और पुनर्निर्माण प्रयासों की शुरुआत भी शामिल होगी।

हमास ने गाजा के नागरिक मामलों के प्रबंधन की तत्काल ज़िम्मेदारी लेने के लिए टेक्नोक्रेटों से युक्त एक स्वतंत्र राष्ट्रीय प्रशासन की स्थापना का भी समर्थन किया। इसके जवाब में इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस बयान को एक भ्रामक बताकर खारिज कर दिया। उनके कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में नेतन्याहू ने कहा कि इज़रायल युद्ध समाप्त करने के लिए तभी सहमत होगा जब हमास गाजा पट्टी पर पूर्ण इज़रायली सुरक्षा नियंत्रण, हमास और गाजा का विसैन्यीकरण, एक गैर-फ़िलिस्तीनी प्रशासन की स्थापना और सभी बंधकों की रिहाई को स्वीकार कर ले।

## लिस्बन में फनिक्यूलर ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त, 17 लोगों की मौत

**लिस्बन,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में बुधवार की शाम छह बजे एक फनिक्यूलर ट्रेन (केबल ट्रेन) के पटरी से उतर जाने से हुए हादसे में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 21 लोग घायल हो गए। इस हादसे के बाद पुर्तगाली अधिकारियों ने सुरक्षा जांच के लिए लिस्बन के तीन अन्य फनिक्यूलर ट्रेनों का परिचालन भी निलंबित कर दिया। फनिक्यूलर ट्रेन एक गली में पलट गई और सड़क के मोड़ पर एक इमारत से टकरा गई जिससे ट्रेन का ज़्यादातर हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और कई लोग हताहत हो गए। बीबीसी के मुताबिक, लिस्बन नागरिक सुरक्षा सेवा निदेशक मार्गरिडा कास्त्रो मार्टिंस ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए लोगों में पुर्तगाली लोगों के अलावा दो जर्मन, दो स्पेनवासी और कनाडा, केप वर्दे, फ्रांस, इटली, मोरक्को, दक्षिण कोरिया और स्विट्जरलैंड के एक-एक व्यक्ति शामिल हैं।

## आज का इतिहास

1666 इंग्लैंड के शहर लंदन में लगी भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये।
1836 मशहूर अमेरिकी राजनीतिज्ञ सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के नए राष्ट्रपति नियुक्त किए गए।
1839 चीन और ब्रिटेन के बीच प्रथम अफीम युद्ध की शुरुआत हुई।
1882 पहला अमेरिका श्रम दिवस परेड न्यूयॉर्क शहर में आयोजित किया गया।
1885 अमेरिका के इंडियाना स्थित फोर्ट वेयन में पहली बार गैसोलीन पंप की स्थापना की गई।
1887 इंग्लैंड के थिएटर रॉयल एक्सेटर में आग लगने से 186 लोगों की मौत।
1888 भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में ब्राह्मण परिवार में हुआ।
1914 विश्व के पांच देशों ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम और रूस ने लंदन संधि पर हस्ताक्षर किये थे।
1920 मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव आरम्भ हुआ।
1948 रॉबर्ट सुमन फ्रांस के प्रधानमंत्री बने।
1960 मुहम्मद अली के नाम से मशहूर अमेरिकी बॉक्सर कैसियस क्ले ने ओलंपिक में लाइट हेवीवेट का स्वर्ण पदक जीता।
1962 भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म। पूरे भारत में प्रतिवर्ष पांच सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है।
1969 पहली स्वचालित टेलर मशीन अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के रॉकविल केंद्र में स्थापित की गई।
1991 दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत भूतपूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए।

**चिंताजनक** पाकिस्तान में नर्सों का बढ़ता पलायन, स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए खतरा

# पाकिस्तान के लिए लगभग 7 लाख नर्सों की आवश्यकता

■ अच्छी सैलरी, सुरक्षित वर्क कल्चर व पेशेवर अवसरों की तलाश में देश छोड़ रही नर्सें
■ 2024 में प्रवास करने वाले उच्च शिक्षित पेशेवरों में 5.8 प्रतिशत रही नर्सों की हिस्सेदारी



**इस्लामाबाद**, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में नर्सों का बड़े पैमाने पर विदेशों की ओर पलायन देश की पहले से ही जर्जर स्वास्थ्य प्रणाली के लिए गंभीर खतरा बन गया है। अच्छी सैलरी, सुरक्षित वर्क कल्चर और पेशेवर अवसरों की तलाश में नर्सें लगातार देश छोड़ रही हैं। ब्रिटिश दैनिक एशियन लाइट की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान, जिसकी आबादी 24 करोड़ से अधिक है, उसे मौजूदा स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए लगभग 7 लाख नर्सों की आवश्यकता है। लेकिन 2020 तक केवल 1,16,659 नर्सें ही देश में पंजीकृत थीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह कमी किसी भी मानक से चौंकाने वाली है और बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए बेहद विनाशकारी साबित हो सकती है।

पाकिस्तान के ब्यूरो ऑफ इमीग्रेशन एंड ओवरसीज एम्प्लॉयमेंट के आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में प्रवास करने वाले उच्च शिक्षित पेशेवरों में नर्सों की हिस्सेदारी 5.8 प्रतिशत रही। जहां विकासशील देशों से हर साल औसतन 15 प्रतिशत नर्सें अमीर देशों की ओर पलायन करती हैं, वहीं पाकिस्तान में यह दर कहीं अधिक है। 2019 से 2024 के बीच पाकिस्तानी नर्सों का विदेश पलायन 54.2 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर से बढ़ा है।

सिर्फ 2024 में ही रिकॉर्ड 7,27,381 पेशेवरों ने पाकिस्तान छोड़ा। 2025 के मध्य तक यह संख्या 3,36,442 तक पहुंच गई, जिनमें बड़ी संख्या चिकित्सा और नर्सिंग क्षेत्र से जुड़ी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानक के अनुसार, हर डॉक्टर पर कम से कम तीन नर्सें होनी चाहिए। लेकिन पाकिस्तान में यह अनुपात केवल 0.5 नर्स प्रति डॉक्टर है, जो दक्षिण एशिया के सबसे कम अनुपातों में से एक है। नर्सों की भारी कमी से डॉक्टरों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है, मरीज अधिक असुरक्षित हो रहे हैं और अस्पतालों में अव्यवस्था बढ़ रही है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि देश को कुल मिलाकर 10 लाख से अधिक नर्सों की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

## दुनिया को जानें

### अमेरिका से पहली बार भारत को हस्तांतरित होगी परमाणु तकनीक

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है कि अमेरिकी कंपनी अपनी परमाणु प्रौद्योगिकी भारत को हस्तांतरित करने जा रही है। भारत के साथ तनावपूर्ण अमेरिकी संबंधों के बीच ये बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

अमेरिका की फ्लोसर्व कॉर्पोरेशन ने भारत की कोर एनर्जी सिस्टम्स लिमिटेड के साथ देश में परमाणु ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्राइमरी कूलैंट पंप (पीसीपी) प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के लिए समझौता किया है। इस प्रौद्योगिकी की मदद से 2047 तक भारत परमाणु ऊर्जा से 100 गीगावाट बिजली उत्पादन के अपने लक्ष्य को पूरा कर सकेगा। वर्तमान में केवल 8.2 गीगावाट ऊर्जा का उत्पादन परमाणु संयंत्रों के जरिए हो रहा है।

कोर एनर्जी सिस्टम्स के सीएमडी नागेश बसरकर ने बताया कि परमाणु ऊर्जा संयंत्र विकसित करने में सबसे जरूरी सप्लाई चेन होती है। वहीं सबसे जटिल उपकरण रिएक्टर होता है और दूसरी महत्वपूर्ण चीज प्राइमरी कूलैंट पंप होती है। देश में इसका केवल एक ही विक्रेता है, जिससे काफी दिक्कत होती है।

# खेल जगत

## एक व्यक्ति के तौर पर एमएस धोनी का व्यवहार मेरे लिए अहम : डेवाल्ड ब्रेविस

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के प्रतिभावान युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की एक क्रिकेटर के अलावा एक व्यक्ति के रूप में जमकर प्रशंसा की है। ब्रेविस ने कहा कि एमएस धोनी के बारे में मैं बस यही कह सकता हूं कि उनकी विनम्रता और एक इंसान के रूप में उनका व्यक्तित्व मेरे लिए सबसे खास रहा। मैदान के बाहर वह कैसे हैं, खिलाड़ियों और लोगों के लिए उनके पास कितना समय है। यह बेहद अहम है। उनके कमरे का दरवाजा हमेशा खुला रहता है। अगर वह सो रहे होते हैं, तो सिर्फ उसी समय दरवाजा बंद होता है। एबी डिविलियर्स के यूट्यूब चैनल पर गुरुवार को ब्रेविस ने कहा कि मैं कई बार उनके कमरे में गया, जहां उन्होंने क्रिकेट से इतर अपने शौक के बारे में चर्चा की। उनके साथ क्रिकेट देखना वाकई अद्भुत था। यह देखना भी अद्भुत था कि मैदान के बाहर वह क्या करते हैं।



# हॉकी एशिया कप के सुपर-4 में भारत-कोरिया मैच हुआ ड्रॉ

## अपने स्ट्रक्चर पर भरोसा कर अगले दोनों सुपर 4 मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे : फुल्टन

■ मूसलाधार बारिश के चलते करीब 50 मिनट देर से शुरू हुए मैच

■ **सत्येन्द्र पाल सिंह**

**राजगीर (बिहार),** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। स्ट्राइकर अभिषेक और सुखजीत सिंह के डी के भीतर रिवर्स हिट से गोल करने का मोह भारत को महंगा पड़ा। खासतौर पर अभिषेक ने मूसलाधार बारिश के चलते करीब 50 मिनट देर से शुरू हुए मैच हार्दिक के गोल से पहले क्वार्टर के अधबीच भारत ने बढ़त ली लेकिन अगले पांच मिनट में दो गोल खा 1-2 से पिछड़ गया। भारत ने खेल खत्म होने से सात मिनट पहले मनदीप सिंह के गोल से पांच बार के और मौजूदा चैम्पियन दक्षिण कोरिया के खिलाफ 12 वें पुरुष हॉकी एशिया कप में अपना पहला सुपर 4 मैच दो-दो से बराबर खेल अंक बांटे। भारत अब अपने दूसरे सुपर 4 मैच में चीन को 2-0 से आगाज करने वाली मलेशिया से भिड़ेगा। भारत के आक्रमण सेंटर हाफ हार्दिक ने पांचवें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर दिलाया और इस पर मनप्रीत शॉट लिया लेकिन दक्षिण कोरिया के गोलरक्षक दीहान यंग ने अच्छा बचाव किया।



अगले मिनट अभिषेक ने भारत को मैच का दूसरा पेनल्टी कॉर्नर दिलाया और इस पर दक्षिण कोरिया के गोलरक्षक दीहान ने रोकने की कोशिश की लेकिन इस पर लौटती गेंद को फिर गोलरक्षक ने रोक दिया। सुखजीत सिंह ने मैच के आठवें मिनट में दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी से गेंद छीनी और डी की ओर बढ़ते हार्दिक सिंह की ओर बढ़ना और तेज फर्राटा लगा आगे बढ़ आए गोलरक्षक दीहान को छका गोल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। चार मिनटमिन सियोन के स्लैप शॉट पर डी में जैसे ही सियोंग हो ने शॉट लेने की कोशिश की जुगराज ने पीछे से धक्का दे दिया इस पर लिए लिए रेफरल पर मिले पेनल्टी स्ट्रोक को जिहुन याग ने गोल कर दक्षिण कोरिया को एक एक की बराबरी दिला। पहला क्वॉर्टर खत्म होने एक मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर हियोनहांग किम ने गोल कर दक्षिण कोरिया को 2-1 की बढ़त दिला दी।

हरमनप्रीत को मैच के 21वें मिनट में हरा कार्ड दिखा कर दो मिनट के लिए मैदान से बाहर भेजा गया। दिलप्रीत सिंह और जुगराज सिंह ने डी के भीतर दक्षिण कोरियाई खिलाड़ियों की पहुंच से गेंद बाहर करने की बजाय ड्रिबल करने की कोशिश में गेंद गंवाई। अभिषेक, सुखजीत सिंह और मनदीप सिंह ने हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह के पास पर तीसरा क्वार्टर खत्म होने से पहले पहले पांच मे तीन बार डी में पहुंचे लेकिन इन तीनों के निशाने परीत बराबर लक्ष्य चूकते रहे। खासतौर पर अभिषेक ने खुद के निशाने चूकते तीसरा क्वार्टर के पहले मैच का चौथा पेनल्टी कॉर्नर दिलाया लेकिन इस पर भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का निशाना लक्ष्य को चूका। स्ट्राइकर अभिषेक के रिवर्स स्टिक से गोल करने का मोह भारत को भारी पड़ा। सुखजीत को रोकने पर भारत को मैच कृ 54 वें मिनट में पांचवां पेनल्टी कॉर्नर लेकिन इस जुगराज सिंह के शॉट को गोलरक्षक दीहान यंग ने रोक कर बेकार कर दिया। सुखजीत के डी के भीतर पास पर मनदीप सिंह ने गोल कर भारत को दो दो की बराबरी दिला दी।

### अगले मैचों में अपने बेस्ट प्रदर्शन कर मौकों को भुनाना होगा : हरमनप्रीत



भारत के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, 'हमारी टीम हमेशा खुद पर और मैं पेनल्टी कॉर्नर पर अपनी क्षमता पर भरोसा करता हूं। दक्षिण कोरिया के फर्स्ट रशर ने पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक बेहतरीन ढंग से रोके। हमें अब अगले मैचों में अपना बेस्ट प्रदर्शन करने के साथ मौकों को पूरी तरह भुनाना होगा। हमने 1-2 से पिछड़ने के बाद तीसरे और चौथे क्वार्टर में गोल करने मौके भुनाए लेकिन आखिर में मनदीप सिंह के बराबरी दिलाने वाले गोल को छोड़ ज्यादा को भुना नहीं पाए।

# नए जीएसटी प्रावधान से 'महंगे' होंगे आईपीएल टिकट

■ 500 रुपए से कम मूल्य के टिकट जीएसटी से मुक्त



**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। मैदान में जाकर आईपीएल देखना अब और महंगा हो गया है क्योंकि भारत सरकार ने आईपीएल टिकटों पर लगने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी ) को 28 फीसदी से बढ़ाकर 40 फीसदी करने का फैसला किया है। एक हजार रुपए के बेस प्राइस वाले टिकट का जीएसटी के साथ अंतिम दाम अब 1280 से बढ़कर 1400 रुपए हो जाएगा। इस बढ़ोतरी के साथ आईपीएल अब जीएसटी के सबसे बड़े ब्रैकेट में आ गया है जिसमें कैसिनो, रेस क्लब या कोई भी ऐसी जगह जहां कैसिनो या रेस क्लब होते हैं, शामिल हैं। हालांकि देश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच देखने जाने वालों के लिए राहत की संभावना है। इन मैचों के टिकटों पर आईपीएल टिकटों के समान ही 28' जीएसटी लगता था, लेकिन अब यह स्लैब हटा दिया गया है। प्रेस सूचना ब्यूरो के सर्कुलर में, कर की दर में बदलाव की जानकारी देते हुए, केवल 'आईपीएल जैसे खेल आयोजनों' का ही जिक्र है। वित्तीय और व्यावसायिक प्रकाशनों ने इसका अर्थ यह निकाला है कि अन्य क्रिकेट मैच अब अन्य 'मान्यता प्राप्त खेल आयोजनों' की श्रेणी में आ सकते हैं। अभी तक अन्य मान्यता प्राप्त खेल आयोजनों के 500 रुपये से अधिक मूल्य के टिकटों पर 18 फीसदी जीएसटी लगता आया है। 500 रुपए से कम मूल्य के टिकट जीएसटी से मुक्त हैं। इसलिए निकट भविष्य में अंतरराष्ट्रीय मैचों और राज्य द्वारा संचालित अन्य लीगों के टिकट सस्ते हो सकते हैं। वर्तमान में यदि किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के टिकट का बेस प्राइस 1000 रुपए है, तो करों को शामिल करने के बाद इसकी कीमत 1280 रुपए हो जाती है। इस नए बदलाव के साथ यही कीमत घटकर 1180 रुपए रह जाएगी। यह बदलाव 22 सितंबर से प्रभावी होंगे, जो भारत में होने वाले अगले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट आयोजन, महिला विश्व कप के शुरू होने से एक हफ्ता पहले है। इस आयोजन के टिकटों की बिक्री अभी शुरू नहीं हुई है। टूर्नामेंट के उद्घाटन से ठीक एक महीने पहले 30 अगस्त को आईसीसी ने प्रशंसकों से 'अपनी रुचि दर्ज कराने' के लिए कहा था ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपको नवीनतम समाचार और टिकट संबंधी जानकारी सीधे आपके इनबॉक्स में सबसे पहले मिले।

## सुरुचि सिंह महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल रैंकिंग में शीर्ष पर

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। इस वर्ष शानदार प्रदर्शन करने वाली भारत की सुरुचि सिंह महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल रैंकिंग में विश्व में नंबर वन निशानेबाज बन गई है। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) द्वारा बुधवार को जारी ताजा अपडेट के अनुसार इस साल की शुरुआत में सीनियर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण करने के बाद 19 वर्षीय सुरुचि सिंह ने 4162 अंकों के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल में विश्व में नंबर वन रैंकिंग हासिल की। चीन की पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन याओ कियानक्सुन ने 3195 अंकों के साथ इस वर्ग में दूसरे तथा चीन की वेई कियान 2178 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

# अमित मिश्रा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास लिया

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। दिग्गज स्पिनर अमित मिश्रा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट, आईपीएल और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। 42 साल के मिश्रा ने गुरुवार को एक प्रेस रिलीज के माध्यम से संन्यास की घोषणा की। अमित मिश्रा ने कहा कि क्रिकेट में मेरे जीवन के 25 साल यादगार रहे हैं। मैं बीसीसीआई, हरियाणा क्रिकेट संघ, अपने साथियों, सहयोगी स्टाफ का इस दौरान साथ देने के लिए दिल से आभारी हूं। मिश्रा ने लिखा, मैं प्रशंसकों का भी आभारी हूं, जिन्होंने मुझे प्यार और समर्थन दिया। क्रिकेट ने मुझे अनगिनत यादें दी हैं। मैं उन सभी को संजोकर रखूंगा। हरियाणा की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले अमित मिश्रा ने 2003 में भारतीय क्रिकेट टीम के लिए वनडे फॉर्मेट में डेब्यू किया था। 2008 में टेस्ट और 2010 में टी-20 में उन्होंने डेब्यू किया था।



क्रिकेट में मेरे जीवन के 25 साल यादगार रहे हैं। मैं बीसीसीआई, हरियाणा क्रिकेट संघ, अपने साथियों, सहयोगी स्टाफ का इस दौरान साथ देने के लिए दिल से आभारी हूं : अमित मिश्रा

2017 के बाद से उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलने का मौका नहीं मिला। अमित मिश्रा एक बेहतरीन लेग स्पिनर रहे हैं। 2003 से लेकर 2017 के बीच उन्होंने 22 टेस्ट में 76, 36 वनडे में 64 और 10 टी-20 में 16 विकेट लिए। मिश्रा निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाज भी थे। टेस्ट में उनके नाम 4 अर्धशतक हैं। टेस्ट में उनका सर्वाधिक स्कोर 84 है। अमित मिश्रा का आईपीएल करियर भी लंबा रहा है।

### अमित मिश्रा आईपीएल में तीन हैट्रिक लेने वाले एकमात्र गेंदबाज

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज लेग स्पिनर रहे अमित मिश्रा ने क्रिकेट के हर प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी। वह आईपीएल में भी खेलते नजर नहीं आएंगे। मिश्रा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्याप्त मौके नहीं मिले , लेकिन आईपीएल का वह एक बड़ा चेहरा रहे हैं। 2008 से 2024 के बीच अलग-अलग टीमों का हिस्सा रहते हुए उन्होंने लीग के सफलतम गेंदबाजों में अपना नाम शुमार किया है। अमित मिश्रा 2008 से 2024 के बीच दिल्ली डेयरडेविल्स, डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स और एलएसजी के लिए खेले। इस दौरान मिश्रा ने 162 मैचों में 174 विकेट लिए। अमित मिश्रा आईपीएल इतिहास में तीन बार हैट्रिक लेने वाले एकमात्र गेंदबाज हैं।

# सभी खिलाड़ियों को गोल्फ खेलना चाहिए : युवराज सिंह

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह का मानना है कि गोल्फ पेशेवर खिलाड़ियों के लिए एक आदर्श मनोरंजन गतिविधि हो सकती है क्योंकि यह बहुत आरामदायक है, इससे उन्हें तनावमुक्त होने और अपने मुख्य खेल में तरोताजा होने का मौका मिलता है।

राष्ट्रीय राजधानी में गुरूवार को इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) के एक प्रचार कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अगर मैंने गोल्फ पहले शुरू किया होता, तो मैं क्रिकेट में 3000 रन ज्यादा बना सकता था। इससे हाथ-आँखों के समन्वय में मदद मिलती है और मैंने शुभमन (गिल) और अभिषेक शर्मा को गोल्फ खेलने की सलाह दी है क्योंकि इससे उनके खेल में काफी मदद मिलेगी। गोल्फ तनावमुक्त होने का एक शानदार तरीका है, गोल्फ खेलने के बाद व्यक्ति ज्यादा तनावमुक्त और तरोताजा महसूस करता है। मैं सभी खिलाड़ियों को गोल्फ खेलने की सलाह देता हूँ। युवराज आईजीपीएल के सह-संस्थापक हैं।



■ गोल्फ तनावमुक्त होने का एक शानदार तरीका

## सार संक्षेप

### इंटरनेशनल लीग टी-20 के चौथे सीजन के शेड्यूल का हुआ ऐलान

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल लीग टी-20 (आईएलटी20) के चौथे सीजन के शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया है। लीग का आगाज 2 दिसंबर 2025 को होगा जबकि समापन 4 जनवरी 2026 को होगा। टी-20 विश्व कप 2026 से टकराव से बचने के लिए पिछले सीजन की तुलना में इस बार आईएलटी-20 का शेड्यूल एक महीने पहले निर्धारित किया गया है। आईएलटी-20 2026 में कुल 34 मैच खेले जाएंगे। छह टीमें अबू धाबी नाइट राइडर्स, दुबई कैपिटल्स, गल्फ जायंट्स, डेजर्ट वाइपर्स, एमआई एमिरेट्स और शारजाह वॉरियर्स खिताब के लिए आमने-सामने होंगी। सभी मैच तीन स्टेडियम दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, शारजाह क्रिकेट स्टेडियम और अबू धाबी के जायेद क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। लीग स्टेज में 30 मैच होंगे, इसके बाद चार प्लेऑफ मुकाबले खेले जाएंगे। एलिमिनेटर और फाइनल दुबई में होंगे। क्वालिफायर 1 और क्वालिफायर 2 अबू धाबी और शारजाह में आयोजित किए जाएंगे। मुकाबले स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे (भारतीय समयानुसार रात 8:00 बजे) शुरू होंगे। पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन दुबई कैपिटल्स और डेजर्ट वाइपर्स के बीच होगा।

### भारत की 12 सदस्यीय टीम विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भाग लेगी

**नई दिल्ली।** ओलंपियन दीपिका कुमारी और कंपाउंड स्टार ज्योति सुरेखा वेन्नम सहित 12 सदस्यीय भारतीय टीम शनिवार से कोरिया गणराज्य के ग्वांगजू में शुरू होने वाली विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप 2025 में भाग लेगी। कोरिया के ग्वांगजू में आयोजित होने वाली इस चैम्पियनशिप के लिए भारतीय दल में ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत भी 12 सदस्यीय टीम में शामिल हैं। विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप पहली बार 1931 में आयोजित हुई थी। 1950 के दशक से प्रत्येक दो वर्ष में इसका आयोजन हो रहा है। भारतीय तीरंदाजों ने इस प्रतियोगिता में 15 पदक जीते हैं। जिनमें तीन स्वर्ण, नौ रजत और तीन कांस्य शामिल हैं। बर्लिन 2023 में आयोजित पिछले संस्करण में तीन स्वर्ण पदक और एक कांस्य पदक जीत कर भारत पहले स्थान पर रहा था।

## सितारों से सजी यूपी योद्धाज की जीत की हैट्रिक पर नजरें

**विशाखापट्टनम,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। यूपी योद्धाज प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में लगातार तीसरी जीत की तलाश में 5 सितंबर को रात 9 बजे विशाखापट्टनम के विश्वनाध स्पोर्ट्स क्लब में मौजूदा चैम्पियन हरियाणा स्टीलर्स से भिड़ेंगे।योद्धाज ने सीजन की शानदार शुरुआत करते हुए लगातार दो जीत दर्ज की हैं। पहले तेलुगु टाइटन्स और फिर पटना पाइरेट्स के खिलाफ जीत हासिल की योद्धाज ने। टीम फिलहाल अंकतालिका में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। वहीं, हरियाणा स्टीलर्स आठवें स्थान पर हैं। हरियाणा ने अपने पिछले मुकाबले में यू मुम्बा को टाई-ब्रेकर में हराकर दो अंक जुटाए हैं। योद्धाज की उम्मीदें उनके अटैक और डिफेंस में आक्रामक के धुरंधरों-गगन गौड़ा और सुमित सांगवान-पर टिकी होंगी। गौड़ा अब तक दो मैचों में 21 रेड प्वॉइंट्स हासिल कर चुके हैं, जबकि कप्तान सांगवान ने अशु सिंह के साथ बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए 13 टैकल प्वॉइंट्स जुटाए हैं।वहीं स्टीलर्स के लिए नवीन कुमार और विनय की जोड़ी ने यू मुम्बा के खिलाफ 17 अंक अर्जित किए थे। इस जोड़ी को रोकना योद्धाज के लिए जीत का अहम मंत्र साबित होगा। यूपी योद्धाज के सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने मुकाबले से पहले कहा कि जब हम किसी मजबूत प्रतिद्वंद्वी का सामना करते हैं, तो हमें अपनी टीम पर पूरा भरोसा होता है कि योजनाओं पर टिके रहकर हर चुनौती का सामना कर सकते हैं।



## एशिया कप : यूएई ने किया टीम का ऐलान
## मतिउल्लाह और सिमरनजीत को मौका

**दुबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। एशिया कप के लिए यूएई ने टीम का ऐलान कर दिया है। 17 सदस्यीय टीम की कमान मुहम्मद वसीम को सौंपी गई है। टीम में तेज गेंदबाज मतिउल्लाह खान और बाएं हाथ के स्पिनर सिमरनजीत सिंह को शामिल किया गया है। मतिउल्लाह खान और सिमरनजीत सिंह के अलावा एशिया कप के लिए घोषित यूएई की टीम में वही खिलाड़ी शामिल हैं, जो पाकिस्तान और अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही त्रिकोणीय टी-20 सीरीज का हिस्सा हैं।

मतिउल्लाह ने अब तक यूएई के लिए एक वनडे और पांच टी-20 मैच खेले हैं। आखिरी बार इस साल जुलाई में पर्ल ऑफ अफ्रीका सीरीज में नाइजीरिया के खिलाफ वह टी-20 मैच खेले थे। सिमरनजीत ने यूएई के लिए अब तक पांच वनडे और 11 टी-20 मैच खेले हैं। आखिरी बार दिसंबर 2024 में गल्फ टी-20 चैंपियनशिप के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वह टी-20 खेले थे। यूएई ने आखिरी बार 2016 में बांग्लादेश में एशिया कप में खेला था। 2016 में एशिया कप पहली बार टी20 प्रारूप में खेला गया था। यूएई को भारत, ओमान और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। यूएई अपना पहला मैच 10 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत से खेलेगी। इसके बाद 15 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में ओमान से भिड़ेगी और फिर 17 सितंबर को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ अपना आखिरी ग्रुप मैच खेलेगी। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सुपर फोर चरण में पहुंचेंगी, जो 21 सितंबर से शुरू होगी। सुपर फोर चरण की शीर्ष दो टीमें 28 सितंबर को दुबई में होने वाले खिताबी मुकाबले में खेलेंगी।



## गायकवाड़ की शतकीय पारी से वेस्ट जोन बड़े स्कोर की ओर

**बेंगलुरु,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। ऋतुराज गायकवाड़ (184) की शतकीय और तनुष कोटियान (नाबाद 65) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर वेस्ट जोन ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में सेंट्रल जोन के खिलाफ छह विकेट पर 363 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर कदम बढ़ा दिया है। आज यहां वेस्ट जोन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्ट जोन की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट 10 रन के स्कोर पर गंवा दिये। यशस्वी जायसवाल (चार) और हार्दिक देसाई (एक) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आर्य देसाई और ऋतुराज गायकवाड़ की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 82 रनों की साझेदारी हुई।



# लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर सिनर सेमीफाइनल में

## ओपन एरा में एक सीजन में चारों ग्रैंड स्लैम मुकाबलों के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए सिनर

**न्यूयार्क,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर ने बुधवार को यूएस ओपन में एक और लगभग बेदाग प्रदर्शन किया, जहाँ उन्होंने पहले इतालवी पुरुष मेजर क्वार्टर फाइनल में अपने हमवतन लोरेंजो मुसेट्टी को 6-1, 6-4, 6-2 से हराया। अलेक्जेंडर बुब्लिक को चौथे दौर में हराने के बाद, सिनर ने मुसेट्टी को शानदार अंदाज़ में हराया और ओपन एरा में एक सीजन में चारों ग्रैंड स्लैम मुकाबलों के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले 2008 में 22 साल के राफेल नडाल ने यह उपलब्धि हासिल की थी। सिनर ने अपनी दो घंटे की जीत के बाद मुसेट्टी के बारे में कहा कि हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। हम एक ही देश से हैं। हर बार ड्रॉ में हमारे कई इतालवी खिलाड़ी होते हैं। मुझे पता है कि यहां कई इतालवी खिलाड़ी हैं, इसलिए यहां खेलना अच्छा लगता है। जाहिर है डेविस कप और इस तरह के दूसरे मुकाबलों में साथ खेलने के कारण, हमें मैच के लिए दोस्ती को नजरअंदाज करना पड़ता है और फिर जब हम हाथ मिलाते हैं, तो सब कुछ ठीक रहता है। मेरे हिसाब से, यह एक शानदार प्रदर्शन था, बहुत ही ठोस। खासकर मैच की शुरुआत बहुत अच्छी रही। पिछले तीन हार्ड-कोर्ट मेजर टूर्नामेंटों के विजेता, गत चैंपियन सिनर ने इन प्रतियोगिताओं में अपनी जीत का सिलसिला 26 मैचों तक बढ़ाया है - जिससे वह नोवाक जोकोविच और इवान लेंडल के साथ तीसरे सबसे लंबे पुरुष हार्ड-कोर्ट मेजर जीत के सिलसिले की बराबरी पर आ गए हैं।

एटीपी रैंकिंग में विश्व नंबर 1 का सम्मान बरकरार रखने के लिए फ्लशिंग मीडोज में अपने प्रतिद्वंद्वी कार्लोस अल्काराज से बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है।



### पुरुषों के हार्ड-कोर्ट स्लैम में सबसे लंबे जीत के सिलसिले

- रोजर फेडरर 40 (2005-08)
- नोवाक जोकोविच 27 (2011-12)
- जैनिक सिनर 26 (सक्रिय)
- नोवाक जोकोविच 26 (2015-16)
- इवान लेंडल 26 (1985-88)
- जॉन मैकेनरो 25 (1979-82)

### स्वियाटेक को हराकर अमांडा अनिसिमोवा यूएस ओपन के सेमीफाइनल में

**न्यूयॉर्क।** अमांडा अनिसिमोवा ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे हुए विंबलडन चैंपियन इगा स्वियाटेक को हराकर यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए क्वार्टर फाइनल में अमांडा अनिसिमोव ने बड़ा उलटफेर करते हुए एक घंटा 38 मिनट तक चले मुकाबले में पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही अनिसिमोवा 53 दिन पहले विंबलडन फाइनल में मिली शर्मनाक हार का बदला भी ले लिया। अनिसिमोवा पहली बार यूएस ओपन सेमीफाइनल में पहुंची है जहां उनका सामना जापान की नाओमी ओसाका से होगा।मैच के बाद अनिसिमोवा ने कहा कि मैं सचमुच जरा भी डर के साथ मैदान पर नहीं उतरी थी। मैंने खुद को, और शायद दूसरों को भी, साबित कर दिया कि सकारात्मक सोच और जुझारूपन से अच्छे नतीजे जरूर मिलेंगे। स्वियातेक ने कहा कि मेरे लिए यह वास्तव में मायने नहीं रखता। सब जानते हैं कि अमांडा कैसे खेल सकती है। उसे वहां संघर्ष करना पड़ा, लेकिन आज वह अधिक तेज थी। मेरी सर्विस ने मुझे निराश किया।



### सुडोकू 7025 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 |

# अर्थ जगत

**अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा**

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 5.96 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 4.28 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.06 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.78 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.61 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति सुजुकी | 1.78 प्रतिशत |
| बीईएल | 1.61 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.57 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.24 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 1.19 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम) स्टैंडर्ड | 1,06,070 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,25,600 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

# जीएसटी में गरीब व मध्यम वर्ग को मिलेगी ज्यादा राहत

- आम लोगों के इस्तेमाल की अधिकतर वस्तुओं को पांच प्रतिशत के स्लैब में रखा
- कुछ वस्तुओं पर शून्य कर व कुछ पर 40 प्रतिशत कर भी होंगे




**नई दिल्ली, 4 सितम्बर (एजेंसियां)।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने बुधवार को जीएसटी की अगली पीढ़ी की सुधार के तहत मुख्य स्लैबों की संख्या चार घटकर दो करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी और आम लोगों के इस्तेमाल की अधिकतर वस्तुओं को पांच प्रतिशत के स्लैब में रखने का फैसला किया।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने परिषद की 56 वीं बैठक के बाद बताया कि अब दो मुख्य स्लैब पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के होंगे। इसके अलावा कुछ वस्तुओं पर शून्य कर और कुछ पर 40 प्रतिशत कर भी होंगे। ये कर सुधार 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में कर स्लैब और दरों को युक्तिसंगत बनाने के सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए। नई व्यवस्था में अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, छेना, पनीर, चपाती रोटी पराठा आदि पर कोई कर नहीं लगेगा। तैंतीस जीवन रक्षक दवाओं को भी कर मुक्त रखा गया है। सभी देशी रोटियों (चपाती, पराठा, रोटी आदि) पर जीएसटी दर शून्य होगी।

तैंतीस जीवनरक्षक दवाओं और औषधियों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है। कैंसर, दुर्लभ बीमारियों और अन्य गंभीर दीर्घकालिक रोगों के उपचार में प्रयुक्त तीन जीवनरक्षक दवाओं और औषधियों पर जीएसटी पांच प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है। अन्य दवाओं पर पांच प्रतिशत कर लगेगा। व्यक्तिगत जीवन बीमा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पर भी कोई कर नहीं होगा।

जिन वस्तुओं पर क्षतिपूर्ति उपकर लग रहा है उन पर करों की दरों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि राज्यों को क्षतिपूर्ति के पूरे भुगतान के बाद उनकी दरों में बदलाव का अधिकार वित्त मंत्री को होगा और इसके लिए दोबारा परिषद की बैठक बुलाने की आवश्यकता नहीं होगी।

राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 के आधार पर गणना करें तो इस बदलाव से करीब 48,000 करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि ये फैसले आम आदमी को ध्यान में रखकर लिए गए हैं। हेयर ऑयल, साबुन, शैंपू, टूथब्रश, टूथपेस्ट, साइकिल, टेबलवेयर, किचनवेयर और अन्य घरेलू सामानों, पैकेज्ड नमकीन, भुजिया, सॉस, पास्ता, इंस्टेंट नूडल्स, चॉकलेट, कॉफी, संरक्षित मांस, कॉर्नफ्लेक्स, मक्खन, घी आदि जैसे लगभग सभी खाद्य पदार्थों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। कृषि उपकरणों और संबंधित सभी वस्तुओं पर पांच प्रतिशत की दर से कर लगेगा। सल्फ्यूरिक अम्ल, नाइट्रिक अम्ल और अमोनिया पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत किया गया है जिससे किसानों को फायदा होगा।

## जीएसटी में किसानों को राहत, घटेगी लागत



**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में हुए बदलावों का बड़ा फायदा देश के किसानों को मिलने जा रहा है क्योंकि इसमें कृषि और संबंधित क्षेत्रों में काम आने वाले उपकरणों, उर्वरकों आदि के दाम घटाए गए हैं। जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में ट्रैक्टर, मिट्टी तैयार करने, बागवानी या वानिकी में काम आने वाली मशीनरी, कटाई या थ्रेसिंग की मशीनरी, जिसमें पुआल या चारा बेलर, घास काटने की मशीन, कम्पोस्ट मशीनरी आदि पर लगने वाली कर की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने परिषद की बुधवार को 56वीं बैठक के बाद बताया कि खेती के काम में इस्तेमाल होने वाले ट्रैक्टर पर लगने वाले 12 प्रतिशत जीएसटी को कम करके पांच प्रतिशत के स्लैब में डाल दिया गया है। इससे ट्रैक्टर की कीमत कम हो जायेगी। यही नहीं, ट्रैक्टर के टायर और पुर्जों पर जो पहले 18 प्रतिशत टैक्स लगता था उसे भी कम करके पांच फीसदी के स्लैब में डाल दिया गया है। जीएसटी परिषद ने खेत की तैयारी में काम आने वाले उपकरणों के साथ साथ कटाई, थ्रेसिंग के लिए मशीनों पर लगने वाले 12 प्रतिशत कर को भी पांच प्रतिशत कर दिया है। इससे कृषि, बागवानी और वानिकी में इस्तेमाल होने वाली मशीनें भी सस्ती हो जायेंगी।

---



### PUBLIC NOTICE
U/s 72 of Indian Partnership Act, 1932

Public Notice u/s 72 of Indian Partnership Act 1932 It is hereby notified for the general public that the Registered Partnership Firm under the name and style M/s R R Investors and Developers, bearing Registration No. 222020250357, having its principal place of business at Shop No. 36, First Floor, Bhakta Mata Karma Parisar, New Rajendra Nagar, Raipur, Chhattisgarh-492001, has undergone the following changes in its constitution of partners with effect from 14th July, 2025:

Incoming Partner : 1. Mohammad Shabbir Meman
Retiring Partner : 1. Durgesh Kumar Dhare
Continuing Partner : 1. Akhil Diwan 2. Rajnish Shukla

---

### प्रारूप-37
**( नियम 61( 3 ) देखिए )**

मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना (दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)
**रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी,**
**रायपुर सं. 237**
**तारीख - 18/07/2025**

श्री/श्रीमती/कुमारी SHRI DINESH KUMAR SAHU, Son/Wife/Daughter of SHRI PRAHLAD SAHU, ADD-GOBRA BASTI, WARD NO. 01, GOBRA NAWAPARA, RAIPUR, C.G. 493881, MOB-9340114951, वित्तपोषक CHOLAMANDALAM INV.AND FIN.CO., RAIPUR, CHHATTISGARH-493881 ने यह सूचित किया है कि उसने उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान/पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04PP3765 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-

1. आपने उसे उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।

उसने उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अत: आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2 (30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51(5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

**रजिस्ट्रकर्ता प्राधिकारी**
**रायपुर**

---

### प्रारूप-37
**( नियम 61( 3 ) देखिए )**

मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना (दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)
**रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी**
**रायपुर सं. 417**
**तारीख 22/08/2025**

श्री / श्रीमती / कुमारी TULA RAM, S/O-ANGAD RAM KASHYAP, wvy WARD NO. 07 DONGARIGUDA, JOBAGAON, KONDAGAON (CG)- 494226, MOB NO. 6263730288 (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि Cholamandalam Investment And Fin. Co. Ltd., Raipur (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवकय/आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04NA6477 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-

1. आपने उसे / उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।

उसने / उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अत: आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2 (30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51(5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

**रजिस्ट्रकर्ता प्राधिकारी**
**रायपुर**

---

### प्रारूप-37
**( नियम 61( 3 ) देखिए )**

मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना (दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)
**रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर सं. 410**
**तारीख 11/08/2025**

श्री / श्रीमती / कुमारी SANJEET SHARMA, S/O- SHRI BHAGWAN, S MIG-}} PHASE v. KABIR NAGAR, TATIBANDH, RAIPUR (CG)- 492099, MOB NO. 9827199910 (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि TATA MOTORS FINANCE SOLUTIONS LTD, Raipur (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवकय/आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04LR9401 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-

1. आपने उसे/उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।

उसने / उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अत: आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2 (30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

**रजिस्ट्रकर्ता प्राधिकारी**
**रायपुर**

---

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम-रायपुरखास प.ह.नं. 62
रायपुर, दिनांक 02.09.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण 01. संजय दुबे, 02. अजय दुबे दोनों पिता श्री मुकुट बिहारी दुबे निवासी बजरंग नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र वास्ते छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के अंतर्गत पेश कर लेख किया है। कि ग्राम रायपुर खास, प.ह.नं. 62, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि 96/1, 97/1 का भाग रकबा 738 वर्गफुट भूमि को आवेदकगण की माता श्रीमती विमला बाई दुबे द्वारा विक्रेता श्री अगरसिंग साहू पिता श्री मोतीराम साहू निवासी बजरंग नगर रायपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 12. 02.2002 के माध्यम से क्रय कर गया। अगरसिंह साहू पिता मोतीराम साहू द्वारा उक्त भूमि को पूर्व विक्रेता हरगोपाल पिता सुंदरदास से पंजीकृत बैनामा दिनांक 18.06.1964 के माध्यम से क्रय किया गया। उक्त भूमि के क्रेता आवेदकगण की माता श्रीमती विमला बाई दुबे की मृत्यु दिनांक 17.06. 2021 को हो चुका है। उनके मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान में आवेदकगण ही है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं है। अतएव उक्त पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदित भूमि को वारिसान हक में मृतक क्रेता के विधिक वारिसानों आवेदकगण के नाम पर दर्ज किए जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16.09.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया

मुहर — तहसीलदार रायपुर

---

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 78
रायपुर, दिनांक 11.08.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री खेमलाल साहू पिता स्व. श्री रामचरण साहू निवासी दलदलसिवनी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम धरमपुरा, प.ह.नं. 78, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 13/29 रकबा 0.1010 हे. भूमि आवेदक एवं यशोदा बाई साहू पिता स्व. श्री रामचरण साहू, हिरौदी साहू पिता स्व. रामचरण साहू पति डोमार साहू, सोनकुंवर साहू पिता स्व. रामचरण साहू पति रामखिलावन, मोगरा बाई साहू पिता स्व. श्री रामचरण साहू पति नेतराम साहू, श्रीमती भागवंतीन बाई साहू पति स्व. रामचरण साहू के हक वो भूमिस्वामी हक की भूमि है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका अप्राप्त है। अत: आवेदक द्वारा ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 01.01.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार 05 तहसील धरसींवा जिला रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

क्रमांक/ब-121/2025
ग्राम निमोरा प.ह.नं. 25
रा.नि.मं. 19 धनेली
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 01.09.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक अखिल भारतीय पीठ परिषद-आदित्य वाहिनी-आनंद वाहिनी छ.ग. सुदर्शन संस्थान, रांवाभाठा रायपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम निमोरा प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. धरसींवा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 170, 398, 401, 402, 405 कुल रकबा 13.6340 हे. भूमि शामिलात काश्तकार चारागन राजस्व अहिभलेखों में दर्ज है। उपरोक्त भूमि को गौवंश के संरक्षण संवर्धन हेतु संस्था को भूमि आबंटन के लिए आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 15.09.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार धरसींवा

---

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी: राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00061 मठपुरैना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440722500492

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00061 के अंतर्गत ग्राम मठपुरैना के वर्तमान भूमिस्वामी लक्ष्मीनारायण पिता/पति ओंकारनाथ सिंह सा टिकरापारा रायपुर पता पी-0769311 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 221/27 0.0139 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता ना.बा. फायका फातेहा पिता/पति मोहम्मद अलीम वली मां श्रीमती फिरदौस बेगम पति मोहम्मद अलीम पता रजा मस्जिद के पास मौदहापारा रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.09.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.08.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

---

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर मामले की श्रेणी: राजस्व ईश्तहार

संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00082 मुजगहन ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440727300070

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00082 के अंतर्गत ग्राम मुजगहन के वर्तमान भूमिस्वामी सीमा हरिशचंद पिता/पति-पिता पी.सी. ऋषि पता सा. रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 53/2 0.0092 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नेम कुमारी साहू पिता/पति लोकनाथ साहू पता पुराना चंगोराभाठा रायपुर (छ.ग.) के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.09.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

---

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.प्र.क्र./2025091102000/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम-पंडरीतराई प.ह.नं. 109/47
रायपुर, दिनांक 01.09.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मोहम्मद नदीम वल्द मोहम्मद रफीक निवासी नेहरू नगर, टिटलागढ़ जिला बलांगीर (उड़ीसा), द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 109/47, तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि शीट नं. 30, भूखंड क्रमांक 50, खसरा नंबर 169 का भाग रकबा 1437 वर्गफुट भूमि को विक्रेता मोहम्मद इस्माइल खान वल्द मोहम्मद यासीन खान निवासी पुराना धमतरी रोड कमल विहार गेट के सामने, अविवा ग्रीन सिटी हैप्पी होम डुण्डा रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 09.09.2024 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक अपना नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 15.09.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

---

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

ई.कोर्ट क्रं./202508110200082/ब-121/2025
ग्राम-बोरियाकला, प.ह.नं. 81
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 01.09.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक राहूल मिश्रा पिता बशंत मिश्रा निवासी पेंशन बाड़ा, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम-बोरियाकला, प.ह.नं. 81 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खाता क्रमांक-2562, खसरा नंबर-7/1 रकबा 0.0550 हे. भूमि धारित की जाती है। आवेदक को उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किया गया था। उपरोक्त ऋण पुस्तिका की मूल प्रति गुम हो चुकी है काफी खोजबीन करने के बावजूद भी आवेदक को उक्त ऋण पुस्तिका प्राप्त नहीं हुई। उक्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने की सूचना दिनांक 14.07.2025 को थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर में करायी गई है। अत: आवेदक को उक्त भूमि का शासकीय एवं अन्य कार्यों हेतु ऋण पुस्तिका की आवश्यकता है। अत: आवेदक द्वारा डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16.09.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक/202508115600036/अ-6/2024-2025
ग्राम-भाठागांव प.ह.नं. 60
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 29.08.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया आवेदिका श्रीमती निर्मला बाई सोनकर पति स्व. श्री लव कुमार सोनकर निवासी त्रिमूर्ति चौक, ठाकुर देव पारा, भाठागांव, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में आवेदिका के पति श्री लव कुमार सोनकर पिता स्व. कोठारी राम सोनकर के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित जिसका खसरा नंबर 803/3, 806/1, 806/2, 808/1, रकबा 0.0350 हे, रकबा 0.2060 हे, एवं रकबा 0.02110 हे, 0.0080 हे, भूमि धारित की जाती है आवेदिका के पति श्री लव कुमार सोनकर पिता स्व. कोठारी राम सोनकर की मृत्यु दिनांक 15.09.2024 को हो चुकी है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति इस आवेदन के साथ संलग्न है जिनके विधिक वारिसान में आवेदिका 01. श्रीमती निर्मला बाई सोनकर पति स्व.श्री लव कुमार सोनकर 02. मोहित सोनकर 03. कांति सोनकर 04, निशा सोनकर 05. ना.बा. कुलेश्वर सोनकर वली माँ श्रीमती निर्मला सोनकर पति स्व. लव कुमार सोनकर चारो पिता स्व.श्री लव कुमार सोनकर इनके अलावा कोई वारिसान नहीं है। अत: मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर विधिक वारिसान की हैसियत से वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 22.09.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 22.09.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

---

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

ई.कोर्ट क्रं./202508110200081/ब-121/2025
ग्राम-बोरियाकला, प.ह.नं. 81
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 01.09.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक बशंत कुमार मिश्रा पिता बद्री प्रसाद मिश्रा निवासी पेंशनबाड़ा रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम बोरियाकला प.ह.नं. 81 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 4/1 रकबा 0.7118 हे. भूमि धारित की जाती है। आवेदक को उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किया गया था। उपरोक्त ऋण पुस्तिका की मूल प्रति गुम हो चुकी है काफी खोजबीन करने के बावजूद भी आवेदक को उक्त ऋण पुस्तिका प्राप्त नहीं हुई। उक्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने की सूचना दिनांक 14.07.2025 को थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर में करायी गई है। अत: आवेदक को उक्त भूमि का शासकीय एवं अन्य कार्यों हेतु ऋण पुस्तिका की आवश्यकता है। अत: आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16.09.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी रायपुर
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./24081/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025**
**रायपुर, दिनांक 04.09.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 24081**
**वार्ड का नाम- 52-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651 J01472 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NEELOFAR पिता/पति श्री/श्रीमती ITAYAT के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 01. श्री संतोष आसनानी 02. श्रीमती पायल आसनानी पिता/पति श्री/श्रीमती 01. पिता स्व. सुखराम दास आसनानी 02. पति संतोष आसनानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।
**श्री विवेकानंद दुबे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्र. 10**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

---

### NAME CHANGE

It is informed to general public that I, G. Viraj Mudliar S/O Gopalan Mudliar resident of LIG 43, Housing Board Colony, Tatibandh, Raipur(C.G.) have changed my old name G. Viraj Mudliar S/O Gopalan Mudliar so in future I should be recognized by my new name that is Viraj Mudliar S/O Gopalan Mudliar in all Government as well as my son V. Gyanendra Mudliar's school marksheets and other Documents.

**Viraj Mudliar**
Lig 43, Housing Board Colony,
Tatiband, Raipur (C.G.)

---

### AFFIDAVIT FOR CHANGE IN NAME

By this deed I, the undersigned I, Arti Chourasia, W/o Lalit Kumar Chourasia, resident of Ramnarayan niwas, new shanti nagar, raipur c.g. pin 492001 have changed my old name Arti Chourasia, W/O Lalit Kumar Chourasia So in future I Should be recognized by my new name that is Arti Devi Chourasia, W/O Lalit Kumar Chourasia in all Government and other documents.

**Arti Chourasia,**
W/o- Lalit Kumar Chourasia,
Resident- Ramnarayan niwas,
Strett no- 8 A, infront of State
bank new shanti nagar, raipur
(C.G.) Pin 492007

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर छ.ग. राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.मा.क्र./202505111500023/अ-6/2024-25
रायपुर, दिनांक 04.09.2025
प्रति, श्री कृष्ण कुमार चौहान पिता शिवपाल सिंह क्षत्रि निवासी लक्ष्मण नगर रायपुर (छ.ग.)
द्वारा:- माल जमादार तहसील कार्यालय रायपुर छ.ग.

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदिकागण श्रीमती मीना साहू पति स्व. नेम सिंह साहू, पूरन कुमार साहू श्रीमती संगीता साहू, संतोष साहू सभी पिता स्व. नेम सिंह साहू, श्रीमती राधा साहू पति स्व. रमेश साहू, राजू साहू, केशव साहू दोनों पिता स्व. रमेश साहू, श्रीमती रूखमणी साहू पति स्व. महारत साहू, हेमलाल साहू, श्रीमती राखी साहू, श्रीमती भगवती साहू सभी पिता स्व. महारती साहू सभी निवासी गोकुल नगर रायपुर छ.ग.द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 838/14 का भाग रकबा 878 वर्गफुट भूमि को आवेदकगण के ससूर/दादा सावंत साहू पिता दुखराम साहू द्वारा अनावेदक/विक्रेता कृष्ण कुमार चौहान पिता शिवपाल सिंह क्षत्रि निवासी लक्ष्मण नगर रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 21.12.1981 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। आवेदिकागण के ससूर/दादा द्वारा अज्ञानता वश नामांतरण की कार्यवाही नहीं किया गया है। क्रेता सावंत साहू पिता दुखराम साहू की मृत्यु दिनांक 20.10.2005 को तथा उनकी पत्नि श्रीमती लीला बाई साहू पति स्व. सावंत साहू की मृत्यु दिनांक 15.07.2018 को हो चुकी है। मृतक क्रेता स्व. सावंत साहू पिता दुखराम साहू के विधिक वारिसान नेम सिंह साहू, रमेश साहू, महारती साहू पिसरान स्व. सावंत साहू है, जिसमें से नेम सिंह साहू पिता स्व. सावंत साहू की मृत्यु दिनांक 30.04.2023 को हो चुकी है जिनके विधिक वारिसान श्रीमती मीना साहू पति स्व. नेम सिंह साहू, पूरन कुमार साहू श्रीमती संगीता साहू, संतोष साहू सभी पिता स्व. नेम सिंह साहू है, तथा रमेश साहू पिता स्व. सावंत साहू की मृत्यु दिनांक 22.08.2013 को हो चुकी है जिनके विधिक वारिसान श्रीमती राधा साहू पति स्व. रमेश साहू, राजू साहू, केशव साहू दोनों पिता स्व. रमेश साहू है तथा महारती साहू पिता सावंत साहू की मृत्यु दिनांक 23.11.2015 को हो चुकी है जिनके विधिक वारिसान श्रीमती रूखमणी साहू पति स्व. महारत साहू, हेमलाल साहू, श्रीमती राखी साहू, श्रीमती भगवती साहू सभी पिता स्व. महारती साहू इसके अतिरिक्त अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। अत: उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर मृतक क्रेता स्व. सावंत साहू पिता दुखराम साहू के विधिक वारिसान के नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है। अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 15.09.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — नायब तहसीलदार, रायपुर

---

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

क्रमांक/202508111500030/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 21.08.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिकागण 01. श्रीमती सुकलिया बाई साहू पति स्व. फेरहा राम साहू, 02. मुकेश साहू, 03. रामगोपाल साहू, 04. श्रीमती चन्द्रिका देवी साहू, 05. श्रीमती कैना बाई साहू सभी पिता स्व. फेरहाराम साहू सभी निवासी-लक्ष्मण नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदिकागण के पति/पिता स्व. फेरहा राम साहू पिता स्व. तुलसीराम साहू के नाम पर ग्राम चिरहुलडीह, प.ह.नं. 52, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि शीट नंबर 15, खसरा नंबर 838/15, 840/1 का भाग भूखण्ड क्रमांक 16/110 रकबा 800 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। आवेदिकागण के पति/पिता स्व. फेरहा राम साहू पिता स्व. तुलसीराम साहू की मृत्यु दिनांक 01.06.2024 को हो गयी है। मृतक खातेदार स्व. फेरहा राम साहू पिता स्व. तुलसीराम साहू के विधिक वारिसानगण आवेदिकागण है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं है। अत: आवेदित भूमि में से मृतक खातेदार स्व. फेरहा राम साहू पिता स्व. तुलसीराम साहू का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानगण द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किये है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 09.09.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.08/.025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार 05 तहसील धरसींवा जिला रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

क्रमांक/ब-121/2025
ग्राम बोरझरा प.ह.नं. 25
रा.नि.मं. 19 धनेली
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 04.09.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक श्री शरद सुल्तानिया पिता गोपाल प्रसाद सुल्तानिया निवासी गीतानगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा नया ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि ग्राम बोरझरा प.ह.नं.-87 रा.नि.मं. रायपुर-17 बिरगांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 293/7, 325/2, 326/1, 328/1, 328/2, 330/2 रकबा क्रमश: 0.1020, 0.356, 0.034, 0.202, 0.765, 0.439 हे. भूमि भूमिस्वामी शरद सुल्तानिया पिता गोपाल प्रसाद सुल्तानिया के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का आज दिनांक तक ऋण पुस्तिका नहीं बना है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि से नया ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 18.09.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार धरसींवा

---

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-2 तहसील रायपुर, जिला रायपुर ( छ.ग. ) आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जरवाय उर्फ हीरापुर प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. रायपुर-2 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में आवेदक सुभरो भादुरी पिता शांतिराम निवासी सांताक्रुड़ा ईस्ट मुंबई महाराष्ट्र के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 781/96 रकबा 0.0320 का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त न्यायालय नायब तहसीलदार 02 रायपुर के रा.प्र.क्र./वाचक/अ-12/वर्ष 2024-2025 आदेश दिनांक 01.09.2025 के परिपालन में दिनांक 11.09.2025 को 3.00 पूर्वाहन पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर हल्का पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जानें।
**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-2 हीरापुर**

---

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/2025
ग्राम कान्दुल प.ह.नं. 83
तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 02.09.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज के द्वारा जगेश्वर प्रसाद वर्मा राजप्रधान छ.ग.म.कु.क्ष. समाज के द्वारा माननीय श्री टंकराम वर्मा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम कान्दुल पटवारी हल्का नंबर 83, राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 351/1 भूमि का 5 एकड़ भूमि आबंटन हेतु ग्राम पंचायत कान्दुल विकासखण्ड धरसींवा के द्वारा दिनांक 23.04.2025 को प्रस्ताव पारित किया गया है। आवेदक द्वारा उपरोक्त वर्णित भूमि के भाग को आबंटन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव भूमि आबंटन के संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जिस किसी को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 17.09.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

---

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर ( छ.ग. ) राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.प्र.क्र./20250711100099/अ-6/वर्ष 2024-2025
रायपुर, दिनांक 03.09.2025
प्रति,
रासबिहारी अग्रवाल पिता अयोध्या प्रसाद अग्रवाल निवासी तात्यापारा रायपुर छ.ग.
द्वारा:-मालजमादार तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, प्रकरण भुईया ऑनलाईन नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदक सलिलकांत तिवारी पिता सनत कुमार तिवारी निवासी- 04 स्कूल रोड चौबे कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह प.ह.नं. 52 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 757/2 का भाग भूखण्ड क्रमांक 04 रकबा 4400 वर्गफुट भूमि आवेदक की माता श्रीमती उर्वशी तिवारी पति सनत तिवारी द्वारा धारित की जाती है। उक्त भूमि को आवेदक की माता श्रीमती उर्वशी तिवारी पति सनत तिवारी द्वारा विक्रेता रासबिहारी अग्रवाल पिता अयोध्या प्रसाद अग्रवाल निवासी तात्यापारा रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 13.02.1981 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। जिसे विक्रेता रासबिहारी अग्रवाल पिता अयोध्या प्रसाद अग्रवाल द्वारा पूर्व विक्रेता रायपुर कोऑपरेटिव्ह हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 04.10.1977 के माध्यम से क्रय किया है। आवेदक की माता/क्रेता श्रीमती उर्वशी तिवारी पति सनत तिवारी की मृत्यु दिनांक 05.04.2021 को हो चुकी है। आवेदक की माता / क्रेता श्रीमती उर्वशी तिवारी पति सनत तिवारी द्वारा उक्त आवेदित भूमि को अपने जीवनकाल में एक अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 23.03.2021 को आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया गया है। अत: उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर मृतक क्रेता स्व. श्रीमती उर्वशी तिवारी पति सनत तिवारी द्वारा निष्पादित अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 17.09.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

---

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला-रायपुर ( छ.ग. ) नोटिस प्रकाशन

राजस्व प्र.क्रं./202502110200086/अ-6/2024-25
रायपुर, दिनांक 29.05.2025
प्रति,
गीतांजली सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित द्वारा अध्यक्ष प्रकाश दावड़ा पिता मगन लाल जी दावड़ा अमीन पारा पुरानीबस्ती रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि आवेदकगण 01. कृष्णकांत बाजपेयी पिता शिवशंकर बाजपेयी, 02. श्रीमती मोहिनी बाजपेयी पति कृष्णकांत बाजपेयी निवासी गीताजंली नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम शंकर नगर प.ह.नं. 110/63, तहसील व जिला रायपुर में गीताजंली नगर सहकारी समिति सेक्टर-02, गीताजंली नगर रायपुर में स्थित मकान वार्ड क्र. 28, प्लाट नंबर 10, रकबा 2000 वर्गफुट जिसका म्यू.म.नं. 355/52 खसरा नंबर 686/2 का टुकड़ा है, जो कि वर्तमान में गीताजंली सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित के नाम पर दर्ज है। उक्त संपत्ति को गीताजंली सहकारी गृह निर्माण समिति मर्यादित द्वारा अध्यक्ष प्रकाश दावड़ा पिता मगन लाल जी दावड़ा से अलोक शुक्ला के द्वारा क्रय किया गया और आलोक शुक्ला से आवेदकगण ने क्रय किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है।

अत: उक्त प्रकरण की सुनवाई हेतु आप सुनवाई दिनांक 15.09.2025 को अनिवार्य रूप से स्वत: अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे, अन्यथा आपकी मौन सहमति मानी जावेगी एवं प्रकरण में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 29.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

---

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.मा.क्र./202508110800056/अ-6/2024-25
ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 29.08.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स अमित बिल्डर्स एण्ड डेवल्पर्स द्वारा भागीदार शीतल दास पिता स्व. रेलूमल माखीजा निवासी अस्पताल वार्ड, अर्जुन नगर के पास डागा बिल्डिंग, घडी चौक के पास, मोतीबाग चौंक रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 316/6 रकबा 0.018हे. भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता श्रीमती जयश्री पति फलेन्द्र जीवराम निवासी जयस्तंभ चौंक के पास रायपुर, तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 26.06.2002 के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त भूमि वर्तमान में विक्रेता के नाम पर दर्ज है। अत: उक्त भूमि में से विक्रेता श्रीमती जयश्री पति फलेन्द्र जीवराम का नाम विलोपित कर पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 12.09.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

---

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.मा.क्र./202508110800055/अ-6/2024-25
ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 29.08.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक शीतलदास माखीजा पिता स्व. रेलूमल माखीजा निवासी अस्पताल वार्ड, अर्जुन नगर के पास, डागा बिल्डिंग, घडी चौंक के पास, मोतीबाग चौंक रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 397/5 रकबा 0.162हे. भूमि दानदाता मेसर्स शामनदास एण्ड कंपनी द्वारा प्रो. मुरलीधर माखीजा पिता स्व. रेलूमल माखीजा निवासी अस्पताल वार्ड, अर्जुन नगर के पास, डागा बिल्डिंग, घडी चौंक के पास, मोतीबाग चौंक रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर धारित की जाती है। उक्त भूमि को दानदाता मेसर्स शामनदास एण्ड कंपनी द्वारा प्रो. मुरलीधर माखीजा पिता स्व. रेलूमल माखीजा द्वारा आवेदक शीतलदास माखीजा पिता स्व. रेलूमल माखीजा के पक्ष में पंजीकृत दानपत्र विलेख दिनांक 08.04.2022 के माध्यम से प्रदाय किया गया है। अत: उक्त भूमि में से दानदाता मेसर्स शामनदास एण्ड कंपनी द्वारा प्रो. मुरलीधर माखीजा पिता स्व. रेलूमल माखीजा का नाम विलोपित कर पंजीकृत दानपत्र विलेख के आधार पर आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 12.09.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

---

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर छ.ग. राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.प्र.क्र./20250711370014/अ-6/वर्ष 2024-25
रायपुर, दिनांक 03.09.2025
प्रति,
पार्थिवी कन्स्ट्रक्शन प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर संजय बघेल पिता स्व. एन.एल. बघेल निवासी हीरापुर रायपुर छ.ग.
द्वारा:- माल जमादार तहसील कार्यालय रायपुर छ.ग.

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, प्रकरण भुईया ऑनलाईन नामांतरण पंजी के माध्यम से प्राप्त। आवेदक क्षीतिज जानी श्रीवास्तव पिता राजेन्द्र श्रीवास्तव निवासी-म.नं. 16 नीरा इन्क्लेव पार्थिवी नगर टाटीबंध रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम जरवाय ऊर्फ हीरापुर प.ह.नं. 35 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 793/2 का भाग रकबा 896 वर्गफुट भूमि आवेदक एवं आवेदक की माता डॉ. नारायणी श्रीवास्तव माता श्रीमती कुमुदनी श्रीवास्तव द्वारा विक्रेता पार्थिवी कन्स्ट्रक्शन प्रायवेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर संजय बघेल पिता स्व. एन.एल. बघेल निवासी- हीरापुर रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 15.03.2003 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। आवेदक की माता / सहक्रेता डॉ. नारायणी श्रीवास्तव माता श्रीमती कुमुदनी श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 23.08.2024 को हो चुकी है। मृतक क्रेता स्व. डॉ. नारायणी श्रीवास्तव माता श्रीमती कुमुदनी श्रीवास्तव के विधिक वारिसान सहक्रेता/आवेदक है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। अत: उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर मृतक सहक्रेता स्व. डॉ. नारायणी श्रीवास्तव माता श्रीमती कुमुदनी श्रीवास्तव के विधिक वारिसान/सहक्रेता के नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किये है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 17.09.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

---

### न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला-रायपुर ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.मा.क्र.अ/6वर्ष 2024-2025
ग्राम अकोली प.ह.नं. 21
रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसींवा
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 25.08.2025

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मारूति स्टील इडस्ट्रीज पार्टनर 1. राजेश शर्मा पिता बनवारीलाल, 2. श्रीमती मीना शर्मा पति राजेश शर्मा निवासी मकान नंबर 2, पोस्टल कालोनी के बाजू कोटरा रोड पुलिस स्टेशन रायगढ़ द्वारा छ.ग. भू-राजस्व किया गया है कि ग्राम अकोली, प.ह.न. 21 रा.नि.म. रायपुर-15 धरसीवा, तहसील धरसीवा जिला संहिता 1959 की धारा 115 अंतर्गत अभिलेख सुधार किये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत कर लेख रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 594/10 रकबा 0.3240 हे.. खसरा नंबर 594/11 रकबा 0.0810 हे. भूमि मारूति स्टील इंडस्ट्रीज पार्टनर कल्याण स्वरूप शर्मा पिता किशोर शर्मा एवं राजेश शर्मा पिता बनवारीलाल के संयुक्त नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। मारूति स्टील इंडस्ट्रीज फर्म के भागीदार स्वरूप शर्मा पिता किशोर शर्मा दिनांक 01.08.2025 को उक्त फर्म से रिटायर हो गये है। मारूती स्टील इंडस्ट्रीज के नये डायरेक्टर के रूप में श्रीमती मीना शर्मा पति राजेश को दिनांक 01.08.2025 को शामिल हुए, जिसमें किसी भी व्यक्ति या वर्तमान डायरेक्टर को आपत्ति नही है। आवेदक द्वारा आवेदित फर्म के पूर्व भागीदार कल्याण स्वरूप शर्मा को विलोपित करते हुए नये भागीदार श्रीमती मीना शर्मा का नाम दर्ज कर भागीदार राजेश का नाम राजस्व अभिलेख में यथावत रखे जाने का निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख सुधार बाबत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 12.09.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार 80 रायपुर ईश्तहार

**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-आरडी202425440725600479**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती गीता देवी आहूजा पिता/पति-संजय कुमार आहूजा पता-ए-32 अशोका मिलेनियम रिंग रोड रायपुर, श्री विनोद कुमार आहूजा पिता/पति-श्री राजा राम आहूजा पता-ए-32 अशोका मिलेनियम रिंग रोड रायपुर अनिता संतानी पिता/पति-श्री राजा राम आहूजा पता-ए-32 अशोका मिलेनियम रिंग रोड रायपुर, संजय कुमार आहूजा पिता/पति-श्री राजा राम आहूजा पता-ए-32 अशोका मिलेनियम रिंग रोड रायपुर, संगीता निहीचलानी पिता/पति-श्री राजा राम आहूजा पता-ए-32 अशोका मिलेनियम रिंग रोड रायपुर, श्रीमती रीना देवी आहूजा पिता/पति-श्री विनोद कुमार आहूजा पता-ए-32 अशोका मिलेनियम रिंग रोड रायपुर, भारती राजाराम आहूजा पिता, पति-श्री राजा राम आहूजा पता-ए-32 अशोका मिलेनियम रिंग रोड रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 366/19 (0.0139) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विनोद कुमार आहूजा पिता/पति-राजाराम आहूजा पता-प्रियदर्शनी नगर रायपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खात: विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/09/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8ए रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आणि हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/08/2025 को जारी किया जाता है।

सील — न्यायालय नायब तहसीलदार 80 रायपुर

# पुलिस के संरक्षण में फल-फूल रहा है तुमगांव में देह व्यापार : साहू समाज



**तुमगांव थाना प्रभारी को बर्खास्त करने और निष्पक्ष जांच के लिए टीम गठित करने की मांग**

**महासमुंद,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। जिला साहू संघ ने नपं तुमगांव के अध्यक्ष बलरामकांत साहू के खिलाफ की गई कार्रवाई पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए इसे पुलिस की एकतरफा और मनमानी कार्रवाई करार दी है। समाज ने नगर पंचायत अध्यक्ष गिरफ्तारी मामले की टीम गठित कर निष्पक्ष जांच, तुमगांव थाना प्रभारी को पद से तत्काल बर्खास्त करने की मांग करते हुए अन्यथा की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी है। सामाजिकजनों ने कहा कि तुमगांव नगर पंचायत क्षेत्र में देह व्यापार व अवैध शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा है, जिसे पुलिस का खुला समर्थन मिल रहा है। देह व्यापार करने तुमगांव आई महिला की शिकायत पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करना और एक दिन पूर्व पुलिस को देह व्यापार रोकने और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई को लेकर दी गई ज्ञापन पर कोई कार्रवाई नही करना पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़ा कर रहा है। साहू समाज के प्रतिनिधियों ने तुमगांव थाना प्रभारी पर आपसी रंजिश के तहत मामला दर्ज कर नपं अध्यक्ष को गिरफ्तार करने का आरोप लगाया है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा है कि देह व्यापार व क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के चलते यहाँ माहौल खराब हो रहा है। इसका विरोध करते हुए इस प्रकार के अनैतिक कार्य को बंद कराने गत दिनों नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू ने पुलिस को ज्ञापन सौंपा था। पुलिस ने उनके ज्ञापन पर कोई कार्यवाही नहीं की, उलटे एक झूठे आरोप में तत्काल कार्रवाई करते हुई उन पर मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। प्रेस क्लब भवन में जिला साहू समाज संघ के जिला अध्यक्ष धरम साहू, मनोजकांत साहू, गौकरण साहू, मोती साहू, तुलाराम साहू, ललित साहू, रमेश साहू, राधेश्याम साहू, कपिल साहू, खिलावन साहू, महेंद्र साहू आदि ने पत्रकार वार्ता में बताया कि तुमगांव तथा आसपास के क्षेत्र में काफी लंबे समय से देह व्यापार का कार्य जारी है जिसमें अन्य राज्यों से भी महिलाएं प्रतिदिन तुमगांव आकर उक्त अवैध धंधे में शामिल रहती हैं। पूर्व में कई बार इस संबंध में नगरवासियों व क्षेत्र के प्रमुख लोगों द्वारा विरोध किया जाता रहा है तथा लगभग 2 वर्ष पूर्व देह व्यापार के अड्डे को नगर पंचायत द्वारा तोड़ा गया था। पुलिस एवं प्रशासन के हस्तक्षेप पर कुछ समय तक देह व्यापार बंद रहा। समाजजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस के संरक्षण में तुमगांव थाना के पास फिर से देह व्यापार में संलिप्तों ने नया अड्डा बना लिया है, जहाँ से देह व्यापार संचालित होता है। जिसकी थाना प्रभारी सहित पुलिस प्रशासन को पूरी जानकारी है तथा पुलिस के संरक्षण में ही जिस्म फरोशी का धंधा चल रहा है। इसके अलावा तुमगांव एवं आसपास के क्षेत्र में अवैध शराब का व्यवसाय बड़े पैमाने पर चल रहा है, जिसे भी थाना प्रभारी का संरक्षण प्राप्त है। 29 अगस्त को नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षदों की ओर से ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई किन्तु थाना प्रभारी ने देह व्यापार में लिप्त लोगों को संरक्षण देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष के विरुद्ध छेड़छाड़ की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

पत्रकारवार्ता में शामिल तुमगांव निवासी भाजपा नेता मोती साहू ने सवाल उठाया कि जिस महिला की शिकायत पर जनप्रतिनिधि बलरामकांत साहू के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है न तो वह तुमगांव की बहु है, और न ही बेटी, और तो और वह तुमगांव की निवासी भी नही है बल्कि तुमगांव में आयातित होकर देह व्यापार जैसे घृणित कार्य को अंजाम दे रही है। इससे तुमगांव बदनाम हो रहा है इन लोगों को पुलिस का स्पष्ट संरक्षण है पुलिस और देह व्यापार में लिप्त लोगों द्वारा साधन संपन्न लोगों को जाल में फंसाकर अवैध रूप से वसूली की जाती है। जिसके कारण पुलिस का संरक्षण मिला हुआ है। कांग्रेस नेता मनोजकांत साहू ने आरोप लगाया कि तुमगांव में अवैध गतिविधियों से कई परिवार त्रस्त है, कुछ तो ऐसे है जो तुमगांव छोड़कर अन्यंत्र जाकर बस रहे है। उन्होंने निष्पक्षता जांच की मांग की है।

# नवापारा से गोपाल राम यादव प्रधानपाठक को राज्यपाल के करकमलों से सम्मान मिलेगा



**नवापारा राजि,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य एवं सेवाओं के लिए राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कार वर्ष 2024-25 हेतु प्रदेशभर के कुल 64 शिक्षकों का चयन किया गया पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षकों में रायपुर जिले से गोपाल राम यादव प्रधानपाठक आदर्श शासकीय नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर नवापारा विकासखंड अभनपुर जिला रायपुर का चयन हुआ है.

इन्हें राजभवन रायपुर में 5 सितंबर को महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के कर कमलो सम्मान मिलेगा इसके पूर्व इन्हें मुख्यमंत्री शिक्षादूत गौरव अलंकरण शिक्षा दूत पुरस्कार एवं कलेक्टर रायपुर द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान. भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा कला संस्कृति अग्रदूत अवॉर्ड प्राप्त हुआ है.

# राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता के लिए 7 खिलाड़ी बलौदाबाजार रवाना



**महासमुंद,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025. 26 का आयोजन बलौदाबाजार में 03 से 06 सितंबर तक आयोजित किया गया है। जिसमें रायपुर संभाग के खिलाड़ी अंडर 14 वर्ष आयु के बालक एवं बालिका रग्बी फुटबॉल खेल में शामिल होंगे। दल के साथ प्रशिक्षक व्यायाम शिक्षक डॉ सुनील कुमार भोई एवं बालिका में अंजु प्रजापति शामिल हैं। जिले से सेजेश तुमगांव, पब्लिक स्कूल तुमगांव, शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय तुशदा के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनाने में सफलता हासिल किया है। जिले के चयनित खिलाड़ियों में तुमगांव से यथार्थ रात्रे, देवेश साहू, विनय तारक, झलक ध्रुव, भूमि यादव एवं तुसदा बागबाहरा से लवकुमार एवं रजनी खड़िया शामिल हैं। खिलाड़ी तुमगांव खेल मैदान एवं तुसदा स्कूल में रग्बी खेल का नियमित अभ्यास करते हुए संभाग में बेहतर प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल जिले के सभी खिलाड़ियों को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, लीलाधर सिंहा, हिना ढालेन, प्राचार्य लोकनाथ दीवान, पब्लिक स्कूल तुमगांव के प्राचार्य सुरेंद्र मानिकपुरी, रितेश अग्रवाल एवं समस्त स्टॉफ प्राचार्य शा उ मा वि तुसदा महेंद्र सिंह मरकाम, व्यायाम शिक्षक अंजु प्रजापति, इंद्राणी भास्कर, पीयूष परोहा, जगदीश धीवर, लिशांसु साहू, शुभांश शर्मा, ओंकार निषाद ने शुभकामनाएं दीं।


## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SHAMIM BANO W/O ABDUL AZIZ SHEKHANI resident of MAKAN NO 59, WARD NO 19, SAHU PARA, BEMETARA, (C.G.) 491335 have changed my old name SHAMIM BANO W/O ABDUL AZIZ SHEKHANI so in future I should be recognized by my new name that is SAMIM SHEKHANI W/O ABDUL AZIZ SHEKHANI in all Government and other documents.

**SAMIM SHEKHANI**
MAKAN NO 59,WARD NO 19,
SAHU PARA, BEMETARA,
(C.G.) 491335

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RAJ KUMAR S/O KISHAN LAL PARKAR resident of WARD-12, GURUR, PO. GURUR DISTT BALOD (C.G.) 491227 have changed my old name RAJ KUMAR S/O KISHAN LAL PARKAR so in future I should be recognized by my new name that is RAJKUMAR PARKAR S/O KISHAN LAL PARKAR in all Government and other documents.

**RAJKUMAR PARKAR**
WARD-12, GURUR,
PO. GURUR DISTT BALOD
(C.G.) 491227

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, ANIL KUMAR S/O MANOHAR LAL JAWRANI resident of HOUSE NO: 115 WARD NO : 36 CHOUKHDIYAPARA RAJNANDGAON PIN: 491441 (C.G.) have changed my old name ANIL KUMAR S/O MANOHAR LAL JAWRANI so in future I should be recognized by my new name that is ANIL KUMAR JAWRANI S/O MANOHAR LAL JAWRANI in all Government and other documents.

**ANIL KUMAR JAWRANI**
HOUSE NO: 115WARD NO : 36
CHOUKHDIYAPARA
RAJNANDGAON PIN: 491441
(C.G)

**न्यायालय नजूल अधिकारी बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**क्रमांक, 1306, नजूल, वाचक-2, 2025**
**बलौदाबाजार दिनांक 04.09.2025**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुभाष चंद्र वर्मा पिता स्व. भूपेन्द्र नाथ वर्मा ग्राम पुरान तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा नगर बलौदाबाजार स्थित प.ह.नं. 15 तहसील नजूल शीट क्रमांक 14 ए प्लाट नं. 8/3 क्षेत्रफल 4000 वर्गफीट भू-भाटक 62.00 रूपये (मकान) एवं क्रमांक 14 ए प्लाट नंबर 8/7 क्षेत्रफल 2438 वर्गफीट भू-भाटक 37.79 रूपये (मकान) भू- भूपेन्द्रनाथ पिता मोजीराम वगैरह सा. बलौदाबाजार के संयुक्त नाम पर दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के धारक भूपेन्द्र नाथ वर्मा पिता मोजीराम की मृत्यु दिनांक 08.06.2025 को हो जाने से मृत धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने तथा शेष भू-धारकगण का नाम यथावत रखे जाने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, शपथ पत्र मेंटनेंस खसरा तलवाना सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो सुनवाई हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त फौती नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 18.09.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नजूल अधिकारी बलौदाबाजार**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क्र....अ/20 ( 3 )**
**वर्ष 2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरत लाल गुजरतिया पिता बुलखुराम गुजरतिया निवासी शक्ति वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा ने नगर भााटापारा स्थित नजूल भूमि शीट नम्बर 6-डी, प्लाट नंबर 253/2 क्षेत्रफल 80 वर्ग मीटर निर्धारण 42.00 रूपये भूमि नजूल अभिलेख में धारक बुलखुराम वल्द जीधन के एकल नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के धारक की मृत्यु हो जाने के कारण नजूल अभिलेख से उनके नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसान के नाम से फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मेंटेनेंस खसरा, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 24/09/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नजूल अधिकारी भाटापारा**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क्र......ब/121**
**वर्ष 2024-2025 ग्राम का नाम कैथी**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अगरमन बंजारे पिता श्री समुन्द बंजारे जाति सतनामी निवासी ग्राम कैथी प0ह0नं0 02 रा0नि0मं0 तरेंगा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपने माता श्यामबाई बंजारे पति श्री समुन्द बंजारे माता का नाम मुंगाबाई की मृत्यु दिनांक 09.11.2022 (स्थान) ग्राम कैथी का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत कैथी तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग0 जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 10/09/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 10/09/25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 28/08/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।

सील — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा( छत्तीसगढ़ )**

**न्यायालय नायब तहसीलदार मारकेल, जिला बस्तर, (छ.ग.)**
**रा.प.क्र./202508150100002/अ-20( 3 )/2024-2025**
**ग्राम नगरनार**
**// उद्घोषणा //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक कार्यपालन अभियंता (संचा0 / संधा0), छ0ग0 स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लिमि0 जगदलपुर द्वारा ग्राम नगरनार तहसील जगदलपुर स्थित शासकीय भूमि खसरा नं0 1500/1 रकबा 1.920 हे0 में से 0.40 हे0 भूमि आर0डी0एस0एस0 योजना के तहत् प्रस्तावित 33/11 के0 व्ही0 नवीन विद्युत उपकेन्द्र निर्माण हेतु आबंटन बाबत् आवेदन पत्र नक्शा खसरा निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत किये जाने पर इस न्यायालय में जांच हेतु प्राप्त हुआ हैं।

उपरोक्तानुसार भूमि राजस्व पुस्तक परिपत्र में नियत प्रावधान आबंटन/हस्तांतरण करने पर किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में पेशी तिथि 08/09/2025 के पूर्व इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार की सुनवाई नही की जावेगी।

**नायब तहसीलदार**
**जगदलपुर**
**द्वारा कार्यपालन अभियंता (सं0/सं0) संभाग**
**छ0स्टे0पॉ0 डि0 कं0 लिमि0, जगदलपुर,**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
क्रमांक/तह./वा./25
सिमगा, दिनांक 01.09.2025
रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम-सिमगा, प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता आवेदक मोहम्मद अनिश पिता मोहम्मद दिलावर निवासी ग्राम सिमगा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी स्वयं मोहम्मद अनिश पिता मोहम्मद दिलावर माता हलीमा बाई का जन्म दिनांक 24.07.1979 को ग्राम सिमगा में होने पर भूलवश जन्म का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण जन्म पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16.09.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
क्रमांक/तह./वा./25
सिमगा, दिनांक 18.08.2025
रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम-कचलोन, प.ह.नं. 14

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता आवेदक हेमन्त कुमार पाटिल पिता फूलदास पाटिल जाति सतनामी निवासी ग्राम कचलोन थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी माता नीराबाई पाटिल पति फुलदास पाटिल का मृत्यु दिनांक 15.08.2017 को ग्राम कचलोन में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 08.09.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
क्रमांक/तह./वा./25
सिमगा, दिनांक 01.09.2025
रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम-सिमगा, प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता आवेदक मोहम्मद जाविद पिता मोहम्मद दिलावर निवासी ग्राम सिमगा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक अपने स्वयं मोहम्मद जाविद पिता मोहम्मद दिलावर माता हलीमा बाई का जन्म दिनांक 03.07.1978 को ग्राम सिमगा में होने पर भूलवश जन्म का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण जन्म पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16.09.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा**

**न्यायालय नायब तहसीलदार महासमुंद, जिला महासमुंद ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि ग्राम शेर निवासी आवेदक/आवेदिका महेश्वर ध्रुव पति/पिता श्री जान सिंह जाति गोड द्वारा आवेदक/आवेदिका की दादा स्व. धनऊ पिता रत्नु निवासी ग्राम शेर तहसील व जिला महासमुंद की मृत्यु दिनांक 14.04.1985 को हो चुकी है तथा आवेदक/आवेदिका की दादा धनऊ पिता रत्नु तहसील व जिला महासमुंद की मृत्यु दिनांक 14.04.1985 को हो चुकी है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय की पेशी तारीख 18.09.2025 को पेश कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार महासमुंद**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
क्रमांक/933/तह./वा./2025
सिमगा, दिनांक 01.09.2025
रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम-सिमगा, प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता आवेदक सिलेदार खान पिता मोमिन खान निवासी ग्राम सिमगा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी स्वयं सिलेदार खान पिता मोमिन खान माता दुकलहीन बी का जन्म दिनांक 12.05.1968 को ग्राम सिमगा में होने पर भूलवश जन्म का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण जन्म पंजीयन नहीं करा पाने के कारण जन्म पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16.09.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
क्रमांक/तह./वा./25
सिमगा, दिनांक 01.09.2025
रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम-सिमगा, प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता आवेदक सिलेदार खान पिता मोमिन खान निवासी ग्राम सिमगा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी पुत्र गौस खान पिता सिलेदार खान माता नाजरा बेगम का जन्म दिनांक 26.08.1999 को ग्राम सिमगा में होने पर भूलवश जन्म का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण जन्म पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16.09.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा**

**न्यायालय तहसीलदार फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद (छ0ग0)**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क. 202411220600007/अ-59/ वर्ष 2024-25
ग्राम- रवेली प.ह.नं. 11 तहसील फिंगेश्वर
रवेली, दिनांक 04/09/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम फिंगेश्वर में स्थित भूमि खसरा नंबर 987/1 रकबा 5.52 हे0 में से 0.40 हेक्टेयर भूमि को एस.टी.पी. निर्माण हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत फिंगेश्वर को आबंटन किया जाना है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था / शासकीय / अर्द्ध शासकीय, निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 19/09/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई
विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से आज दिनांक 05/09/2025 को जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार फिंगेश्वर**

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला दुर्ग ( छ.ग. )**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र./अ-20 (5)/2024-2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कमलेश यादव अध्यक्ष यादव संघ मित्र कल्याण मंडल के द्वारा मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग वार्ड क्रं. 24 अरबन 580/17 लैंड सिलिंग दुर्ग का खसरा 1345/3 वर्तमान का टुकड़ा लगभग 6500 वर्गफीट को यादव संघ मित्र कल्याण मंडल जिला दुर्ग के नाम पर सरकारी टोकन रेट पर आबंटन किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 08.10.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 02.09.2025
सुनवाई दिनांक 08.10.2025

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
क्रमांक/तह./वा./25
सिमगा, दिनांक 18.08.2025
रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम-कचलोन, प.ह.नं. 14

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता आवेदक हेमन्त कुमार पाटिल पिता फूलदास पाटिल जाति सतनामी निवासी ग्राम कचलोन थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी पिता फुलदास पाटिल पिता जगेशर माता बिंदाबाई का मृत्यु दिनांक 17.11.2008 को ग्राम कचलोन में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 08.09.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
क्रमांक/तह./वा./25
सिमगा, दिनांक 01.09.2025
रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम-सिमगा, प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता आवेदक सिलेदार खान पिता मोमिन खान निवासी ग्राम सिमगा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी पुत्र मजहर खान पिता सिलेदार खान माता नाजरा बेगम का जन्म दिनांक 16.08.1989 को ग्राम सिमगा में होने पर भूलवश जन्म का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण जन्म पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16.09.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिमगा**

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र . 174546/निविदा सूचना क्र. 16/व.ले.लि./2025-26
दिनांक 03.09.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 22.09.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-
कार्य का नाम जिला एवं विकासखंड बस्तर के ग्राम बनियागांव के समीप मारकण्डी नदी पर बनियागांव स्टापडेम सह रपटा का निर्माण कार्य।
**अनुमानित लागत रु. 536.12 लाख**
(एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक))
अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक 10.09.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।
नोट- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग, जगदलपुर**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना**
**जी-252603267 जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविद निविदा सूचना**
क्रमांक / लो.क.वि./ जोन-1/2025/1624/212 — भिलाई दिनाँक 25/8/25

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतगर्त सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निमार्ण कार्य हेतु आनलाईन (**Online**) निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्रं. | अनुमानित लागत लाख में | निविदा डाउनलोड की अंतिम तिथि | निविदा पहुंचने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड-03 मॉडल टाउन, कृष्णा मंदिर से कुलदीप बाबूलाल सिंह घर तक तथा शिवाजी चौक से सूर्या अपार्टमेंट तक पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। | 174398 | 19.34 | 15.09.2025 | 17.09.2025 |
| 02 | वार्ड-06 प्रियदर्शनी परिसर में गुलमोहर गार्डन का सौन्दर्गीकरण कार्य। | 174403 | 20.00 | 15.09.2025 | 17.09.2025 |
| 03 | वार्ड-02 आनंद नगर में पर्याप्त जल निकासी हेतु आर. सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (तृतीय निविदा) | 174406 | 23.03 | 09.09.2025 | 11.09.2025 |

(नोट- ई टेण्डर में ऑफलाईन शपथ पत्र एवं श्वस्छ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा/दर को नहीं खोला जावेगा।) उपरोक्त निविदा निर्माण कार्यो सामान्य शर्ते, एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन जमा करें साथ ही धरोहर राशि स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जायेंगें। साथ ही यह जानकारी संचालनालय की वेबसाईट **eproc.cgstate.gov.in** से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**जोन आयुक्त**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**क्रमांक/927/न.पा.प./लो.नि.वि./2025** — **अभनपुर, दिनांक 04.09.2025**
**ई-प्रोक्यूरमेन्ट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद अभनपुर द्वारा अध्यक्ष निधि, पार्षद निधि अंतर्गत निम्न कार्यों के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारी से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर सिस्टम नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | अमानत राशि | निविदा शुल्क | निविदा देर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 174868 | अध्यक्ष निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 01 से 15 में नवीन कांक्रीट मार्ग, नाली, बस स्टॉप, उद्यान, मूत्रालय, चबुतरा निर्माण, सार्वजनिक/सामुदायिक/सांस्कृतिक भवन का संधारण एवं भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था, बोर खनन, पाईप लाईन विस्तार, मुक्तिधाम का उन्नयन/विद्युतीकरण आदि कार्य। | 30.00 | 22500.00 | 1500.00 | 19.09.2025 | 12 माह |
| 2 | 174869 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 01 से 05 में नवीन कांक्रीट मार्ग, नाली, बस स्टॉप, उद्यान, मूत्रालय, चबुतरा निर्माण, सार्वजनिक/सामुदायिक/सांस्कृतिक भवन का संधारण एवं भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था, बोर खनन, पाईप लाईन विस्तार, मुक्तिधाम का उन्नयन/विद्युतीकरण आदि कार्य। | 20.00 | 15000.00 | 750.00 | 19.09.2025 | 12 माह |
| 3 | 174870 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 08 से 10 में नवीन कांक्रीट मार्ग, नाली, बस स्टॉप, उद्यान, मूत्रालय, चबुतरा निर्माण, सार्वजनिक/सामुदायिक/सांस्कृतिक भवन का संधारण एवं भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था, बोर खनन, पाईप लाईन विस्तार, मुक्तिधाम का उन्नयन/विद्युतीकरण आदि कार्य। | 20.00 | 15000.00 | 750.00 | 19.09.2025 | 12 माह |
| 4 | 174872 | पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 11 से 15 में नवीन कांक्रीट मार्ग, नाली, बस स्टॉप, उद्यान, मूत्रालय, चबुतरा निर्माण, सार्वजनिक/सामुदायिक/सांस्कृतिक भवन का संधारण एवं भवन में नयी सुविधाओं की व्यवस्था, बोर खनन, पाईप लाईन विस्तार, मुक्तिधाम का उन्नयन/विद्युतीकरण आदि कार्य। | 20.00 | 15000.00 | 750.00 | 19.09.2025 | 12 माह |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (http://eproc.cgstate.gov.in) अथवा विभागीय बेवसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद अभनपुर**
**जिला- रायपुर ( छ.ग. )**

# लुत्ती बांध के टूटने पर मुख्यमंत्री ने जताई गहरी नाराज़गी

- सिंचाई परियोजनाओं के रखरखाव और मरम्मत पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता
- मैदानी अधिकारी-कर्मचारी फील्ड में जाकर बांधों एवं संबंधित संरचनाओं का करें सतत निरीक्षण
- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की जल संसाधन विभाग के कामकाज की समीक्षा



**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में स्थित लुत्ती बांध के टूटने की घटना पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की गलती किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साय ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि मैदानी अधिकारी और कर्मचारी फील्ड में जाकर नियमित निरीक्षण नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण यह स्थिति बनी है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सतत रूप से फील्ड में जाकर बांधों सहित अन्य संरचनाओं का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में जल संसाधन विभाग की गहन समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सिंचाई परियोजनाओं के रखरखाव और मरम्मत पर विशेष ध्यान देने, सभी बांधों की जलभराव क्षमता, वर्तमान सिंचाई स्थिति और आगामी परियोजनाओं की प्रगति आदि के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशाङ्गनिर्देश दिए। साथ ही विशेष रूप से बांध सुरक्षा अधिनियम 2021 का कड़ाई से पालन करने तथा जिला प्रशासन के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री साय ने लक्षित सिंचाई क्षमता और वास्तविक सिंचाई क्षमता के बीच अंतर को कम करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेषकर बस्तर और सरगुजा संभाग की अधूरी योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने तथा निर्माणाधीन वृहद परियोजनाओं को समय पर पूरा करने पर बल दिया, ताकि किसानों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

बैठक में विभागीय अधिकारियों ने जानकारी दी कि वर्तमान में 04 वृहद परियोजनाएँ, 357 लघु परियोजनाएँ और 300 एनीकेट, इस प्रकार कुल 661 कार्य प्रगतिरत हैं। इसके अतिरिक्त 1036 जीर्णोद्धार कार्य भी चल रहे हैं। इस तरह कुल 1697 कार्य प्रगतिरत हैं, जिनमें लगभग ?8966 करोड़ की राशि व्यय होगी।

इस बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव रवि मित्तल, जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उईके तथा बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग मंडलों के मुख्य अभियंता सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बेमेतरा जिला के स्काउट प्रदीप साहू को मिला राष्ट्रपति पुरस्कार



- नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम मे राष्टपति पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ

**बेमेतरा,** 4 अगस्त (देशबन्धु)। 31 अगस्त को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम मे राष्टपति पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। बेमेतरा जिला से स्काउट प्रदीप साहू (शा उ मा वि बैजलपुर) को राष्टपति पुरस्कार (प्रेजिडेंट अवार्ड) प्राप्त हुआ। भारत स्काउटस एवं गाइड्स राष्टीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित समारोह में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने राष्टपति पुरस्कार का वितरण किया। पुरस्कार के प्रमाण पत्र महामहिम राष्टपति द्रोपती मुर्मू के हस्ताक्षर से जारी हुए हैं।

भारत भारत मंडपम में आयोजित समारोह में भारत स्काउटस एवं गाइडस के राष्टीय अध्यक्ष डॉ अनिल जैन, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मुख्य राष्टीय आयुक्त डॉक्टर के के खंडेलवाल सहित अन्य विशिष्ट जनों की उपस्थिति रही।

प्रदीप साहू को राष्टपति पुरस्कार से सम्मानित होने पर जिला मुख्य आयुक्त श्री प्रनीष रजक, जिला शिक्षा अधिकारी श्री गैद राम चतुर्वेदी, जिला सचिव श्री अमित क्षरीय, जिला संयुक्त सचिव श्रीमती उर्मिला दिवाकर, जिला संगठन आयुक्त श्री फनेन्द्र कुमार लोधी जिला, प्रशिक्षण आयुक्त श्री महेश कुमार साहू के साथ जिला के स्काउटर गाइडर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

# पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री अग्रवाल ने मंत्रालय में कामकाज संभाला



**रायपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने आज मंत्रालय महानदी भवन स्थित कार्यालय मे विधिवत पूजा अर्चना कर कामकाज की शुरूआत की। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, विधायक श्री अनुज शर्मा, श्री संपत अग्रवाल, श्री प्रबोध मिंज, श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री रामप्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा एवं श्री पवन साय और वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दी।

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव के मार्गदर्शन में राज्य में पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में काफी तेजी से कार्य करना है। राज्य में पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में काफी संभावनाऐं है। पर्यटन क्षेत्रों के विकसित होंने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेगें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की मदद से राज्य में सड़क कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हो रहा है, इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। राज्य में नई सड़कों की स्वीकृति के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय भू-तल परिवहन मंत्री श्री नीतिन गडकरी के प्रति आभार जताया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग श्री सुब्रत साहू, संस्कृति विभाग के सचिव श्री रोहित यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के जनरल मैनेजर श्री वेदव्रत सिरमौर, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव श्रीमती पुष्पा साहू सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश में धान खरीदी की नई नीति, फाइव स्टार रेटिंग वाले होंगे उपार्जन केंद्र

- धान खरीदी 1नवंबर से शुरू होगी

**रायपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में खरीफ सीजन 2025-26 की धान खरीदी नीति तैयार हो गई है। इस बार उपार्जन केंद्रों को फाइव स्टार रेटिंग दी जाएगी और नए केंद्र खोले जाएंगे। केंद्र सरकार ने 73 लाख मीट्रिक टन चावल लेने की स्वीकृति दी है।

राज्य सरकार ने खरीफ सीजन 2025=26 के लिए नई धान खरीदी नीति तैयार कर ली है। सूत्रों के मुताबिक इसे जल्द ही राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में रखा जाएगा और कैबिनेट से मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा। इस बार नीति में केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश को भी जोड़ा गया है, ताकि खरीदी की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित हो सके।

नई नीति के तहत इस साल भी धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू होगी और 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। केंद्र सरकार ने इस सीजन में छत्तीसगढ़ से 73 लाख मीट्रिक टन चावल लेने की मंजूरी दी है। इससे लाखों किसानों को अपनी उपज बेचने का मौका मिलेगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

फाइव स्टार रेटिंग का नया प्रयोग

राज्य सरकार ने पहली बार उपार्जन केंद्रों को फाइव स्टार रेटिंगदेने का फैसला किया है। अभी प्रदेश में कुल 2739 उपार्जन केंद्र हैं, जिनमें से करीब 1600 एंट्री लेवल के हैं। इन केंद्रों को अपग्रेड कर आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। रेटिंग के लिए बिजली, पानी, इंटरनेट, पक्की सड़क, सीमेंटेड चबूतरा, ड्रेनेज सिस्टम, किसानों के बैठने और रुकने की सुविधा जैसे 17 मानक तय किए गए हैं।

किसानों की सुविधा के लिए नए केंद्र

सरकार का इरादा है कि इस साल धान उपार्जन केंद्रों की संख्या और बढ़ाई जाए। खासकर दूर-दराज के इलाकों को चिन्हांकित कर नए केंद्र खोलने की तैयारी है, ताकि किसानों को धान बेचने के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े। इससे समय और परिवहन लागत दोनों की बचत होगी और खरीदा गया धान राइस मिलरों और मार्कफेड तक भी आसानी से पहुँच सकेगा।


नई नीति को अंतिम रूप देने से पहले भारत सरकार के खाद्य विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में एक कार्यशाला भी आयोजित हुई थी। इसमें तय हुआ कि खरीदी व्यवस्था को आधुनिक तकनीक (के साथ जोड़ा जाए। इससे धान का निराकरण समय पर हो सकेगा और किसानों को भुगतान में भी देरी नहीं होगी।

**NECC**

| 05.09.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 550 | 90 | 185 |
| चिल्हर | 7.00 | 120 | 200 |
| डिलीवरी | 565 सैकड़ा | | |

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA







प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

एक बार भूगोल की टीचर ने बच्चों से पूछा- गंगा कहाँ से निकलती है और कहां जाकर मिलती है..?
एक बच्चे ने खड़े होकर कहा - मैडम गंगा घर से निकलती है और स्कूल के पीछे जाकर कालू से मिलती है।

संपादकीय

## पुख्ता हो विसर्जन सम्बन्धी सुरक्षा

जशपुरनगर में गणेश विसर्जन के दौरान हुई दुर्घटना के मद्देनज़र प्रदेश भर में इस उत्सव के सुरक्षित सम्पन्न होने के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं चाक-चौबन्द किये जाने की ज़रूरत है। मंगलवार की शाम को बगीचा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम जुरूडांड में विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को एक अनियंत्रित वाहन चालक द्वारा रौंद दिया गया जिससे 3 भक्तों की मौके पर ही मौत हो गयी और 25 से ज्यादा व्यक्ति घायल हो गये। तेज़ रफ्तार बोलेरो रायकेरा से आ रही थी। नाराज़ भीड़ ने चालक की जमकर पिटाई कर दी। उसे भी अन्य घायलों के साथ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सातवें दिन गणेश विसर्जन की भी परम्परा है जिसके तहत इस गांव के श्रद्धालु सार्वजनिक तौर पर मूर्ति को विसर्जित करने जा रहे थे।

मुख्य विसर्जन पूरे छत्तीसगढ़ में शनिवार को होगा। यह अक्सर अगली सुबह तक चलता है। खासकर बड़े शहरों में झांकियों की संख्या ज्यादा होने तथा विसर्जन के दौरान सजावट आदि से सम्बन्धित स्पर्धाएं होने के कारण विसर्जन में काफी समय लगता है। इस दौरान यातायात सम्बन्धी अनुशासन को बनाये रखना बड़ी चुनौती होती है। जशपुरनगर की घटना को ध्यान में रखते हुए राज्य भर के विसर्जन जुलुसों को व्यवस्थित बनाये रखना होगा। गणेश मंडलों की इस तरह से कतारबद्ध विसर्जन झांकियां निकाली जायें ताकि सड़कों के किनारे खड़े लोगों को वे ठीक से तो दिखें ही, जो विसर्जन कर रहे हैं, उन श्रद्धालुओं को भी कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिये और यदि उन रास्तों पर से सामान्य ट्रैफिक भी चल रहा है तो राहगीरों एवं वाहन चालकों को कोई समस्या न हो। वैसे तो पुलिस विसर्जन के रास्तों को या तो डाइवर्ट करती है अथवा एक तरफ का रास्ता खाली रखती है ताकि यातायात सुचारू रूप से चलता रहे। ऐसे वाहन जिनका इन जुलूसों से कोई लेना-देना नहीं हैं या वे इनका हिस्सा नहीं हैं, उनकी गति को नियंत्रित किया जाये। तेज गति या लापरवाहीपूर्ण ढंग से चलते वाहनों को संयमित करना ज़रूरी है।

विसर्जन के विशालकाय आयोजन के व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन तो जिम्मेदार है ही, लेकिन कहीं बड़ा उत्तरदायित्व सभी गणेशोत्सव मंडलों तथा सामान्य जनता का है। मंडल अपने कार्यकर्ताओं की मर्यादित तरीके से भागीदारी सुनिश्चित करे। किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार करने वाले कार्यकर्ताओं को ऐसे आयोजनों से दूर रखा जाये। छेड़छाड़, लड़ाई-झगड़ों से आयोजन मुक्त रहने चाहिये।

जहां प्रतिमाओं के विसर्जन होते हैं वहां गणेश मंडलों के पहुंचने तथा उनके विसर्जन सम्बन्धी कार्यक्रम का समय निर्धारित हो। आयोजक भी इस समय सीमा का ध्यान रखें। साथ ही, विसर्जन के लिये आवश्यक तादाद में ही कार्यकर्ता उतरें। वे लोग पानी से दूर रहें जो तैराकी नहीं जानते- खासकर गहरे तालाबों या नदियों से। सभी जगहों पर पुलिस एवं आपदा प्रबन्धन टीमें मौजूद होनी चाहिये।

# मांदर में बाढ़ पीड़ितों के लिए सरकार की संवेदनशील पहल

**जगदलपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। बस्तर जिले में पिछले सप्ताह हुई अतिवृष्टि ने जहाँ एक ओर जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया, वहीं बाढ़ के कारण लोहंडीगुड़ा तहसील के मांदर में लोगों ने भीषण आपदा का सामना किया है। इस स्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नेतृत्व में एक संवेदनशील पहल कर त्वरित राहत कार्य की मिसाल पेश की है। बाढ़ के कारण हुए नुकसान से जूझ रहे लोगों के लिए जिला प्रशासन द्वारा तत्काल सहायता और मुआवजे की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे पीड़ित परिवारों को एक बड़ी राहत मिली है। बाढ़ से प्रभावित गाँवों में राहत दल तेजी से काम कर रहे हैं। इसके साथ ही प्रभावित गांवों में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रभावित किसानों को किसान किताब वितरित की जा रही है, जो बाढ़ के कारण बह गई थी।




किसान किताब के मिलने से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और भविष्य में किसी भी सहायता के लिए पात्र बनने में मदद करेगी। वहीं प्रभावितों को नवीन राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड एवं बैंक पासबुक तैयार कर प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला प्रशासन की टीमें नुकसान का आकलन करने के लिए घर-घर सर्वे कर

**तत्परता से दी जा रही है मदद और मुआवजा**

रही हैं और पात्रता के अनुसार तत्काल राहत राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर कर भुगतान कर रही हैं। सरकार का ध्यान इस बात पर है कि किसी भी पीड़ित परिवार को उनकी जरूरत के समय अकेला न छोड़ा जाए। इसके लिए, मकान क्षति सहित पशु, फसल और घरेलू सामग्री की क्षति का विस्तृत ब्यौरा तैयार कर, हर एक प्रकरण पर गंभीरता से काम किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है, ताकि जरूरतमंद प्रभावितों तक मुआवजा राशि सीधे और समय पर पहुँच सके। स्थानीय प्रभावित परिवारों ने सरकार की इस पहल की सराहना की है। एक प्रभावित ग्रामीण मुरहा पटेल ने कहा, हमने सोचा था कि बाढ़ के बाद सब कुछ खत्म हो गया, लेकिन सरकार की इस त्वरित मदद ने हमें फिर से जीवन को नये सिरे से शुरू करने की उम्मीद दी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में किए जा रहे इस पहल को प्रशासन की ओर से एक मजबूत और मानवीय दृष्टिकोण के रूप में देखा जा रहा है। जो यह दर्शाता है कि आपदा की घड़ी में सरकार न सिर्फ राहत कार्य बल्कि पुनर्वास और भविष्य की सुरक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस तरह के प्रयास बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक और मानसिक दोनों तरह से सहारा देते हैं, जिससे उन्हें जीवन को सामान्य पटरी पर लाने में मदद मिलती है।

## जीएसटी नेक्स्ट जनरेशन पर स्वर्णिम फैसला, हर वर्ग को होगा लाभ : किरण देव

**जगदलपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लिया गया जीएसटी नेक्स्ट जनरेशन से जुड़ा निर्णय स्वर्णिम फैसला है। इस फैसले से समाज के हर वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा।



बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि अब सिर्फ दो जीएसटी स्लैब होंगे — 5त्न और 18त्न। इसका अर्थ है कि 12त्न और 28त्न वाले स्लैब को समाप्त कर दिया गया है और इनमें शामिल अधिकांश वस्तुएँ अब दो स्वीकृत टैक्स स्लैब में समाहित होंगी। इसके चलते कई सामान सस्ते हो जाएंगे। वहीं, विलासिता और हानिकारिक वस्तुओं के लिए 40त्न का एक अलग स्लैब मंजूर किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज के समग्र विकास और आर्थिक ढांचे को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। इसी कड़ी में लिया गया यह निर्णय समानता और समावेशी विकास को नई मजबूती प्रदान करेगा।

इस स्वर्णिम फैसले का देशभर में व्यापक स्वागत हो रहा है। समाज के विभिन्न वर्गों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय राष्ट्र के विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही, 10 ठेकेदारों को कलेक्टर ने किया ब्लैक लिस्टेड

**जगदलपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। बस्तर जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों में लापरवाही और धीमी प्रगति को लेकर के कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति हरिस एस ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर हरिस की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 10 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। यह निर्णय मंगलवार 02 सितंबर को कलेक्टर कार्यालय में हुई बैठक के दौरान लिया गया। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि मिशन मोड में संचालित इस योजना के तहत सभी ठेकेदारों को अपने कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई ठेकेदार या एजेंसी आगे भी लापरवाही बरतेगी या प्रगति में सुधार नहीं करेगी, तो उनके खिलाफ और सख्त कदम उठाए जाएंगे, जिसमें ब्लैक लिस्टिंग के अलावा वास्तविक प्रगति का मूल्यांकन और ठोस कार्रवाई शामिल होगी। कलेक्टर ने जोर देकर कहा, जल जीवन मिशन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान यह सामने आया कि ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों ने नोटिस जारी करने के बावजूद कार्यों में कोई प्रगति नहीं दिखाई। इन ठेकेदारों को 16 ग्रामों के टेंडर सौंपे गए थे, लेकिन उन्होंने कार्य शुरू नहीं किया या अधर में छोड़ दिया। ब्लैक लिस्टिंग का मुख्य आधार कार्यों में उदासीनता, समय पर पूर्ण न करना और योजना की भावना के विपरीत व्यवहार रहा। अमानत राशि राजसात कर ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों की सूची में यादव कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, गणपति सेल्स जगदलपुर, व्हीआर कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, बीआर.इन्वायारा सॉल्यूशन भिलाई, बंशीलाल गंजीर भानपुरी, आरबी ड्रिलर्स केशकाल, छत्रपति कन्स्ट्रक्शन जगदलपुर, भारत इन्फ्रा केशकाल, किसान बोरवेल्स केशकाल एवं लखन सिंह रायपुर शामिल हैं। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के तहत सभी कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए और प्रगति रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत की जाए। जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है, और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राज्य स्तरीय रोजगार मेला हेतु ऑनलाइन पंजीयन

**जगदलपुर,** 4 सितम्बर। राज्य में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी संस्थानों में नियोजित करने के उद्देश्य से 09 एवं 10 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सत्र 2022, 2023, 2024 एवं 2025 में उत्तीर्ण सभी दसवीं, बारहवीं, आईटीआई उत्तीर्ण एवं डिप्लोमा धारक युवा रोजगार कार्यालय के वेबसाइट erojgar.cg.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रभारी सयुंक्त संचालक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय आईटीआई जगदलपुर में 09 एवं 10 सितम्बर 2025 तक पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया है जो भी आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी पंजीयन नही करवाएं हैं ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी अपना शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर उक्त शिविर में पंजीयन करवा सकते हैं। बस्तर संभाग के सभी आईटीआई में ई-रोजगार पंजीयन किया जा रहा है।

अधिक जानकारी हेतु संस्था के प्लेसमेंट अधिकारी पहाड़ सिंह बारिक मोबाइल नंबर 9479248524 से सम्पर्क कर सकते है।

## हमारा लक्ष्य जगदलपुर को स्वच्छता में प्रथम लाना : संजय पाण्डे

**जगदलपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम जगदलपुर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सूखे एवं गीले कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन हेतु नए संयंत्रों की स्थापना तथा स्थापित संयंत्रों के उन्नयन और 5 वर्ष के संचालन एवं संधारण के लिए 10 करोड़ 81 लाख 22 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त स्वीकृति के अंतर्गत 9 मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटरों का उन्नयन तथा एक नवीन एमआरएफ सेंटर की स्थापना की जाएगी। साथ ही एक नवीन ड्राई वेस्ट प्लांट और एक नवीन विंड रो वेट वेस्ट प्लांट भी स्थापित होंगे।

**कचरा प्रबंधन हेतु संयंत्रों की स्थापना एवं उन्नयन के लिए 10 करोड़ 81 लाख 22 हजार रुपये स्वीकृत**

इस परियोजना में बेलिंग मशीन, फटका मशीन, वेट ब्रिज, कन्वेयर बेल्ट सहित अन्य आवश्यक आधुनिक मशीनों की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए मशीनरी पर 139.70 लाख रुपये, निर्माण कार्य पर 545.89 लाख रुपये तथा 5 वर्ष के संधारण हेतु 355.13 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे।



नगर निगम का मानना है कि इन उन्नत सुविधाओं से पूरे शहर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली और प्रभावी होगी, साथ ही गीले एवं सूखे कचरे को पृथक कर रीसाइक्लिंग एवं पुन: उपयोग की प्रक्रिया को गति मिलेगी। इस पहल से न केवल स्वच्छता व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा बल्कि इससे जुड़ी स्वच्छता दीदियों की आय में भी वृद्धि होगी। यह योजना शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरण हितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि जगदलपुर शहर को स्वच्छ और पर्यावरण हितैषी बनाने की दिशा में यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी। आधुनिक संयंत्रों और तकनीकों के माध्यम से कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन होगा, जिससे शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा। नवीन ड्राई वेस्ट प्लांट और एक नवीन विंड रो वेट वेस्ट प्लांट भी स्थापित होंगे। इस पहल से स्वच्छता दीदियों की आय में भी बढ़ोतरी होगी और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था और मजबूत होगी। हमारा लक्ष्य जगदलपुर को स्वच्छता सर्वेक्षण में अग्रणी शहरों की श्रेणी में लाना है।

## बस्तर जिला कांग्रेस ने बाढ़ पीड़ितों की मदद हेतु बढ़ाया हाथ





**जगदलपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा बाढ़ पीड़ित परिवारों के राहत सामग्री सहित अन्य सुविधाएं को लेकर बुधवार को लोहण्डीगुड़ा के ग्राम मांदर सहित अन्य ग्राम रवाना हुई, बाढ़ पीड़ित परिवारों हेतु पंहुची राहत सामग्री को कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने बाढ़ प्रभावितों से मिलकर उन्हें राहत सामग्री बांटी साथ ही बच्चों को कॉपी, पेन आदि का वितरण किया गया। खुशी से परिपूर्ण बच्चों बाढ़ पीड़ित परिवारों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला सहित समस्त कांग्रेसजन का धन्यवाद ज्ञापित किया। बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री जैसे राशन, बच्चों को पेन कॉपी सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं जैसी सामग्री का कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा वितरण किया गया। विगत दिनों भारी बारिश से आई बाढ़ में बस्तर के अधिकांश लोगों ने अपनी पूंजी सहित बहुत कुछ गंवा दिया जिसको देखते कांग्रेस पार्टी ने मदद का हाथ बढ़ाया और आवश्यकता पड़ने पर आगे भी कांग्रेस पार्टी प्रथम पंक्ति पर खड़े रहेगी। इस राहत सामग्री वितरण के दौरान प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, निकेत झा, सुषमा सुता, रविशंकर तिवारी, असीम सुता, अनुराग महतो, नीतीश शर्मा, ललिता राव, एस नीला, सायमा अशरफ, ज्योति राव, सुनीता दास, उस्मान रजा, रजत जोशी, खीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

**बाढ़ पीड़ितों को राशन, बच्चों को पेन कॉपी सहित अन्य मूलभूत सामग्री का किया वितरण**

## बस्तर संभाग के अतिवृष्टि प्रभावित जिलों में मकान क्षति के 1694 प्रकरणों में प्रभावितों को मिली 8 करोड़ 81 लाख रुपए से अधिक मुआवजा

**जगदलपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। बस्तर संभाग के बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले में बीते सप्ताह हुई अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों के राहत एवं पुनर्वास के लिए राज्य सरकार संवेदनशील पहल कर रही है। इस दिशा में जहां प्रभावितों को राहत शिविरों में भोजन, चिकित्सा सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं मकान क्षति, पशुधन हानि एवं फसल क्षति का सर्वेक्षण कर आरबीसी 6-4 के तहत स्वीकृत मुआवजा राशि प्रभावितों को प्रदान किया जा रहा है। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह के द्वारा अतिवृष्टि प्रभावितों को हरसंभव मदद देने के निर्देश के परिपालन में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत अब तक इन सभी जिलों में मकान क्षति के 1694 प्रकरणों में प्रभावितों को 08 करोड़ 81 लाख 49 हजार रुपए मुआवजा राशि प्रदान किया गया है। वहीं पशुधन क्षति एवं फसल क्षति का आंकलन कर अब तक स्वीकृत 48 प्रकरणों में 04 लाख 80 हजार रुपए मुआवजा राशि वितरित किया गया है।

**पशुधन एवं फसल क्षति का भी मुआवजा राशि वितरित**

राज्य शासन की राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अनुसार अतिवृष्टि प्रभावित बस्तर जिले के अंतर्गत पूर्ण मकान क्षति के 103 प्रकरणों में एक करोड़ 29 लाख 63 हजार रुपए एवं आंशिक मकान क्षति के 356 प्रकरणों में 18 लाख 10 हजार रुपए, दंतेवाड़ा जिले के अंतर्गत पूर्ण मकान क्षति के 420 प्रकरणों में 05 करोड़ एक लाख 76 हजार रुपए तथा आंशिक मकान क्षति के 562 प्रकरणों में एक करोड़ 96 लाख 20 हजार रुपए, बीजापुर जिले के अंतर्गत पूर्ण मकान क्षति के 26 प्रकरणों में 18 लाख 45 हजार रुपए एवं आंशिक मकान क्षति के 35 प्रकरणों में एक लाख 17 हजार रुपए और सुकमा जिले के अंतर्गत पूर्ण मकान क्षति के 10 प्रकरणों में 11 लाख 05 हजार रुपए एवं आंशिक मकान क्षति के 182 प्रकरणों में 05 लाख 13 हजार रुपए मुआवजा राशि सम्बंधित प्रभावित परिवारों को आवास निर्माण एवं मरम्मत कार्य के लिए प्रदान किया जा चुका है। साथ ही इन प्रभावितों को बांस-बल्ली भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अलावा आवश्यकता के अनुरूप प्रभावित परिवारों को सूखा राशन, बर्तन, कपड़े एवं अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा है। ज्ञात हो कि उक्त जिलों में सर्वेक्षण के अनुसार प्रारंभिक तौर पर कुल 688 मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं और 1449 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त पाए गए हैं। वहीं 176 पशुधन की क्षति हुई है, साथ ही करीब 590 हेक्टेयर फसल की क्षति हुई है। इन सभी क्षति का प्रकरण तैयार कर स्वीकृति के अनुरूप मुआवजा राशि प्रभावितों को प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में इन जिलों के 15 राहत शिविरों में 800 से ज्यादा प्रभावितों को भोजन, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है।

## बाढ़ प्रभावित मांदर में सहकारी बैंक की खास पहल

### पासबुक वितरण और माइक्रो एटीएम से ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत




**जगदलपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। बस्तर जिले में पिछले सप्ताह हुई अतिवृष्टि से प्रभावित गाँव मांदर के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। कलेक्टर एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर के प्राधिकृत अधिकारी हरिस एस की विशेष पहल पर शाखा लोहंडीगुड़ा और आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अलनार ने बाढ़ पीड़ितों को उनके जरूरी दस्तावेज और पैसों तक पहुंचने में मदद की है।

**बाढ़ पीड़ितों को मिली बड़ी मदद:** बाढ़ के कारण मांदर गाँव के कई घरों का घरेलू सामान बह गया था, जिसमें ग्रामीणों के महत्वपूर्ण दस्तावेज भी शामिल थे। इन दस्तावेजों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड और बैंक पासबुक जैसी चीजें शामिल थीं, जिनके बिना सरकारी योजनाओं और बैंक सेवाओं का लाभ उठाना मुश्किल हो रहा था।

**पासबुक और माइक्रो एटीएम से हुआ भुगतान:** ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर के प्राधिकृत अधिकारी श्री हरिस एस की विशेष पहल पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक लोहंडीगुड़ा ने गाँव में ही नवीन बैंक पासबुक का वितरण किया। इसके साथ ही आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अलनार ने माइक्रो एटीएम मशीन की व्यवस्था की है। इसके माध्यम से जिन किसानों के पास एटीएम कार्ड था, उन्हें तत्काल उनकी जरूरत के अनुसार नकदी का भुगतान किया जा रहा है।

**किसानों को मिली खेती के लिए राहत:**

इस पहल से सबसे अधिक फायदा उन ग्रामीण परिवारों को हुआ है, जिनकी खेती-किसानी के लिए पैसे निकालने की सख्त जरूरत थी। नई पासबुक मिलने से वे अब अपने बैंक खाते से आसानी से रकम निकाल सकते हैं, जिससे उन्हें अपनी फसल और खेती से जुड़े कार्यों को फिर से शुरू करने में मदद मिलेगी। इस मुश्किल घड़ी में बैंक और समिति द्वारा किए गए इस प्रयास ने ग्रामीणों को एक बड़ा सहारा दिया है, जिससे वे अपनी जिंदगी को पटरी पर लाने की कोशिश कर सकें।

# मुख्यमंत्री के प्रवास के बाद राहत-पुनर्वास में तेजी

- कलेक्टर कुणाल दुदावत लगातार कर रहे प्रभावितों से मुलाकात
- दंतेवाड़ा के बाढ़ प्रभावितों को 5 करोड़ की सहायता राशि
- आंशिक मकान क्षति के लिए 2 करोड़ 6 लाख 24 हजार रुपये
- 12 राहत शिविरों में 5 सौ 6 प्रभावितों को आश्रय



**दंतेवाड़ा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले में हाल ही में हुई अतिवर्षा से प्रभावित परिवारों को प्रशासन की ओर से त्वरित राहत और सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत स्वयं प्रतिदिन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर घर-घर जाकर स्थिति का निरीक्षण कर रहे हैं और पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ले रहे हैं।

अब तक बाढ़ प्रभावित 420 परिवारों को 1 लाख 20 हजार के मान से कुल 5 करोड़ 4 लाख 7 हजार रुपये की सहायता राशि वितरित की जा चुकी है। इसी प्रकार आंशिक क्षति के अतंर्गत 6 सौ 2 परिवारों को 2 करोड़ 6 लाख 24 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है। पशु क्षति अतंर्गत 7 लाख 39 हजार 800 रुपये की राशि दी गई है। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा अन्य शेष प्रभावितों परिवारों को सहायता राशि वितरित करने की कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर राहत और पुनर्वास की व्यवस्था की गयी है। जिले में वर्तमान में 12 राहत शिविर संचालित हैं, जिनमें 506 व्यक्ति ठहरे हुए हैं। शिविरों में रहने वाले तथा अन्य प्रभावित परिवारों को मिलाकर प्रतिदिन लगभग 560 व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। अतिवर्षा से उपजी परिस्थितियों पर जिला प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी प्रभावित परिवार को राहत और सहायता से वंचित न रहना पड़े। इसके अलावा प्रभावित नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति कंट्रोल रूम नंबर 07856-252412 पर संपर्क कर अपनी समस्या या जानकारी दे सकता है। उल्लेखनीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, राजस्व सचिव श्रीमती रीना कंगाले, प्रभारी सचिव डॉ. प्रियंका शुक्ला, मुख्यमंत्री के सचिव सुबोध कुमार सिंह, बाढ़ प्रभावितों का हाल जानने दंतेवाड़ा पहुंचे थे। यहां प्रभावितों से भेंट करने के बाद सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा और बस्तर जिले की संयुक्त बैठक हुई थी। इसमें बाढ़ के बाद उपजी समस्या और राहत तथा पुनर्वास कार्यो की समीक्षा की गई थी। मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा सहित बाढ़ प्रभावित तीन अन्य जिलों के कलेक्टरों को राहत तथा पुनर्वास में तेजी लाने के निर्देश दिये थे। इसी के अनुरूप दंतेवाड़ा कलेक्टर कुणाल दुदावत लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और राहत कार्यो की स्वयं निगरानी भी कर रहे हैं। इसके बेहतर परिणाम भी सामने आ रहे हैं।



टेकनार चौक, आंवराभाटा, दंतेश्वरी मंदिर परिसर बस स्टैंड, पीडब्ल्यूडी कालोनी, दुर्गा चौक, पुराना डीएफओ आफिस, सुरभि कालोनी

## दंतेश्वरी धाम में भक्तिभाव से विराजित भगवान गणपति

दंतेवाड़ा, 4 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेश्वरी धाम दंतेवाड़ा में गणेशोत्सव की धूम है। कई स्थानों पर भगवान गजानंन की स्थापना की गई है। भजन-कीर्तन और पूजन से भक्ति पूर्ण माहौल बना हुआ है।

## भगवान गणपति की आराधना में लीन श्रद्धालु

- श्रद्धा के साथ 8वें दिन अर्पित किया 56 भोग
- हुडको कालोनी में धुमधाम के साथ मनाया जा रहा गणेशोत्सव



**दंतेवाड़ा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा नगर की हुडको कालोनी में विराजमान प्रथम पूज्य भगवान गणेशजी को भक्तों ने 56 भोग चढ़ाकर पूरे मन से उनकी पूजा आराधना की। तदोपरांत सभी भक्तों में प्रसाद वितरण किया। कालोनी में हर वर्ष गणेशोत्सव धुमधाम के साथ मनाया जाता रहा है।
इसी कड़ी में इस वर्ष भी हुडको कालोनी में संजय शर्मा के नेतृत्व में आकर्षक गणेशजी की प्रतिमा स्थापित की गई है। सुबह-शाम गणेशजी की पूजा पाठ एवं आरती भी की जा रही है। अपने प्रिय बप्पा का आशीर्वाद लेने बड़ी संख्या में कालोनी के भक्त सुबह शाम पंडालों में पहुंच रहे हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 7 हुडको कालोनी में हर वर्ष गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गणेशजी की स्थापना की जाती है। इस वर्ष भी मोहल्ले के सभी भक्तों ने मिलकर गणेशजी की स्थापना की है। पंडाल में विराजे गणेशजी की पूजा एवं आरती सुबह-शाम की जा रही है। भक्तों में उत्साह का माहौल है। बुधवार की संध्या 8वें दिन भगवान गणेशजी को भक्तों ने 56 व्यंजनों का भोग चढ़ाया और पूजा अर्चना कर महाआरती की। पंडित मिश्र ने बताया कि भगवान गणेशजी को अलग-अलग प्रकार के व्यंजन खाना बेहद पंसद है। उन्हें मीठा व्यंजन पसंद है, इसलिए भक्त अपने-अपने पसंद के हिसाब से अलग-अलग तरह के पकवान बनाकर उन्हें 56 भोग के रूप में चढ़ाते हैं। ऐसा माना जाता है कि बप्पा इससे प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों को मनोवांछित फल प्रदान करते हैं। परंपरानुसार 11वें दिन अनंत चतुदर्शी पर धुमधाम के साथ बप्पा की पूजा आरती कर उन्हें देर शाम नदी में विसर्जित कर दिया जाएगा।

# बेहद चुनौती पूर्ण होने लगा है शिक्षकीय जीवन- मधु उके

- राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका के विचार
- नई पीढ़ी को ज्ञानवान बनाकर समाज में आगे बढ़ाना सबसे बड़ा दायित्व
- शिक्षक होना अपने आप में गर्व का विषय



**दंतेवाड़ा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। जिले की राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका मधु उके का मानना है कि शिक्षकीय जीवन अब बेहद चुनौती भरा हो गया है। बच्चों का भविष्य गढ़ने की महती जिम्मेदारी शिक्षकों की होती है, लेकिन बदलते सामाजिक परिवेश में यह जिम्मेदारी निभाना बड़ा मुश्किल कार्य होता जा रहा है। मधु को पिछले वर्ष राज्यपाल शिक्षक सम्मान प्राप्त हुआ था।

शिक्षक दिवस के मौके पर अपने विचार व्यक्त करते मधु उके ने कई पहलुओं पर बेबाकी से अपनी बात रखी है। उनका कहना है कि शिक्षकीय जीवन जीना मात्र पेशेवर जीवन नहीं, बल्कि जीवन में उस पेशे के प्रति आत्मीयता का भाव और आचरण में ईमानदारी के साथ सामाजिक सरोकार से जुड़कर बिना अधिकारों की लालसा के कर्तव्यों के प्रति सदैव सजगता और उसमें झलकता अनुशासन आपको प्रेरणादाई बनाता है। वर्तमान परिदृश्य में शिक्षक की भूमिका बेहद हाशिए पर नजर आती है। अब यह पेशा भी इतर पेशो की तरह रोजगार का साधन बनता अधिक दिखाई देने लगा है। छात्रों के प्रति उत्तरदायित्वों में आई गिरावट और समाज से मिल रही उलाहना ने शिक्षक के जीवन को बहुत हद तक प्रभावित किया है। बेशक हम किताबों की दुनियां से बच्चो को एकलव्य और आरूणि की गुरुभक्ति बताकर उनके नक्शे कदम पर चलने की प्रेरणा देते हैं परन्तु हम स्वयं एक बेहतर गुरु नहीं बन पाते। शिक्षक बनकर किताबी विषयों को पूरा कर देना अलग बात है परन्तु अपने छात्रों में उदारता, संवेदनशीलता, समाज के साथ सामंजस्य स्थापित करने की सीख के साथ ही नैतिक मूल्यों का विकास शिक्षक के प्राथमिक दायित्व है। हम इन दायित्वों के साथ नई पीढ़ी को अनुशासित करे ताकि समाज और राष्ट्र के प्रति वे जिम्मेदार बन सकें। किताबों के बाहर भी एक बहुत बड़ी दुनिया है जिनसे बच्चे मुखातिब हो सके ताकि बदलते परिवेश और जीवन की आपा धापी के बीच खुद को संतुलित कर सके।

मानसिक रूप से बच्चे परिपक्व हो सकें, छोटी बड़ी मुश्किलों में धैर्यवान बन सके। सकारात्मक ऊर्जा के साथ सीखने सिखाने की इस पाठशाला से निकलकर समाज के लिए वे उपयोगी हो सके, तब तो शिक्षक होना सार्थक हो पाएगा, वरना शिक्षक दिवस पर केवल सम्मानित हो जाना महज एक औपचारिकता मात्र होगी। पिछले वर्ष मिले राज्यपाल पुरस्कार ने मुझे और अधिक कर्तव्यवान होने को विवश कर दिया है। मुझे लगता है, समाज ने मुझे जो कुछ भी दिया है उसे दोगुना करके लौटना मेरी जवाबदेही है। इस शिक्षक दिवस मेरी सभी को यही शुभकामनाएं है कि हम सब मिलकर एक ऐसे समाज को गढ़ें जो भविष्य में निरंतर सकारात्मक रूप से बढ़े। मेरे माता-पिता और परिवार ने मुझे बेहतर भाग्य दिया, परन्तु मेरे जीवन में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहभागी सभी गुरुओं के प्रति मै सदैव कृतज्ञ हुं और शुक्रिया उन तमाम बच्चो का जिन्होंने मुझे शिक्षक होने का सौभाग्य दिया। यदि पूरे शिक्षकीय जीवन में हजारों बच्चो से टकराकर चंद बच्चो का जीवन भी मै दिशा वान बना पाई तो मुझे लगेगा मैने अपना जीवन सार्थक कर लिया।

# स्काउट गाइड व रेड क्रॉस के छात्र-छात्राओं की सराहनीय पहल



**फरसगांव** , 4 सितम्बर (देशबन्धु)। सेवार्थ ही परमार्थ है (सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है) की भावना को आत्मसात करते हुए, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आलोर के स्काउट गाइड और रेड क्रॉस के छात्र-छात्राओं ने एक सराहनीय पहल की। उन्होंने साल में एक बार खुलने वाले माँ लिंगेश्वरी के मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की निस्वार्थ भाव से सेवा की इस सेवा कार्य का मार्गदर्शन स्काउट गाइड के प्रभारी जितेंद्र कुमार झा ने किया। उनके नेतृत्व में छात्रों ने श्रद्धालुओं के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने मंदिर तक जाने का रास्ता दिखाया, पीने का पानी उपलब्ध कराया, और प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण भी किया। इन छात्रों का यह प्रयास न केवल उनकी सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि युवा पीढ़ी सेवा और परोपकार के मूल्यों को गंभीरता से लेती है। उनके इस कार्य से प्रभावित होकर, पूरे विद्यालय परिवार ने प्रभारी जितेंद्र कुमार झा और सेवा में लगे सभी छात्रों को उनके सराहनीय योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस तरह के कार्य यह संदेश देते हैं कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि उसे समाज के कल्याण के लिए उपयोग करना भी है। आलोर के इन छात्रों ने अपनी सेवा से यह साबित कर दिया कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

# पीएम आवास योजना ग्रामीणों के लिए वरदान पक्के आशियाने का सपना हुआ साकार

- दंतेवाड़ा जिले में 2 हजार से ज्यादा आवास तैयार
- गामावाड़ा पंचायत में 135 दिनों में तैयार हुआ एक आवास



**दंतेवाड़ा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) जिले के गरीब परिवारों के लिए आशियाने का बड़ा सहारा बन रही है। इस योजना के तहत अब तक जिले के सैकड़ों परिवारों को पक्के और सुरक्षित मकानों का लाभ मिल चुका है। कच्चे घरों से पक्के मकानों में शिफ्ट हुए परिवार अब सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। गौरतलब है कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र लाभार्थी को तीन किस्तों में 1 लाख 20 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाती है। इसके साथ ही 90 दिन का मनरेगा रोजगार भी उपलब्ध कराया जाता है, ताकि ग्रामीणों को न केवल आवास बल्कि रोजगार का भी सहारा मिल सके। सबका साथ, सबका विकास की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित हो रही है। दंतेवाड़ा जैसे वनांचल क्षेत्र में भी यह योजना लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है। कलेक्टर कुणाल दुदावत और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में आवास निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जा रहे हैं। बरसात और निर्माण सामग्री की कमी जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद प्रशासन ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस क्रम में जनपद पंचायत दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत गामावाड़ा के नियद नेल्लानार क्षेत्र में मात्र 135 दिनों में एक आवास का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया। आम तौर पर कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले दंतेवाड़ा जिले में निर्माण कार्यों में अपेक्षाकृत अधिक समय लगता है, लेकिन रिकॉर्ड समय में मकान का तैयार होना प्रशासन की दक्षता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। योजना के तहत जिले में अब तक 2 हजार 118 और केवल जनपद दंतेवाड़ा में 547 पक्के मकान बनकर तैयार हो चुके हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि आने वाले समय में और अधिक पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जाएगा, ताकि हर परिवार को पक्के घर का सपना साकार हो सके।

# कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के खेतों में भ्रमण



**बीजापुर ,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर के वैज्ञानिकों द्वारा जिले के किसानों के खेतों में भ्रमण किया गया। इस दौरान खेत में धान की फसल पर पत्ती मोड़क कीट (चितरी कीट) एवं केस वार्म कीट प्रकोप अधिकतर खेतों में देखा गया है। पत्ती मोड़क कीट (चितरी कीट) इल्ली अवस्था में फसल को नुकसान पहुंचाती है। पूर्ण विकसित इल्ली हरे रंग व 20-25 मि.मी. लम्बी होती है। यह कीट पत्तियों के दोनों किनारों को आपस में जोड़कर पत्तियों का हरा पदार्थ खुरजकर खा जाती हैं जिससे पत्तियों पर सफेद धारियां बन जाती है। केस वार्म कीट को बंकी कीट भी कहा जाता है इस कीट की इल्ली अवस्था फसल को नुकसान पहुंचाती है, पूर्ण विकसित इल्ली हरे रंग की व 15 से 20 मि.मी. लम्बी होती है। यह कीट पत्तियों को उपर से काटकर उसका खोल जैसा बना लेती है व इसके अन्दर रहते हुए पत्तियों पर चढ़कर हरा पदार्थ खुरजकर खाती है, जिससे पत्तियां उपर से कटी हुई व सफेद धारी युक्त दिखाई देती है। किसानों को पत्ती मोड़क एवं केस वार्म कीट के प्रबंधन के संबंध में जानकारी किसानों को दिया गया, इसे नष्ट करने हेतु इण्डोक्साकार्ब 15.80 प्रतिशत ई.सी. 200 मि.ली. प्रति हेक्टेयर या कार्टाप हाइड्रोक्लोराईड 50 डब्ल्यू. पी 1 किलो प्रति हेक्टेयर एवं केस वार्म नियंत्रण के लिए फेन्थोएट 50 प्रतिशत ई.सी. 500 मि.ली. प्रति हेक्टेयर या चॉनालफॉस 25 प्रतिशत को 2 मिली लीटर प्रति लीटर में छिड़काव के लिए निर्देश दिया गया। इसके साथ ही धान में नत्रजन पोषक तत्व की कमी के प्रबंधन के लिए नैनो यूरिया के प्रयोग 2-4 मिलीलीटर प्रति लीटर में छिड़काव एवं खरपतवार से होने वाली नुकसान और खरपतवार के प्रबंधन के बारे में जानकारी किसानों को दी गई। इसी प्रकार धान के आलावा भिन्डी, केला, और बरबट्टी फसलों के खेतों में भी भ्रमण किया गया। सब्जियों के फसल में लगाने वाले कीट एवं बीमारियों के संबंध एवं प्रबंधन के बारे में किसानों को जानकारी दिया गया। इसके साथ ही रबी मौसम में बोये जाने वाले फसलों बीज उपचार के लाभ के बारे में किसानों को जानकारी प्रदान किया गया।

सब्जी वर्गी फसलों में उचित जल निकास प्रबंधन के बारे में बताया गया।

# गीदम की दो शिक्षिकाओं को राज्यपाल शिक्षक सम्मान

- शिक्षक दिवस पर आज राजभवन में होंगी सम्मानित
- श्रीमती सुमन जार्ज और श्रीमती सुनीता अजित ने बढ़ाया जिले का मान



**दंतेवाड़ा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के मौके पर दंतेवाड़ा जिले की गीदम ब्लाक से दो शिक्षिकाओं को राज्य स्तरीय राज्यपाल शिक्षक सम्मान मिलने जा रहा है। 5 सिंतबर शिक्षक दिवस के मौके पर राजधानी के गरिमामय समारोह में शिक्षिकाएं सम्मानित होंगी। सम्मानित होने वाली शिक्षिकाओं में शासकीय माध्यमिक शाला पटेलपारा की प्रधान अध्यापक श्रीमती सुमन जार्ज और सहायक शिक्षक शासकीय बालक प्राथमिक शाला गीदम श्रीमती सुनीता अजित शामिल हैं। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह राजभवन में आयोजित होगा। इसमें महामहिम राज्यपाल, प्रदेश के मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस बार पूरे प्रदेश भर में राज्यपाल शिक्षक सम्मान के लिए कुल 64 शिक्षकों का चयन हुआ है। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान, योग्य और उत्कृष्ट शिक्षकों को दिया जाता है। इसका उद्देश्य शिक्षकों के कार्य और योगदान का सम्मान करना है। इसमें शिक्षकों की नवाचारी शिक्षण शैली, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा समाज व शिक्षा में योगदान को महत्व दिया जाता है। इस पुरस्कार का उद्देश्य, अन्य शिक्षकों को प्रेरित करना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। यह पुरस्कार शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यो को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु दिया जाता है। इधर जिला स्तर पर भी शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025 शिक्षक सम्मान समारोह स्कूल शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा का आयोजन है। यह आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय दंतेवाड़ा में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा।

## अंतर्विभागीय समन्वय एवं समुदाय की सहभागिता से ही सफल होगा आदि कर्मयोगी अभियान

**कोण्डागांव** , 4 सितम्बर (देशबन्धु)।जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से आदि कर्मयोगी अभियान शुरू की गई है। इस अभियान के अंतर्गत आदिवासी विकास विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को नीलाम हॉल, वन काष्ठागार में हुआ। जिसमें 07 जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा विकासखंड स्तर के 35 मास्टर ट्रेनर और एनजीओ के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गौरतलब है की जिले में 5 विकास खण्डों के 352 गांवों को इसमें शामिल किया गया है। इन गांवों के विकास के लिए 'विज़न 2030' के अनुरूप योजनाएँ तैयार की जायेगी। इस अभियान अंतर्गत जिले में 352 आदि सेवा केन्द्र स्थापित होंगे, जहां शिकायत निवारण पंजी, संयुक्त भ्रमण पंजी और प्रत्येक सोमवार को 'आदि सेवा ऑवर' जैसी व्यवस्थाएं होंगी। इस अभियान के लिए 100 से अधिक आदि कर्मयोगी परिवर्तनकारी नेतृत्व देंगे और 8800 से अधिक साथी व सहयोगी युवाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाएंगे। यह अभियान 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को मूर्त रूप देते हुए जनजातीय क्षेत्रों में विकास की नई दिशा तय करेगा।

प्रशिक्षण के दुसरे दिन जनपद पंचायत कोंडागांव की अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम और उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

## महिला सशक्तिकरण की ओर एक कदम

- 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान 02 से 12 सितम्बर 2025

**बीजापुर** , 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 10 दिवसीय संकल्प के अंतर्गत महिला केन्द्रि विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान 02 सितम्बर से 12 सितम्बर 2025 तक संचालित किया जा रहा है, इस क्रम में जिले के सभी परियोजनाओं में स्कूल, कॉलेज, पोटाकेबिन, आईटीआई, पोलीटेक्निक एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मूल उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं को केन्द्र एवं राज्य सरकार की महिला केन्द्रित योजनाओं, नीतियों तथा अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनके कौशल एवं क्षमता निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, किशोरी बालिकाऐं, गर्भवती महिलायें, शिशुवती माताऐं एवं स्थानीय लोग शामिल हो रहे है, और शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त कर रहें, कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान, बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़, नोनी सुरक्षा, सखी वन स्टॉप सेन्टर, मुख्यमंत्री कन्या विवाह, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, सक्षम महिला कोष अंतर्गत महिलाओं को ऋण, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, बच्चों एवं महिलाओं के अनैतिक व्यवहार, गुड टच बेड टच, चॉईल्ड हेल्पलॉईन नं.1098, महिला हेल्पलॉईन नं 181, महिलाओं को बताया जा रहा है।

# बहाली के बाद बीईओ की दोबारा पोस्टिंग पर बवाल

- गीदम के शिक्षकों ने किया आंदोलन का ऐलान
- कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जतायी नाराजगी
- आज से 23 सितंबर तक अलग-अलग विरोध प्रदर्शन



**दंतेवाड़ा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के गीदम ब्लाक में खण्ड शिक्षा अधिकारी यानि बीईओ के खिलाफ शिक्षक लामबंद हो गए हैं। शिक्षक दिवस के ठीक एक दिन पहले इस मुद्दे पर शिक्षक संगठन ने कलेक्टर कुणाल दुदावत को ज्ञापन सौंप कर बीईओ शेख रफीक को हटाने की मांग की।

शालेय शिक्षक संघ की गीदम ब्लाक ईकाई का कहना है कि निलंबन के बाद बीईओ को बहाल करते हुए गीदम में ही पोस्टिंग दी गई है, यह नियमों के खिलाफ है। युक्तियुक्तकरण मुद्दे पर उन्हें निलंबित किया गया था। बहाल करते हुए उनके खिलाफ जांच जारी रहने की बात भी कही गई है। श्री रफीक खुद बीईओ रहेंगे और उन्हीं के खिलाफ जांच होगी, यह बड़ा हास्यास्पद विषय है। कलेक्टर और डीईओ को सौंपे ज्ञापन में इस बात का उल्लेख किया गया है कि जिस प्रकरण के चलते बीईओ निलंबित हुए, अब वही उसी कार्यकाल की जांच के दायरे में रहेंगे। प्रकरण की जांच प्रभावित होगी। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर दबाव डालकर जांच का परिणाम अपने हित में करने का प्रयास करेंगे। ऐसी स्थिति में जांच की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह उठेगा। इनके खिलाफ पहले भी शिकायत की जांच हुई तो उन्होंने संबंधित प्रताड़ित शिक्षकों को डरा धमकाकर जांच को प्रभावित किया था। संबंधित बीईओ द्वारा शिक्षकों को आर्थिक रूप से सामान्य कार्यालयीन कार्य के लिए प्रताड़ित किया जाता रहा है।

बीईओ श्री रफीक की इन परिस्थितियों में पुन: पदस्थापना से शिक्षक हतोत्साहित और आक्रोशित हैं। शिक्षा गुणवत्ता इससे प्रभावित होगी। ऐसे में इन्हें हटाकर किसी योग्य, ईमानदार और निष्पक्ष अधिकारी की पोस्टिंग उचित होगी। सौंपे ज्ञापन में बीईओ के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान भी किया गया है। इसी के तहत आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। 8 सितंबर को कमिश्नर और जेडी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 9 से 13 सितंबर तक शिक्षक, काली पट्टी लगाकर अध्यापन करेंगे और अपना विरोध जतायेंगे। 15 सितंबर को एक दिन की छुट्टी लेकर ब्लाक स्तर पर धरना देंगे। 16 से 25 सितंबर तक क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों से मिलकर जन समर्थन हासिल करेंगे और 23 सितंबर से ब्लाक स्तरीय अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जायेंगे।

# ग्राम मूंगवाल के 50 बच्चों का बनाया गया जन्म प्रमाण पत्र

## प्रमाण पत्र बनने से बच्चों के अभिभावकों को बड़ी राहत

**कोण्डागांव**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला प्रशासन की पहल से कोंडागांव विकास खंड के ग्राम पदनार और मुंगवाल के 50 बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देष पर जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ने गांव में पहुंचकर बच्चों के यह प्रमाण पत्र वितरित किया।

जन्म प्रमाण पत्र बनने से बच्चों के अभिभावकों को बड़ी राहत मिली है। अब तक प्रमाण पत्र न होने के कारण वे शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित थे। प्रशासनिक प्रयासों के बाद अब बच्चों को शिक्षा, छात्रवृत्ति और अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

ज्ञात हो कि जनदर्शन में ग्राम पंचायत पदनार अंतर्गत सुदूर क्षेत्र मूंगवाल के ग्रामीणों द्वारा 50 बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनने की समस्या से अवगत कराया गया था, जिसके कारण बच्चों की अपार आईडी भी नहीं बन पा रहा था। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा तहसीलदार मर्दापाल एवं जिला रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) को सभी बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र जल्द से जल्द बनाने के निर्देश दिए थे। तहसीलदार एवं जिला रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) के संयुक्त तत्वाधान में त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी 50



बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र प्राथमिक शाला मूंगवाल में वितरित किया गया। ग्रामीणों ने इसके लिए शासन प्रशासन के प्रति आभार जताया।

### जन्म या मृत्यु पंजीयन कैसे करवायें ?

जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ने बताया कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु होने के 21 दिवस के भीतर-निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। शासकीय अस्पताल में प्रसव होने पर डिस्चार्ज के पूर्व जन्म प्रमाण पत्र उसी संस्थान से प्राप्त करें। शासकीय अस्पताल में मृत्यु होने पर प्रमाण पत्र उसी संस्थान से प्राप्त करें। निजी अस्पताल, घर, अन्य स्थान में जन्म, मृत्यु होने पर पंजीयन हेतु संबंधित नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत में सूचित करें।

शिशु के नाम के बिना भी जन्म पंजीयन कराया जा सकता है। जन्म पंजीयन की तारीख से 12 मास के भीतर शिशु का नाम निःशुल्क जोड़ा जावेगा। जन्म, मृत्यु पंजीयन कराने के पश्चात प्रमाण पत्र लेना न भूले। जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र कानूनी पहचान एवं सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने हेतु महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं। प्रमाण पत्र में नाम तथा तिथि सावधानीपूर्वक दर्ज कराएं जिससे बाद में किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। जन्म या मृत्यु पंजीयन कराने के लिए मोबाइल नंबर तथा ई मेल की जानकारी अवश्य दें।

### जन्म या मृत्यु पंजीयन कराने हेतु आवश्यक दस्तावेज

जन्म या मृत्यु पंजीयन कराने हेतु आवश्यक दस्तावेजों में पहचान प्रमाण (आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस आदि), निवास का प्रमाण (बिजली बिल, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस आदि), मृत्यु पंजीयन के लिए मृत्यु का स्थान एवं मृत्यु तिथि का प्रमाण (चिकित्सक द्वारा प्रमाणित पत्र, पंचनामा आदि) शामिल है।

### ऑनलाइन जन्म या मृत्यु पंजीयन कैसे करें ?

निर्धारित सरकारी पोर्टल के माध्यम से घर में हुई घटना की सूचना 21 दिनों के भीतर रिपोर्ट कर सकते है। 21 दिवस के पश्चात भी ऑनलाइन सूचना दी जा सकती है। प्रत्येक जन्म या मृत्यु हेतु अलग-अलग सूचना देना होगा। लॉगिन के पश्चात, जन्म या मृत्यु के रिपोर्टिंग फॉर्म की जानकारी पूर्ण रूप से भरे। वांछित दस्तावेज भी संलग्न करें। पंजीयन उपरांत प्रमाण पत्र की जानकारी उपलब्ध कराए गए ईमेल आईडी एवं मोबाईल नम्बर पर भी प्राप्त हो जाएगा।

# रासायनिक खाद की कमी से परेशान किसान, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




◆ **सरकार और निजी दुकानदारों की सांठगांठ पर भड़के किसान**

**फरसगांव**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के फरसगांव तहसील में रसायनिक खाद (यूरिया, डीएपी, और पोटाश) की किल्लत से परेशान किसानों ने बड़े डोंगर किसान कल्याण संघ के बैनर तले एक विरोध रैली निकाली और फरसगांव अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि एक तरफ सरकारी गोदाम खाली पड़े हैं, वहीं दूसरी ओर निजी दुकानों पर यूरिया की कालाबाजारी हो रही है।

किसानों ने सरकार की किसान हितैषी नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह कैसी सरकार है, जहां सरकारी गोदामों में खाद नहीं है और निजी दुकानें तीन से चार गुना अधिक दाम पर खाद बेच रही हैं। किसानों ने सरकार और व्यापारियों की मिलीभगत की आशंका भी जताई। उन्होंने बताया कि कोंडागांव जिले के फरसगांव तहसील में खाद की कमी लगातार बनी हुई है, खासकर यूरिया की। इससे किसानों को फसलों की सिंचाई और पैदावार में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले महीने 25 अगस्त को भी जिला कलेक्टर और अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन दिया गया था, लेकिन प्रशासन ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। किसानों ने चिंता जताते हुए कहा कि खाद की कमी के कारण उनकी फसलें पीली पड़ रही हैं, जिससे भारी नुकसान होने की आशंका है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सरकारी गोदामों में तुरंत यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनकी फसलों को बचाया जा सके।

# मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने हरी झण्डी दिखाकर न्याय रथ को किया रवाना

नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने, प्रचार-प्रसार हेतु

**कोण्डागांव**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत की सूचना जन-जन तक पहुंचाने और आयोजन को सफल बनाने हेतु प्रचार-प्रसार करने के उद्देष्य से न्याय रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किए गए होने के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डगांव श्रीमती रेश्मा




बैरागी पटेल के द्वारा 04 सितम्बर को न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस न्याय रथ से प्रचार-प्रसार करने का मुख्य उद्देश्य 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की सूचना को जन-जन तक पहुंचाना और आम जनता को यह सूचना देना कि नेशनल लोक अदालत में सरल, सुलम, सस्ता और त्वरित न्याय दिलाया तथा आपसी सुलह समझौते के माध्यम से विवादों का निपटारा किया जा रहा है।

न्याय रथ के माध्यम से जिला कोण्डागांव शहर के विभिन्न नगरों एवं वार्ड में मुनादी कराकर लोक अदालत प्रक्रिया, उसके लाभ एवं उसमें निःशुल्क त्वरित एवं आपसी सहमति से विवादों के समाधान की सुविधा के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा मुनियादी के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जाकर लोगों को लोक अदालत प्रकिया, उसके लाम एवं उसमें निःशुल्क त्वरित एवं आपसी सहमति से विवादों के समाधान की सुविधा के बारे में जानकारी दी गई। प्रचार रथ, ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउड स्पीकर) और पापलेट वितरण के माध्यम से आम जनों को बताया गया कि वे अपने लंबित प्रकरण जैसे कि चेक बाउंस मोटर दुर्घटना स्वा बिजली बिल बैंक ऋण, पारिवारिक विवाद, यातायात चालान, मजदुरी, वाद भूमि विवाद आदि का समाधान लोक अदालत के माध्यम से करवाये जाने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया। यह प्रचार-प्रसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय के तत्वाधान में सफल हुआ।

# नवीन पाठ्यपुस्तक पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

◆ **गणित व हिंदी विषय के 150 शिक्षक हुए प्रशिक्षित**

**कोण्डागांव**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नए पाठ्यक्रम के आलोक में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली द्वारा विकसित पाठय पुस्तकों में छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं संदर्भों को जोड़कर उन्हें राज्य के परिप्रेक्ष्य में अनुकूलित किया गया है। इसी तारतम्य में जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेन्द्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बस्तर के निर्देशानुसार कक्षा छठवीं के नवीन पाठ्य पुस्तकों पर शिक्षकों का गणित एवं हिंदी विषय में पांच-पांच दिवसीय ऑफलाइन मोड में प्रशिक्षण सह कार्यशाला बीआरसी भवन कोंडागांव में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में हिंदी विषय हेतु 80 एवं गणित विषय हेतु 70 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। गणित प्रशिक्षकों द्वारा गणित में पैटर्न, रेखाएं और कोण, संख्याओं का खेल, आंकड़ों का प्रबन्धन और प्रस्तुतीकरण, परिमाप और क्षेत्रफल, भिन्न, रचनाओं के साथ



खेलना, सममिति, शून्य के दूसरी ओर आदि सभी अध्यायों पर समूह विभाजन कर अलग अलग तरीकों से समझाने और अध्यापन करने के तरीकों के बारे में बताया गया। उसी तरह हिन्दी प्रशिक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को विस्तार से बताया गया एवं कविता, कहानी, गद्यांश, पद्यांश, कला शिक्षण, खेल यात्रा आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला प्रशिक्षण संस्थान बस्तर से प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षण का निरीक्षण करने राजेंद्र प्रसाद जोशी का आगमन हुआ था। गणित विषय में जय कुमार देवांगन व्याख्याता, ऋतु वर्मा व्याख्याता, महेंद्र कुमार वर्मा शिक्षक एवं हिंदी विषय में ब्रजेश तिवारी व्याख्याता, दिनेश कुमार विश्वकर्मा शिक्षक, सरिता मंडावी प्रधान अध्यापक ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। इस प्रशिक्षण में जिला कार्यालय से सहायक कार्यक्रम समन्वयक श्रीनिवास नायडू, मालती ध्रुव खंड स्त्रोत समन्वयक कोंडागांव, 150 प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित थे। सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।

# जनजातीय विकास का नया अध्याय आदि कर्मयोगी अभियान- टोमेंद्र सिंह ठाकुर

**कोण्डागांव**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। काष्ठागार नीलाम हाल कोंडागांव में तीन दिवसीय आदि कर्मयोगी अभियान मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में जनपद पंचायत अध्यक्ष कोंडागांव अनिता कोर्राम ने उपस्थित होकर बताया कि आदि कर्मयोगी



अभियान जनजातीय समाज को मुख्य धारा से जोड़ने और योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने में मास्टर ट्रेनर्स की अहम भूमिका होगी। जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने जन जातिय समुदाय के सर्वांगीण उत्थान के लिए स्वतंत्र मंत्रालय की घोषणा की थी, जो एक ऐतिहासिक योगदान था। उन्होंने कहा कि इस देश में महात्मा गांधी, डॉक्टर लोहिया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सदैव गरीबों को केंद्र में रखकर अंत्योदय की अवधारणा पर कार्य किया। आज मास्टर ट्रेनर्स इस विचार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके माध्यम से योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचेगी और समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस अभियान में 17 विभागों को जोड़ा है ताकि लंबे समय से उपेक्षित समाज तक योजनाएं पहुंच सके।

जनजातिय नायकों का स्मरण करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा जी ने धरती आबा अर्थात धरती का भगवान कहा जाता है जिन्होंने अपने अल्प जीवन में समाज में अद्भुत परिवर्तन लाया। इसी तरह वीर नारायण सिंह और सुरेंद्र साय जैसे अनेक सेनानियों ने आदिवासी समाज के हक और सम्मान के लिए संघर्ष किया। यह योजना सभी आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना, पीएमजनमन योजना, मूलभूत सुविधाएं जैसे-आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार व ग्रामों के विकास के लिए ग्राम स्तर पर योजना तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

# नगर पालिका के आठ कॉम्प्लेक्स की हुई नीलामी



**कोण्डागांव**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। शासन के निर्देशानुसार निकाय को अपनी आय बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद कोंडागांव में परिषद मद से मटन मार्केट में आठ कॉम्प्लेक्स बनाया गया है, जिसकी नीलामी गुरूवार को नगर पालिका में रखी गयी। नीलामी में 36 बोलीदारों ने भाग लिया और आठ दुकान की नीलामी की गई। जिसमें नगर पालिका को 50 लाख रुपए की आय प्राप्त हुई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, पार्षद संतोष पात्र, हर्ष ढिल्लन, सुषमा, सोनमणि, ललित देवांगन, सोनसिंह तथा सीएमओ दिनेश डे एवं अधिकारी कर्मचारी सहित नगरवासी भी उपस्थित रहे।

# सांसद भोजराज नाग ने जल जीवन मिशन के काम में लापरवाही पर ठेकेदार को लगाई फटकार

◆ **एक जन-हितैषी और कड़क नेता के रूप में बनी सांसद की छवि**

**फरसगांव**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। एक बार फिर, कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग अपने सख्त अंदाज़ के कारण चर्चा में हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह फरसगांव ब्लाक के ग्राम पंचायत हिर्री में जल जीवन मिशन के काम में हो रही लापरवाही पर ठेकेदार को जमकर फटकार लगाते दिख रहे हैं। सांसद भोजराज नाग बुधवार को फरसगांव ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे पर थे। इस दौरान जब वह ग्राम पंचायत हिर्री पहुंचे, तो ग्रामीणों ने



उनसे पानी की गंभीर समस्या की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की भारी किल्लत है और जल जीवन मिशन का काम महीनों से अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों की शिकायत सुनते ही सांसद नाग मौके पर पहुंचे और चल रहे काम का जायजा लिया। काम की धीमी गति और गुणवत्ता में कमी देखकर वह बेहद नाराज हो गए। वायरल वीडियो में वह ठेकेदार पर बरसते हुए, काम में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने की चेतावनी देते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान सांसद ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (क्क।श्च) के कार्यपालन अभियंता (श्वश्व) वीरेंद्र पांडेय को तत्काल ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने और काम को जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए।

बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब सांसद भोजराज नाग ने जनता से जुड़ी समस्याओं पर इतनी सख्ती दिखाई है। इससे पहले भी वह अपने संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों की धीमी गति पर अधिकारियों और ठेकेदारों को फटकार लगाते रहे हैं, जिससे उनकी छवि एक जन-हितैषी और कड़क नेता के रूप में बनी है।

# कोण्डागांव में गुण्डाधूर हिंदी साहित्य परिषद का गठन

**कोण्डागांव**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोण्डागांव में प्राचार्य डॉ.सरला आत्राम के निर्देशन एवं हिंदी विभागाध्यक्ष विनय कुमार देवांगन के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुण्डाधूर हिंदी साहित्य परिषद का गठन किया गया। इस वर्ष परिषद के अध्यक्ष पद पर वंदना साहू, उपाध्यक्ष पद पर बिंदेश कुमार, सचिव पद पर प्रीति राय, सह सचिव पद पर बलराम और कोषाध्यक्ष पद पर कुसुमदास का चयन किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में यमुना नेताम, हेमलता, सुलोन्तीन, चंदूलाल, सुनील, रोहित एवं पूर्वी ध्रुव को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

गठन अवसर पर विभागाध्यक्ष विनय कुमार देवांगन ने कहा कि विभाग के सभी प्राध्यापक विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं, जिसका प्रमाण विश्वविद्यालय




की मेरिट सूची में विद्यार्थियों का लगातार स्थान बनाना है। गत चार वर्षों में विभाग से तीन बार गोल्ड मेडल आना इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक विकास के साथ ही विद्यार्थियों में साहित्यिक एवं रचनात्मक चेतना का विकास भी आवश्यक है, इसी उद्देश्य से प्रतिवर्ष परिषद का गठन किया जाता है। उन्होंने नवमनोनीत पदाधिकारियों को साहित्यिक गतिविधियों से जुड़ने और बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता लक्ष्मी दास मानिकपुरी ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि परिषद से जुड़कर छात्र-छात्राएं न केवल लेखन और अभिव्यक्ति कौशल को निखारेंगे, बल्कि अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक नया अवसर पाएंगे।

# रजत महोत्सव अंतर्गत नगर पालिका बीजापुर को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु लिया गया संकल्प

**बीजापुर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रजत महोत्सव अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, इस दौरान नगर पालिका क्षेत्र बीजापुर में आज नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी की अध्यक्षता में मुख्य नगर पालिका अधिकारी व समस्त पार्षदों की उपस्थिति में बाल विवाह मुक्त नगर पालिका बीजापुर बनाने की रणनीति, कार्ययोजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी, राहुल कौशिक द्वारा कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई नगरीय निकाय क्षेत्रों के सभी वार्डों में समय-समय पर बाल विवाह नहीं करने, बाल विवाह के कानून अपराध होने संबंध में मुनादी कराये जावे जिस से की सभी नगर वासियों को पता चले की बाल विवाह करना अपराध है, नगरीय क्षेत्र में आने वाले सामुदायिक भवन या अन्य




सामुदायिक भवन के लिए यह बंधन कार्य हो की वैवाहिक कार्यक्रम हेतु भवन आरक्षित करने के पूर्व वर एवं वधू दोनों को जन्म प्रमाण-पत्र संबंधी प्रमाण-पत्र जमा करावें। विशेष अवसर जैसे-राम नवमी तथा अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में विवाह सम्पन्न होते है, इस अवसर पर नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डों को सूचना प्रसारित कर अपील की जाये। नगरीय निकाय में सभी प्रकार के प्रचार-प्रसार, बैठक, स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को बाल विवाह के संबंध में जानकारी प्रदान की जावे, नगरीय निकाय अंतर्गत आने वाले समस्त प्रिंटिंग प्रेस, टेन्ट, खाना बनाने वाले हलवाई, मिठाई दुकान, बाजा-गाजा वाले, धार्मिक अनुष्ठान करने वाले, वीडियो ग्रॉफ, सामाजिक नेता को बाल विवाह नहीं कराने के संबंध में अपील जारी किया जाना है पत्र प्रेषित किया जाना है। नगरीय निकाय में होने वाली सामान्य सभा की बैठक में स्थाई एजेंडा के रूप में शामिल करते हुए नियमित रूप से चर्चा कर निगरानी किया जाना है, चॉईल्ड हेल्पलॉईन 1098, महिला हेल्पलॉईन 181, आपातकालीन नं. 112 की जानकारी से भी अवगत कराया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी द्वारा शपथ दिला कर हस्ताक्षर करते हुए यह जानकारी दिया गया की बीजापुर नगर पालिका को बाल विवाह मुक्त नगर पालिका बनाने हेतु कार्ययोजना की रणनीति अनुसार कार्य किया जाना है। समस्त पार्षदगणों को बाल संरक्षण तंत्र, स्पॉन्सरशीप योजना, दत्तक ग्रहण (गोद लेने की प्रक्रिया), सड़क जैसी परिस्थिति पर रहने वाले बच्चे, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान, बालिका सुरक्षा माह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, महतारी वंदन योजना की जानकारी से भी अवगत कराया गया। इस दौरान श्रीमती शीला भारद्वाज, श्रीमती सुनीता तामड़ी, सुश्री आनंदमई मलिक, नवीन मिश्रा, सुश्री नगीना लेखम, संदीप चिड़ेम, राजकुमार निषाद, अविनाश नायक, राजेश मण्डे, महेन्द्र कश्यप, महेन्द्र यादव, सुश्री कुसुमलता, सुश्री रंजिता कश्यप, सुश्री पुष्पा कोरम, सतीष कुरसम द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

संपादकीय

## पुख्ता हो विसर्जन सम्बन्धी सुरक्षा

*जशपुरनगर में गणेश विसर्जन के दौरान हुई दुर्घटना के मद्देनज़र प्रदेश भर में इस उत्सव के सुरक्षित सम्पन्न होने के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं चाक-चौबन्द किये जाने की ज़रूरत है। मंगलवार की शाम को बगीचा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम जुरूडांड में विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को एक अनियंत्रित वाहन चालक द्वारा रौंद दिया गया जिससे 3 भक्तों की मौके पर ही मौत हो गयी और 25 से ज्यादा व्यक्ति घायल हो गये। तेज़ रफ्तार बोलेरो रायकेरा से आ रही थी। नाराज़ भीड़ ने चालक की जमकर पिटाई कर दी। उसे भी अन्य घायलों के साथ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सातवें दिन गणेश विसर्जन की भी परम्परा है जिसके तहत इस गांव के श्रद्धालु सार्वजनिक तौर पर मूर्ति को विसर्जित करने जा रहे थे।*

*मुख्य विसर्जन पूरे छत्तीसगढ़ में शनिवार को होगा। यह अक्सर अगली सुबह तक चलता है। खासकर बड़े शहरों में झांकियों की संख्या ज्यादा होने तथा विसर्जन के दौरान सजावट आदि से सम्बन्धित स्पर्धाएं होने के कारण विसर्जन में काफी समय लगता है। इस दौरान यातायात सम्बन्धी अनुशासन को बनाये रखना बड़ी चुनौती होती है। जशपुरनगर की घटना को ध्यान में रखते हुए राज्य भर के विसर्जन जुलुसों को व्यवस्थित बनाये रखना होगा। गणेश मंडलों की इस तरह से कतारबद्ध विसर्जन झांकियां निकाली जायें ताकि सड़कों के किनारे खड़े लोगों को वे ठीक से तो दिखें ही, जो विसर्जन कर रहे हैं, उन श्रद्धालुओं को भी कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिये और यदि उन रास्तों पर से सामान्य ट्रैफिक भी चल रहा है तो राहगीरों एवं वाहन चालकों को कोई समस्या न हो। वैसे तो पुलिस विसर्जन के रास्तों को या तो डाइवर्ट करती है अथवा एक तरफ का रास्ता खाली रखती है ताकि यातायात सुचारू रूप से चलता रहे। ऐसे वाहन जिनका इन जुलूसों से कोई लेना-देना नहीं हैं या वे इनका हिस्सा नहीं हैं, उनकी गति को नियंत्रित किया जाये। तेज गति या लापरवाहीपूर्ण ढंग से चलते वाहनों को संयमित करना ज़रूरी है।*

*विसर्जन के विशालकाय आयोजन के व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन तो जिम्मेदार है ही, लेकिन कहीं बड़ा उत्तरदायित्व सभी गणेशोत्सव मंडलों तथा सामान्य जनता का है। मंडल अपने कार्यकर्ताओं की मर्यादित तरीके से भागीदारी सुनिश्चित करे। किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार करने वाले कार्यकर्ताओं को ऐसे आयोजनों से दूर रखा जाये। छेड़छाड़, लड़ाई-झगड़ों से आयोजन मुक्त रहने चाहिये।*

*जहां प्रतिमाओं के विसर्जन होते हैं वहां गणेश मंडलों के पहुंचने तथा उनके विसर्जन सम्बन्धी कार्यक्रम का समय निर्धारित हो। आयोजक भी इस समय सीमा का ध्यान रखें। साथ ही, विसर्जन के लिये आवश्यक तादाद में ही कार्यकर्ता उतरें। वे लोग पानी से दूर रहें जो तैराकी नहीं जानते- खासकर गहरे तालाबों या नदियों से। सभी जगहों पर पुलिस एवं आपदा प्रबन्धन टीमें मौजूद होनी चाहिये।*

उल्टा पुल्टा

रोहन के घर की घंटी बजी तो उसकी पत्नी ने दरवाजा खोला. दरवाजे पर एक सेल्समैन था. सेल्समैन- 'पत्नी को बेवकूफ बनाने के 101 बहाने' ये किताब ले लीजिए. आपके बहुत काम आएगी.
रोहन की पत्नी- क्या मतलब? ये मेरे किस काम की भला?
सेल्समैन- दरअसल, इसकी एक कॉपी कल आपके पति ने खरीदी थी.

# रायपुर आ रही मितानिनों को पुलिस ने रोका, चक्का जाम



**रायपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश की तमाम मितानिनें भी हड़ताल पर हैं। आज इन्होंने रायपुर में सीएम हाउस घेराव का ऐलान किया था। जिसके लिए प्रदेशभर से मितानिनें रायपुर की ओर कूच की, लेकिन रास्ते में जगह जगह पुलिस ने उन्हें रोक दिया। फिर भी 10 हजार से ज्यादा मितानिनें रायपुर पहुंच गई और तूता धरना स्थल पर इकट्ठा होकर सीएम हाउस का घेराव करने निकली। थोड़ी दूर आगे पुलिस ने बैरिकेटिंग कर उनका रास्ता रोक दिया था। जिसके बाद घंटों तक पुलिस और मितानिनों में जोर आजमाइश चलती रही।

**महासमुंद में मितानिनों ने नेशनल हाइवे पर किया चक्काजाम**-इधर प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ रायपुर छत्तीसगढ़ की महासमुंद ईकाई की लगभग 22 सौ मितानिन तीन सूत्रीय मांग को लेकर तूता रायपुर जा रही थी। जिसे पुलिस ने एन एच 53 पर घोडारी, तुमगांव, पटेवा, ढाक टोल प्लाजा पर वाहन चेकिंग के दौरान रोक लिया और यातायात नियमों का हवाला देते हुए उनके वाहनों को चालान काट दिया। इससे नाराज मितानिन संघ ने एनएच 53 पर तीन जगहों पर तुमगांव, पटेवा एवं ढाक टोल प्लाजा के पास चक्काजाम कर दिया। मितानिन संघ का चक्काजाम लगभग डेढ़ घंटे चला। उसके बाद पुलिस व तहसीलदार ने समझाइस देकर चक्काजाम समाप्त कराया।

चक्काजाम के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की लम्बी कतार लग गयी। मितानिन संघ ने चक्काजाम के दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। मितानिन संघ की मांग है कि मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलियन किया जाए, वेतन क्षतिपूर्ति में 50 प्रतिशत वृद्धि किया जावे एवं शासन का ठेका प्रथा समाप्त हो।

मितानिन संघ के मास्टर ट्रेनर का कहना है कि हम लोग तीन सूत्रीय मांग को लेकर तूता रायपुर जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने हम लोगों को जबरदस्ती रोक लिया और हमारे वाहनों का चालान काट दिया। इसलिए हम लोगों ने चक्काजाम किया।

वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का कहना है कि यातायात नियमों के पालन हेतु इन्हे रोका गया है।

गौरतलब है कि मितानिन संघ अपनी तीन सूत्रीय मांगो को लेकर पिछले 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

**गरियाबंद में जाम रहा एनएच-130 सी मार्ग**

इधर गरियाबंद राज्य की स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ मानी जाने वाली मितानिनों ने आज अपनी मांगों को लेकर गरियाबंद-राजिम मार्ग पर ज़बरदस्त चक्काजाम कर दिया। पोंड और पांडुका के बीच स्टेट हाईवे पर करीब 500 मितानिनों ने बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे एनएच-130सी मार्ग कई घंटों तक पूरी तरह जाम रहा। प्रदर्शनकारियों ने बीच सड़क पर बैठकर नारेबाजी शुरू की है। चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं, जिससे आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मितानिन संगठन का कहना है कि उन्हें रायपुर में आयोजित बड़े प्रदर्शन में शामिल होने से प्रशासन द्वारा रोका जा रहा है। हमारी प्रमुख मांगे मितानिनों को 50 प्रतिशत क्षतिपूर्ति राशि दी जाए। मितानिनों को ह।।रू( राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) में संविलियन किया जाए। ठेका प्रथा समाप्त की जाए और मितानिनों को स्थायी कर्मचारी का दर्जा मिले। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर

# लाखेनगर गणेश पंडाल में बवाल के बाद ढकी मूर्ति

## एआई जनरेटेड प्रतिमा और फिल्मी गाने बजाने पर बजरंग दल का प्रदर्शन



■ सड़क पर बैठकर प्रतिमा विसर्जित करने कर रहे मांग

**रायपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के लाखेनगर में स्थापित ए आई जनरेटेड गणेशजी की प्रतिमा और पंडाल में देर रात फिल्मी और अशोभनीय गाने बजाने को लेकर बजरंग दल ने जमकर बवाल किया।जिसके बाद पंडाल की लाइट बंद कर गणेशजी की मूर्ति ढक दी गई है।सिंधु युवा एकता गणेश उत्सव समिति के पंडाल के पास हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक प्रतिमा को विसर्जित नहीं करेंगे, हम प्रदर्शन करते रहेंगे। आरोप है कि गणेश पंडाल में देर रात फिल्मी और अशोभनीय गाने बजाए गए। गणेशजी की प्रतिमा के साथ भी छेड़छाड़ की गई है। समिति को गणेशजी की प्रतिमा मूल स्वरूप में स्थापित करने कहा गया था, लेकिन भगवान के स्वरूप के साथ छेड़छाड़ की गई ।पंडाल में बज रहे फिल्मी गाने को लेकर हिंदूवादी संगठन विरोध कर रहा था।

**बड़ी संख्या में पुलिस तैनात कई थानों के टीआई पहुंचे**

प्रदर्शन के दौरान गणेशोत्सव समित के सदस्यों और बजरंगियों के बीच झड़प भी हुई। आक्रोशित हिंदू संगठन ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया है, वहीं गणेश पंडाल के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। आसपास थानों के दर्जनभर टीआई मौके पर पहुंचे हैं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

# 20 घंटे की जांच में ईडी टीम कई सबूत लेकर लौटी

**रायपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। कृषि कारोबारियों के 18 ठिकानों में 20 घंटे की छानबीन के बाद ईडी की टीमें बीती आधी रात लौट आई। इस दौरान टीमों ने 575 करोड के डीएमएफ घोटाले से जुड़े कई इलेक्ट्रॉनिक और टेंडर से संबंधित पेपर सबूत जब्त किए गए हैं। इसके आधार पर ईडी कड़ई अन्य लोगों की ओर रूख कर सकती है।

जानकारी अनुसार यह छापेमारी कृषि उपकरण सप्लाई में जिला खनिज निधि ;डीएमएफराशि के अनाप शनाप खर्च को लेकर की गई है। इसके लिए निलंबित आईएएस रानू साहू के डॉयरेक्टर एग्रीकल्चर के एमडी के कार्यकाल के दौरान खरीदी सप्लाई के टेडर नियमों में बड़ा हेरफेर किया गयाघ्। इतना ही नहीं फर्जी प्रोजेक्ट बनाए गए मटेरियल सप्लाई ट्रेनिंग मेडिकल उपकरण खरीदी भी डीएम घ् एफ से जोड़ा गया। असली विकास निर्माण कार्यों को दरकिनार कर कमीशन वाले टेंडर पास कराए गए। ईडी ने यह भी पुष्टि की है कि टेंडर की राशि में से 42फीसदी तक कमीशन अधिकारियों को दिए जाते रहे। इस घोटाले का किंगपिन मनोज कुमार द्विवेदी था जो वर्तमान में जेलयाफ्ता है। उसने अपने एनजीओ फर्म उद्म सेवा समिति के नाम से डीएमएफ के कड़ाई ठेके हासिल किए थे। या शेष पृष्ठ 4 पर






















### भारी पड़ सकती है ऐसी अनदेखी

# 8 मंजिला बिल्डिंग में इमरजेंसी दरवाजा व खिड़की नहीं लोगों की जान खतरे में



**रायपुर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। तेलीबांधा इलाके के 8 मंजिला बेबीलॉन टॉवर में आग लगने से सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। यहां न इमरजेंसी दरवाजा है और न ही खिड़की है। इसके बावजूद नगर निगम फायर सेफ्टी और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कभी इसकी जांच नहीं की। इसके फायर एनओसी की भी जांच नहीं की गई है। बताया जाता है कि बिल्डिंग का फायर एनओसी भी नहीं है। बेबीलॉन टॉवर की तरह शहर में कई इमारतें हैं जहां फायर सेफ्टी सिस्टम के अलावा इमरजेंसी दरवाजा और खिड़की नहीं है। ऐसी बिल्डिंगों की कभी जांच नहीं होती। इन इमारतों में आग लग हो जाएए तो लोगों को बचने का मौका नहीं मिलेगा। साथ ही उन्हें बचाने के लिए उपाय करना भी मुश्किल होगा।

दोबारा भड़की आगए सुबह बुझी

बेबीलॉन टॉवर में मंगलवार की रात लगी आग रात को करीब 1 बजे तक बुझा लिया गया था। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम लौट गई थी। अचानक रात करीब 2.15 बजे फिर आग भड़क गई। आग तेजी से सातवीं और आठवीं मंजिल में फैल गई। दोबारा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची। इसके बाद सुबह करीब 6 बजे तक आग को बुझाया जा सका। आग लगने में 10 से ज्यादा ऑफिस जलकर खाक हो गए। उन्हें लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है। उल्लेखनीय है कि टॉवर के ग्राउंड फ्लोर पर से केबल ऊपरी मंजिल तक गया है। मंगलवार रात बिजली बार.बार बंद हो रही थी। इस दौरान होटल के कर्मचारियों ने जनरेटर को ऑन किया। इससे टॉवर के बी ब्लॉक की बिजली के केबल में आग लग गई।

**बिल्डिंग में मिली ये खामियां इमरजेंसी अलार्म स्मोग सिस्टम नहीं** –

यह होता तो जैसे ही आग लगी और धुआं निकलता वैसे ही अलार्म बजने लगा। यहां काम करने वाले कर्मचारी और कारोबारी आग लगने के शुरुआती समय में ही सुरक्षित हो जाते।

**इमरजेंसी दरवाजाए खिड़की नहीं** – .इतने बड़े टॉवर में इमरजेंसी दरवाजा और खिड़कियां नहीं हैं। अगर ये होती तो आग लगने जैसी घटना होने पर लोगों को अपनी जान बचाने के लिए इमरजेंसी दरवाजा और खिड़की के रास्ते बाहर निकल सकते थे।

**आने.जाने के लिए एक ही सीढ़ी** – टॉवर में ए और बी ब्लॉक बने हैं। दोनों में ऊपर आने.जाने के लिए लिफ्ट लगी है। एक.एक सीढ़ी है। आग लगने पर इससे बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। आग लगते ही लिफ्ट बंद हो जाती है। सीढ़ियों में भी आग फैल जाती है। इससे लोगों को बाहर निकलते नहीं बनता।

**दिखावे का स्प्रिंकलर सिस्टम** – टॉवर के अलग.अलग फ्लोर के गलियारे में स्प्रिंकलर लगाए गए हैं लेकिन इसमें से पानी नहीं निकलता। बताया जाता है कि इसका ग्राउंड फ्लोर में पाइप से कनेक्शन नहीं है। आग लगने पर इससे पानी नहीं निकला।

**किसी ने जांच नहीं की बेखौफ संचालन**– बेबीलॉन टॉवर में फायर सेफ्टी को लेकर इतनी खामियां थीं। इसके बावजूद इसका बेखौफ संचालन किया जा रहा था। नगर निगमए जिला प्रशासन और फायर सेफ्टी विभाग वालों ने कभी इसकी जांच नहीं की। बताया जाता है कि टॉवर संचालकों के पास फायर सेफ्टी का एनओसी भी नहीं है।

कैसे पास हो गया नक्शा – टॉवर में फायर सेफ्टी के लिए आवश्यक उपाय नहीं किए गए हैं। इसके बावजूद भवन निर्माण का नक्शा कैसे पास हो गया इसको लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। नगर निगमए टीएनसी अधिकारियों ने बिना इमरजेंसी दरवाजाए खिड़की और सीढ़ियों की जांच किए बगैर ही नक्शा पास कर दिया है।

# आज्ञा का पालन ही धर्म है : मनीष सागर



**रायपुर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। टैगोर नगर पटवा भवन में जारी चातुर्मासिक प्रचवनमाला में गुरुवार को परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने आज्ञा का पालन करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि आज्ञा का पालन ही धर्म है। सदैव परमात्मा और बड़ों की आज्ञा का पालन करना चाहिए। बड़ों से आज्ञा लेकर काम करना चाहिए। बड़ों की आज्ञा का पालन करते हुए काम होगा तो आपका विकास अपने आप होता जाएगा। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जब–जब हम अपनी सीमा को पार करेंगे जीवन बिगड़ेगा। इसलिए सदैव समझदार लोगों का अनुशरण करना चाहिए। परिपच्तता तभी आएगी जब बड़ों की आज्ञा का पालन होगा। जीवन में उलझनों में नहीं फसोगे। सदैव अपने से बड़ों का मार्गदर्शन प्राप्त करो। कभी गलत मार्ग में भी जाते रहोगे तो बड़े अपने अनुभवों से आपको सही मार्ग दिखाएंगे।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि श्रद्धा और समर्पण बड़ों के प्रति सदैव रहना चाहिए। अच्छाइयों को ग्रहण कर अपने जीवन में अपनाएंगे तो जीवन संवर जाएगा। अधिक अनुभवी व सही मार्गदर्शक परमात्मा, सद्गुरु, सदधर्म, कल्याण मित्र, माता–पिता व बड़े बुजुर्ग हैं।।कोई भी कार्य करो आज्ञा लेकर करने की आदत डाल लो। आज्ञा लेने में कोई शर्म नहीं करनी चाहिए। बड़ों की आज्ञा से चलोगे जीवन अच्छा चलेगा। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जीवन में यह सिस्टम ही बना लो की आज्ञा सदैव मांगूंगा। बड़ों की आज्ञा का पालन करने से कुछ नहीं बिगड़ेगा। हमारे निर्णय से यदि बिगड़ने वाला कार्य भी होगा तो बड़ों के अनुभव से जरूर सुधर जाएगा। लाभ जहां है वहां लोग आ जाता है। जीवन में बहुत से उतार–चढ़ाव आते हैं। जिंदगी एक यात्रा है। जिंदगी में अनुकूल व प्रतिकूल लहरें आती रहती है। अस्थिर होकर अकेले चलोगे तो लड़खड़ा जाओगे। बड़ों के अनुभव से चलोगे तो संभल जाओगे।

चातुर्मास समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर बैदमुथा ने बताया कि आज धर्मसभा में 29 उपवास की तपस्वी भक्ति गोलछा पुत्री गुमान गोलछा महासमुंद का सम्मान किया गया। तपस्वी भक्ति गोलछा 11वीं की छात्रा है। आज धर्मसभा में गुरु भगवंतो का आशीर्वाद प्राप्त किया। धर्मसभा में सभी ने तपस्या की खूब–खूब में अनुमोदना की।

# 70 एकड़ जमीन का सौदा, रजिस्ट्री कराए बिना एक करोड़ लेकर मुकरा




**रायपुर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में जमीन बेचने के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। व्यापारी से जमीन दलाल ने 70 एकड़ जमीन का सौदा किया, लेकिन रजिस्ट्री कराए बिना 1.05 करोड़ रुपये लेकर मुकर गए। पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है।

चावल व्यापारी शशिकांत तिवारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जमीन दलाल ताजदार खान और उसके सहयोगी संजीत जांगड़े ने मिलकर 70 एकड़ जमीन का सौदा किया, लेकिन रजिस्ट्री कराए बिना 1.05 करोड़ रुपये हड़प लिए। पुलिस के मुताबिक, एक वर्ष पूर्व महासमुंद जिले के ग्राम बरभांठा के 40 किसानों की जमीन का सौदा हुआ था। इसके लिए व्यापारी शशिकांत तिवारी और उनके पार्टनर सुधीर मग्गू ने ताजदार खान को बैंक ट्रांजेकशन, आरटीजीएस और नगद के माध्यम से करोड़ों रुपये का भुगतान किया था। सालभर बाद जब शशिकांत ने रजिस्ट्री की मांग की तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी और मोबाइल तक बंद कर दिए।

किसानों से मुलाकात में पता चला कि उन्हें वादे के मुताबिक राशि नहीं मिली है। इतना ही नहीं, ताजदार खान जमीन के एवज में शशिकांत को किसानों के नाम 10 लाख रुपए का दिया चेक भी बाउंस हो गया। इसके अलावा ताजदार खान ने 13 किसानों के कृषि लोन चुक्ता करने के नाम से शिशिकांत से पैसा लिया, जो किसानों को नहीं मिला। इस प्रकार ताजदार खान ने अन्य लोगों के साथ भी कूटरचित तरीके से धोखाधड़ी को अंजाम दिया। पुलिस ने शशिकांत की शिकायत पर ताजदार खान और उसके साथी के खिलाफ पधारा 420, 120बी और 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया है। दोनों से पूछताछ कर मामले की जांच की जा रही है।

# जीएसटी में सुधार से छोटे व्यापारियों को ताकत और उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत:कैट



**रायपुर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने जीएसटी सुधारों और कर दरों के पुनर्गठन को ऐतिहासिक और क्रांतिकारी करार दिया है। कैट के अनुसार, इन सुधारों से छोटे व्यापारियों, उपभोक्ताओं और भारत की अर्थव्यवस्था को न केवल लाभ मिलेगा बल्कि यह कदम कर संरचना को सरल बनाएगा तथा उपभोग में भारी वृद्धि कर देश की आर्थिक गतिविधियों तथा व्यापार को नई गति देगा। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने कहा कि 400 से अधिक वस्तुओं पर कर कम करने के सुधारों से आम आदमी को रोजमर्रा के खर्चे में बड़ी राहत मिलेगी। इससे कर व्यवस्था भी चुस्त दुरुस्त होगी। यह वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी की तरफ़ से देश को बड़ा दिवाली उपहार है। श्री पारवानी ने कहा कि जीएसटी सुधारों से घरेलू खपत में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। अनुमान है कि आगामी त्योहारी सीजन में खपत में 7–8 प्रतिषत की बढ़ोतरी होगी। यह उपभोक्ता खर्च में वृद्धि खुदरा व्यापार और छोटे दुकानदारों की बिक्री को सीधे लाभान्वित करेगी।

श्री पारवानी ने कहा की सरकार ने बीमा सेवाओं को जीएसटी से मुक्त कर मध्यम वर्ग और वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी राहत दी है। इससे स्वास्थ्य और जीवन बीमा की प्रीमियम दरें और किफायती होंगी।

यह कदम आम परिवारों के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा और बीमा कवरेज को प्रोत्साहन मिलेगा। कैट के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की इन सुधारों से देश को बहुआयामी लाभ होंगे। कम जीएसटी दरें उपभोक्ताओं को अधिक खरीदारी के लिए प्रोत्साहित करेंगी, जिससे बाज़ार की मांग बढ़ेगी वहीं बढ़ती मांग का सीधा लाभ छोटे दुकानदारों, खुदरा व्यापारियों और थोक विक्रेताओं को मिलेगा। उपभोग बढ़ने से उद्योगों को उत्पादन बढ़ाना होगा, जिससे रोजगार और औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।कर दरों के सरलीकरण से जीएसटी अनुपालन आसान और सस्ता होगा। दो प्रमुख दरों के होने से कर संग्रहण बेहतर होगा और व्यापार जगत में स्थिरता आएगी।।

# रजनीश यादव बने स्टेट बैंक के एजीएम



**रायपुर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, स्थानीय प्रधान कार्यालय (आंध्र सर्कल) हैदराबाद में पदस्थ छत्तीसगढ़ माटी पुत्र चीफ़ मैनेजर रजनीश कुमार यादव के पदोन्नत होकर असिस्टेंट जनरल मैनेजर बनने पर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ ने उन्हें बधाई दी । महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने इस उपलब्धि को संपूर्ण यादव समाज के लिए गौरव का पल बताया तथा श्री रजनीश यादव के उज्वल भविष्य और दीर्घायु होने की मंगलकामना की। ज्ञात हो कि उनके बड़े भाई रविंद्र यादव केंद्रीय विद्यालय में टी.जी.टी. एवं छोटे भाई श्री सोमेंद्र यादव बैंक ऑफ बड़ौदा में मुख्य प्रबंधक राजभाषा हैं । हर्ष और उल्लास के पलों के बीच श्री रजनीश यादव के पारिवारिक सदस्यों ने छ: ग प्रगतिशील यादव महासंघ के पदाधिकारीगण और सदस्यों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए यदुवंशियों में शिक्षा के प्रचार और प्रसार पर फोकस करने की सलाह के साथ अन्य कृष्णमित्रों से ट्रेड, बिज़नेस और एडमिनिस्ट्रेशन में उच्च मुकाम हासिल करने का आव्हान किया ।।

# छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद का आमसभा 11 सितंबर को

**रायपुर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद का वार्षिक आमसभा माननीय बृजमोहन अग्रवाल जी की अध्यक्षता में दिनांक 11 सितंबर 2025 गुरुवार को दोपहर 3 बजे से वीमतारा स्वदेशी भवन के पास मधुपिले चौक शान्ति नगर में आयोजित किया जा रहा है। मुख्य विषय के अंतर्गत वार्षिक प्रतिवेदन 2024 – 25 , पूर्व वित्तीय वर्ष का ऑडिट रिपोर्ट के साथ आगामी वर्ष हेतु अनुमानित बजट का अनुमोदन , चार्टर एकाउंटेंट की नियुक्ति, परिषद द्वारा संचालित बालगृह बालिका , बालगृह बालक , खुला आश्रय बालक माना कैम्प रायपुर, बालगृह बालिका कोंडागांव, वाणी वाचन श्रवण एवं बहु प्रशिक्षण पुनर्वास केंद्र, दिव्यांग बच्चों का प्री प्रायमरी विशेष स्कूल शिक्षा का मन्दिर की गतिविधियो की जानकारी, आगामी योजनाओ के संबंध में चर्चा, पूर्व पदाधिकारी एवं सदस्यों का छत्तीसगढ़ सरकार के आयोग/निगम में नियुक्त होने पर उनका सम्मान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा किया जा सकता है।

# राडा के पदाधिकारियों ने की परिवहन मंत्री से सौजन्य भेंट



**रायपुर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) की टीम ने परिवहन मंत्री केदार कश्यप जी से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें परिवहन मंत्री बनने पर बधाई दीं। इस अवसर पर, राडा की टीम ने परिवहन विभाग द्वारा किए गए डिजिटलाइज़ेशन की सराहना की। इस मुलाकात में राडा के अध्यक्ष रविंदर भसीन, कैट इंडिया के वाइस चेयरमैन अमर परवानी, फाडा के पूर्व अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया, राडा के पूर्व अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, राडा के पूर्व अध्यक्ष विवेक गर्ग, राडा के वाइस प्रेसिडेंट कैलाश खेमानी और सचिव विवेक अग्रवाल उपस्थित थे। मुलाकात के दौरान, राडा की टीम ने परिवहन मंत्री के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उन्हें विभाग के साथ किये कामों के बारे में जानकारी दी। परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने भी राडा की टीम को आश्वस्त किया कि आगे भी राडा के साथ विभाग से ऐसे ही सहयोग मिलता रहेगा और प्रदेश के हितों को ध्यान में रखकर आगे भी इसी प्रकार निरंतर काम करते रहेंगे। राडा की टीम ने परिवहन मंत्री के साथ मुलाकात को सफल बताया और कहा कि इससे दोनों पक्षों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा।

# सरकार एनएचएम कर्मियों की मांग माने हड़ताल समाप्त करवाए: कांग्रेस



**रायपुर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा कि प्रदेश के 16000 से अधिक एन एच एम कर्मचारी एक पखवाड़े से हड़ताल पर है, सरकार उनकी मांगों की तरफ ध्यान नहीं दे रही। इस हड़ताल के कारण पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई है। सरकार कहती है कि एनएचएम कर्मचारियों को वह नियमित नहीं कर सकती यह केंद्र का विषय है। जबकि केंद्र सरकार ने अपने पत्र में साफ कर दिया है कि इनकी नियमितीकरण राज्य का विषय है। राज्य चाहे तो नियमित कर सकती है। राज्य सरकार अब बहाना बनाना बंद करे। मोदी की गारंटी के अनुसार सभी कर्मचारियों को नियमित करे। श्री बैज ने कहा कि उनकी मांग जायज है यह एनआरएचएम कर्मचारियों का हक है सरकार तत्काल उसे पूरा करें और आंदोलन को समाप्त कराये। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान एनआरएचएम कर्मचारियों से वादा किया था सरकार बनने के तत्काल बाद पूरा किया जायेगा। आज सरकार बने 21 महीना से अधिक समय हो गया है और मोदी की गारंटी अधूरी है। अब एनआरएचएम के कर्मचारी जब भाजपा को उनकी वादा याद दिला रहे हैं।तब डर भय पैदा करके उनके आंदोलन को कुचलना चाहती है लेकिन एनआरएचएम के कर्मचारी डरेंगे नहीं कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी हुई है। श्री बैज ने कहा कि बस्तर के बाढ पीड़ितों के लिए प्रदेश कांग्रेस की तरफ से राहत सामग्री का भेजा जाना शुरू हो गया है। कल पीसीसी की बैठक में भी बाढ़ पीड़ितों को राहत देने पर सभी ने सहमति जताई और सहयोग का वादा भी किया है। हमने मुख्यमंत्री को भी पत्र लिख कर बाढ़ प्रभावित की मदद और 10 लाख मुआवजा देने का आग्रह किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि का वर्षा जब कृषि सुखानी यही कहावत सायं सरकार चरितार्थ कर रही। मुख्यमंत्री कह रहे केंद्र सरकार 50लाख मिट्रिक टन यूरिया छत्तीसगढ़ भेजेगी।यूरिया की जरूरत आज है धान का फसल खाद के बिना बर्बाद हो रहा। कब यूरिया सोसायटियों में पहुंचेगा कब किसानों को मिलेगा तब तक तो सब खत्म हो जाएगा। यही यूरिया जून तक सोसायटियों में पहुंच जाती तो किसानों का नुकसान नहीं होता।

गणेश विसर्जन के मृतकों को एक करोड़ मुआवजा दे

### प्रादेशिकी का शेष...

## 20 घंटे की जांच में ...

उसे ही दिए गए और इसका कमीशन डायरेक्टर और अन्य अफसरों नेताओं तक पहुंचाया गया था। इस तरह से कुल 575 करोड़ की राशि डीएमएफ घोटाले की भेंट चढ़ी।

**इनके यहां ईडी पहुंची थी**

ईडी की टीमे बुधवार सुबह रायपुर में शंकर नगर चौपाटी के पास रहने वाले विनय गर्ग ला विस्टा अमलीडीह निवासी पवन पोद्दार शांति नगर भिलाई के विवेकानंद कॉलोनी निवासी सीए आदित्य किशन दिनादिया भिलाई.3 वसुंधरा नगर निवासी शिवकुमार मोदीए राजिम के उगमराज कोठारी नामक कारोबारी के घर ऑफिस ।

# अब केवल अधिकृत पोर्टल से ही भरें आरटीओ ई–चालान

## धोखाधड़ी से बचने विभाग की अपील

**रायपुर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। परिवहन विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहन से संबंधित किसी भी आरटीओ ई– चालान का भुगतान केवल परिवहन विभाग की अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से ही करें। परिवहन विभाग ने बताया है कि हाल ही में कुछ धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं, जिनमें लोगों को नकली संदेश या मेल भेजकर चालान राशि जमा कराने का प्रयास किया गया है। ऐसे प्रकरणों से बचने के लिए नागरिक किसी भी अनधिकृत वेबसाइट या लिंक पर भुगतान न करें। अपने वास्तविक चालान की जानकारी प्राप्त करने के लिए वाहन मालिक विभागीय वेबसाइट पर जाकर पे –आन लाइन विकल्प का चयन करें। वाहन नंबर और चेसिस नंबर/इंजन नंबर के अंतिम चार अंक डालने पर चालान से संबंधित संपूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकता है। इसके बाद नागरिक सीधे ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा जारी सभी ई–चालान केवल विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाते हैं। किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या एप से प्राप्त लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी को ऑनलाइन भुगतान करें। यदि किसी प्रकार की शिकायत हो तो नागरिक निकटतम पुलिस थाना या परिवहन विभाग में तत्काल शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# नए जीएसटी प्रावधानों से अब घर बनाना और चलाना बेहद सस्ता:अमित चिमनानी



**रायपुर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं महालेखाकार के पूर्व सलाहकार अमित चिमनानी ने कहा कि जीएसटी में हुए कर–सुधार से आम आदमी के जीवन में अहम् और सकारात्मक बदलाव आना तय है। केन्द्र सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से आम आदमी की बचत बढ़ेगी। इससे लगभग 6 लाख करोड़ रुपए की खपत बढ़ेगी। एकात्म परिसर मे गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता ब्रिफिंग में अमित चिमनानी ने कहा कि नए जीएसटी प्रावधानों से अब घर बनाना और घर चलाना बेहद सस्ता हो जाएगा। गुड एंड सर्विस टैक्स अब गुड और सिंपल टैक्स के नाम से भी जाना जाएगा। सीमेंट, जो घर बनाने की एक बहुत जरूरी वस्तु है, के टैक्स रेट में 10 प्रतिशत की कटौती घर बनाने की लागत को कम करने जा रही है। अब उसके टैक्स रेट में 10 प्रतिशत की कटौती घर बनाने की लागत में सीधा–सीधा दो प्रतिशत कमी कर देंगे। घर में लगने वाले और उपयोग होने वाले कई सामान, जिनमें टीवी, रेफ्रिजरेटर, डेकोरेशन के सामान, पर भी टैक्स दरों में भारी कटौती से घर बनाने की लागत में महत्वपूर्ण कमी आएगी। यह कमी घर में उपयोग होने वाली वस्तुओं के हिसाब से 5 से 10 प्रतिशत की हो सकती है।घर चलाने के लिए जरूरी हर एक वस्तु पर अब टैक्स की दरों में कमी होने से घर चलाने का बजट भी प्रभावी रूप से कम होगा। चिमनानी ने कहा कि चार की जगह जीएसटी टैक्स की दो दरें होने से लिटिगेशन के मामलों में भारी कमी होगी। अब चार की जगह दो कर दरे होने से विवादों में भारी कमी आएगी। इन्होंने कहा कि हर प्रदेश में ट्रिब्यूनल खुलने से विवादों पर होने वाले खर्चों में भी भारी कटौती होगी। अब समय और पैसे दोनों की बचत होगी। जीएसटी का रजिस्ट्रेशन अब केवल 3 दिन में मिलेगा जो काफी राहतमंद सिद्ध होगा। इससे व्यापार करने में आसानी के साथ अर्जेंट जीएसटी नंबर की आवश्यकता होने पर व्यापार का नुकसान नहीं होगा। चिमनानी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा किए गए इनकम टैक्स एवं जीएसटी के बदलाव के बाद भारत में खपत लगभग 6 लाख करोड़ से बढ़ेगी। इससे जीडीपी में बढ़ोतरी के साथ साथ रोजगार और आर्थिक विकास में भी ज्यादा रफ्तार दिखाई देगी। जीएसटी का रिफंड अब केवल 7 दिनों में होगा जिससे एक्सपोर्ट में भारी उछाल आएगा। इससे स्वास्थ्य शिक्षा और खेती के खर्चों में भी भारी कमी आएगी।

## राजधानी में गणेशोत्सव की धूम


नवीन बाल समाज गणेशोत्सव समिति, दुर्गा चौक, कटोरा तालाब


श्री गजराज गणेशोत्सव समिति, गोल चौक


श्री गजानन मित्र मंडल, तेलीबांधा, मौलीपारा, साहू गली


दुबे निवास, कोटा

# ये कैसा हेलमेट अभियान

## पेट्रोल भरवाने पंपों के पास किराए में मिल रहा हेलमेट, रेट केवल 10 रुपए

**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। अगर आपको पेट्रोल भरवाना है और आपके पास हेलमेट नहीं है तो आप पेट्रोल पंप के पास ही 10 रुपए किराया के हिसाब से हेलमेट लेकर पेट्रोल भरवा सकते हैं ये सलाह स्वयं पेट्रोल कर्मचारी दे रहे हैं बता दें कि राजधानी रायपुर में पेट्रोल डीलर एसोसिएशन ने सड़क हादसे को देखते हुए दोपहिया वाहन चालकों को बगैर हेलमेट पेट्रोल नहीं देने का निर्णय लिया है पेट्रोल पंप संचालक इसके लिए जन जागरूकता अभियान चलाने की बात भी कही थी बगैर हेलमेट के पेट्रोल लेने आने वालों को समझाइश देने के बाद शुरुआत में पेट्रोल देने उसके बाद बगैर हेलमेट पेट्रोल नहीं देने की बात कही गई थी पंप संचालकों के इस निर्णय को उन्हीं के पंपकर्मी धता बता रहे हैं बगैर हेलमेट पेट्रोल लेने आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को उन्हीं के पंप कर्मचारी पेट्रोल भरवाने किसी दूसरे का हेलमेट पहनकर



पेट्रोल भरवाने की सीख दे रहे हैं इसके अलावा अगर कोई व्यक्ति पेट्रोल लगाने जाता है और उसके पास हेलमेट नहीं होता तो पेट्रोल कर्मचारी उसे कहते हैं कि किनारे जाकर 10 रुपए किराए के हिसाब हेलमेट किराए पर लेकर पेट्रोल भरवा लीजिए

**हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने की जरूरत :** दोपहिया वाहन चलाने वालों को वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनना है लोगों को हेलमेट पहनने अवेयर करने की जरूरत है एसोसिएशन का निर्णय अपनी जगह सही है लेकिन इसके लिए पेट्रोल पंप संचालकों को अपने ग्राहकों को बगैर हेलमेट पेट्रोल नहीं देने की सख्ती गैर वाजिब है पंप संचालकों को बगैर हेलमेट पेट्रोल लेने आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को समझाइश देने के साथ उन्हें अवेयर किया जाना चाहिए

**लोगों ने कहा– हेलमेट अभियान का क्या औचित्य**

पेट्रोल पंप एसोसिएशन का आम उपभोक्ता विरोध कर रहे है लोगों का कहना है कि पेट्रोल पंप में बगैर हेलमेट पेट्रोल लेने आने वाले दोपहिया वाहन चालक किसी दूसरे का हेलमेट लेकर अपनी गाड़ी में पेट्रोल डलवा रहे हैं ऐसे में हेलमेट अभियान का क्या औचित्य है बगैर हेलमेट के पेट्रोल नहीं देने के निर्णय के बाद कई लोग शंकर नगर सहित शहर के अलग–अलग क्षेत्र के पेट्रोल पंप के आसपास हेलमेट लेकर घूमते नजर आ रहे हैं वो पेट्रोल लेने आने वाले जरूरतमंद दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल भरवाने हेलमेट दे रहे हैं उसके एवज में वाहन मालिक से 10 रुपए वसूल रहे हैं।

# छुट्टी के लिए 200 रुपए में मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा रहे वार्ड ब्वॉय

**सीनियर डॉक्टर का मामला पहुंचा प्रबंधन तक**

**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। मेन पावर की कमी से जूझ रहे आंबेडकर अस्पताल में मनमाफिक्र छुट्टी लेने के लिए सिर्फ200 रुपए में मेडिकल सर्टिफिक्रेट बनवाए जा रहे हैं। इससे कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। अब यह मामला प्रबंधन तक पहुंच गया है। दरअसल अस्पताल के एक सीनियर डॉक्टर पर आरोप है कि वह रेगुलर वार्ड ब्वाय का मेडिकल सर्टिफिक्रेट सिर्फ200.200 रुपए लेकर बनाते हैं।

### शासन ने मामले की जांच करवाई

शिकायत मिलने के बाद प्रबंधन डॉक्टर को चेतावनी देने की तैयारी में है। अभी 1252 बेड के अस्पताल में महज 100 वार्ड ब्वॉय सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से अधिकांश आए दिन छुट्टी पर चले जाते हैं। इसके लिए वह कम खर्च पर मेडिकल सर्टिफिक्रेट बनवाकर प्रबंधन के सामने पेश कर देते हैं। अधिकारियों का कहना है कि लगातार छुट्टी के कारण एवजी ड्यूटी लगाने में भी दिक्कत हो रही है।

दूसरी ओर आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन ने सालभर पहले 60 नियमित वार्ड ब्वाय को नौकरी खत्म करने का नोटिस दिया था। हालांकि अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। भर्ती में अनियमितता की शिकायत के बाद शासन ने मामले की जांच करवाई थी। इसमें भर्ती में अनियमितता की पुष्टि हुई थी। शासन के आदेश के बाद ही प्रबंधन ने सभी वार्ड ब्वाय को नोटिस दिया था।

### कर्मचारियों का नियमितीकरण

दरअसल 2008–09 में दैनिक वेतनभोगी के बतौर सेवाएं दे रहे इन वार्ड ब्वाय को रेगुलर कर दिया गया था। जबकि शासन ने 1979 से 1997 तक सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को नियमित करने को कहा था।

बताया जाता है कि तब रिटायर्ड डीएमई की इसमें बड़ी भूमिका थी। लेन.देन कर इन कर्मचारियों को नियमित करने का आरोप लगा था। ऐसे में जिन कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं हुआ था उन्होंने शासन से शिकायत की थी।

# ज्वेलरी दुकान में चोरी 4 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में मंदिरहसौद थाने की पुलिस ने ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी के आरोपियों को पकड़ लिया हैं बताया गया कि प्रार्थी सुखनंदन कोसले ने थाना मंदिर हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह चंदखुरी फार्म मेन रोड में मिशा ज्वेलर्स नाम से ज्वेलरी दुकान का संचालन करता है। प्रार्थी वह 19 अगस्त की रात करीब 10 00 बजे दुकान में ताला लगाकर अपने घर चला गया था कि सुबह 05.30 बजे उसके गांव के रोशन देवांगन ने प्रार्थी को फोन करके बताया कि तुम्हारे दुकान का शटर एवं कांच का दरवाजा टूटा हुआ था तथा शटर उठा हुआ था सूचना पर प्रार्थी दुकान जाकर देखा तो पाया कि दुकान का शटर उठा था कांच का दरवाजा टूटा हुआ था तथा दुकान अंदर जाकर देखा तो ज्वेलरी दुकान का सब समान बिखरा हुआ था तथा दराज चेक किया तो पाया की उसमें सोने चांदी के जेवरात तथा नगदी रकम नही थे। कोई अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी के ज्वेलरी दुकान का शटर का ताला तोड़कर शटर उठाकर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी कर फरार हो गया था। जिसपर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में धारा 331;4द्धए 305 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी मंदिर हसौद को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मंदिर हसौद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाकर भी अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के संबंध में तकनीकी विश्लेषण करने के साथ ही हाल ही में जेल से रिहा हुये चोरी के आरोपियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र की जा रहीं थी। चोरी के पुराने आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्र कर उनकी गतिविधियों पर निगाह रखकर अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को प्रकरण में संलिप्त अज्ञात आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में आरोपी कचना खम्हारडीह निवासी रेवा देवार उर्फभक्कू की पतासाजी कर पकड़ा गया प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर रेवा देवार उर्फभक्कू से कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने साथी विकास देवार उर्फलोचा अज्जू देवार तथा बुधारू सोनवाल उर्फगुट्टी के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर प्रकरण में आरोपी विकास देवार उर्फलोचाए अज्जू देवार तथा बुधारू सोनवाल उर्फगुट्टी की भी पतासाजी कर पकड़ा गया। सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने चांदी के जेवरात तथा घटना में प्रयुक्त 01 नग दोहिया वाहन तथा लोहे का रॉड जुमला कीमती लगभग 90,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

## हाई प्रोफाइल ड्रग्स पैडलिंग मामला

# मुख्य तस्कर नव्या और इवेंट मैनेजर विधि तीन दिनों की पुलिस रिमांड पर

**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के हाईप्रोफाइल ड्रग्स पैडलिंग मामले में गिरफ्तार शातिर तस्कर नव्या मलिक की पुलिस रिमांड कोर्ट ने बढ़ा दी है। एनडीपीएस कोर्ट ने मुख्य तस्कर नव्या मलिक और इवेंट मैनेजर विधि अग्रवाल को 6 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर सौंपा। दोनों तस्करों से पुलिस तीन दिनों तक कड़ी पूछताछ करेगी जिसमें बड़े खुलासे होने की संभावना है।

जानकारी के मुताबिक मुख्य ड्रग्स तस्कर अयान खान सोहैल खान और जुनैद अख्तर को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। बचाव पक्ष के वकील अमीन ने बताया कि सभी आरोपियों को आज न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। नव्या मलिक और विधि अग्रवाल को 6 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। रायपुर में ड्रग्स सप्लाई मामले में लगातार परतें खुलती जा रही है। हर दिन नए चेहरे बेनकाब हो रहे हैं और तस्करों का नेटवर्क धीरे.धीरे उजागर हो रहा है। ड्रग्स पैडलिंग मामले में गिरफ्तार ड्रग पैडलर नव्या मालिक और आयन परवेज की निशानदेही पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 4 और आरोपियों को आज गिरफ्तार किया। इनमें विधि अग्रवाल समेत 4 तस्कर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में ड्रग्स भी बरामद किया है।

**ऑपरेशन निश्चय के तहत की गई कार्रवाई :** पुलिस ने बताया कि गंज थाने में दर्ज एमडीएम ड्रग्स प्रकरण में ऑपरेशन निश्चयश् के तहत यह बड़ी कार्रवाई की गई है। जिन चार नए आरोपियों को पकड़ा गया है उनमें विधि अग्रवाल और ऋषिराज टंडन जैसे नाम शामिल हैं जो शहर की पार्टियों में बतौर इवेंट मैनेजर सक्रिय



**अन्य आरोपी भेजे गए जेल, अब तक 9 आरोपियों को जेल**

थे और मुख्य चेहरे थे। इसके अलावा सोहेल खान और जुनैद अख्तर को भी गिरफ्तार किया गया है जो नव्या मालिक और अयान परवेज के करीबी सहयोगी बताए जा रहे हैं। इस मामले में अब तक कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**इन लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी :** पुलिस ने बताया कि इस मामले में सबसे पहले हर्ष आहूजा मोनू विश्नोई और दीप धनोरिया को पकड़ा गया था। इनके पास से 27.58 ग्राम एमडीएमए, 85,300 रुपये नगद एक कार और 5 मोबाइल फोन बरामद हुए थे। इसके बाद नव्या मालिक और अयान परवेज को भी गिरफ्तार किया गया। ताजा कार्रवाई में 4 और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय से पुलिस अभिरक्षा में लेकर उनसे बैकवर्ड एवं फॉरवर्ड लिंकेज के संबंध में पूछताछ की जा रही है। साथ ही इन्हीं लिंकेज के आधार पर अन्य आरोपियों के बारे में भी विस्तृत पूछताछ जारी है।

**ऐसे सामने आया था मामला :** यह पूरा मामला 23 अगस्त 2025 को सामने आया था जब एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा गंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने देवेंद्र नगर ओवरब्रिज के पास एक कार को रोककर कार्रवाई की थी। कार में सवार तीन आरोपियों हर्ष आहूजा ;23 वर्ष निवासी रायपुर मोनू विश्नोई ;29 वर्ष निवासी हिसार ;हरियाणा और दीप धनोरिया ;41 वर्ष निवासी रायपुर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने इनके कब्जे से 27.58 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स,सोनेट कार ;सीजी 04 क्यूजे 5466,85,300 रुपये नगद और 5 मोबाइल फोन बरामद किए थे। जब्त की गई संपत्ति की कुल कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई थी। इसी आधार पर गंज थाने में धारा 21;सी 29 नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## ड्रग्स क्वीन नव्या मलिक की मोबाइल कॉल हिस्ट्री देख उड़े पुलिस के होश

ड्रग्स मामले में रायपुर पुलिस को नव्या की मोबाइल कॉल हिस्ट्री ने चौंका दिया है अब रायपुर पुलिस ड्रग्स चीन से लगातार संपर्क में रहने वाले सभी लोगों की लिस्ट तैयार कर ही है और उनसे पूछताछ की तैयारी कर रही है सूत्र बताते है कि इसमें स्पंज आयरन सराफ कारोबी और बड़े कपड़ा कारोबारियों के बच्चे भी संपर्क में थे जानकारी के मुताबिक ड्रग्स चीन नव्या के मोबाइल व चैट की जांच के दौरान 350 से ज्यादा फोन नंबर मिले हैं इनसे लगातार संपर्क में थी उन्हें ड्रग्स की सप्लाई करती थी उनके साथ नाइट पार्टी करती थी इनमें राज्य के एक बड़े शराब कारोबारी के बेटे से सबसे ज्यादा बातचीत दिख रही है नव्या मलिक

**स्पंज आयरन, सराफा और कपड़ा कारोबारियों के बच्चों और राजनीतिक पार्टियों के युवा नेता से थी संपर्क में**

उसके साथ कई बार मुंबई भी गई है पुलिस ने ऐसे लोगों की सूची तैयार कर ली है सभी को पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा पुलिस सूत्रों के मुताबिक कई राजनीति पार्टी के युवा नेताओं से भी वह संपर्क में थी हालांकि पुलिस ने अब तक उससे जुड़े 5.6 लोगों को ही तलब किया है बाकी लोगों को पुलिस बुला नहीं है नव्या मलिक और अयान की गुरुवार तक रिमांड है दोनों को कोर्ट पेश किया जाएगा दोनों से अधिकारियों ने अलग.अलग पूछताछ की है इसमें कई अहम जानकारी सामने आई ह उसके आधार पर आगे की जांच की जाएगी चर्चा है कि पुलिस ने नव्यां के खिलाफब्लैकमेलिंग और हनी ट्रैप मामले में भी नई एफआईआर दर्ज कर सकती है

## गणेश पंडाल के सामने गाड़ी करने को लेकर विवाद

**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी और उसके आसपास के थाना इलाकों में मारपीट की घटना सामने आई है। इनमें पुरानी बात का बदला लेने गणेश पंडाल के सामने गाड़ी खड़ी करने और मोहल्ले के लडक़ों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दुश्मनी चाकू पेचकस कड़ा ईंट से हमला हुआ। इस हमले में कई लोगों को चोटे आई है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ 115;2 296 3;5 और 351;2 का अपराध दर्ज किया है। उधर आजाद चौक इलाके में कल रात गणेश पंडाल में झगड़ा हो गया। यह झगड़ा गणेश पंडाल के सामने गाडी खड़ी करने को लेकर हुआ था। जिससे युवक के कंधे में चोट लगी। मौके पर मौजूद समिति के अन्य सदस्य बीच–बचाव किया।

# सट्टा खिलाते एक महिला सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को जुआ सट्टा खेलने एवं खिलाने वालों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है इसी तारतम्य में थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि खमतराई बाजार के पास एक महिला पर्ची में सट्टा खिला रही है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना खमतराई पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही व घेराबंदी कर 01 सटोरी महिला



को पकड़ा गया जो अपना नाम सुभद्रा उर्फ ज्योति पिता बालेश्वर नाग उम्र 23 वर्ष स्थायी पता टिटलागढ़ गुमची तारा थाना टिटलागढ़ ;उड़िसा हाल पता.डब्ल्यूआरएस कालोनी खमतराई बतायी जिसे गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा पट्टी में अंको का लिखा पर्ची एवं नगदी रकम 900 रूपये जप्त किया गया। आरोपियां के विरूद्ध धारा छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 का अपराध पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इसी प्रकार थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई भनपुरी रोड़ के पास एक व्यक्ति पर्ची में सट्टा खिला रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना खमतराई पुलिस टीम टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही व घेराबंदी कर 01 सटोरी व्यक्ति को पकड़ा गया जो अपना नाम निताई विश्वास पिता कालीपदो उम्र 40 वर्ष साकिन शिव मंदिर के पीछे डब्ल्यूआरएस कालोनी खमतराई बताया जिसे गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा पट्टी में अंको का लिखा पर्ची एवं नगदी रकम 1100६ रूपये जप्त किया गया।

## चाकू लहराकर आम जनता को डराते–धमकाते आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ईदगाहभाठा के पास मे एक व्यक्ति अपने हाथ में चाकू रखकर लहराते हुए आम जनता को डरा धमका रहा है। उक्त सूचना पर थाना आजाद चौक पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचा, मौका पर आरोपी शेख सोहेल पिता शेख मुक्ददर उम्र 19 वर्ष सा0 ईदगाहभाठा थाना आजाद चौक रायपुर का चाकू लहराते एडराते धमकाते मिला जिसे समक्ष गवाहन के घेराबंदी कर पकड़ा गया तथा आरोपी के हाथ से एक नग चाकू छीनकर आरोपी तथा चाकू को कब्जे में लिया गया। आरोपी को आज गिरफ्तार कर धारा 25 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है।

**उल्टा पुल्टा**

रोहन के घर की घंटी बजी तो उसकी पत्नी ने दरवाजा खोला. दरवाजे पर एक सेल्समैन था. सेल्समैन- 'पत्नी को बेवकूफ बनाने के 101 बहाने' ये किताब ले लीजिए. आपके बहुत काम आएगी.
रोहन की पत्नी- क्या मतलब? ये मेरे किस काम की भला?
सेल्समैन- दरअसल, इसकी एक कॉपी कल आपके पति ने खरीदी थी.

# भिलाई के कचरा निष्पादन प्रोजेक्ट में दुर्ग सहित अन्य नगरीय निकायों को शामिल करें : गजेन्द्र



- दुर्ग में इंदिरा मार्केट में मल्टी लेबल पार्किंग, प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र शुरू करने, प्रदेश के सभी निगमों में एक मॉडल स्कूल बनाने की घोषणा
- मंत्री ने अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज लोक निर्माण विभाग कार्यालय दुर्ग के सभाकक्ष में समस्त विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय काम.काजों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे भी सम्मिलित हुई। साथ ही कलेक्टर अभिजीत सिंह सहित समस्त विभाग के अधिकारीगण भी उपस्थित थे। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि नगरीय निकायों में सार्वजनिक महत्व के कार्यों को प्राथमिकता देवें। अधिकारी नवाचार के साथ त्वरित विभागीय कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की टेन्डर स्वीकृति के पश्चात् विभागीय समन्वय के साथ कार्यों में प्रगति लायें।

समीक्षा के दौरान मंत्री श्री यादव ने अवगत कराया कि गांवों में बने रीपा सेन्टरों में ग्रामोद्योग के माध्यम से लघु उद्योग स्थापित किए जायेंगे। इसी प्रकार गौठानों को गौधाम के रूप में विकसित किया जाएगा।

मंत्री श्री यादव ने नगरीय निकायों में कचरा निष्पादन की जानकारी ली। मंत्री को अवगत कराया गया कि भिलाई नगर निगम में एजेंसी तय हो गयी हैए साथ ही एग्रीमेंट भी कर लिया गया है। मंत्री श्री यादव ने नगर निगम भिलाई को अपशिष्ट प्रबंधन ईकाई में दुर्ग एवं अन्य नगरीय निकायों को भी शामिल करने कहा। दुर्ग नगरीय निकाय में अपशिष्ट प्रबंधन हेतु जेवरा सिरसा में निर्मित मुरूम खदान का चयन किया गया है। पानी सूखने पर अपशिष्ट पदार्थ उक्त खदान में डम्प कर समतल बनाया जाएगा। मंत्री श्री यादव ने यहां पर कचरा डम्प करने से पूर्व दीवार बनाने के निर्देश दिये है। उन्होंने दुर्ग के इंदिरा मार्केट में मल्टी लेवल पार्किंग, साइंस कॉलेज के बाजू से स्टेशन रोड तक केनाल रोड निर्माण, नालंदा परिसर आदि की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही राशि स्वीकृति हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवगत कराया कि चण्डी मंदिर से नयापारा मार्गए महाराजा चौक से बोरसी मार्ग और मिनीमाता चौक से जेल तिराहा मार्ग हेतु शासन से राशि स्वीकृत हो गई है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी विद्युत लाईन शिफ्टिंग, पानी पाईप लाईन एवं मुआवजा वितरण आदि के लिए संबंधित विभागों को पत्राचार कर समन्वय के साथ त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। मंत्री श्री यादव ने ग्राम बघेरा से ब्रम्हकुमारी आनंद सरोवर होते हुए बायपास तक पहुंच मार्ग का उन्नयन एवं निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने आवश्यक पहल करने कार्यपालन अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया। उन्होंने नगर निगम भिलाई, भिलाई.3 चरोदा एवं रिसाली के निगम आयुक्त को संबंधित निकायों में सार्वजनिक महत्व के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए कार्य चिन्हित कर प्रस्ताव शासन को भेजने तथा स्वीकृति पश्चात् जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समारोह पूर्वक भूमिपूजन कराने के निर्देश दिए।


मंत्री श्री यादव ने कहा कि सभी नगर निगम में जर्जर स्कूलों का आवश्यकता के अनुसार मरम्मत को प्राथमिकता देवें। उन्होंने अवगत कराया कि प्रत्येक नगर निगम में एक मॉडल स्कूल बनाए जाएंगे। इसी प्रकार नगर निगम की ग्रंथालयों में आवश्यक व्यवस्था हेतु शासन द्वारा राशि का प्रावधान किया जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षा के प्रतिभागियों के लिए नालंदा परिसर आदि की व्यवस्था की जा रही है। मंत्री श्री यादव ने नेहरू नगर, अंजोरा बायपास रोड के धमधा.बोगदा.पुलिया से उरला तक सर्विस रोड निर्माण और दुर्ग नगर में स्वीमिंग पुल का जिक्र करते हुए कहा कि नगर निगम दुर्ग में विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के साथ समयावधि में पूर्ण कराएं। उन्होंने उमरपोटी में 400 केवी ट्रांसमिसन विद्युत लाईन के प्रभावितों को मुआवजा राशि और ग्राम कातरो में विद्युत करेंट से मृत महिला के परिजन को मुआवजा राशि दिलाने आवश्यक पहल करने अधीक्षण अभियंता सीएसपीडीसीएल को निर्देशित किया। उन्होंने जिला अस्पताल सहित जिले के सभी शासकीय चिकित्सालयों में आवश्यक जन औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने सीएमएचओ को निर्देशित किया। साथ ही जिला अस्पताल में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया कलेक्टर के अनुमोदन से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मंत्री श्री यादव ने जिला पंचायत के सीईओ को ग्रामवार रीपा केन्द्रों की सूची उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने अवगत कराया कि पूर्व में बने रीपा केन्द्रों में ग्रामोद्योग विभाग के माध्यम से ग्रामीणों के लिए लघु उद्योग धंधे स्थापित किए जाएंगे। इसी प्रकार पशुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूर्व निर्मित गौठानों को गौधाम में परिवर्तित कर रात्रि में यहां पशुओं को रखने की व्यवस्था की जा रही है।

मंत्री श्री यादव ने रूआबांधा एवं देवधर मानव निर्मित वन को बेहतर करने के संबंध में वन विभाग के प्रस्ताव पर बीएसपी द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्री सिंह को बीएसपी द्वारा सीएसआर मद से शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, ग्रामीण विकास, गरीबी उन्मूलन और राष्ट्रीय विरासत की सुरक्षा आदि का ब्यौरा मंगवाने कहा। जिले के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में एपीएल चावल की उपलब्धता के संबंध में शासन को पत्राचार करने और राशन दुकान संचालनकर्ता को बारदाने की राशि दिलाने आवश्यक पहल करने खाद्य नियंत्रक को निर्देशित किया। उन्होंने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट करते हुए बैंको को छात्रवृत्ति राशि से जीरो बैलेंस खाते पर बैंकों द्वारा पेनाल्टी राशि नहीं काटे जाने संबंधित नोटिस जारी करने कहा।

# केन्द्रीय जेल में दंत चिकित्सकों ने शिविर लगाकर किया इलाज




**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। इंडियन डेंटल एसोसिएशन ब्रांच दुर्ग के द्वारा केन्द्रीय जेल दुर्ग में बंदियों हेतु एक दिवसीय दंत चिकित्सक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में दंत चिकित्सक डॉ.सविता कब्डवाल, डॉ.श्रेणिका नाहरा, डॉ. साइली कुरैशी, डॉ.लवप्रीत कटीयार, डॉण् मयुरी राय, डॉ. रजत जैन, डॉ सिद्धार्थ शर्मा, डॉ शाहबाज खान, डॉ. शुभ जैन सहित जेल प्रशासन के जेल अधीक्षक, मनीष सम्भाकर, सहायक जेल अधीक्षक अशोक साव, ढाल सिंह कोसरे फार्मासिस्ट एवं जेल स्टॉफ भी उपस्थित रहे। दंत चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों के द्वारा 150 निरूद्ध बंदियों की दंत जॉच कर आवश्यकतानुसार उपचार प्रदान किया। साथ ही बंदियों को दंत स्वच्छता एवं रखरखाव के बारे में जानकारी भी दी गई।




# ईद-ए-मिलाद और अनंत चतुर्दशी को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे पर रहेगा प्रतिबंध



**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में आगामी त्योहारों ईद.ए.मिलाद और अनंत चतुर्दशी के शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडीएम अभिषेक अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर ने की। बैठक में ईद.ए.मिलाद को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं जाने पर सर्वसम्मति बनी। एडीएम श्री अग्रवाल ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी निर्धारित गाईडलाइन का पालन अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी से त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि ईद.ए.मिलाद का जुलूस शाम 6.30 बजे तक निर्धारित स्थल पर पहुंच जाएए ताकि शाम के समय होने वाले गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान भीड़ भाड़ से बचा जा सके। उन्होंने पंडालों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए। श्री राठौर ने कहा कि डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध लागू रहेगा और पुलिस प्रशासन द्वारा नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। साथ ही यह भी कहा गया कि आयोजन स्थलों की साफसफाई की जिम्मेदारी आयोजकों की होगी। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनी रहे। बैठक में संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, पुलिस विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ईद-मिलादुन्नबी पर आज विशाल जुलूस

**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। इस्लाम के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन कल 5 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी काफी जोश खरोश से मनाया जायेगा। इस पर्व को ऐतिहासिक रूप देने जामा मस्जिद सहित सभी मस्जिदों, दरगाहों में भी आर्कषण लाईटिंग की गई है। तकियापारा सहित विभिन्न मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में भी काफी साज सज्जा की गई है।


इस संबंध में समाज के सूत्रों ने बताया कि कल 5 सितंबर को दोपहर ढाई बजे जामा मस्जिद से जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस काफी जोश खरोश के साथ निकाला जायेगा। जुलूस जामा मस्जिद से होटल मान, तकियापारा, सुभाष चौक, फरिश्ता काम्पलेक्स, इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड, पटेल चौक से गंजपारा, शनिचरी बाजार, गांधी चौक होते हुए वापस जामा मस्जिद पहुंचेगा जहां परचम कुशाई की रस्म की जायेगी।

## गोवर्धन पूजा पर शासकीय अवकाश घोषित किया जाये : यादव

**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के प्रांताध्यक्ष भानुप्रताप यादव ने शासन से गोवर्धन पूजा पर अवकाश घोषित करने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि पूर्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गोवर्धन पूजन पर त्यौहार घोषित किया गया था।

उल्लेखनीय है कि दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है। इस पर्व में यादव समाज के साथ ही सभी समाज के साथ काफी उत्साह के साथ शामिल होते है। अनेक समाज के लोग भी इस पर्व को अलग अलग रूपों में भी मनाते है। अत: शासकीय अधिकारी कर्मचारी संगठन द्वारा भी इस दिन छुट्टी की मांग की गई है।



# नाला व झाड़ियों में मिला युवक का शव



**भिलाईनगर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। भिलाई नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेहरू नगर अंडरब्रिज से लगे नाले व झाड़ियों के बीच लाश मिलने से हड़कंप मच गया। गुरुवार की सुबह लगभग 8.30 बजे लोगों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर भिलाई नगर सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी व डायल 112 की टीम पहुंची। घटना की पुलिस की जांच जारी है। मृतक के कपड़ों की जांच करने पर पुलिस को एक पर्स मिला और एक की पैड मोबाइल। पर्स में कुछ कैश, कैटरिंग के कार्ड व आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान सुरजीत रॉय के रूप में हुई है जो कि कोलकाता का रहने वाला था। वहीं मोबाइल फोन में दर्ज नंबर पर कॉल करने पर पुलिस को यह जानकारी मिली कि मृतक कैटरिंग का काम करता है। पुलिस मृतक के परिजनों से संपर्क साध रही है। मृतक वहां कैसे पहुंचाए उसकी हत्या हुई या किसी साजिश का शिकार हुआ इन पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है। भिलाई नगर पुलिस मौके पर पहुंचकर बॉडी को नाले से निकाल कर पीएम के लिए भेज दिया गया है। बताया गया कि सेक्टर-7 नेहरू नगर ओवर ब्रिज के नीचे नाले में आज सुबह मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों के द्वारा बॉडी को देखा गया था इसकी सूचना भिलाई नगर पुलिस को दी गई। युवक का यहां कैसे पहुंचा या स्वयं नाले में गिरा है इसकी जांच की जा रही है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। फ़िलहाल पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# 70 लाख के 303 गुम मोबाइल पुलिस को मिले



## संबंधित मोबाईल स्वामी सेक्टर 3 से अपना मोबाईल प्राप्त कर सकते है

**भिलाईनगर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आज पुलिस कंट्रोलरुम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि पुलिस की विशेष टीम द्वार 303 नग गुम मोबाईल को खोज निकाला है। जिसकी कीमत लगभग 70 लाख रूपये बताई जा रही है। एस.एस.पी ने बताया कि गुम मोबाईलो का विवरण सी.आई.आर. (सेण्ट्रल इक्यूपमेंट आईडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल से प्राप्त हुए है। एसएसपी ने आज मालिको को उनरे मोबाइल का वितरण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में गुम मोबाईल के संबंध में लगातार मोबाईल गुमने की रिपोर्ट प्राथियो द्वारा थानो में दर्ज कराई जा रही है। एसएसपी ने गुम मोबाईलो की पतासाजी कर प्रार्थियो के सुपुर्द करने हेतु निर्देश दिया था। जिसके परिपालन में जिले के पुलिस अनुविभागों से बल एकत्र कर एक विषेष टीम गठित किया गया। विषेष टीम को गुम हुये मोबाईलों को खोजकर एसीसीयू कार्यालय में जमा करने हेतु लगाया गया। एसीसीयू एवं विषेष टीम के द्वारा वर्ष 2024-2025 के गुमे हुये मोबाईलों से संबंधित आवेदन पत्रों के आधार पर अभियान चला कर अथक मेहनत एवं लगन से दुर्ग, भिलाई, राजनांदगाँव, बालोद, बेमेतरा एवं रायपुर क्षेत्रों में चल रहे कुल 303 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाईले जुमला कीमती तकरीबन 70 लाख रूपये का बरामद किया गया। जिसे संबंधित आवेदकों को विधिवत वितरण किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट एवं विषेष गठित टीम की उल्लेखनीय भूमिका रही। संबंधित मोबाईल स्वामी एन्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट कार्यालय सेक्टर 3 से अपना मोबाईल प्राप्त कर सकते है। विषेष टीम के कर्मचारी आरक्षक मोहम्मद फारूख खांन, थाना धमधा, आरक्षक वसीम खांन चौकी जेवरा सिरसा, आरक्षक नारायण ठाकुर थाना नेवई, आरक्षक जीत यादव थाना आर जांमगाँव,विश्वजीत सिंह भिलाई भटठी, आर भागवत प्रसाद थाना छावनी शामिल थे।

# बीएसपी के ठेका श्रमिकों को मिले 20 प्रतिशत बोनस की मांग



**भिलाईनगर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)।स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के प्रतिनिधिमंडल ने संयंत्र के महाप्रबंधक जे.एन. ठाकुर एव विकास चंद्र, ठेका प्रकोष्ठ एवं औद्योगिक संबंध विभाग से मुलाकात कर संयंत्र के निदेशक प्रभारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि संयंत्र के सभी ठेका श्रमिकों को दुर्गा पूजा से पूर्व 20 प्रतिशत बोनस प्रदान किया जाए। बीएसपी के उत्पादन, रखरखाव एवं लाभार्जन में ठेका श्रमिकों का योगदान उल्लेखनीय रहा है। संयंत्र प्रबंधन एवं इंटक के संयुक्त प्रयासों से श्रमिकों की समस्याओं का निरंतर समाधान हो रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप संयंत्र निरंतर नई.नई ऊँचाइयाँ और कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। बोनस की दर निर्धारित करने की मांग की गई। जिसके तहत अकुशल श्रमिक 26,832 रुपये अर्धकुशल श्रमिक 28,352, कुशल श्रमिक 30,264, अतिकुशल श्रमिक 32,136 रुपये साथ ही यह भी सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया कि बोनस की संपूर्ण राशि सीधे वास्तविक ठेका श्रमिकों तक पहुँचे। इससे श्रमिकों का मनोबल ऊँचा होगा और वे संयंत्र के विकास एवं उत्पादन वृद्धि में और अधिक उत्साह से योगदान देंगे। जेण्एनण् ठाकुर ने आश्वस्त किया कि इस संदर्भ में शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। बैठक में संजय कुमार साहू, सी.पी. वर्मा, दीनानाथ सिंह सार्वा, आर.दिनेश, गुरुदेव साहू, सुरेश, श्याम कुमार, जी.रामू उपस्थित थे।

# एमआईसी का निर्णय बिजली विभाग से होगी टैक्स वसूली



भिलाईनगर, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। रिसाली निगम जल्द ही छ.ग. विद्युत वितरण कंपनी को टैक्स जमा करने डिमांड जारी करेगा। निगम ने राजस्व बढ़ाने छ.ग.विद्युत वितरण कंपनी को अपने दायरे में लिया है। कंपनी द्वारा लगाए विद्युत खंबे और ट्रांसफार्मर वाले स्थान का कर निर्धारण किया जाएगा। उक्त निर्णय महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद ने निर्णय लिया है। परिषद के सद्स्यों ने एक स्वर में कहा कि छ.ग. विद्युत वितरण कंपनी वर्तमान में नगर पालिक निगम रिसाली के क्षेत्राधिकार वाली भूमि का उपयोग घरों तक कनेक्शन देने, स्ट्रीट लाइट के अलावा ट्रांसफार्मर लगाने के लिए कर रही है। इसके लिए नियमत: निगम को कर लेना चाहिए। महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि निगम का आय बढ़ाने के लिए सबका सम्यक प्रयास होना चाहिए। निगम के अधिकारी गंभीरता से सर्वे पश्चात कर निर्धारण कर कंपनी को डिमांड जारी करे। महापौर परिषद की बैठक में परिषद के सद्स्य जहीर अब्बास, सनीर साहू, अनिल देशमुख, संजू नेताम, रोहित धनकर, जमुना ठाकुर, ममता यादव, रंजीता बेनुआ, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत विभाग प्रमुख उपस्थित थे। संपत्तिकर विभाग के सहायक राजस्व अधिकारी टिकेन्द्र वर्मा ने बताया कि संपूर्ण रिसाली क्षेत्र में लगभग 10 हजार विद्युत खंबा है। साथ ही 200 स्थानों पर ट्रांसफार्मर लगा है। कर निर्धारण होने से हर वर्ष निगम के खजाने में लगभग 8 से 10 लाख रूपए की प्राप्ती होगी। एमआईसी बैठक पश्चात महापौर ने ऐसे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए है, जिसमें शासन ने राशि जारी कर दी है। महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि स्थल चयन के विवाद को परिषद के बैठक में रखा जाए। ऐसे प्रकरणों को परिषद शीघ्र निपटारा करेगा।

# आयुष्मान कार्ड बनाने स्वास्थ्य विभाग जमीन स्तर पर पहुचा



भिलाईनगर, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी के नेतृत्व में जिला भर में स्वास्थ्य महकमा ने 70 आयु समूह वालों प्रधानमंत्री मय वंदन आयुष्मान कार्ड बनाकर दे रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 के वार्ड 14 गांधी नगर ओर नेहरु नगर में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा संजीव गलेड, जिला मलेरिया अधिकारी रश्मि गलेड, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया व जिला समन्वयक आयुष्मान भारत देवेश मिश्रा बी ई ईटीओ अनिता नयन चरोदा भिलाई 3 के बी ईटीओ सैय्यद असलम श्रीमती आर विश्वास ने वयोवृद्ध लोगों मयवंदन कार्ड बनाकर दिया गया है कुल 24 लोगों को बनाया गया है कार्ड प्राप्त करने वालों ने कहा कि निश्चित रूप से हमारे लिए सौगात है। डॉ संजीव गलेड ने बुजुर्ग महिला ओर पुरूषों को देखभाल कर नियमित रूप से अपने बीमारियों की दवा खान, रात्रि में बाथरूम ओर वाशरूम जाने पर घर के सदस्यों को सूचना देकर जाए, बी पी शुगर या जिस बीमारी की दवा खाते हैं नियमित सेवन करें, नजरों की जांच हर वर्ष करें कुछ पल आबोहवा लिया करो कुछ पल अपने साथियों ओर पत्नी व परिवार वालों से चर्चा करें। आज इस आयुष्मान मयवंदन कार्ड बनाने में यशवंत साहू, मीरा साहू, निवेश प्रधान, जितेन्द्र पटेल, श्रीमती लतिका सरकार, श्रीमती नूतन तिवारी, रामेशवरी सहायिका रीमा कन्नौजे, का योगदान रहा।

# पार्षद ने तालाब के शीध्र निर्माण की रखी मांग



**भिलाईनगर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई चरोदा निगम अंतर्गत वार्ड-20ए पश्चिम की पार्षद अपर्णा सुब्रतो दासगुप्ता ने बताया कि नागरिकों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। वर्ष 2022 से जिस शासकीय भूमि खसरा नंबर 324/2 पूर्व स्टॉप डैम क्षेत्र पर तालाब निर्माण की मांग की जा रही थी। उस पर नियम विरुद्ध दिए गए पट्टे को संभागायुक्त न्यायालय द्वारा 29 अगस्त 2025 को निरस्त कर दिया गया है। यह फैसला वार्डवासियों के लंबे संघर्ष और पार्षद अपर्णा सुब्रतो दासगुप्ता के नेतृत्व में न्यायालय में प्रस्तुत किए गए अभ्यावेदन के बाद आया है। इसमें कहा गया था कि शासकीय भूमि खसरा 324/2, जहां पहले स्टॉप डैम था, वहां पर पुन: तालाब निर्माण की मांग वर्ष 2022 से लगातार की जा रही थी। गर्मियों में पानी की बढ़ती किल्लत और भूजल स्तर में गिरावट को देखते हुए यह मांग जनहित में उठाई गई थी। कुल 3300 वर्गफुट भूमि का हुआ था विवादित पट्टा आवंटन 4 अप्रैल 2025 को वार्डवासियों को जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त भूमि में से लगभग 3300 वर्गफुट का पट्टा कुट रचना कर नियमों के विरुद्ध एक संस्था को आवंटित कर दिया गया है, जबकि प्रारंभिक मांग किसी अन्य संस्था द्वारा की गई थी। पार्षद अपर्णा सुब्रतो दासगुप्ता के नेतृत्व में यह मुद्दा संभागायुक्त न्यायालय में उठाया गया। जिसके बाद सभी पक्षों को सुनने के उपरांत यह निर्णय सुनाया गया। मांगकर्ता संस्था अलग थी, जबकि आवंटन दूसरी संस्था के नाम पर किया गया। आवंटित संस्था ने तीन वर्षों का ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किया। खसरा विवरण अस्पष्ट था, न ही प्रकाशन में उचित उल्लेख किया गया। वार्ड पार्षद अपर्णा सुब्रतो दासगुप्ता ने बताया कि यह फैसला वार्डवासियों के हक में आया है। हम सबका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ जनहित है। पानी की समस्या को देखते हुए तालाब निर्माण अब अत्यंत आवश्यक है। यह भूमि अब फिर से उसी उद्देश्य के लिए उपयोग की जानी चाहिएए जिसके लिए यह पहले निर्धारित थी। उन्होंने आगे कहा हम नगर निगम प्रशासन, कलेक्टर, विधायक, सांसद और राज्य सरकार से मांग करते हैं कि तालाब निर्माण का कार्य शीघ्रातिशीघ्र शुरू किया जाए, ताकि आने वाले समय में लोगों को पानी की किल्लत से राहत मिल सके। पत्रकारवार्ता मे विदेश राम पटेल, समीर चंद्रा, मोंटू बिस्वास, रमेश चंद्र पांडे, डी.नारायण रेड्डी, दिलीप साहू, राजू सिन्हा, डी. राजशेखर रेड्डी, बिश्वनाथ सिन्हा, सौमेंद्र मजूमदार, नामदेव, एम रघुनाथ राव, सुब्रतो दासगुप्ता उपस्थित रहे।

# सहयोग के बिना समस्या का समाधान संभव नही

**भिलाईनगर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के भवन में कैंप क्षेत्र के टाटा लाइन एरिया से बहुत सारे अज्ञात लोग पहुंचे और सामूहिक रूप से गंदा पानी और सीवेज से जुड़ी समस्याओं के लिये ज्ञापन दिया गया है। नगर सेवाएं विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारी ने तत्परता के साथ शिकायत का निराकरण करने हेतु प्रतिबध्दता प्रदर्शित की और ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वाले लोगों से उनका आवास क्रमांक, पता और मोबाइल नम्बर की जानकारी मांगी। ज्ञापन पत्र में हस्ताक्षर करने वाले किसी भी व्यक्ति का कोई उल्लेख नहीं है। अज्ञात लोगों द्वारा, मकान नम्बर, मोबाइल नम्बर का उल्लेख नहीं किया गया है। बारदृबार विनम्रतापूर्वक अनुरोध करने पर भी अज्ञात लोगों द्वारा अपनी पहचान को नही बताया गया ऐसे स्थिति में शिकायत का समाधान कर पाना संभव नहीं है। कैंप क्षेत्र के टाटा लाइन एरिया में बीण्एसण्पीण् के द्वारा बनाए गए क्वार्टरों के अलावा खाली स्थानों में अवैध रूप से अतिरिक्त आवास बना लिये गये हैं। अत: शिकायत वाले घरों का पूर्ण पता के बगैर किसी भी प्रकार से शिकायत को दूर नहीं किया जा सकता है। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा शिकायतकर्ताओं से अनुरोध किया है कि नगर सेवा विभाग को वैध तरीके से कार्यवाही करने हेतु सहयोग करें ताकि वहां की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जा सकें।

# ऑपरेशन सुरक्षा के तहत शंकरा विद्यालय में कार्यक्रम

## बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने किया आव्हान

**भिलाईनगर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। शंकरा विद्याालयए हुडको में रोटरी क्लब ऑफ पिनाकल के सहयोग से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायातद्ध दुर्ग सुश्री ऋचा मिश्रा सम्मिलित हुईं'। कार्यक्रम के दौरान



विद्यालय के विद्यार्थियों को यातायात नियमों के अनुपालन हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों, ट्रिपल सीट वाहन संचालन की मनाही तथा अन्य यातायात नियमों की व्यावहारिक उपयोगिता पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का मूल दायित्व है, जो न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा बल्कि सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि ऑपरेशन सुरक्षा के अंतर्गत दुर्ग यातायात पुलिस द्वारा जन.जागरूकता, शिक्षा तथा प्रवर्तन संबंधी गतिविधियाँ लगातार संचालित की जा रही हैं। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के ठोस परिणाम सामने आ रहे हैं। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ पिनाकल के पदाधिकारियों तथा विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों में सुरक्षित यातायात आदतें विकसित करने हेतु यातायात पुलिस के प्रयासों की सराहना की गई और भविष्य में भी निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया गया। यातायात पुलिस दुर्ग आम अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से यह आग्रह करती है कि सड़क पर चलते समय सदैव यातायात नियमों का पालन करें। हेलमेट व सीट बेल्ट का नियमित प्रयोग करें तथा जिम्मेदार यातायात नागरिक बनकर ऑपरेशन सुरक्षा को सफल बनाने में सहभागिता निभाएँ। उल्लेखनीय है कि इन दिनों जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन यातायात नियमों का पालन करने हेतु लगातार कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जिलाधीश अभिजीत सिंह द्वारा बिना हेलमेट पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल नही देने का निर्देश जारी कर चुके है। जिसका पालन कराने के लिये यातायात पुलिस लगातार जांच कर रही है। ताकि बिना हेलमेट कही पेट्रोल का वितरण न हो

# लुट एवं आर्म्स एक्ट के चार मामलो के आरोपी गिरफ्तार



**भिलाईनगर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)।छावनी पुलिस व खुर्सीपार पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो आरोपी को पकड़कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल स्पलेंडर प्लस एवं बटनदार चाकू जप्त किया है। पुलिस से मिली जाकनारी के अनुसार 2 सितम्बर को प्रार्थी को आरोपी शुभम शराब पीने के लिये जबरदस्ती पैसे की मांग करते हुए धारदार चाकू से हमला कर चोंट पहुंचाया। रिपोर्ट पर थाना खुर्सीपार ने धारा 296, 351 (3द्ध),119(1) 118(1) बीएनएसए 25 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी शुभम की पतासाजी कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इसी तरह शुभम ने अपने साथी बाबी के साथ मिलकर बैकुंठधाम में प्रार्थी से लिफ्ट मांगने के बहाने उनकी स्कूटी को एवं मोबाईल को लूट कर भाग गये थे। जिसमें थाना छावनी में धारा 126 (2), 309 (4) बीएनएस कायम कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा राह चलती नाबालिग लड़की के साथ छेडछाड़ करने के मामले में भी आरोपी शुभम को गिरफ्तार कर दोनों मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार



**भिलाईनगर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह के दिशा निर्देश व सहायक आयुक्त आबकारी सी.आर.साहू के मार्गदर्शन में गश्त के दौरान आबकारी विभाग जिला दुर्ग वृत.भिलाई क्रमांक-2 के द्वारा अवैध शराब के परिवहन की सूचना मिलने पर त्वरित विधिवत कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से भारी संख्या में अंग्रेजी शराब को जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिलने पर परमजीत सिंह शांति नगर, थाना वैशाली नगर के कब्जे से मध्यप्रदेश राज्य में विक्रय हेतु अधिकृत 24 नग बोतल रॉयल चौलेंज व्हिस्की, 50 नग पाव मेक्डावल नम्बर वन व्हिस्की एवं 200 नग पाव गोवा कुल मात्रा 63 बल्क लीटर जिसका बाजार मूल्य 52,240 रूपये है तथा एक सफेद रंग की आई-20 सी कार सी.जी.04 एलसी 4534 जिसका मूल्य लगभग 5 लाख, कुल कीमत लगभग 5,52,240 रूपये जप्त किया गया। मौके पर आरोपी के कब्जे से अत्यधिक मात्रा में विदेशी शराब पाए जाने एवं आरोपी द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का उल्लघंन किये जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2), 36, 59(क) में दर्ज कर गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। इस प्रकरण की विवेचना सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुप्रिया शर्मा द्वारा की गई है। इस प्रकरण में सहायक जिला आबकारी अधिकारी पंकज कुजूर, आबकारी मुख्य आरक्षक भरथरी, आबकारी आरक्षक डी.पी. पटेल, संदीप तिर्की, चितेश्रवरी ध्रुव एवं ड्राइवर दीपक राजू का योगदान रहा।

# डोम शेड निर्माण के लिए 25 लाख रूपए स्वीकृत

**भिलाईनगर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए वैशाली नगर विधानसभा में एक कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड -32 बैकुण्ठ धाम मंदिर के पास सार्वजनिक डोम शेड निर्माण कार्य के लिए 25 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा की जाएगी।

## दो विभिन्न कार्यों के लिए 99 लाख रूपए स्वीकृत

**भिलाईनगर।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए भिलाई नगर विधानसभा में दो विभिन्न कार्यो के लिए प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार खुर्सीपार स्थित शासकीय आई.टी.आई. भिलाई एवं शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल छावनी में उद्यान निर्माण व सौंदर्यीकरण सह घास लगाने व प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युतीकरण कार्य के लिए 99 लाख 97 हजार 150 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा की जाएगी। दोनों विकास कार्यो के पूर्ण होने पर इसका लाभ लोगों को मिलेगा।

# इच्छाओं पर नियंत्रण ही सच्चा तप है-आर्यिका



**भिलाईनगर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। बिना तपे भोजन नहीं, बिना तपे सोना नहीं, बिना तपे कुछ भी सर्वश्रेष्ठ प्राप्त नहीं होता। आर्यिका अक्षयमती ने प्रवचनों में उत्तम तप की व्याख्या करते हुआ बताया कि, कर्म शरीर से नहीं, आत्मा से बँधा हुआ है। इसलिए शारीरिक तप क्रिया के माध्यम से आत्मा को शुद्ध करने से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव हैँ। नई पीढ़ी झट से सब कुछ चाहती है, पर आज तक मेहनत, परुषर्थ और भाग्य के बिना अर्थात तप के बिना किसी को कुछ नहीं मिला और यदि मिला भी है, तो वह उसकी पूर्व भव की तप साधना का फल है। तप एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक अभ्यास है, तप से ही स्थिरता, आत्म साक्षात्कार, आध्यात्मिक विकास, मानसिक शांति प्राप्त होती है। पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के सातवें दिन जैन भवन नेहरू नगर में शांति धारा करने का सौभाग्य श्रीमती सरोज, श्रीमती बबीता प्रदीप, श्रीमती बब्बी राजू, हर्षित, हर्षिता, यश, अंश जैन परिवार एवं श्रीमती प्रियंका राजीव, अनमोल, पंखुरी, आदित्य जैन परिवार ने प्राप्त किया। रात्रि कालीन आरती में भक्त नृत्य कर भक्ति की। युवा संघ ग्रुप द्वारा आयोजित धार्मिक अंताक्षरी में धार्मिक अंताक्षरी विजेता श्रीमती ज्योति, श्रीमती मंजूषा, श्रीमती प्राची, श्रीमती निकिता जैन विजेता रही। कार्यक्रम में राजकुमार जैन, श्रीकांत जैन, गौरव जैन, सचिन जैनम, रुपेश जैन, क्षितिज जैन, शुभम जैन, 'श्रीमती सुनीता दोषी, सुनीता जैन, वंदना जैन, सुधार जैन, सारिका जैन, रिम्पल पाटनी, रचना पाटनी, निधि जैन, खुशबू जैन, साधना जैन, ममता जैन उपस्थित रहे।

**1500वें जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह आज**

नवापारा राजिम 4 सितंबर देशबंधु। इमदाद फाउंडेशन, नवापारा राजिम द्वारा 1500वें जश्ने ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 4 सितंबर 2025, गुरुवार को शाम 6रू00 बजे खत्री कॉलोनी, नवापारा राजिम में होगा। इस विशेष अवसर पर नगर एवं क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।



# निजी उर्वरक विक्रेताओं पर बड़ी कार्रवाई एक का लाइसेंस निरस्त, तीन को नोटिस



**खैरागढ़** , 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देश पर जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी और मनमाने दामों पर बिक्री रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कृषि विभाग की जांच टीम लगातार औचक निरीक्षण कर रही है। ताजा कार्रवाई में खैरागढ़ स्थित मेसर्स गुलाब एग्रो एजेंसी का लाइसेंस उर्वरक (गुण नियंत्रण) आदेश 1983 के तहत निरस्त कर दिया गया है। एजेंसी पर खाद वितरण में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप है।

तीन विक्रेताओं को नोटिस

कृषि निरीक्षक लुकमान साहू की टीम ने निरीक्षण के दौरान मनोज कृषि केन्द्र, छुईखदान गणपती कृषि केन्द्र, खैरानवापारा यादव कृषि केन्द्र, गंडई में अनियमितताएं पाई। इन तीनों विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा टीम ने सुनील कृषि केन्द्र छुईखदान, सिन्हा ट्रेडर्स नर्मदा, शोभेन्द्र कृषि केन्द्र लिमों और राकेश रंगलानी कृषि केन्द्र पवनतरा का भी निरीक्षण किया।

**किसानों से अपील**- कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि यदि कोई भी निजी विक्रेता उर्वरक या कृषि आदान सामग्रियों की अवैध बिक्री, कालाबाजारी अथवा अधिक मूल्य वसूली करता है तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित कृषि अधिकारी को दें।

**खरीफ सीजन के लिए उर्वरक वितरण**- जिले में खरीफ सीजन के लिए सहकारी समितियों और निजी विक्रेताओं के माध्यम से उर्वरक की आपूर्ति नियमित जारी है। अब तक किसानों को 14,368 मी.टन यूरिया 6,284 मी.टन डीएपी 9,644 मी.टन एनपीके 2,144 मी.टन पोटाश 5,126 मी.टन एसएसपी वितरित किया जा चुका है। किसानों की मांग को देखते हुए वर्तमान में 400 मी.टन यूरिया सहकारी समितियों में और 300 मी.टन डबल लॉक भंडारण में सुरक्षित रखकर नियमित वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

## श्रीगणेश जी को 56 भोग लगाया गया



**बालोद**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर मोर्या मंडल परिवार द्वारा भगवान श्री गणेश को 56 भोग अर्पित किए गए। भक्तिमय माहौल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। च्गणपति बप्पा मोरयाज् के जयकारों से पूरा वातावरण गूँज उठा! मंडल परिवार के सदस्यों सुनील रतनबोहरा, राजेश मंत्री, लक्की चंदक, विकास गुप्ता, यश गांधी, प्रथम मनियार, नमो चोपड़ा, यश बुराड़, मनोज दहिया, वैभव रांकेचा एवं वैभव टावरी आदि ने आयोजन में विशेष योगदान दिया। मंडल परिवार ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भक्ति और एकता का संदेश देते हैं।

# खैरागढ़ के आशीष लॉज में युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

◆ **बाथरूम में फंदे पर मिला युवक, कमरे से नहीं मिला कोई सामान**



**खैरागढ़**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर के व्यस्ततम जय स्तंभ चौक स्थित आशीष लॉज में गुरुवार की सुबह सनसनीखेज घटना से दहल उठा। लॉज के रुम नंबर 306 का दरवाजा तोड़ते ही भीतर का नजारा हैरान करने वाला था 27 वर्षीय युवक का शव बाथरूम में पलंग की चादर से फंदे पर झूलता मिला। मृतक की पहचान करण पिता डोमन पाल निवासी रायपुर, सीतानगर वार्ड क्रमांक-3 के रूप में हुई है।

**कमरे से नहीं मिला कोई सामान**- पुलिस के अनुसार करण पाल ने 30 अगस्त को लॉज का कमरा बुक कराया था। मैनेजर से उसने कहा था कि वह घूमने आया है। 1 सितंबर को आखिरी बार उसे बाहर जाते देखा गया, उसके बाद वह दिखाई नहीं दिया।

बीती रात बार-बार दरवाजा खटखटाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला, संदेह गहराया तो आज सुबह लॉज कर्मचारियों ने मैनेजर की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा और घटना का खुलासा हुआ। चौंकाने वाली बात यह है कि कमरे से न तो बैग मिला, न कपड़े, न ही कोई निजी सामान सिर्फ एक साधारण कीपैड मोबाइल बरामद हुआ है।

**पुलिस ने शुरू की जांच**- पुलिस ने कमरे को सील कर दिया है। परिजनों के पहुंचने के बाद पंचनामा की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मौत आत्महत्या है या किसी साजिश का हिस्सा, यह जांच के बाद ही साफ हो पाएगा।

# विभिन्न ग्राम पंचायतो के विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन- लोकार्पण

**क्षेत्र की समस्या व विकास कार्य मेरी पहली प्राथमिकता : अनिला भेड़िया**



**डौण्डी**, 4 सितंबर (देशबन्धु) ।डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अनिला भेड़िया 2 दिवस डौंडी ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। ग्रामिणों से रूबरू हो कर उनका हाल चाल जाना व खेती किसानी के संबंध में चर्चा किये। इसी के तहतबनगांव,सामुदायिक भवन भूमिपूजन ग्राम कुम्हारपारा खलारी,शेड निर्माण भूमिपूजन ग्राम पड़ेंल,सीसी रोड भूमिपूजन ग्राम घोटिया, सामुदायिक भवन भूमिपूजन ग्राम पटेली,किसान भवन लोकार्पण इसी कड़ी में ग्राम ढोर्रीठेमा में 03 सितंबर को सी सी रोड निर्माण भूमिपूजन ग्राम कोटागाँव भुरकाभाट सामुदायिक भवन भूमिपूजन ग्राम लिम्हाटोला, सामुदायिक भवन निर्माण भूमिपूजन एवं लोकार्पण ग्राम कुआगोंदी ,टीन सेड निर्माण ग्राम झूरहाटोला , सामुदायिक भवन भूमिपूजन ग्राम लिमऊडीह, सामुदायिक भवन व्यावसायिक परिसर लोकार्पण ग्राम भर्रीटोला, सीसी रोड भूमिपूजन ग्राम चिपरा के कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। विधायक अनिला भेड़िया ने क्षेत्र की जनता के मांग के अनुरूप हर विकास कार्यों को गांव गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। जिसमें शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। क्षेत्र की जनता ने विकास कार्यों के सौगात देने पर विधायक अनिला भेड़िया का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक अनिला भेड़िया ने कहा की डौण्डी ब्लाक की जनता का आशीर्वाद हमेशा मुझे मिला है।आपके मूलभूत समस्याओं व क्षेत्र का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रतिनिधि पियूष सोनी, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश नूरुटी, जनपद पंचायत सदस्य पुनीत सेन, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री कैलाश राजपूत, ब्लॉक कांग्रेस सचिव कोमलेंद्र चंद्राकर, अनुसूचित जाति प्रदेश महामंत्री शंकर पिपरे,मीडिया प्रभारी रविकांत देशमुख, जनपद पंचायत सदस्य शिव बारला, शिवगिरी चुरेंद्र,कुलदीप साहू, ईश्वरी देशलहरे, डौंडी नगर मंडल अध्यक्ष पलटन भूआर्य, घोटीया मंडल अध्यक्ष भोज साहू, सुरडोगर मंडल अध्यक्ष सुकदेव पिस्दा, कुसुमकसा उदे राम सिवाना,श्याम लाल साहू ,नितिन साहू, आशीष जैन ,सरपंच संघ अध्यक्ष ममता मंडावी भर्रीटोला सरपंच रेवा रावटे, कुसुमटोला सरपंच निर्मला चुरेंद्र, चिपरा सरपंच यश राणा, सहित कोटागाँव आवारी, खुर्सीटीकुर,के सरपंच ब्लॉक के समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## खारुन तट पर 6 से 8 सितंबर तक होंगे गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन, प्रशासन ने किया आदेश जारी




**कुम्हारी** , 4 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्र अंतर्गत 27 अगस्त से विभिन्न स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना अनेक समितियों द्वारा किया गया जिसके विसर्जन को लेकर नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा दिशानिर्देश जारी किया गया है जिसके तहत 6 सितंबर से 8 सितंबर तक स्थान सत्ती मंदिर के पास खारून नदी वार्ड क्रं. 13 में किया जाना है। आदेश में यह भी बताया गया है कि पूर्व में दो स्थानों पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता रहा है, किन्तु अटारी एनीकेट में अधिक जल भराव होने के कारण अटारी एनीकेट को प्रतिबंधित किया जाता है। पर्यावरण संरक्षण मण्डल एवं एनजीटी के नियमों के तहत विसर्जन कार्यवाही किये जाने हेतु पालिका प्रशासन द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके दायित्व भी सौंप दिए गए है जिसमें विसर्जन स्थल पर कुंड निर्माण साफ सफाई पंडाल के अलावा प्रकाश व्यवस्था की जिम्मेदारी शामिल है।

# पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता, दोनों ही समाज की साझा जिम्मेदारी : विक्रांत सिंह

**खैरागढ**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। बाजार अतरिया में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता जैसे अहम विषयों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सामूहिक रूप से यह संदेश दिया कि स्वच्छ वातावरण और प्रकृति का संरक्षण ही समाज को बेहतर भविष्य की ओर ले जाने का मार्ग है।



**वृक्षारोपण से सजा मोक्षधाम परिसर**- मोक्षधाम परिसर (सरस्वती शिशु मंदिर के पास) में वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा नेता विकेश गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अतरिया मंडल भाजपा अध्यक्ष देवकुमार सेन, सरपंच बिमला वर्मा, हरप्रसाद वर्मा, जुमना, कुर्रे एवं दीक्षा गुप्ता मौजूद थे। इस अवसर पर 150 से अधिक पौधों का रोपण किया गया, जिनमें नीम, पीपल, आंवला और कटहल जैसे छायादार व औषधीय महत्व के पौधे शामिल थे। ग्रामीणों, पंचगण और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विक्रांत सिंह ने कहा वृक्ष केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को जीवन और आश्रय भी प्रदान करते हैं। पौधारोपण भविष्य की पीढ़ियों के लिए सकारात्मक निवेश है।

स्वच्छ भारत मिशन में महिलाओं की सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत अतरिया ग्राम पंचायत में महिला स्व सहायता समूह को कचरा संग्रहण के लिए साइकिलें वितरित की गईं। विक्रांत सिंह ने स्वयं महिलाओं को साइकिल सौंपते हुए कहा यह पहल गांव को स्वच्छ बनाने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। स्वच्छता सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि यह सामाजिक स्वास्थ्य और सम्मान से जुड़ा विषय है।

**ग्रामीणों की सराहना**- इस कार्यक्रम में सरपंच, पंचगण, महिला समूह की बहनें और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने पहल की सराहना करते हुए कहा कि वृक्षारोपण और स्वच्छता, दोनों ही समाज के लिए समान रूप से जरूरी हैं।

**नई ऊर्जा का संचार**- अतरिया के इन आयोजनों ने ग्रामवासियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। जहां वृक्षारोपण ने हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, वहीं महिलाओं को साइकिल वितरण ने उन्हें जिम्मेदारी और आत्मनिर्भरता की नई पहचान दी।

## जीएसटी दरों में सुधारों का जनप्रतिधियों सहित आम जनता ने किया स्वागत,फायदों के साथ मिलेगी बड़ी राहत

**बालोद**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। जीएसटी परिषद ने बुधवार को आम सहमति से माल एवं सेवा कर में व्यापक सुधारों को मंजूरी दे दी। इन सुधारों के तहत साबुन, साइकिल, टीवी और व्यक्तिगत स्वास्थ्य तथा जीवन बीमा पॉलिसी जैसे आम उपयोग के उत्पादों पर जीएसटी की दरों में उम्मीद से अधिक बड़ी कटौती की गयी है। जीएसटी में 5 फीसदी और 18 फीसदी की दो.स्तरीय कर संरचना को मंजूरी दी गयी है। गुटखा, तंबाकू और तंबाकू उत्पादों तथा सिगरेट को छोड़कर सभी उत्पादों पर नई दरें 22 सितंबर यानी नवरात्रि के पहले दिन से लागू होंगी। व्यक्तिगत उपयोग की लगभग सभी वस्तुओं पर दरों में बड़ी कटौती की गयी है। बालोद भाजपा एवं विभिन्न संगठनों ने केंद्र सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसका स्वागत किया है। भाजपाइयों ने पीएम मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी दरों में भारी कटौती के लिए हार्दिक आभार जताया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शाहिद खान ने बताया कि ये बदलाव जनता की जेब पर बोझ कम करेंगे। रोज के सामान, खाना की चीजें और छोटी गाड़ियां सस्ती हो जाएंगी। व्यक्तिगत, परिवार, और बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा पर 18 फीसदी टैक्स हट गया है। इससे बीमा लेना सस्ता होगा और ज़्यादा लोग इसे ले सकेंगे। सीमेंट पर टैक्स 28 फीसदी से 18 फीसदी हुआ तो घर बनाने या मरम्मत का खर्च थोड़ा कम होगा। बालोद भाजपा मंडल के अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि देशवासियों को दिवाली से पहले मोदी सरकार का ऐतिहासिक तोहफा। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का जो विजन प्रस्तुत किया था आज वह साकार हो गया है। बालोद नगरपालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीएसटी नियमों में संशोधन करने के उनके निर्णय के लिए बधाई और धन्यवाद दिया है। ये बदलाव देश की आर्थिक प्रगति में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगे। दैनिक आवश्यक वस्तुओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कृषि पर संशोधित स्लैब के साथ जीएसटी सुधारों का स्वागत करते हैं। यह गरीब.समर्थक, विकासोन्मुखी निर्णय किसानों से लेकर व्यवसायों तक समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित करेगा। बालोद भाजपा शहर मंडल के पूर्व महामंत्री नितेश वर्मा ने कहा कि इन सुधारों से मध्यम वर्ग और व्यापारिक समुदाय को फायदा होगा। 12 फीसदी वाले स्लैब में शामिल 99 फीसदी वस्तुओं को 5 फीसदी वाले तथा 28 फीसदी वाले स्लैब में शामिल 90 फीसदी वस्तुओं को 18 फीसदी वाले कर दर में स्थानांतरित करने से अधिकांश उपभोक्ताओं पर कर का बोझ काफी हद तक कम हो जाएगा। बालोद नगरपालिका के पार्षद गिरिजेश गुप्ता ने कहा कि अब जीवनरक्षक दवाओं पर जीएसटी पूरी तरह खत्म कर दी गई है। 33 जरूरी दवाओं पर 12 फीसदी टैक्स हटाकर शून्य कर दिया गया जबकि कैंसर और दुर्लभ बीमारियों की तीन दवाओं पर 5 फीसदी से जीएसटी शून्य किया गया। बाकी कई दवाओं पर टैक्स 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी हुआ। इससे इलाज सस्ता होगा और मरीजों को राहत मिलेगी। जैन युवा शक्ति के पूर्व शहर अध्यक्ष शुभम नाहटा ने इस ऐतिहासिक निर्णय हेतु प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का हार्दिक आभार जताया है। उन्होंने बताया कि अब जीएसटी के चार स्लैब घटकर दो हो गए हैं। जिससे अधिकांश चीजें सस्ती हो जाएंगी। इससे व्यापारियों को लाभ होगा और व्यापार में तेजी आएगी। कहा कि नए कानून में 12 और 28 फीसद की दरें समाप्त कर दी गई हैं।

# तार्री में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**गुरुर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम तार्री पहुँचकर महिला स्व सहायता समूह द्वारा किए जा रहे प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट कार्य में लगे स्व सहायता समूह की दीदियों से चर्चा कर प्लास्टिक संग्रहण केन्द्र में संचालित मशीन, बेलिंग, फटका एवं थ्रेड के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी ली। इसी तरह ग्राम सोहपुर पहुँचकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर का अवलोकन किया। मौके पर कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने अमृत सरोवर के समीप नीम के पौधे का रोपण भी किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को पेड़-पौधों की महत्व की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा रोपे गए पौधों के सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही दुलौरिन बाई के नवनिर्मित आवास का निरीक्षण कर दुलौरिन बाई से आवास निर्माण कार्य के संबंध में आवश्यक जानकारी भी ली, उन्होंने दुलौरिन बाई को इस नवनिर्मित आवास में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगाने की समझाईश दी। इसके अलावा उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित की जाने वाली सभी आवासों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग बनाने के निर्देश भी दिए।

## बाल गणेश उत्सव द्वारा डांस कार्यक्रम



**देवकर**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। बाल गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित गणेश चतुर्थी पर्व पर अपने गृह ग्राम नवागाँव में छोटे छोटे बच्चों के रिकाडिंग डांस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए बेमेतरा भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ख़ास समर्थक मनोज सिन्हा इस डांस कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों को पुरस्कार वितरण कर उत्साह वर्धन किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रेषित किया ग्रामीण छेत्र में ऐसे आयोजन से छोटे छोटे नन्हे मुन्ने कलाकारों को आगे बढ़ने की प्रोत्साहन मिलती है ! कार्यक्रम में उपस्थित रमेश सिन्हा पंच प्रतिनिधि, गोविंद सिन्हा पंच,वामन सिन्हा,सोनू सिन्हा, मिथलेश सिन्हा, टीकम साहू,संगम बिट्टू सिन्हा, केवल राजा सिन्हा, अर्जुन सिन्हा, रुपेश सिन्हा, पंचराम सिन्हा, तेजेश्वर सिन्हा, धन्नु यादव, गौतम सिन्हा, तोरण सिन्हा, भोजरम साहू, चूरूं सिन्हा एवं समिति के सभी साथीगण एवं ग्रामवासी काफी संख्या में उपस्थित थे ।


## निधन

### श्रीमती अनसुईया चंद्राकर

**महासमुंद** 04 सितंबर (देशबंधु)। ग्राम खरोरा निवासी श्रीमती अनसुईया चंद्राकर 84 वर्ष का 4 सितंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे लभरा खुर्द में पदस्थ पटवारी संतोष चंद्राकर, जिपं में पदस्थ अशोक चंद्राकर, भीखम चंद्राकर, शांत्रीबाई महाविद्यालय में पदस्थ विष्णु चंद्राकर की मां थी।



### विक्रम उर्फ सनी साहू



**दुर्ग**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। चंडी मंदिर वार्ड की भाजपा पार्षद एवं एमआईसी प्रभारी शशि द्वारिका साहू के छोटे पुत्र विक्रम उर्फ सनी साहू (25) का निधन हो गया। वे अस्वस्थ थे और शंकराचार्य हास्पिटल में उनका उपचार चल रहा था। अंतिम संस्कार आज शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया।

# कलेक्टर ने गुरुर जनपद मे विकास कार्यों की समीक्षा



**गुरुर** , 4 सितम्बर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों तथा रोजगार सहायकों की बैठक लेकर कलेक्टर ने विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गुरूर विकासखण्ड में चल रहे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास, मोर गांव-मोर पानी अभियान, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के कार्य एवं गौधाम योजना आदि के कार्यों की प्रगति के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी ली। शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने निर्देश दिए हैं, जिससे कि आम जनता को समय पर उसका समुचित लाभ मिल सके। बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जिन हितग्राहियों को द्वितीय किश्त की राशि प्राप्त हो चुकी है। उनके निर्माणाधीन आवासों के निर्माण कार्य को 30 सितंबर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक को दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी, एसडीएम गुरूर रामकुमार सोनकर, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के अलावा ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने ग्राम पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों के प्रगति के संबंध में बारी-बारी से जानकारी ली। उन्होंने आवास निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित समयावधि में निर्माणाधीन आवास निर्माण कार्य को पूरा कराने के निर्देश भी दिए इस दौरान उन्होंने स्वीकृत आवास निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने में आ रही दिक्कतों के संबंध में भी जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे हितग्राही जो प्रधानमंत्री आवास योजना का राशि प्राप्त कर चुके हैं किंतु आवास बनाने में रूचि नही ले रहे है। इसके अलावा आवास योजना के स्वीकृत राशि को अन्य कार्य में खर्च करने पर इन हितग्राहियों से शीघ्र राशि की वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 90 मानव दिवस का रोजगार इसी के आधार पर मस्टररोल ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा जारी किया गया है, कलेक्टर ने निर्धारित समय-सीमा आवास निर्माण कार्य पूर्ण नही होने तथा इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत सचिवों एवं आवास मित्रों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने अधिकारी-कर्मचारियों को सभी ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत संचालित कार्यों का क्यूआर कोड प्रत्येक ग्राम पंचायतों की सूचना पटल पर अनिवार्य रूप से चस्पा करने के निर्देश भी दिए। जिससे कि ग्रामीणजन क्यूआर कोड स्कैन कर ग्राम पंचायतों में संचालित कार्यों की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सके।

## विभागीय अपमान से सम्मान लौटाने की चेतावनी, राज्य सम्मानित शिक्षक ने उठाई आवाज़

**बालोद**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के अवसर पर जहाँ पूरा देश अपने गुरुजनों का सम्मान करता है वहीं बालोद जिले के एक राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षक को प्रशासनिक लापरवाही के चलते अपमानित होना पड़ा है। श्री रघुनंदन गंगबोईर व्याख्याता ;एलण्बीण्द्ध जिन्हें मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षा श्री और राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है ने शासन को चेतावनी दी है कि यदि वरिष्ठता निर्धारण एवं युक्तियुक्तरण प्रक्रिया की निष्पक्ष समीक्षा कर न्याय नहीं दिया गया तो वे अपने दोनों राज्य स्तरीय सम्मान शासन को लौटाने के लिए विवश होंगे। जिला प्रशासन ने छण्गण् सिविल सेवा अधिनियम की अनदेखी करते हुए उन्हें कनिष्ठ घोषित कर अतिशेष की सूची में डाल दिया। उनकी पत्नी पुष्पा गंगबोईर जो अंग्रेजी विषय की शिक्षिका हैं को भी लगातार प्रशासनिक अनियमितताओं का शिकार बनाया गया। सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई जानकारी भी अधूरी व अपूर्ण प्रदान की गई। श्री गंगबोईर का कहना है कि यह विडंबना है कि एक ओर राज्य शासन ने हमें सम्मानित किया वहीं दूसरी ओर जिला स्तर पर हमें अपमानित कर दिया गया। स्थिति ऐसी है कि राज्य से सम्मान जिले से अपमान हमारी नियति बन चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि शासन शीघ्र हस्तक्षेप कर अन्यायपूर्ण निर्णयों की समीक्षा नहीं करता तो वे विवश होकर अपने राज्य स्तरीय सम्मान लौटाने का कदम उठाएँगे। यह कदम उनके लिए कोई इच्छा नहीं बल्कि आत्मसम्मान की रक्षा हेतु नैतिक आवश्यकता होगा। उपरोक्त अवमानना के संबंध में राज्य सरकार के जन शिकायत पोर्टल के स्थापना शाखा हेतु ज्ञापन पत्र के माध्यम से राज्य शासन को उपरोक्त बातें सूचित की जा चुकी है जिसका टोकन नंबर 792225010249 है। पिछले चार महीने से पति.पत्नी दोनों का वेतन न्यायालयीन प्रकरण होने के न्यायालय की यथा स्थिति बनाए रखने के निर्देश से सविनय अवगत कराने के बावजुद न तो यथा स्थिति पुर्व संस्था में कार्य करने दिया जा रहा है और न ही तीन चार माह से वेतन दिया जा रहा है जिससे मानसिक के साथ आर्थिक परेशानियों का सामना एवं पारिवारिक जिम्मेदारियां के निर्वहन करने में तथा बच्चो की शिक्षा व स्वास्थ्य में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है जो की न्याय व्यवस्था की अवमानना को भी दर्शाते हैं जबकि इसी मामला पर कांकेर जिला सहित पुरे राज्य में समस्त न्यायालयीन प्रकरण के शिक्षकों को न्यायालय के निर्देशानुसार यथास्थिति बनाए रखते हुए पूर्व संस्था में पद स्थापना देकर वेतन भत्ता आदि सारे लाभ दिए जा रहे हैं । इस प्रकार बालोद जिला में माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों का पूर्णतया अवहेलना करने में अधिकारी किसी भी प्रकार से हिचक नहीं रहे हैं जो समानता के अधिकार का पूर्णता हनन अधिकारियों की स्वेच्छाचारिता एवं न्यायालयीन हस्तक्षेप का विषय है।

# रजत महोत्सव में छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपराओं की झलक

- खाद्य मंत्री बघेल ने कहा बेटियों और किसानों की प्रगति ही राज्य की असली ताकत
- संस्कृति और विकास का संतुलन ही छत्तीसगढ़ की पहचान : कलेक्टर



**बेमेतरा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में रजत महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विकासखण्ड नवागढ़ के हाई स्कूल मैदान प्रांगण में रजत महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल शामिल हुए।

### संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम

कार्यक्रम की शुरुआत च्पुरखा के सुरताज्ज जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, गीत-संगीत और परंपराओं को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। च्हमर संस्कृति, हमर विरासतज्ज थीम पर आयोजित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर से रूबरू कराया।

### फूड फेस्टिवल और स्वास्थ्य शिविर रहे आकर्षण का केंद्र

छत्तीसगढ़ फूड फेस्टिवल में पारंपरिक व्यंजन प्रदर्शित किए गए, जिनका स्वाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने लिया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने छात्राओं को नोनी सुरक्षा योजना और बेटी की वृद्धि सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत पासबुक और समरसता प्रमाणपत्र वितरित किए। और किसानों को बैटरी संचालित स्प्रे पंप भी प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि रजत महोत्सव हमारे राज्य की गौरवशाली यात्रा का उत्सव है। बीते 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा और आधारभूत संरचना में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज राज्य न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से बल्कि आर्थिक और सामाजिक रूप से भी मजबूत बन रहा है। इस प्रगति का श्रेय हमारे किसानों, श्रमिकों, महिलाओं और युवाओं को जाता है। सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि हर बेटी सुरक्षित और शिक्षित हो, हर किसान समृद्ध हो और हर नागरिक को योजनाओं का लाभ समय पर मिले। ऐसे आयोजन हमें हमारी संस्कृति और परंपरा से जोड़े रखते हैं तथा समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया तथा विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में स्वयं स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रजत महोत्सव छत्तीसगढ़ की आत्मा और पहचान का प्रतीक है। इस आयोजन के माध्यम से हम सबको यह संदेश मिलता है कि परंपराओं और संस्कृति को संजोते हुए विकास की ओर आगे बढ़ना ही असली प्रगति है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति हमारी जड़ों की ताकत है और यही हमें नई ऊर्जा देती है। जिले के हर नागरिक को चाहिए कि वह अपनी संस्कृति पर गर्व करे, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे और शिक्षा को प्राथमिकता दे। प्रशासन की कोशिश है कि सभी योजनाओं का लाभ आमजन तक पारदर्शिता के साथ पहुँचे। हम सभी मिलकर बेमेतरा को एक आदर्श जिला बनाने की दिशा में काम करेंगे।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष नवागढ़ खोरबाहरा राम साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधु राय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती प्रेमलता मांडवी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेई, एसडीएम नवागढ़ श्रीमती दिव्या पोटाई सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# रजत जयंती महोत्सव पर खंडसरा में मेगा हेल्थ कैंप एवं महतारी सम्मेलन आयोजित

**बेमेतरा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेश सिंह सिसोदिया एवं सी.पी. शर्मा, सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर,जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में तथा प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती स्मिता सिंह,बीएमओ खण्डसरा डॉ शरद कोहद्यड़े के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव 2025 के अवसर पर मेगा हेल्थ कैंप एवं महतारी सम्मेलन का आयोजन एकीकृत बाल विकास परियोजना खंडसरा में किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती स्मिता सिंह ने बाल विकास परियोजना खंडसरा की स्थापना से अब तक की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना, बाल संदर्भ योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभों से अवगत कराया। बच्चों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को दर्शाते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता प्रस्तुत की। बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत बस्तरिया नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। प्रभावित होकर मंडल अध्यक्ष हेवेंद्र वैष्णव ने नृत्य प्रस्तुत करने वाली बालिकाओं को ?1001 नगद पुरस्कार प्रदान किया।

### 226 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच

मेगा हेल्थ कैंप में कुल 226 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें एचबी टेस्ट, बीपी, शुगर, आंखों की जांच तथा महिला चिकित्सक द्वारा परामर्श शामिल रहा। साथ ही पोषक व्यंजनों की प्रदर्शनी आयोजित की गई ताकि हितग्राही उनके लाभ को समझकर अपनाएं। कार्यक्रम में ईसीसीई कार्नर के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने खेल-खेल में बच्चों को भाषा ज्ञान, गणितीय विकास, लघु एवं स्थूल मांसपेशी विकास जैसी गतिविधियों का प्रदर्शन किया, जिससे अभिभावक लाभान्वित हुए। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मिशन शक्ति एवं सखी वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर उपस्थित जनसमुदाय को जागरूक किया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों द्वारा मुनगा, आम एवं अमरूद के पौधों का रोपण किया गया।

# बालोद से 77 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना

## जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने दी शुभकामनाएं



**बालोद,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत बालोद जिले से 77 श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना हुए। रवाना करने का कार्यक्रम ग्राम झलमला स्थित समाज कल्याण विभाग के कार्यालय परिसर से हुआ। श्रद्धालु यहां से बस द्वारा राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पहुंचे जहाँ से वे विशेष रेल से अयोध्या जाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा यह योजना हर उस परिवार के लिए सौभाग्य की बात है जिनकी वर्षों से इच्छा थी कि अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करें। सरकार ने उन्हें यह अवसर दिया है इसके लिए सभी श्रद्धालु बेहद आभारी हैं। मुझे खुशी है कि बालोद से भी श्रद्धालु इस ऐतिहासिक धाम की यात्रा पर जा रहे हैं। मैं सभी के लिए मंगलकामनाएं करती हूँ कि उनकी यात्रा सुखद और अविस्मरणीय रहे। श्रद्धालुओं ने भी योजना की तारीफकरते हुए कहा कि वे वर्षों से अयोध्या जाकर भगवान श्रीराम के दर्शन का सपना देख रहे थे जो अब पूरा होने जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अजय गेडाम और अन्य अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त शिक्षक और प्रतिभावान विद्यार्थी होंगे सम्मानित

- 44 वर्षों से चली आ रही है परम्परा ,तैयारी पूर्ण विधायक दीपेश ने लिया जायजा
- उपमुख्यमंत्री साव ,शिक्षा मंत्री गजेन्द्र , स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल होंगे शामिल



**बेमेतरा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। 44 वर्षों गैरराजनैतिक तौर पर सेवानिवृत्त शिक्षकौ व प्रतिभावान विद्यार्थीयों के सम्मान किए जाने की परम्परा जिला मुख्यालय आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी जिले मे 6 सितम्बर को शिक्षक दिवस का आयोजन किया जा रहा है ।

समिति के संरक्षक एवं स्थानीय विधायक दीपेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 सितंबर शनिवार 44 वें शिक्षक सम्मान समारोह के माध्यम से बेमेतरा जिले के चारों विकासखण्ड बेमेतरा, बेरला, साजा एवं नवागढ़ के शासकीय विद्यालयों से सेवानिवृत्त शिक्षकों को कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा साल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जायेगा । ज्ञात हो की वर्तमान मे 150 स्कूल शिक्षक एवं 88 प्रतिभावान बच्चे शामिल होंगे।

जिसमे छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल पाठ्यक्रम से कक्षा 10वीं में जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त बालक एवं बालिका तथा कक्षा 12वीं में कला, वाणिज्य, विज्ञान, गणित एवं कृषि, प्रत्येक संकाय में जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त बालक एवं बालिका को समिति सदस्य एवं पदक प्रदाताओं के द्वारा प्रदत्त स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा 7 इस सम्मान समारोह के माध्यम से महाविद्यालयीन प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाता है साथ ही महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापकों का भी इस कार्यक्रम के माध्यम से सम्मानित किया जायेगा ।यह आयोजन कृषि उपज मंडी परिसर में दोपहर 12 बजे से होगा

शिक्षक सम्मान समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे वहीं अध्यक्षता शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव करेंगे, अति विशिष्ट अतिथि में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री दयाल दास बघेल एवं प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर विश्वेश्वर ठाकरे रहेंगे ।

तैयारियों की समीक्षा करने विधायक दीपेश साहू ने शिक्षक सम्मान समिति एवं अधिकारियों की विश्राम गृह में बैठक ली जहां पर कार्यक्रम की रूपरेखा को साझा किए ।बैठक के पश्चात विधायक दीपेश साहू अधिकारियों व सदस्यों के संग कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया ।बैठक एवं कार्यक्रम स्थल पर समिति सदस्य अविनाश तिवारी,रमन काबरा ,प्रनिस चौबे,,अवधेश पटेल,सुजीत शर्मा ,अमीन पप्पू रवानी , राम खिलावान साहू, दिनेश साहू, एस डी एम प्रकाश भारद्वाज ,जिला शिक्षा अधिकारी गेंदराम चतुर्वेदी, तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा , निलय पांडेय सहित अन्य सदस्य व अधिकारी मौजूद रहे।

## जय हिंगलाज एवं जगराता ग्रुप ने विधायक निवास में प्रस्तुति दी



**थानखम्हरिया.**4 सितम्बर (देशबन्धु)। समीप ग्राम पतोरा गणेश उत्सव के अवसर पर, साजा विधायक ईश्वर साहू के निवास में मानस संघ साजा ब्लॉक अध्यक्ष भरत साहू की टीम जय हिंगलाज एवं जगराता ग्रुप ने अपनी भजनों की प्रस्तुति दी।

जिससे भक्तों में भक्ति मय माहौल बना। और उन्हें गणेश के उत्सव में भाग लेने का आनंद मिला। इस अवसर पर विधायक ने कहा भगवान गणेश आपके जीवन को खुशियों और शांति से भर दे। गणपति बप्पा मोरिया का आपके घर में सदैव समृद्धि बनी रहे। भगवान गणेश आपके मार्ग से हर बाधा को दूर करें।

# बस संचालन में हो रही परेशानी को लेकर राजधानी में किया गया मंथन

**बेमेतरा/थानखम्हरिया** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेशभर के बस आपरेटर मंगलवार को राजधानी के वीआईपी रोड स्थित निजी हॉटल में जुटे। इस मौके पर उन्होंने बस संचालन में आ रही परेशानी को लेकर खुलकर विचार मंथन किया। मुख्य रूप से परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों की टाइमिंग का निर्धारण सही नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई गई। इसी तरह ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट को नियंत्रित करने और सिटी बसों के संचालन को शहरी सीमा में नियंत्रित करने पर जोर दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पुरंदर मिश्रा को छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ का संरक्षक बनाया गया। इस मौके पर पूर्व संरक्षक प्रमोद दुबे को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।



- पुरंदर मिश्रा को सर्वसम्मति से बनाया संरक्षक, तीन साल का रहेगा कार्यकाल

पुरंदर मिश्रा को सर्वसम्मति से महासंघ का बनाया संरक्षक बनाया गया उनका तीन साल का कार्यकाल रहेगा एवं पूर्व संरक्षक प्रमोद दुबे को विदाई दी गई प्रदेशभर के बस आपरेटरों की राजधानी में हुई बैठक में इस आशय का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। इस मौके पर बस आपरेटरों की बस संचालन में आ रही समस्याओं पर प्रतिभागियों ने खुलकर विचार प्रदेश स्तरीय बैठक छत्तीसगढ़ परिवहन महासंघ के बैठक में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सैयद अनवर अली, सचिव खेमराज साहू सहित अन्य पदाधिकारी व प्रदेशभर से आए बस आपरेटर मौजूद रहे। बस आपरेटरों का कहना है कि परमिट स्वीकृत करने वाले क्षेत्रीय राज्य परिवहन प्राधिकार द्वारा 2 से 5 मिनट एवं ओवर टेकिंग समय चक्र के साथ वर्तमान में भी परमिट स्वीकृत किया जा रहा है, जिससे सड़क दुघर्टनाओं में वृद्धि हुई है। इसे देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग में दो यात्री बसों के मध्य 10-10 मिनट, ग्रामीण क्षेत्रों में यह अंतराल 30-30 मिनट का रखा जाए। इसी तरह पहाड़ी क्षेत्रों में दो यात्री बसों का अंतराल 40-40 मिनट निर्धारित किया जाए। इसके लिए अधिसूचना व राजपत्र जारी करने की मांग परिवहन मंत्री केदार कश्यप से की गई।

बैठक में शामिल छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सैयद अनवर अली ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट की बसें अपनी परिभाषा के विपरीत जाकर स्टेज कैरजि के रूप में संचालित हो रही है, जिसे प्रदेश में पूर्व से संचालित करीबन 1200 बसें व इससे जुड़ा परिवार पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

# ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक में मासूम बच्ची की मौत को लेकर विशेष चर्चा

**थान खम्हरिया**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। थाना खमरिया में शांति समिति के बैठक आहूत की गई। जिसमें एडिशनल एसपी ज्योति सिंह, एसडीओपी कौशल्या साहू, तहसीलदार मोरध्वज साहू, थाना प्रभारी द्वारिका देशलहरे, साजा थाना प्रभारी सत्य प्रकाश उपाध्याय, खंडसरा थाना प्रभारी राकेश साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, जनप्रतिनिधि पत्रकार उपस्थित थे।



बैठक में विशेष रूप से नवजात मासूम बच्ची की मौत को लेकर चर्चा हुई। सभी ने एक आवाज से कहा, आरोपी जो भी हो उसे गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाए। चंदन अग्रवाल ने सूचना देने वाले को 2 लाख की घोषणा की। सभी वार्ड पार्षद की उपस्थिति, में सभी पार्षद को मोहल्ले में निगरानी रखने व ज्ञात होने पर थाना में सूचना देने की बात कही। एडिशनल, एसपी ज्योति सिंह ने कहा, नवजात मासूम की घटना को लेकर पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। संदेही लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस घटना से हमें भी दुख है उम्मीद है। पुलिस को अपने काम में सफलता मिलेगी। आगे आपने कहा, ईद मिलादुन्नबी पर कहा मोहम्मद साहब का संदेश शांति और भाईचारे का था। उन्होंने स्पष्ट किया, कि त्योहार के दौरान कोई अप्रिय घटना होने पर तुरंत सूचित करें। शांति समिति के सदस्यों जनप्रतिनिधियों और बुद्धजीवियो से अपील की। यह पर्व को भाईचारे व सोहाद्र पूर्ण वातावरण से मनाए। उन्होंने कहा पर्व के दौरान किसी भी तरह की अफवाह फैलाने की कोशिश व असामाजिक तत्व कर सकते हैं। ऐसे में कोई संदिग्ध गतिविधियां या अफवाह की जानकारी मिले तो थाना में सूचित करें। ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, राजेश ठाकुर, गौरव बिंदल, अनिल सिंघानिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, सतीश जोशी, फिरोज खान, रोशन सिन्हा, रोहित राजपूत, मनीष रात्रे, मुकेश सिंघानिया, हरीश निर्मलकर, गोविंद शर्मा, वीरेंद्र सिन्हा, पार्षद विजय शर्मा, टीकम अग्रवाल, शरीफ मोहम्मद, अमित खान, हुसैन बेग, सिद्धि अली उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाई गई भगवान वामन की जयंती



**थान खम्हरिया,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। राधा कृष्ण जमात मंदिर में भगवान बामन की जयंती धूमधाम से श्रद्धालुओं ने भजन, कीर्तन के साथ उत्सव मनाया गया।

भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए। पश्चात भगवान की आरती की गई। प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर महंत वसंत बिहारी दास ने कहा, सब ब्राह्मणों को वामन भगवान के आदर्श व्यक्तित्व को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रयास करना चाहिए। हम सबको सदैव वामन भगवान की तरह समाज के उद्धार के लिए, कार्य करना चाहिए। आगे आपने बताया वामन भगवान के जन्मोत्सव का उपवास रखने और पूजा करने, से जन्म जन्मांतर के पापों का नाश होता है। भगवान लक्ष्मी नारायण के चरणों की भक्ति की प्राप्ति होती है। 12ः00 बजे ही मंदिर के घंटों की ध्वनि गूंजी, भक्तों ने वामन भगवान के जयकारे से पूरा वातावरण भक्ति मय बना दिया। भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालु बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। और पट खुलते ही भगवान की आरती और वंदना कि गई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पं.ओम प्रकाश जोशी, अनिल सिंघानिया, गोपाल कागलिवाल, हितेश अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, मुकेश सिंघानिया, श्यामा सिंघानिया, प्रमोद सिंघानिया, अनूप सिंघानिया, विकास बंसल, शिवेंद बिंदल, कपिल सिंघानिया, नैतिक अग्रवाल उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री के नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म का निर्णय ऐतिहासिक, आम जनता को मिलेगी राहत: भावना बोहरा

**कवर्धा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में बुधवार को कई अहम फैसले लिए गए, जिनसे सीधे तौर पर आम लोगों से लेकर कारोबारियों तक को राहत मिलेगी। इस जनहितैषी निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता और व्यापारियों के हित मे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समर्पण भाव से कार्य कर रहें हैं ।नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म का निर्णय ऐतिहासिक एवं व्यापारियों और आम जनता को राहत तथा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबध्दता का प्रतीक है। बैठक में यह तय हुआ कि अब सिर्फ दो जीएसटी स्लैब रहेंगे 5त्न और 18त्न. यानी 12त्न और 28त्न स्लैब खत्म हो जाएंगे। केंद्र सरकार के इस फैसले से रोजमर्रा के सामान सस्ते होंगे और जीवन रक्षक दवाओं को टैक्स से पूरी तरह बाहर कर दिया गया है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में लाल किले की प्राचीर से जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार लाने की घोषणा की थी, जिसे पूरा करते हुए जीएसटी काउंसिल की बैठक में जनहित,व्यापारियों एवं देश की आर्थिक विकास हेतु यह महत्वपूर्ण निर्णय माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में लिया गया। इसके पूर्व भी प्रतिवर्ष 12 लाख रुपये तक कि आय को टैक्स फ्री करके बड़ी राहत देने के बाद यह जनहितैषी निर्णय आम आदमी को राहत देने वाला है।

भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कटौती से आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा। व्यापक सुधार हमारे नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएंगे और सभी के लिए, विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और व्यवसायों के लिए व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करेंगे। यह प्रधानमंत्री द्वारा हर भारतीय के लिए दीपावली के पूर्व विशेष उपहार है जिससे पूरा देश हर्षित है और इसका स्वागत कर रहा है ।इस दिशा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ का कुल जीएसटी और वैट राजस्व 23,448 करोड़ तक पहुंचा और जीएसटी कलेक्शन में हमारा राज्य प्रथम स्थान पर रहा, जो प्रदेश में सुशासन सरकार के विकास और विश्वास का प्रमाण है।



उन्होंने आगे कहा कि वोकल फ़ॉर लोकल जैसे राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से एक ओर स्थानीय कारोबार को प्रोत्साहन देने, देश की अर्थव्यवस्था को गति देने एवं स्थानीय विक्रेताओं, कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास के बाद यह निर्णय देश के विकास को नई गति देगा नेक्स्ट-जेन जीएसटी सुधार देश के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लेकर आएगा। इस निर्णय से आवश्यक उपभोक्ता वस्तुएँ, शिक्षा से संबंधित सामग्री, स्वास्थ्य सेवाएँ तथा कृषि उपयोगी सामान अधिक किफ़ायती होंगे। इसके परिणामस्वरूप आमजन का दैनिक जीवन सरल होगा और उनकी आर्थिक स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं का सुलभ होना समाज की बड़ी आबादी को सीधे राहत प्रदान करेगा, वहीं कृषि क्षेत्र को भी आवश्यक उपकरण एवं सामग्री की सस्ती उपलब्धता से लाभ होगा, जिससे उत्पादन क्षमता और किसानों की आय दोनों में वृद्धि की संभावना है। साथ ही, उद्योग एवं व्यापार जगत को भी इस सुधार से सहूलियत प्राप्त होगी, जो समग्र आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान करेगी।

भावना बोहरा ने कहा कि यह निर्णय कर प्रणाली को अधिक सरल और व्यावहारिक बनाता है तथा पारदर्शिता को भी सुदृढ़ करता है। इससे कर संरचना में स्थिरता आएगी और उपभोक्ता, व्यापारी एवं किसान-सभी को समान रूप से लाभ मिलेगा। यह सुधार केवल राजस्व व्यवस्था तक सीमित न रहकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस प्रगति का आधार बनेगा और देश की विकास यात्रा को और सुदृढ़ करेगा। अब टैक्स के केवल 5त्न और 18त्न के 2 ही स्लैब होंगे। स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर जीएसटी खत्म करने का निर्णय भी स्वागतयोग्य है। बैठक में हुए फैसलों से अनेक आवश्यक वस्तुओं के दाम कम हो जाएंगे। इसका फायदा गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार से लेकर हर छोटे-बड़े उद्यमी को होगा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के उद्देश्य के साथ कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं जिनसे आज सामान्य जनता, गरीब, युवा,महिला,किसान,व्यापारी हर वर्ग का विकास सुनिश्चित हो रहा है और और हमारा भारत आत्मनिर्भर एवं शसक्त हो रहा है।

भावना बोहरा ने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह आम आदमी की रोजमर्रा जरूरतों में उपयोगी वस्तुओं में राहत देने के उद्देश्य से लिया गया है ।हेयर ऑयल, टॉयलेट सोप, साबुन, टूथब्रश, साइकिल, टेबलवेयर और अन्य घरेलू सामान 5त्न जीएसटी के दायरे में आएंगे ।भारतीय ब्रेड को जीएसटी से छूट दी गई है और अब उन पर पहले की 5त्न की दर से कोई कर नहीं लगेगा। नमकीन, सॉस, पास्ता, इंस्टेंट नूडल्स, कॉफी, मक्खन, घी, कॉर्नफ्लेक्स और चॉकलेट जैसे पैकेज्ड खाद्य पदार्थों पर भी कम दर से कर लगेगा। 350 सीसी तक की छोटी कारों और मोटरसाइकिलों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा वहीं सभी ऑटोमोबाइल पार्ट्स पर 18 फीसदी टैक्स। सीमेंट पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया है जिससे अपना घर बनाने में लागत कम होगी। वहीं स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु 33 जीवनरक्षक दवाओं पर जीएसटी 12त्न से शून्य और 3 दवाओं पर 5त्न से शून्य कर दिया है। ये बदलाव गरीब परिवारों के लिए दवा की पहुंच आसान बनाएंगे ।व्यक्तिगत जीवन बीमा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा सेवाओं पर से जीएसटी खत्म करने का फैसला किया गया है। यह गरीब-हितैषी और विकासोन्मुखी निर्णय है।

# एक परिवार में बेटी शिक्षित होने से पूरे परिवार की तरक्की और पीढ़ी का निर्माण: डॉ. रमन

- विधानसभा अध्यक्ष ने ग्राम सुकुलदैहान में 2 करोड़ 50 लाख रूपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन
- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत छात्राओं को प्रदान किया गया प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र



**राजनांदगांव,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ग्राम सुकुलदैहान में कुल 2 करोड़ 50 लाख 19 हजार रूपए की लागत से 3 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज ग्राम सुकुलदैहान में 1 करोड़ 78 लाख 23 हजार रूपए की लागत से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने 10 लाख रूपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण तथा 61 लाख 96 हजार रूपए की लागत से नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का भूमिपूजन किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ग्राम सुकुलदैहान के विकास कार्यों के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पोट्ठ लईका अभियान के अंतर्गत चिन्हांकित 8 नन्हे बच्चों को कुपोषण दूर करने के लिए सुपोषण किट का वितरण किया। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए 10वीं एवं 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली शासकीय स्कूलों की छात्राओं को प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों को आवास पूर्ण होने पर प्रतीकात्मक रूप से चाबी और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जिले में पोट्ठ लईका पहल अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कम वजन एवं कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए बच्चों को पौष्टिक आहार एवं स्वास्थ्य की जांच कर निगरानी में रखा जाता है। उन्होंने बताया कि बच्चे का कम वजन उसके विकास में अवरोध लाता है। उन्होंने बताया कि यहां के 8 बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाया गया है। अब इन बच्चों का सामान्य विकास होगा और अच्छे से विकसित होंगे। इस अभियान में गांव के वरिष्ठ नागरिकों को सहयोग करना चाहिए। जिससे बच्चों को अच्छा आहार मिले, उनका पोषण हो और सामान्य जीवन मिल सके। उन्होंने कहा कि सरस्वती सायकल वितरण योजना के अंतर्गत जिले के 6 हजार 531 छात्राओं को सायकल वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जब वे पहली बार मुख्यमंत्री बने थे उस समय छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन के लिए सायकल वितरण कार्यक्रम शुरू किया गया। छात्राओं को सायकल वितरण करने से प्रदेश में बालकों की अपेक्षा छात्राओं की दर्ज संख्या में वृद्धि हुई। उन्होंने बताया कि स्कूल दूर होने से छात्राएं पढ़ाई नहीं कर पाती थी। सरस्वती सायकल योजना शुरू करने से छात्राओं की समस्या का समाधान हुआ। इससे छात्राओं का ड्राप आउट समाप्त हुआ और शत प्रतिशत छात्राएं स्कूल जा रही है। उन्होंने कहा कि एक घर में बेटी शिक्षित होने से पूरे परिवार की तरक्की और पीढ़ी का निर्माण होता है। उन्होंने बताया कि आज ग्राम सोमनी में बच्चों के लिए निःशुल्क ऑनलाईन नीट और जेईई कोचिंग शुरू किया गया है। हायर सेकेण्डरी स्कूल सुकुलदैहान से 21 बच्चों को चिन्हांकित किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रवेश परीक्षा में बेहतर तरीके प्रतियोगिता में भाग लेकर गांव से डॉक्टर और इंजीनियर ज्यादा से ज्यादा बने इसके लिए तैयारी की जा रही है। उन्होंने बच्चों को नीट और जेईई कोचिंग के लिए प्रोत्साहित किया।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक एक शिल्पकार होता है। शिक्षक के सानिध्य में बच्चे विद्वान बन जाते हैं। शिक्षकों की आज्ञा मानते हुए उनके कहे अनुसार चलते हुए आगे बढ़ते हैं तो देश के श्रेष्ठ नागरिक और एक अच्छे स्थान में पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज ग्राम सोमनी से निःशुल्क नीट और जेईई ऑनलाईन कोचिंग प्रारंभ की गई है। जिससे बच्चों को मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा के लिए मदद मिलेगी। उन्होंने बच्चों की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा शिशु से लेकर बुजुर्गों की चिंता करके उनके सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। शासन द्वारा छत्तीसगढ़ की महतारियों की चिंता करते हुए महतारी वंदन योजना चलाई जा रही है। कार्यक्रम को सरपंच ग्राम पंचायत सुकुलदैहान श्रीमती सरस्वती चंद्रवंशी और अध्यक्ष शाला विकास समिति अशोक देवांगन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, सदस्य जिला पंचायत श्रीमती देवकुमारी साहू, कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, राजेन्द्र गोलछा, पद्मश्री श्रीमती फूलबासन यादव, भावेश बैद, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे।

# वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोब्रागढ़े की दिवंगत माता को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे सांसद संतोष पांडे



**राजनांदगांव,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। राजनांदगांव के वरिष्ठ पत्रकार दीपंकर खोब्रागढ़े की माता के दिवंगत होने पर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद और डोंगरगढ़ पूर्व विधायक विनोद खांडेकर श्रद्धांजलि अर्पित करने व परिवार को संवेदना व्यक्त करने निवास पहुंचे।बौद्ध समाज की सबसे सक्रिय महिला मंडल की वरिष्ठ कार्यकर्ता अर्चना बाई खोब्रागढ़े का शुक्रवार 29 अगस्त को निधन हुआ।

अर्चना बाई लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहीं और विशेष रूप से बौद्ध समाज के महिला मंडल को सशक्त बनाने में उनका अहम योगदान रहा। वे अपने पीछे पति, तीन पुत्र और तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। दिवंगत श्रीमती अर्चना बाई खोबरागड़े, कन्हैयालाल खोब्रागढ़े की धर्मपत्नी थी जो बौद्ध समाज के वरिष्ठ नेताओं के रूप में प्रदेश में पहचाने जाते हैं। तथा देशबंधु के ब्यूरो चीफ एवं वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोब्रागढ़े की माता है। सांसद संतोष पांडे ने परिजनों से सौहार्द मुलाकात पर संवेदनाएं प्रकट कि और परिवार को इस घड़ी में संबल देने की प्रार्थना की उनके साथ पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, भाजपा नेता देवशरण सेन, राजेश यादव, विनोद श्रीरंगे आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर से डैन्जर्स ऐडवेंचर्स स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर ऑन फुट जर्नी के सदस्य एवं पर्वतारोही दल ने की सौजन्य भेंट

**राजनांदगांव,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे से आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में डैन्जर्स ऐडवेंचर्स स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर ऑन फुट जर्नी के सदस्य एवं पर्वतारोही के दल ने सौजन्य भेंट की। कलेक्टर ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने टीम के सदस्यों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, सड़क सुरक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मतदाता जागरूकता जैसी गतिविधियों के लिए कार्य करने पर प्रशंसा की।



- कलेक्टर ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी
- राजनांदगांव जिले में रहेगा 5 दिवसीय कार्यक्रम, 4 से 8 सितम्बर तक करेंगे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम

उल्लेखनीय है कि डैन्जर्स ऐडवेंचर्स स्पोर्ट्स लांगेस्ट वर्ल्ड टूर ऑन फुट जर्नी के सदस्य एवं पर्वतारोही एण्ड गिनिजेज बुक, लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर टीम के 4 सदस्य अवध बिहारी लाल, जितेन्द्र प्रताप, श्री महेन्द्र प्रताप, गोविन्दा नन्द अब तक विश्व के 11 देशों में 4 लाख 52 हजार किलोमीटर की विश्वशांति विश्वपदयात्रा पूरी कर चुके हैं। भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 33 जिलों में विश्वशांति विश्वपदयात्रा, जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। टीम द्वारा विश्वशान्ति विश्वपदयात्रा अंतर्गत वर्ष 2018 में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउण्ट ऐवरेस्ट बेस कैम्प की यात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न की गयी। इस विश्वशांति विश्वपदयात्रा के दौरान अब तक 14 करोड़ 50 लाख पौधों का रोपण कराया जा चुका है और वहां के विभिन्न स्कूलों, कालेजों, ग्रामों एवं सार्वजनिक स्थानों में पहुंचकर जनजागरूकता अभियान के माध्यम से जागरूक भी कर रही। देश के लगभग 600 जिलों एवं सम्पूर्ण प्रदेशों की विश्वशांति विश्वपदयात्रा करते हुए देवभूमि उत्तराखण्ड के 13 जिलों एवं उत्तर प्रदेश 75 जिलों सहित मध्यप्रदेश की विश्वपदयात्रा शासन, प्रशासन द्वारा सम्पन्न करते हुए राजस्थान के सम्पूर्ण 33 जिलों एवं गुजरात के 33 जिलों के साथ केन्द्र शासित प्रदेश दमन दीव और गोवा की यात्रा करते हुए महाराष्ट्र के 36 जिलों की यात्रा सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 33 जिलों में विश्वशांति विश्वपदयात्रा रथयात्रा सम्पन्न हो चुकी है। राजनांदगांव जिले में भी यहां विभिन्न कार्यक्रमों को सम्पन्न करेगी। राजनांदगांव जिले 5 दिवसीय कार्यक्रम 4 से 8 सितम्बर 2025 तक रहेगी।

विश्वशांति विश्वपदयात्रा की शुरूआत 30 जुलाई 1980 को जनपद लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश के अवध बिहारी लाल द्वारा शुरू की गयी थी। वर्ष 2001 को इस टीम से हम सभी लोग जुड़े। अब यह टीम 20 सदस्यीय है। वर्ष 1980 से पहले वहां रात में आयी अचानक भयंकर बाढ़ के कारण अवध बिहारी लाल का समस्त परिवार जनपद लखीमपुर खीरी के धौहरारा क्षेत्र जलमग्न हो गया था। जिसके कारण कई गांव के लोग, मवेशी बाढ़ में डूबने से अपनी जीवन लीला समाप्त कर गये। श्री अवध बिहारी लाल वहां मौजूद एक बरगद के वृक्ष को पकड़कर कई घंटों तक भयंकर बाढ़ से लड़ते रहे। जिले की रेस्क्यू टीम एवं भारतीय सेना के जवान जब वहां पहुंच, तब जाकर उनकी जान बची। तब से उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, वन संरक्षण, जल संरक्षण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मतदाता जागरूकता सहित अन्य उद्देश्यों को लेकर सम्पूर्ण भारत की यात्रा शुरू की। इस यात्रा के दौरान टीम के एक साथी भी शहीद हो चुके है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, वन संरक्षण, वन्य जीव संरक्षण, पर्वत संरक्षण, नदी संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, जल संरक्षण, स्वच्छ भारत, मतदाता जागरूकता सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार मूल उद्देश्य है। समस्त योजनाओं के प्रचार-प्रसार के माध्यम से टीम द्वारा स्कूलों एवं कॉलेजों एवं अन्य ग्रामीण च शहरी सार्वजनिक स्थलों पर जाकर संगोष्ठी व स्पीच के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम द्वारा भारतीय जनमानस को जागरूक कर रही है।

# राज्य स्थापना के रजत जयंती पर कार्यक्रम आयोजित




**सहसपुर लोहारा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम में छग रजत जयंती वर्ष महोत्सव के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथी के रुप मे श्रीमती अनुपमा तिवारी डीपीएम कबीरधाम , डॉ रोशनी पटेल(सर्जन) डॉ सोनाली साहू(नेत्र सर्जन),डॉ अर्पिता पटेल(नेत्र सर्जन) उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मध्यम से स्वास्थ्य संबंधित महत्वपुर्ण विषय जैसे नेत्रदान संबंधित चिकित्सा, मुख स्वास्थ्य ,नशा मुक्ति, तंबाकू नियंत्रण, कुष्ठ निवारण, टीवी उन्मूलन के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी गयी इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के संदीप कुमार सोनकर सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, दीपक कुमार पटेल, गौरव जायसवाल, लक्ष्मीकांत वर्मा डॉ रुपेश कुमार वर्मा, गिरधारी वर्मा, विवेक चौहान सुश्री काजल साहू अंजु महोबिया डॉ ज्योति चंद्रवंशी डॉ खिलेश्वरी चंद्रवंशी एवं महाविद्यालय की एन एस एस, रेड क्रॉस रेड रिबन एवं समस्त छात्र-छात्राएं अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# शहर वासियों को पुरानी बिल्डिंग में भी मिलेगी स्वास्थ्य सुविधाएं, ओपीडी का हुआ शुभारंभ

**डोंगरगढ़,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर वासियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल सके इस दृष्टि से गुरुवार को पुरानी बिल्डिंग में शहरी आरोग्य चिकित्सालय ( ओपीडी ) का शुभारंभ किया गया है । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ,अध्यक्षता प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ,जीवनदीप समिति सदस्य महेंद्र भाई पटेल ने राजनीति से ऊपर उठकर आपसी तालमेल के साथ नगर में अच्छी स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए काम करने की बात कही । जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नया हॉस्पिटल शहर से दूर जाने के बाद गरीब वर्ग के लोगों को आवाजाही के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है उक्त समस्या को देखते हुए नगर के मध्य ओपीडी की शुरुआत की गई है जिसमें नगर की जनता समय पर अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल पाएगी । सबसे बड़ी सेवा मानव सेवा है जनता को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिले इसकी चिंता करके इस ओर प्रयास होगा और डोंगरगढ के विकास में हमेशा आगे आकर काम किया जाएगा । इस अवसर पर उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ,महेंद्र अग्रवाल ,हरीश मोटघरे ,सतीश तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील चीकू जैन, प्रदीप बाघ, सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल, नपा सभापति रेखा राघवते ,डी केएस राव, पार्षद बबीता मलागार ,शारदा यादव , शिवांगी साखरे,




अनीश निर्मलकर भूपेंद्र मरकाम, अमित छाबडा ,के विनायक राव ,भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज सिंह चौहान , विश्वनाथ यादव , जितेंद्र सिंह भाटिया अलका जयस सहारे वत्सला श्रीवास्तव लक्ष्मी यादव कैलाश सोनवानी नागेंद्र परिहार रिमी भाटिया आकाश सिंह राजपूत मधुसूदन अग्रवाल रिमी भाटिया रामकुमार दड़सेना अजय शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग बीएमओ डा सुचित्रा श्रीवास्तव डॉ शोभी खान ,डॉक्टर कलचुरी ,डॉ अनिल श्रीवास्तव ,डॉ जनबंधु ,सरोज राजेकर ,रमन नर्स, रणजीत राजपूत ,निलेश चावड़ा सहित कर्मचारी उपस्थित थे ।

# जनपद की सामान्य सभा में किसान, मजदूरों व स्कूलों की समस्याओं के उठें मुद्दे

**डोंगरगढ़,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ की सामान्य सभा की बैठक में मंगलवार को कांग्रेस के युवा जिलाध्यक्ष एवं दो बार के जनपद सदस्य महेश सेन ने जनहित से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने किसानों, मजदूरों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी गंभीर समस्याओं को सरकार के सामने रखते हुए कहा कि भाजपा सरकार केवल किसानों-मजदूरों को ठगने और व्यापारियों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है। सभा के दौरान महेश सेन ने सबसे पहले किसानों की खाद संकट का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय किसानों को खाद की कोई दिक्कत नहीं होती थी, लेकिन वर्तमान भाजपा शासन में किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। निजी क्षेत्र को 60 प्रतिशत और सहकारी समितियों को मात्र 40 प्रतिशत खाद उपलब्ध कराना सरकार की कथनी और करनी में अंतर को दर्शाता है। इसके कारण किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही और फसल उत्पादन पर असर पड़ रहा है।



उन्होंने बीमा योजना से जुड़ी बड़ी समस्या की ओर भी ध्यान दिलाया। महेश सेन ने कहा कि डोंगरगढ़ क्षेत्र के कई गांवों के किसानों को चना फसल का बीमा अब तक नहीं मिला है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति और बिगड़ रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि तुरंत बीमा राशि किसानों तक पहुंचाई जाए।

शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी महेश सेन ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, लेकिन शासन-प्रशासन इस ओर गंभीर नहीं है। उन्होंने शिक्षा विभाग से मांग की कि तत्काल शिक्षकों की पदस्थापना की जाए।

मनरेगा योजना पर भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए महेश सेन ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय यह योजना गरीब मजदूरों की जिंदगी का सहारा बनी थी, लेकिन भाजपा सरकार बनते ही मनरेगा का फंड खत्म कर दिया गया। हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को रोजगार से वंचित करना भाजपा सरकार की किसान-मजदूर विरोधी मानसिकता को उजागर करता है।

सड़क और निर्माण कार्यों की स्थिति पर भी उन्होंने लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। महेश सेन ने कहा कि जिन जगहों पर मरम्मत और पैचवर्क किया गया, वह केवल औपचारिकता थी। आज भी कई स्कूलों के पास बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जिससे छात्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सभा के अंत में महेश सेन ने कहा कि कांग्रेस सदैव किसानों, मजदूरों और आम जनता के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके हक की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने भाजपा सरकार से मांग की कि किसानों को खाद और फसल बीमा, मजदूरों को रोजगार और शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# सहकारिता के माध्यम से किसानों के जीवन में आ रही खुशहाली एवं परिवर्तन: विधानसभा अध्यक्ष

- विधानसभा अध्यक्ष ने सहकारी सम्मेलन में की शिरकत

**राजनांदगांव,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव द्वारा आयोजित सहकारी सम्मेलन में शिरकत की।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कृषक यहां सहकारी सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे है। उन्होंने कहा कि सहकारिता में बहुत ताकत है। सहकारिता के माध्यम से किसानों के जीवन में खुशहाली एवं परिवर्तन आ रहे है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरूआत की थी तथा किसानों को ऋण देने की व्यवस्था की थी। छत्तीसगढ़ में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया गया, जिससे उनके जीवन में खुशहाली आयी। किसानों का जीवन पहले अधिया की भरपायी करते हुए निकल जाता था और साहुकारों के चंगुल में फंसकर ब्याज देते-देते परेशान हो जाते थे। सहकारिता एक चमत्कार है और केंद्रीय सहकारिता बैंक से चारो जिले के 5 लाख 40 हजार किसान सहकारिता से लाभान्वित हो रहे हैं। उनके जीवन में सहकारिता से जुडने पर महत्वपूर्ण परिवर्तन आए है। कृषक उन्नति योजना के तहत धान खरीदी अंतर्गत रिकार्ड तोड़ धान खरीदी की गई है और लगभग 4559 करोड़ 66 लाख रूपए की राशि कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों के बैंक खाते में अंतरित की गई है। जिले में बैंकिंग सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। एटीएम एवं माईक्रो एटीएम की सुविधा किसानों को मिल रही है। माईक्रो एटीएम के तहत पहले किसान 10 हजार रूपए निकाल सकते थे, अब इसकी क्षमता बढ़ाकर 20 हजार रूपए कर दिया गया है। इसी तरह रूपे डेबिट कार्ड से 20 हजार रूपए से क्षमता बढ़ा दी गई अब 40 हजार रूपए तक की राशि आहरण कर सकते है। उन्होंने कहा कि देश के सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता के आंदोलन चल रहे हैं। सहकारिता के माध्यम से गुजरात में अनोखे कार्य किए गए है और अर्थव्यवस्था में परिवर्तन आए है। अमूल डेयरी के माध्यम से गुजरात में सहकारी समितियों ने संगठित होकर बेहतरीन कार्य किया है। इसी सोच के साथ छत्तीसगढ़ में भी सकारात्मक परिवर्तन आना चाहिए और सहकारिता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। शासन द्वारा किसानों के हित में लगातार कार्य किया जा रहा है।



वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता, संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि देश के विकास के लिए जय जवान-जय किसान का अह्वान किया गया। किसान देश का सम्मान है और किसानों से देश की उत्तरोत्तर प्रगति हो रही है और सभी सहकारिता से जुड़े है। सहकारिता का यह आंदोलन जन-जन तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप हमारा देश विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 2058 पैक्स है और कॉमन सर्विस सेंटर में सुविधाएं दी जा रही है। 532 नये पैक्स का गठन किया गया है। जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। सभी ग्राम पंचायतों में सहकारी समिति होनी चाहिए, ताकि किसानों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज समिति, मत्स्य समिति, लघु समिति, डेयरी समिति सहित अन्य समितियों का गठन किया जा रहा है। जिससे किसान आर्थिक दृष्टि से सक्षम बनेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय लगातार किसानों की समृद्धि के लिए कार्य कर रहे है। शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है तथा रिकार्ड धान की खरीदी हुई है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों का उपयोग करने तथा स्वदेशी को बढ़ावा देने की बात कही।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में बैंकिंग सुविधाओं में वृद्ध हुई है। एटीएम की सुविधा बढ़ी तथा कम्प्यूटरीकरण से कार्यों में तेजी आयी है। किसानों की आय में वृद्धि हुई, बैंक खाते खुले तथा बचत एवं सहभागिता की प्रवृत्ति बढ़ी। सब मिलकर एवं संगठित होकर एक साथ कोई बड़ा कार्य करते है, तो वह सफल होता है। गुजरात में अमूल के नाम से दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में सहकारिता की ताकत दिखाई दी। जिले में बैंकों की संख्या में वृद्धि हुई है तथा किसानों की आय में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने किसानों की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित श्री सचिन बघेल ने प्रतिवेदन का वाचन किया। उन्होंने बताया कि बैंक की अंशपूंजी 31 मार्च 2024 पर 19244.60 लाख रूपए थी, जो 31 मार्च 2025 में बढ़कर 20557.82 लाख रूपए हो गई है अर्थात अंशपूंजी में 1313.22 लाख रूपए की वृद्धि हुई है। निधियों में 5636.66 लाख रूपए की वृद्धि हुई है। 31 मार्च 2025 पर बैंक का शुद्ध लाभ 2123.56 लाख रूपए एवं संचित लाभ 5830.43 लाख रूपए है। 31 मार्च 2025 पर बैंक का एनपीए 4244.25 लाख रूपए है, जो कुल ऋण का 6.24 प्रतिशत है। बैंक द्वारा वर्ष 2024-25 में कृषकों को 160529.88 लाख रूपए का ऋण वितरण किया गया है। बैंक के कार्यक्षेत्र में कुल 275 खाद केन्द्र संचालित है। जिसके माध्यम से कृषकों को खाद उठाव करने में सुविधा प्राप्त हो रही है। साथ ही कुल 282 धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से शासन द्वारा धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की लगभग 80 प्रतिशत आबादी प्राथमिक साख समितियो से जुड़ी हुई है।

इस अवसर पर विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक श्री केदार नाथ गुप्ता, राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, पूर्व विधायक मोतीलाल चंद्रवंशी, पूर्व विधायक रामजी भारती, कोमल सिंह राजपूत, प्रदीप गांधी, रमेश पटेल, दिनेश गांधी, राजेंद्र चंद्रवंशी, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, सुरेश एच लाल, राजेन्द्र गोलछा सहित राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

# दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस के तहत ब्लाक संगठन चुनाव को लेकर बैठकों का दौर शुरू



■ गांव-गांव में बैठकें लेकर संगठन को मजबूत करें : ताम्रध्वज

■ कार्यकर्ताओं की रायशुमारी के बाद ही अध्यक्ष का चयन : प्रदीप शर्मा

**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाली ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के चुनाव के लिये बैठकों का दौर शुरू हो गया है। इसके तहत आज राजीव भवन में हुई बैठक में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने संगठन सृजन अभियान के तहत कराये जा रहे संगठन व चुनाव की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। बैठक में पूर्व मंत्री श्री साहू के अलावा अभियान के प्रभारी प्रदीप शर्मा जिला दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश ठाकुर उपस्थित थे।

इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कांग्रेस संगठन को नए सिरे से मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा है कि इसके लिये गांव गांव में बैठक कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठित करना है। उन्होंने संगठन में नये लोगों को जोड़ने पर जोर देते हुए भाजपा की डबल इंजन की सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने मौजूदा परिस्थितियों को लेकर कहा कि ऐसी स्थिति में सभी कांग्रेसजनों को एक होकर नये लोगों को कांग्रेस के साथ जोड़ना होगा। उन्होंने कांग्रेसजनों से पार्टी की रीतियों नीतियों को जन जन तक पहुंचाने पर जोर दिया।

श्री साहू के उद्बोधन से पूर्व, संगठन सृजन अभियान विस्तार के प्रभारी प्रदीप शर्मा ने कहा कि पार्टी में ब्लाक अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ऐसे कर्मठ व्यक्ति को दिये जाने का निर्देश है जो कांग्रेस के प्रत्येक कार्यक्रम में शामिल रहता हो, राहूल गांधी व पार्टी की नीतियों को लेकर कार्य करता हो। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति उनसे अकेले में या समूह के साथ मिलकर अपनी बात कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करने के बाद ही अध्यक्ष बनाया जायेगा।

आज की बैठक में ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री जितेन्द्र साहू, केशकला शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष नंद कुमार सेन, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, विशाल देशमुख, मोहनलाल हरमुख, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## ब्लाक अध्यक्षों के नाम पहले से तय, मीटिंग करना औपचारिकता : नारायणी



नगर निगम के पूर्व सभापति व पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार उर्फ छोटू नारायणी का कहना है कि शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाले 5 ब्लाक के अध्यक्षों के नाम पहले से तय कर लिये गये है। अब नाम पर मीटिंग का आयोजन केवल औपचारिकता ही है। श्री नारायणी ने कहा कि शहर जिला कांग्रेस कमेटी व्दारा ब्लाक अध्यक्षों के चुनाव के संदर्भ में बताया गया था कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी व्दारा 5 अलग.अलग ब्लाकों के लिए पूर्व विधायक छन्नी साहू नरेश डाकलिया व सीजू एंथोनी सहित दो अन्य को प्रतिनिधि बनाकर भेजा गया था इन प्रतिनिधियों व्दारा शहर जिला कांग्रेस कमेटी के 5 अलग.अलग ब्लाकों में जाकर बैठक ली गयी है और नाम लिए गये है। जिसमें मध्य व दक्षिण ब्लाक से एक.एक नाम आये है और अन्य ब्लाकों से एक से अधिक नाम आये है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी व्दारा बताया गया था कि बैठक से पहले सभी ब्लाक के नेताओं व पदाधिकारियों को सूचना दी गयी है। इस संदर्भ में श्री नारायणी ने कहा कि उन्हें बैठक के विषय में कोई सूचना किसी के भी व्दारा नहीं दी गयी है। उन्होंने कहा कि किसको ब्लाक अध्यक्ष बनाना है यह बैठक से पहले ही तय कर लिया गया है। बाद में बैठक की फारमेल्टी की गयी है। श्री नारायणी ने कहा कि वे निगम सभापति रहने के साथ-साथ ब्लाक अध्यक्ष भी रह चुके है और लगातार नगर निगम के पार्षद भी रहे है लेकिन उन्हें बैठक की कोई सूचना नहीं दी गयी है। उन्होने कहा कि शहर में कांग्रेस की मौजूदा हालत से वे बेहद दुखी है। इसके लिए सामूहिक प्रयास करने की जरुरत है।

# दुर्ग जिले में साढ़े 8 सौ एनएचएम कर्मचारियों के एक साथ त्यागपत्र का दावा



**दुर्ग**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएस कर्मचारी संघद्वारा अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चलाई जा रही अनिश्चितकाली हड़ताल के 18 वें दिन दुर्ग जिले के सैकड़ों एनएचएस कर्मचारियों ने रैली निकाली और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर जबर्दस्त घेराव प्रदर्शन किया।

इन कर्मचारियों ने बताया कि संगठन के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. आलोक शर्मा सहित दर्जनों कर्मचारी साथियों की बर्खास्तगी से कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। इसी आक्रोश को व्यक्त करने आज दुर्ग जिले के साढ़े 8 सौ कर्मचारियों ने सीएमएचओ दुर्ग को अपना सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है।

उल्लेखनीय है कि शासकीय जिला अस्पताल के सामने जिले के समस्त एनएचएस कर्मचारी प्रतिदिन पंडाल लगाकर धरना देकर बैठे व नारे बाजी कर रहे । इस अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते जिला अस्पताल सहित सभी शासकीय अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा संबंधी व्यवस्थाएं लगभग ठप्प पड़ गई है। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि इस आंदोलन के तहत पिछले 18 दिनों में वे 160 बार उच्चाधिकारियों को ज्ञापन दे चुके है मगर उनकी मांगों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसके विपरीत संगठन के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों साथियों पर दमनचक्र चलाकर उन्हें बर्खास्त किया जा रहा है। चुनाव के समय भाजपा के प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर मोदी की गारंटी के तहत उनकी मांगों को पूरा करने का वादा किया था जो अभी तक नहीं निभाया।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि शासन की इसी दमनकारी नीतियों के चलते उन्होंने आज सामूहिक त्यागपत्र सौंपने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत दुर्ग जिले के साढ़े 8 सौ कर्मचारी व पूरे प्रदेश से 16 हजार कर्मचारियों ने आज एक साथ सामूहिक त्यागपत्र दिया है। आज की इस जोरदार प्रदर्शन रैली को देखते हुए पुलिस द्वारा जबर्दस्त इंतजाम किया था। सीएमएचओ कार्यालय के सामने भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। स्टापर लगाकर बेरिकेटस कर दी गई थी।

# जेसी वीक की शानदार शुरुआत मटरगश्ती- फिटनेस मॉर्निंग मेला से

**दुर्ग**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। जेसीआई दुर्ग.भिलाई द्वारा इस बार जेसी वीक द अनमैच्ड स्पार्क की भव्य शुरुआत 7 सितम्बर रविवार को होगी। ऊर्जा से भरपूर कार्यक्रम मटरगश्ती-फिटनेस मॉर्निंग मेला से होगी। जिसका आयोजन सुबह 7 से 10 बजे तक जटार क्लब रोड दुर्ग के पास किया जाएगा।

जेसी वीक डायरेक्टर अर्पित.कोमल चांडक ने बताया कि इस वर्ष जेसी वीक की चार प्रमुख थीम फन, फिटनेस, स्पीरीटच्युल ग्रोथ, और सोशल का संगम होगा। कार्यक्रम के मार्गदर्शक प्रशांत.प्रतीक्षा गोलछा ने बताया कि इस मेले में जुम्बा, लाफ्टर योगा और 7 वंडर्स टैलेंट शो जैसे आकर्षक कार्यक्रम होंगे। विशेष बच्चों की प्रेरक प्रस्तुतियाँ इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेंगी। इसके अलावा डीजे विद कॉफी रेव, योगा की शांति, बच्चों.बड़ों के लिए मनोरंजक गतिविधियाँ तथा फूड व शॉपिंग स्टॉल्स भी सभी को आकर्षित करेंगे।

इस कार्यक्रम में निदेशक के रूप में आशीष.रिनल तुरकिया तथा नितिन.निशा अग्रवाल अपनी भूमिका निभा रहे हैं। वहीं कार्यक्रम की सफलता में वामसी, गुंजा पिंचा और जितेश.ऋतु झंवर सहित अनेक सदस्य सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

# जिला अस्पताल के वाहन स्टैंड और जनऔषधि केन्द्र को लेकर शिकायत, नए टेंडर बुलाने का आदेश

**दुर्ग,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। जिला चिकित्सालय के टेलीमेडिसिन कक्ष में जीवनदीप समिति की बैठक आज कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023.24 एवं 2024.25 के आय.व्यय विवरण पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने एजेण्डावार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

एजेंडावार चर्चा के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित सायकल/स्कूटर स्टैंड का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। कलेक्टर ने इस पर निर्देश दिए कि नियमानुसार संबंधित को नोटिस जारी कर पुन: टेंडर आमंत्रित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के संचालक



द्वारा किराया जमा न किए जाने पर नोटिस देने तथा तय समयावधि में किराया जमा न होने पर पुन: निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिए।

बैठक में यह भी बताया गया कि दवाइयां, उपकरण, एक्स.रे फिल्म, पैथोलॉजी सामग्री तथा कम्यूमेबल सीजीएमएससी से प्राप्त नहीं हो पा रही हैं

## अस्पताल परिसर में लगेगी स्व.डोनगांवकर की प्रतिमा

और नियमित बजट मद में भी राशि उपलब्ध नहीं है। इस स्थिति में आवश्यकतानुसार सामान्य सभा की प्रत्याशा में खर्च किए जाने का निर्णय लिया गया।

चिकित्सालय में कार्यभार की अधिकता को देखते हुए एक धोबी की नियुक्ति करने तथा इलेक्ट्रिशियन के लिए पद सृजित करने के भी निर्देश दिए गए। वहीं जिला चिकित्सालय परिसर में स्व. पांडुरंग डोनगांवकर रामाराव की प्रतिमा स्थापित करने हेतु स्थल निरीक्षण कर उचित स्थान पर स्थापना करने को कहा गया। इसके अलावा परिसर में प्रस्तावित 30 बिस्तरों वाले मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सालय के निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए। अधिकारियों ने बताया गया कि उक्त प्रस्तावित स्थल पर अतिक्रमण किया गया हैए जिसके कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है।

बैठक में एजेण्डा के अतिरिक्त अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज दानी, सिविल सर्जन आशीन मिंज, आरएमओ अखिलेश यादव, लोक निर्माण विभाग, विद्युत वितरण कंपनी, नगर निगम दुर्ग के अधिकारीगण सहित जीवनदीप कार्यकारणी समिति के सदस्य प्रमोद वाघ, विजय ताम्रकार, ऋषि यादव उपस्थित थे।

# रासेयो के स्वयं सेवक सेवा एवं समाज के प्रति समर्पित रहें : डॉ. राय

■ राष्ट्रीय सेवा योजना का इकाई उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**दुर्ग**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज साइंस कॉलेज परिसर में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने नवप्रवेशित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं कर्तव्यों से अवगत कराया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ.मैरिली रॉय, इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर भिलाई ने अपने उद्बोधन की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श वाक्य मैं नहीं, आप से की। उन्होंने



स्वयंसेवकों को अपने अनुभव साझा करते हुए सेवा और समाज के प्रति समर्पण का संदेश दिया तथा उन्हें प्रोत्साहित किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग प्रो. जनेंद्र दीवान ने अपने वक्तव्य में बताया कि वे स्वयं भी एक स्वयंसेवक के रूप में एनएसएस से जुड़े और आज तक लगातार नई.नई गतिविधियों के माध्यम से सीखते और समाजसेवा करते आ रहे हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीना मान एवं तरुण कुमार साहू ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने स्वयंसेवकों को उनके पदीय दायित्वों से भी परिचित कराया। छात्रा इकाई से दलनायिका रागिनी साहू एवं यागिनी देवांगन, जबकि छात्र इकाई से हरीश कुमार साहू एवं मिनेश देवांगन को दलनायक मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य पदाधिकारियों में मोहम्मद आदिल, द्रविन कुमार, तोषण लाल, टुकेश्वर, संघप्रिया, चंचल, भावना सहित कई स्वयंसेवकों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

कार्यक्रम में सह कार्यक्रम अधिकारी सुदेश कुमारए क्रीड़ाधिकारी लक्ष्मेंद्र कुलदीप, अध्यापक निखिल कुमार तथा वरिष्ठ स्वयंसेवक मोरध्वज और रितिक कुमार भी उपस्थित रहे। लगभग 200 स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी के साथ यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में बी एवं सी सर्टिफिकेट की पात्रता रखने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मोदी सरकार का नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार ऐतिहासिक निर्णय : सरोज पाण्डेय

**दुर्ग**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय ने केंद्र सरकार द्वारा नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार का फैसला आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा यह आम आदमी की जिंदगी को आसान बनाने के साथ ही अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले के प्राचीर से अपने भाषण में नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार का वादा किया था, जिसे पूरा करते हुए केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कटौती और सुधार किया गया



जो अभिनंदीय और सराहनीय है, जिससे आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा और व्यापक सुधार हमारे नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएगाए विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और व्यवसायों के लिए व्यापार करने में आसानी होगी। भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त, पारदर्शी और समावेशी बनाने के इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।

सुश्री सरोज पाण्डेय ने कहा अब सिर्फदो जीएसटी स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रहेंगे और अब 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब खत्म हो जाएंगे, इन सुधारों के बाद रोजमर्रा के घरेलू सामान, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल पहले से अधिक किफायती होंगे।

# पीएम श्री सेजेस में मनाई गई रजत जयंती



**गंडई पंडरिया**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। नगर के पीएमश्री स्व. लाल मूरत सिंह खुशरो शासकीय अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय गंडई में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की 25 वर्ष पूरा होने के अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार दिनांक 28 अगस्त 2025 से 07 सितंबर 2025 तक समयसारिणी अनुसार रजत जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से पुस्तक वाचन, स्पीडरीडिंग, पुस्तक प्रदर्शनी, एलुमनी बैठक, चिज प्रतियोगिता, इतिहास लेखन, भाषण, शिक्षक दिवस और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रजत जयंती का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य पवन कुमार ददरया के मार्गदर्शन से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी महेश सिंह ठाकुर, राकेश रोशन शर्मा, देवेन्द्र वासनिक, किरण वर्मा रहे। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम के प्रथम दिवस में छात्रों को पुस्तक वाचन कराया गया और पुस्तक वाचन के महत्व को समझाया गया। द्वितीय दिवस में विद्यार्थियों के द्वारा स्पीड रीडिंग कराया गया। तृतीय दिवस में स्कूल के विकास की प्रदर्शनी किया गया एवं लाइब्रेरी में विभिन्न प्रकार के पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। छात्रों ने पुस्तकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर पुस्तकों को पढ़कर आनंद का अनुभव किया। रजत जयंती में भूतपूर्व विद्यार्थियों के साथ एलुमनी बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उनके द्वारा अपने अनुभवों का साझा किया गया। इस अवसर पर 2020 पर आधारित चिज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता और समझ को बढ़ाने, छात्र में नीति के विभिन्न पहलुओं की जानकारी एवं रूचि विकसित करने के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है। इतिहास लेखन का आयोजन भी किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने गांव, स्कूल और वार्ड के इतिहास से जोड़ना एवं अभिव्यक्ति, लेखन और वाचन कौशल को प्रोत्साहित करना एवं स्थानीय इतिहास को संरक्षित करना है। रजत जयंती के आयोजन के अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टॉफ वैद्यनाथ नागेन्द्र, जीवन लाल देवांगन, दिलीप कुमार शर्मा, व्यासनारायण रत्नाकर, सचिन कुमार आंचले, ओमप्रकाश निषाद, सुश्री योगेश्वरी तारम, स्मिता दास, जसबीर सिंह, रामकुमार केंवट, मनीज दास, सुश्री स्नेह एक्का, सुश्री नंदिनी जांगड़े, सुश्री भुवनेश्वरी साव, सुश्री सुरभि उइके, सुश्री किरण ठाकुर, मुकेश यादव, दुर्गेश कुमार सेन, प्रिंकेश कश्यप, सुश्री निधि चैहान, शुभम सिंह, हेमंत कुमार, श्रीमती ममता सोनी, सुश्री दिव्या श्रीवास्तव, और रूपेन्द्र साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री का अपमान आदिवासी समाज में आक्रोश ज्ञापन सौंप कर 24 घंटे में कार्रवाई की मांग





**कवर्धा**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस कार्यकर्ता तुकाराम चंद्रवंशी द्वारा घायल गाय को लेकर कवर्धा जिला पशु चिकित्सालय लाया गया। रात्रिकालीन चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध न होने पर आक्रोशित होकर उन्होंने समीप में लगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पोस्टर पर गोबर लगा कर उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर सार्वजनिक किया।

इस घटना को आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री और पूरे समाज का अपमान बताते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। आदिवासी समाज के सैकड़ों लोगों ने आज कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर ज्ञापन सौंपा और मांग कि तुकाराम चंद्रवंशी के खिलाफ एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता की उपयुक्त धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी की जाए।

यदि समयसीमा में कार्यवाही नहीं की जाती है तो आदिवासी समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ राज्य के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री हैं, और इस प्रकार का कृत्य न केवल एक जनप्रतिनिधि का अपमान है, बल्कि संपूर्ण आदिवासी समाज की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाला है।

समाज के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार आदिवासी समाज के गौरव विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि संपूर्ण आदिवासी समाज की ऐतिहासिक पहचान, गरिमा और सम्मान का प्रतीक है। किन्तु दु:ख और आक्रोश का विषय है कि कवर्धा नगर में तुकाराम चंद्रवंशी नामक व्यक्ति ने खुले आम सार्वजनिक चौराहे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पोस्टर पर घृणित और अपमानजनक कृत्य करते हुए उनके चेहरे पर गोबर पोत दिया। यह कार्य न केवल मुख्यमंत्री का व्यक्तिगत अपमान है, बल्कि समूचे आदिवासी समाज की अस्मिता और गौरव पर सीधा हमला है।

आदिवासी समाज ने हमेशा संविधान की मर्यादाओं, कानून के राज और लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान किया है। किंतु इस घटना से आदिवासी समाज की भावनाएँ गहराई से आहत हुई हैं। यह कृत्य योजनाबद्ध और समाज को नीचा दिखाने की मानसिकता से प्रेरित प्रतीत होता है। अत: आरोपी तुकाराम चंद्रवंशी पर तत्काल एफ.आई.आर. दर्ज कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करना आवश्यक है। यदि दोषी पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो यह अन्य असामाजिक तत्वों को भी समाज और शासन के विरुद्ध अनैतिक कृत्य करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

समाज के गौरव आदिवासी मुख्यमंत्री का ऐसा अपमान समाज कभी बर्दास्त नहीं करेगा । इस घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन को बिना देरी के उचित कार्रवाई करनी चाहिए। सैकड़ो की संख्या में कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन देने पहुचे आदिवासी समाज लोगो में प्रमुख रूप से विदेशी राम धुर्वे ,राजेश छेदावी ,हेमंत ठाकुर ,पूरण धुर्वे ,संतराम धुर्वे ,मनोहर ,बिहारी धुर्वे ,इश्वरी धुर्वे ,मोहन धुर्वे ,चैन सिंग धुर्वे ,लाला राम धुर्वे ,मनोहर धुर्वे ,राजेन्द्र कुंजम ,सुनीता कुंजम ,भगवंती मरकाम ,काशीराम ,भरत ,प्यारे मरकाम ,शिवचरन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे ।

# शिक्षक स्वाभिमान दिवस व हिन्दी दिवस पर सम्मानित होंगी 58 प्रतिभाएं

## 24 शिक्षक, 18 समाज सेवी, 4 साहित्यकार, 8 लोक कलाकार और 4 पत्रकार शामिल हैं

**बलौदाबाजार,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षक स्वाभिमान दिवस और हिन्दी दिवस के अवसर पर रविवार 14 सितम्बर 2025 को गोंडवाना भवन धमतरी में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन, काव्य गोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। किसी धन पिशाच कारपोरेट, जन विरोधी सरकारों और संदिग्ध श्रोतों वाले संस्थानों पर साधनों के लिए मोहताज हुए बिना समता साहित्य अकादमी छ.ग. राज्य इकाई का लगातार 40 वर्षो से बिना किसी अवरोध या विराम के वैचारिक पहल जारी रखने वाले समता साहित्य अकादमी के द्वारा शिक्षकों, कवि, लेखको, साहित्यकारों, पत्रकारों, लोक कलाकारों व सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि प्रतिभाओं को दिए जा रहे सम्मान-अवार्ड ने सिर्फ गुणीजनों में ही नही, प्रबुद्ध दर्शकों और जागृत समाज में एक पहचान बना ली है। इस अवसर पर प्रदेश के 24 शिक्षक, 18 समाज सेवी, 4 साहित्यकार, 8 लोक कलाकार और 4 पत्रकार का किया जायेगा सम्मान। कार्यक्रम में बलौदाबाजार के वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल एवं शिक्षाविद डा. राधेश्याम पटेल भी होंगे सम्मानित।

कार्यक्रम में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन, काव्य गोष्ठी के पश्चात सम्मान श्रृंखला में प्रदेश के शिक्षकों- श्रीमती राधारमणी मानिकपुरी, श्रीमती सोनालिका माहतो, गोवर्धन लाल ठाकुर, किशोर कुमार मंडावी, संजीव मानिकपुरी, अभिषेक कुमार टंडन, कु.विनीता साहू, श्रीमती प्रभा मरकाम, डॉ.राधेश्याम पटेल (बलौदाबाजार), लक्ष्मीधर प्रधान, कु.निधि चोपकर, कु.प्रभा साहू, सागर दास मानिकपुरी, मनीदास मानिकपुरी, चुरामन दास मानिकपुरी को डॉ.राधाकृष्णन शिक्षक स्वाभिमान अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। वहीं शिक्षिकाओं-सुश्री उमा जाटव, सुश्री सृष्टि सरावगी, माधोराम कुंजाम, श्रीमती ममता वर्मा, कु.वैशाली सोनी, श्रीमती लेखा हिरवानी को सावित्री बाई फुले शिक्षिका अवार्ड तथा सामाजिक कार्यकर्ता-सुंदर दास मानिकपुरी, घीना राम मेहरा, सुश्री ललिता नेताम, श्रीमती रश्मि पटेल, गोकुल राम पटेल, सुशील प्रधान, डॉ.खुमान सिंह ठाकुर को महात्मा ज्योतिबा फुले ज्ञान रत्न अवार्ड प्रदान किया जाएगा।



बलौदाबाजार के वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल एवं शिक्षाविद डॉ. राधेश्याम का भी होगा सम्मान

इसके अलावा सद्गुरू कबीर कौमी एकता अवार्ड के लिए मेष कुमार हिरवानी, विलास दास मानिकपुरी, महंत वल्लभदास मानिकपुरी, श्रीमती किरण मानिकपुरी, विक्रम दास मानिकपुरी, रघुवीर साहू, दिलहरन दास मानिकपुरी सम्मान होंगे। जबकि संत नारायणा गुरू ज्ञान अवार्ड के लिए महेश कुमार साहू, युवराज सेन, मुन्ना ठाकुर, रतनदीप सोनी को सम्मान किया जायेगा। इसी प्रकार संस्था द्वारा संत गाडगे लोक शिक्षक अवार्ड के लिए शरद चोपकर, बाबा साहब डॉ.अंबेडकर समता अवार्ड के लिए डॉ.अजय कुमार सरोज, अमित कुमार भोई, लाला जगदलपुरी साहित्य रत्न अवार्ड के लिए जोगाराम कश्यप, दाऊ मंदराजी लोक कला रत्न अवार्ड के लिए गुरूदास मानिकपुरी, श्रीमती टोमिन बाई निषाद, भगवती प्रसाद साहू, दिलीप कुमार टिकरिहा, ओम प्रकाश मानिकपुरी, हरीश साहु तथा सांस्कृतिक दूत अवार्ड से सम्मान करने के लिए राजूलाल सोनवानी, शहीद शंकर गुहा नियोगी क्रांतिवीर अवार्ड-पारस दास मानिकपुरी का चयन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि बीजापुर-बस्तर के शहीद पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की स्मृति में उनकी निर्भीक, मैदानी तथा कॉर्पोरेट विरोधी जुझारू पत्रकारिता के लिए, जन पक्षधर पत्रकारिता को आगे बढ़ाने के लिए, उनकी पत्रकारिता की विरासत और सामाजिक बदलाव की चाहत को जारी रखने के लिए रामाधार पटेल पत्रकार बलौदाबाजार, अनिल त्रिपाठी पत्रकार बेमेतरा, मोहम्मद सरवर रजा शेख पत्रकार गरियाबंद और गगन कुंभकार पत्रकार धमतरी को "शहीद मुकेश चन्द्राकर पत्रकारिता अवार्ड-2025" राज्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर (दल्ली राजहरा) मुख्य अतिथि होंगे। जिला भदोही-उत्तर प्रदेश के प्रोफेसर डॉ.अजय कुमार सरोज, शहडोल मध्यप्रदेश के शिक्षक सुश्री सृष्टि सरावगी, राष्ट्रीय पनिका समाज विकास परिषद नई दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुंदर दास मानिकपुरी, >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# मितानिनों ने किया राजिम पुल पर चक्काजाम



- प्रशासनिक अमला समझाइश देने में जुटा
- मितानिनों को रोकना प्रशासन को पड़ा भारी नेशनल हाईवे पर 4 घंटे किया चक्का जाम

**राजिम,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। नवापारा और राजिम को जोड़ने वाले राजिम पुल पर आज सुबह से मितानिनों ने चक्काजाम कर दिया। राजिम पुल पर गुरुवार को सुबह से मितानिनों ने चक्काजाम कर दिया है। करीब 4 घंटे तक चक्का जाम करने के बाद बड़ी मुश्किल से मितानीने चक्का जाम को रोका इस दौरान लोगों की आवाजाही पर लगाम लग गया इनके चक्काजाम करने का समय ऐसा था कि लोग इसी समय काम पर दफ्तर में या सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में काम पर जाने का वक्त रहता है, ऐसे समय में चक्का जाम लोगों के लिए एक तरह से मुसीबत बन गई प्रशासन द्वारा चक्का जाम को रोकने की भरपूर कोशिश की गई लेकिन आक्रोशित मितानिन बहनों ने किसी का भी एक नहीं चलने दिया। अपनी मांगों को लेकर हल्ला बोल करते रहे बड़ी मुश्किल से 2-30 बजे के करीब चक्का जाम रोका गया इस दौरान आवागमन करने वाले कई लोग ने बताया जा रहा है कि मितानिन हड़ताल पर माना तुता जा रहे थे जिसे पुलिस ने राजिम पुल में रोक लिया। जिससे नाराज मितानिन पुल पर ही धरने में बैठ गयी और सरकार के खिलाफ बुलंद नारे लगाने लगी। चक्काजाम से पुल के दोनों किनारों पर वाहनों की लम्बी लाइन लग गई।

मिली जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर ब्लाक की मितानि सैकड़ों की संख्या में राजधानी रायपुर की ओर जा रही थीं, ताकि अपनी बात शासन तक सीधे पहुंच सकें। लेकिन राजिम में ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद गुस्साई मितानिनें सड़क पर ह बैठ गईं और जोरदार नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

प्रदर्शन में फिंगेश्वर ब्लॉक के मितानिन, मितानिन शिक्षिका, ब्लॉक समन्वयक सहित 300 से अधिक संख्या में उपस्थित थे। मितानिनों का कहना है कि बीजेपी सरकार ने चुनाव से पहले अपने घोषणा - में यह वादा किया था कि सभी >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# जिले के एनएचएम कर्मचारियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा, सीएमएचओ कार्यालय के सामने प्रदर्शन



**धमतरी,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ के आव्हान पर 18 अगस्त से प्रदेश के समस्त एनएचएम कर्मचारी अपने लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन गांधी मैदान में किया जा रहा है। हड़ताल पर जाने से जिले में कई स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई है। 18वें दिन भी हड़ताल जारी रही। हड़तालियों ने सीएमएचओ कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

प्रदेशभर के 16000 से अधिक एनएचएम कर्मचारी 18 अगस्त से अपने लंबित मांगे जिसमें संविलियन/स्थायीकरण, पब्लिक स हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों के का आरक्षण, अनुकम्पा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा दी जाए, स्थानांतरण नीति बनाई जाए, न्यूनतम 10 लाख के सलेश चिकित्सा बीमा शामिल है जिसे लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं जिसमें धमतरी जिले से 593 कर्मचारी शामिल हैं। कर्मचारियों के हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही है। 4 सितंबर को 18वें दिन हड़ताली कर्मचारी गांधी मैदान से सीएमएचओ कार्यालय के लिए कूच किए। ऑफिस के सामने >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# बिहान समूह से जुड़ी योगेश्वरी देवांगन 6वां जेण्डर संवाद के लिए चयनित

**धमतरी,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। दीन दयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय अंतर्गत केन्द्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है इसका उद्देश्य गरीब महिलाओं के लिए सदस्य स्वामित्व वाली, सदस्य-प्रबंधित, सदस्य नियंत्रित, आर्थिक रूप से स्थायी संस्थाओं का निर्माण करके और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देकर ग्रामीण गरीबी को कम करना है एवं उनके कौशल का निर्माण करके उन्हें स्थायी आजीविका के अवसरों से जोड़ा जाना है। जिससे उन्हें वित्त के औपचारिक स्रोतों. विपणन सेवाओं, अधिकारों, हकों और सार्वजनिक सेवाओं तक उनकी पहुँच सुनिश्चित करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है।

इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि-योगेश्वरी देवांगन जैसे सफल उदाहरण यह दर्शाते हैं कि आजीविका मिशन से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार



रही है बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन रही है।

इसी तारतम्य में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में धमतरी जिला के विकासखंड कुरूद के योगेश्वरी देवांगन, अध्यक्ष जय माँ परमेश्वरी समूह, ग्राम-चर्रा को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 6वां जेण्डर संवाद हेतु चयनित किया गया है। वे महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लैंगिक-निवेश क्यों महत्वपूर्ण है विषय पर विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से अपना अनुभव साझा करेंगी। उनके द्वारा समूह में जुड़ने से पूर्व की पारिवारिक स्थिति गरीबी से उपजी कठिनाईयां जैसे-बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, स्वास्थ्य, भोजन के लिए कृषि एवं मजदूरी पर निर्भरता पर चर्चा की जायेगी। साथ ही समूह में जुड़ने के पश्चात् परिवारिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति में आये बदलाव पर भी वे अपने विचार रखेंगी।

साथ ही उनके द्वारा मुर्गी फार्म स्थापित करने में आई चुनौतियों, सामाजिक दबाव एवं एक महिला के रूप में अपना उद्यम स्थापित करने में व्यक्तिगत, परिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक चुनौतियां का सामना किस प्रकार करना पड़ा इस पर अपना अनुभव साझा करेंगी। उद्यम स्थापित करने हेतु >> शेष पृष्ठ 9 पर>






## टेनिस प्रतियोगिता में नवीन-ओजस का चयन



**महासमुंद,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा महासमुंद के छात्र नवीन यादव 17 वर्ष, एवं ओजस यादव 14 वर्ष पिता स्व रोहित कुमार यादव माता श्रीमती दुर्गा यादव का चयन राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता हेतु किया गया है। यह प्रतियोगिता 25 से 30 सितंबर तक दुर्ग में आयोजित होगी, जिसमें दोनों भाई विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्रों के चयन पर संस्था के प्राचार्य अमी रूफ्स, प्रमोद कुमार कन्नौजे, व्यायाम शिक्षक तृषा शर्मा, अंजली साहू, जी आर टांडेकर, कक्षा शिक्षक ध्रुति श्रीवास्तव, रंजीत सिंह सहित सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता की कामना की है।

## पेंशनधारी कल्याण संघ द्वारा आज होगा सम्मान समारोह

**बलौदाबाजार,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। छ.ग. पेंशनधारी कल्याण संघ पंजीयन क्रं. 1881 की बैठक 5 सितम्बर को पेंशनर भवन बलौदाबाजार में समय 2 बजे आयोजित होगी। उक्त बैठक में 80 वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठजनों का सम्मान प्रत्येक वर्ष की भांति किया जावेगा। तथा शेष नागरिकों को श्रीफल से सम्मान किया जावेगा। वहीं सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जायेगा। उक्त जानकारी संघ के जामवंत वर्मा, जी.एस. पटेल ने देते हुए सभी पेंशनर से निवेदन किया है कि उक्त बैठक में अधिक पेंशनर साथी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावे।









**1500वें जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह आज**

नवापारा राजिम 4 सितंबर देशबंधु। इमदाद फाउंडेशन, नवापारा राजिम द्वारा 1500वें जश्ने ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 4 सितंबर 2025, गुरुवार को शाम 6रू00 बजे खत्री कॉलोनी, नवापारा राजिम में होगा। इस विशेष अवसर पर नगर एवं क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

# दबंगों ने बेची शासकीय भूमि पर स्थित सेवा दल का मनोरंजन भवन



भखारा, 4 सितम्बर(देशबंधु)। वर्ष 1957 में गठित सेवादल की मनोरंजन भवन को बेचने का बड़ा मामला प्रकाश में आया है।यह अनोखा मामला भखारा तहसील अंतर्गत ग्राम रामपुर का है जहां सरकारी भूमि पर स्थित सेवादल का मनोरंजन भवन को दल के कुछ सदस्यों ने गांव के ही एक व्यक्ति के पास 6 लाख रुपए में बेचने का आरोप सेवादल के कुछ सदस्यों ने लगाया है। सेवा दल के सदस्य एवं ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जब देश में हरित क्रांति की शुरुवात नहीं हुआ था तब देश में बहुत भुखमरी थी तब गांव गांव में चोरी,डकैती,लूट की वारदात बहुत ज्यादा हुआ करता था।यहां तक कि चोर बदमाश लोग खेतों में तैयार फसलों को भी रात के अंधेरे में चोरी कर ले आते थे है।रामपुर गांव और क्षेत्र में चोरी की वारदात भारी होने लगी तब सेना की नौकरी छोड़ कर आया युवा कुलेश्वर यादव ने 40 सदस्यों का ऐसा दल का गठन किया जो गांव सहित क्षेत्र की फसलों व अवैध गतिविधियों की निगरानी कर अपराध होने से रोकता था।इस सक्रिय दल का नाम सेवादल रखा गया। सेवादल के 20 सदस्य दिन में गांवों को निगरानी करता था तो 20 सदस्य रात के अंधेरे में चिमनी लेकर गांव में गस्त कर फसलों की सुरक्षा करता था।सेवादल से जुड़े युवाओं के कार्य व समर्पण को देखकर लोगों ने इस दल को सहयोग कर मजबूत बनाने की सोची और किसान उन्हें फसलों की रक्षा के बदले जेवर के रूप में धान देना शुरू किया।किसानों के सहयोग से मिला धान 22 बोरा इकट्ठा हुआ जिसकी राशि से सेवादल ने बाजार चौक रामपुर में एक मनोरंजन भवन का निर्माण करवाया।जहां बैठकर सेवादल के सदस्य गांव की बेहतर सुरक्षा और विकास की योजना बनाया करते थे।परन्तु आज उस भवन को कुछ लोगों ने आर्थिक लालच के कारण 6 लाख रुपए में गांव के मिलू राम साहू को बेच दिया है।और प्राप्त रकम को आपस में बांट लिया है।जिसका विरोध सेवादल के कुछ सदस्य कर रहे है।वहीं उन्होंने ग्राम विकास समिति में आवेदन देकर मनोरंजन भवन को वयक्तिगत रूप से किसी को बेचने का विरोध जताया है और बिक्रिनामा निरस्त करने की मांग किया है।अन्यथा एसडीएम व कलेक्टर से शिकायत करने की बात कही है।

**मीलू राम ने खरीदा मनोरंजन भवन अब ग्रामीण कर रहे विरोध?**

रामपुर के मीलू राम साहू ने 6 लाख रुपए में मनोरंजन भवन को खरीदा है।जबकि ग्राम पंचायत के पंचों ने भी इस अवैध बिक्री का विरोध जताया है।उपसरपंच उत्तम रात्रे एवं ग्रामवासियों ने कहा कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों गांव में नहीं होने देंगे।यह पूर्णत: गलत है। मनोरंजन भवन को बेचना गलत है।उन्हें आनेवाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखना है। युवाओं को जोड़कर पुन: सेवादल को मजबूत करेंगे।

## मंत्री गुरु खुशवंत साहेब को मुख्यमंत्री ने दी बधाई



आरंग, 4 सितम्बर(देशबंधु)। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के पिता राजागुरु, धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब के सानिध्य में गुरुवार को छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के मंत्री के रूप में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने मंत्रालय महानदी भवन में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते हुए गुरु साहेब ने परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी का स्मरण एवं पूजा-अर्चना की और संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व मेरे लिए केवल एक पद नहीं है, बल्कि प्रदेश की युवाशक्ति को कौशल संपन्न बनाने, तकनीकी शिक्षा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने, रोजगार के अवसरों का विस्तार करने और अनुसूचित जाति समाज के सर्वांगीण विकास का प्रण है।

# एनएचएम कर्मियों का गरियाबंद में जोरदार प्रदर्शन

**नेतृत्वकर्ता पदाधिकारियों के बर्खास्तगी के विरोध में जिले के 450 कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा सौंपा, पुतला दहन कर जताया आक्रोश**



गरियाबंद, 4 सितम्बर(देशबंधु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अधिकारी कर्मचारियों ने नेतृत्वकर्ता पदाधिकारियों के बर्खास्तगी के विरोध में गुरुवार को जिला मुख्यालय में जबर्दस्त आक्रोश प्रदर्शन करते हुए सामूहिक इस्तीफा दे दिया। तिरंगा चौक पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे आंदोलनकारियों ने पहले पुतला दहन किया और फिर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद रैली के सकल में सभी सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे, जहां लगभग 450 कर्मचारियों ने एक साथ अपना त्यागपत्र सीएमएचओ को सौंप दिया। इसके पहले करीब आधे घंटे नारेबाजी की। ज्ञात हो कि एनएचएम अधिकारीकर्मचारी 18 अगस्त 2025 से अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सरकार ने इनमें से 5 मांगों पर सहमति जताई थी, मगर हड़ताल जारी रहने पर सख्त रुख अपनाते हुए 25 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया। जिसमें गरियाबंद जिले से भी दो पदाधिकारी अमृत राव भोसले और लंबोदर महतो को बर्खास्त कर दिया है। इसी कार्रवाई से आक्रोशित होकर स्वास्थ्यकर्मियों ने सामूहिक इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य कार्यालय के बाहर बर्खास्तगी के आदेश की प्रतियां जलाई। ओपी चौधरी हटाओ के नारे लगाए। सीएम पर भी तंज कसा कि साय साय बात करने बजाय साय साय उनकी मांग पूरी करें। वहीं हड़ताल से किनारे एनएचएम अधिकारियों को भी आड़े हाथों लिया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमृत राव भोसले ने कहा कि बर्खास्तगी के डर से आंदोलन बंद नहीं होगा, जब तक मांग पूरी नहीं होगी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा सरकार से बातचीत के दौरान ही बर्खास्तगी का आदेश आना शर्मनाक है। सरकार संवाद से बच रही, दो घंटे में बर्खास्त किया एनएचएम अधिकारी- कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन मांगों पर संवाद स्थापित करने के बजाय दमनकारी रवैया अपना रहे हैं। आंदोलन के दौरान चेतावनी पत्र और बर्खास्तगी के आदेश जितनी तेजी से भेजे जा रहे हैं, यदि उतनी ही गंभीरता से मांगों पर विचार होता तो आज यह स्थिति नहीं आती। बताया कि पहले 24 घंटे में काम में लौटने के निर्देश दिए और फिर उसके दो घंटे बाद बर्खास्तगी का आदेश थमा दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो यह संघर्ष और व्यापक रूप लेगा।

फोटो - एनएचएम हड़ताल।

# भाजपा कार्यालय में तीज मिलन समारोह का हुआ आयोजन




कुरूद 4 सितंबर (देशबन्धु)। हर साल की तरह इस वर्ष भी भाजपा कार्यालय कुरूद परिसर में तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।समारोह का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को बनाए रखने उद्देश्य को लेकर विगत दिनों भाजपा के चारों मंडल के विधानसभा स्तरीय तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि प्रतिभा अजय चंद्राकर एवं कुरूद नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानू चंद्राकर, ज्योति जैन अध्यक्ष नगर पंचायत भखारा,सिंधु बैस, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, पूर्णिमा रामस्वरूप साहू पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, की उपस्थिति में भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा आयोजित तीज मिलन समारोह कार्यक्रम में 400 से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर विभिन्न प्रकार के खेलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। खेलों में प्रमुख रूप से

कबड्डी, सुई धागा दौड़, मोमबत्ती जलाना 30सेकेंड में, कुर्सी दौड़,खेल , गीत संगीत, के साथ अपने अंचल के लोकगीतों में खूब नृत्य किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तामेस्वरी साहू,धनेश्वरी निर्मलकर, कविता चंद्राकर, राजकुमारी ध्रुव,पूर्णिमा साहू, पूजा साहू, दुर्गा साहू, भारती पंचायन, भूमिका सिन्हा, विद्या शर्मा, संगीता सेन, कमिथला साहू, ममता साहू, चित्ररेखा टंडन, अनुराधा साहू, तुमेश्वरी ध्रुव,वर्षा निर्मलकर, ममता साहू, टुकेश्वरी साहू, संध्या साहू, उर्वशी बंजारे, नेमीन हा,ललिता साहू, नविता साहू, सपना नन्द, गौरी कटारिया, हेमा सेन, शीतल नागरची,सुरेखा चंद्राकर, पुष्पा साहू,कुमारी साहू, नेहा चंद्राकर, नविता चंद्राकर, पुन्नी बैस, पम्मी चंद्राकर , देहुती , गौरी यादव,सविता यादव, कामनी, शारदा साहू , गीता साहू, मंजु, रानी, उर्वशी,भूमि , सरस्वती, रामेश्वरी, विद्या देवांगन, रेखा कमलवंशी, मंजु, शांति, मोहनी, बोधिनी, जोहतरीन, रूपा, कविता, रजनी,उषा , सुलोचना, माला, कमलेश्वरी, सीमा, गायत्री, बुधनबाई, सहित 400 सौ से अधिक महिलाएं शामिल थी।

# प्रभारी सचिव आर शंगीता ने की सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कार्यों की समीक्षा

बिलाईगढ़, 4 सितम्बर(देशबंधु)। वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले की प्रभारी सचिव आर शंगीता की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। सचिव को कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले की सामान्य जानकारी दी। इसी प्रकार सभी अधिकारियों ने अपने विभागीय योजनाओं, प्रगतिरत कार्यों एवं आगामी दिनों में कार्य पूर्णता, लक्ष्य आदि का विस्तृत जानकारी दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आञ्जनेय वार्ष्णेय, अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, एस के टंडन सहित जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे। सीईओ इंद्रजीत बर्मन ने पंचायत विभाग के पीएम आवास ग्रामीण, अमृत सरोवर योजना, बेकरी, संबलपुरी साड़ी, ड्रोन, गेंदा फूल, सब्जी, किराना आदि व्यवसाय से लखपति दीदी और मनरेगा की जानकारी दिया। विभागीय अधिकारियों द्वारा बैठक में कृषि, जल जीवन मिशन, मल्टीविलेज जल आवर्धन योजना, हर घर जल अभियान, पीएम किसान सम्मान निधि, एग्रीस्टेक, धान के बदले अन्य फसल उत्पादन, श्रम, उद्यानिकी, एनीमिया, सिकलसेल, टीबी, कुष्ठ, पीएमश्री स्कूल, गणवेश वितरण, पीएम मातृ वंदना, महतारी वंदन योजना, आंगनबाड़ी और आश्रम छात्रावास में बच्चों का दाखिला आदि के बारे में जानकारी दी गई।

**योजनाओं का लाभ**

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के प्रभारी सचिव आर शंगीता ने कहा कि राज्य सरकार के सभी विभागों में जनकल्याणकारी योजनाएं हैं। अपने विभाग से संबंधित हितग्राहियों का चयन कर लाभ आदि प्रदान करें। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को कहा कि सभी ग्राम पंचायतों के मांग के अनुरूप तालाब गहरीकरण जैसे रोजगार कार्य उपलब्ध कराएं। उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, अंत्यावसायी के योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाएं।

# नगर पंचायत पलारी के पूर्व अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

पलारी, 4 सितम्बर(देशबंधु)। आज नगर पंचायत पलारी के पूर्व अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा जी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर सुबह माँ गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। उसके बाद भारत माता सेवा ट्रस्ट के बैनर तले सम्मान समारोह और पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें भारत माता सेवा ट्रस्ट के उद्देश्य एवं उनके द्वारा किये गए कार्यो का पुस्तक का विमोचन मुख्य वक्ता दानीराम वर्मा, मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मान डॉ सनम जांगड़े, अध्यक्षता भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसुलाल धुरंधर, विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अजय राव, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश चंद्रवंशी, इंद्रदेव वर्मा, पत्रकार रामाधार पटेल, सविता भीम यादव के कर कमलों से किया गया तत्पश्चात भारत माता सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में किये रक्तदाताओं, गौसेवकों, वृक्ष मित्रो सामाजिक उत्थान में उत्कृष्ट कार्य करने वालो को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया एवं बधाई दिए साथ ही पूर्व अध्यक्ष जी को मंच के माध्यम से जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेसित किये। पूर्व अध्यक्ष जी को जन्मदिन की बधाई देने दिन भर लोगो का तांता लगा रहा। उक्त अवसर में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता तेजराम वर्मा, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा, मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा, कोषाध्यक्ष संतोष वर्मा, जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, नगर के प्रतिष्ठित नागरिक मुकुत वर्मा, सहदेव देवांगन, रामखिलावन वर्मा, बृजमोहन साहू, पत्रकार रज्जाक खान, यमलोक साहू, राजू साहू, डॉक्टर धीवर, राधे वर्मा, धनेश वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, डालेंद्र वर्मा, महेश वर्मा, तिजुराम वर्मा, नेमसिंग साहू, सुरेश वर्मा, बलदू वर्मा, रोहित सेन, डोमार यादव, नूतन सेन, पार्षद भूषण ठेठवार, रवि ध्रुव, डोमार वर्मा, देवेंद्र वर्मा, खेलन बाई वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि भोला वर्मा, कृष्णा देवांगन, प्रमोद देवांगन, गौतम यादव, संजू वर्मा, संकेत वर्मा, लोकेश यदु, हरीशंकर वर्मा, जयप्रकाश टण्डन, महेंद्र वर्मा, जितेन्द्र देवांगन, संजय साहू, विकास वर्मा, मनीष दुबे, उमाशंकर साहू, सुमित निराला, खिलेश ध्रुव, पवन बघेल, रवि डंडो, रवि कन्नौजे, विष्णु यादव, जनपद सदस्य अश्वनी रजक, नीलिमा कोसले, रामबाबू पटेल, गोविंद जायसवाल, उमाशंकर साहू, रामशंकर बंजारे, खोजराम कोसले, महेश जांगड़े, जितेन्द्र देवांगन, भूषण साहू, गुलशन रजक, योगेश योगी वर्मा, उर्मिला बांधे, राहुल चंद्रकार, भीष्मदेव सोनवानी, तुका वर्मा, जानदत्त वर्मा, नंद जायसवाल, दुर्गेश यादव, दुर्गेश सेन, घनश्याम वर्मा शिक्षक संघ से अभिषेख मोहबे, विक्रम राय, प्रकास सेन, मुरारी वर्मा, छन्नू वर्मा, डीकेश चंद्रकार एवं शिक्षक साथीगण, भाजपा के कार्यकर्ता गण, नगर वाशी भारी संख्या में उपस्थित थे।



फोटो जन्मदिन मनाया गया

## राज्यपाल अवॉर्ड मिलने पर कुर्मी समाज ने दी बधाई



कोहका- तिल्दा , 4 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन 5 सितंबर 2025 को रायपुर में स्थित राज भवन के दरबार हाल में महा महिम राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की उपस्थिति में संपन्न होगा। जिसमें बलौदा बाजार जिले के सिमगा विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुड़पार में पदस्थ शिक्षक (एल.बी.) मोहन लाल वर्मा ( प्रभारी प्रधान पाठक)तथा राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किए जाएंगे ।शासकीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में दिया जाने वाला यह सबसे बड़ा पुरस्कार उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य करने वाले चयनित शिक्षकों को प्रदान किया जाता है। शिक्षक की इस उपलब्धि पर अंचल सहित , उनके ग्रह ग्राम व पदस्थ शाला ग्राम में खुशी का माहौल है। शाला परिवार सहित इष्ट मित्र, परिजन,शिक्षा अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि व तिल्दा राज कुर्मी समाज ने अग्रिम शुभकामनाएं व बधाई दे रहे हैँ।

## प्रादेशिकी का शेष...

शिक्षक स्वाभिमान दिवस व...

आदर्श शिक्षिका श्रीमती राधारमणी मानिकपुरी (भिलाई) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस पूरे समारोह की अध्यक्षता अकादमी संरक्षक श्रीमती सुशीला देवी वाल्मीकि करेंगी जबकि अकादमी के प्रांताध्यक्ष जी.आर बंजारे "ज्वाला" कार्यक्रम का संचालन करेंगे। ज्ञात हो कि उक्त कार्यक्रम प्रतिवर्ष काफी गरिमामय एवं राष्ट्रीयता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न होता है। उक्त जानकारी आयोजन समिति के प्रेम सायमन ने दी।

मितानिनों ने किया...

मितानिनों को श्चित वेतन दिया जाएगा और उन्हें एनजीओ के साथ सीधे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में शामिल किया एगा। साथ ही, प्रशिक्षक, ब्लॉक और पंचायत मन्वयक को भी वेतनमान का लाभ देने का सा दिलाया गया था। लेकिन सरकार बनने के बाद उनकी मांगों पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

इनके धरना प्रदर्शन से मुख्य मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। पुल के दोनों किनारे पर गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई थी। छात्रों, नौकरीपेशा, मरीज, पैदल चलने वालों को इस जाम से मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा। यह प्रदर्शन केवल राजिम तक ही सीमित नहीं है बल्कि छुरा के मुख्य चौक, गरियाबंद में तिरंगा चौक नेशनल हाईवे पर भी चक्का जाम किया गया ?।

प्रशासनिक अमला मौजूद

मौके ओर राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, राजिम तहसीलदार मयंक अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,टीआई अमृत लाल साहू पुलिस दल के साथ मौजूद है। प्रशासनिक अमला प्रदर्शन कर रहे मितानिनों को समझाइस देने की कोशिश में लगे हुए है। लेकिन मितानिन अपने मांग को लेकर अड़े हुए है. बताया जा रहा है कि नवापारा के सोमवारी बाजार होते हुए चौबेबांधा से गरियाबंद जाने वाला मार्ग भी जाम की स्थिति से गुजर रहा है। राजिम पुल बंद होने से लोग चौबेबांधा पुल से गरियाबंद की ओर जा रहे है जिससे इस रास्ते में ट्रैफिक बढ़ गया है।

जिले के एनएचएम कर्मचारियों ने...

पहुंचकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अपना सामूहिक इस्तीफा भी सौंप दिया। इस हड़ताल की वजह से राज्य शासन के आदेश अनुसार सीएमएचओ ने जॉइनिंग करने के लिए नोटिस जारी किया था, जिसमें अल्टीमेटम दिया गया था कि ज्वाइन नहीं करने पर बर्खास्त कर दी जाएगी। प्रदेश स्तर पर 25 अधिकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है। जिसके बाद एनएचएम कर्मचारी आक्रोशित हो गए हैं। उनका कहना है कि आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

बिहान समूह से जुड़ी...

श्रीमती योगेश्वरी देवांगन को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से अभिसरण करते हुए बैंक से ऋण, पशुपालन विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं आर-सेटी से मुर्गीपालन का प्रशिक्षण लेकर अपना कार्य प्रारंभ किया। जेण्डर समानता के प्रशिक्षण से हकदारी एवं अधिकारों का ज्ञान हुआ जिसमें समूह में जुड़ने के बाद योगेश्वरी देवांगन को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन नाम से अपने आजीविका से जोड़ने का समझ विकसित हुआ। जिससे वर्तमान में मुर्गियां व चूजों का मॉर्केटिंग पूरे ऑल इंडिया में हो रही है तथा इनका अपना यू-ट्यूब चैनल का नाम देवांगन देशी मुर्गी फार्म चर्रा कुरूद भी संचालित है। भविष्य में योगेश्वरी देवांगन के द्वारा समूह की दीदीयों को भी व्यवसाय से जोड़कर उनकी भी आय में वृध्दि करना चाहती है। आगामी वर्ष में मुर्गी पालन के साथ-साथ खरगोश पालन एवं बकरी पालन का कार्य भी प्रारंभ करने का लक्ष्य है। इसके लिए गांव चर्रा के अन्य समूहों को भी प्रशिक्षण देकर महिला उद्यमिता को बढ़ावा दिया जायेगा, जिससे परिवारों की आर्थिक

# जिला पंचायत की बैठक में सदस्य वतन चन्द्राकर ने दिखाए कड़े तेवर

**एग्रीस्टेक पंजीयन तिथि बढ़ाने, स्वास्थ्य,शिक्षा से जुड़े मुद्दों को उठाया**



आरंग, 4 सितम्बर(देशबंधु) ।आगामी खरीफ सीजन में किसानों को धान बिक्री सहित अन्य योजनाओं का लाभ सहजता से मिल सके, इसके लिए जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य वतन चन्द्राकर ने एग्रिस्टेक पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग प्रमुखता से रखी उन्होंने आगे कहा कि बड़ी संख्या में किसान अभी भी पंजीयन नहीं करा पाए हैं। यदि अंतिम तिथि में विस्तार नहीं किया गया तो किसानों को धान बिक्री केंद्रों पर कठिनाई का सामना करना पड़ेगा और वे सरकारी योजनाओं से वंचित हो सकते हैं ।श्री चन्द्राकर ने अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि किसानों की सुविधा और व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए पंजीयन तिथि में बढ़ोतरी की जाए, ताकि प्रत्येक किसान अपना नाम दर्ज कराकर शासन की सभी योजनाओं का लाभ ले सके ।सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी इस मांग का समर्थन किया और कहा कि सरकार को किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता में रखते हुए शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। इस प्रस्ताव से किसानों में उम्मीद जगी है कि शासन द्वारा पंजीयन की समय-सीमा बढ़ाई जाएगी और उन्हें आने वाले सीजन में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा ।आगामी मुद्दे पर चर्चा करते हुए वतन चन्द्राकर ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर जमकर नाराज़गी जताई। उन्होंने कहा कि पिछली बैठक में ही अस्पतालों को आयुष्मान कार्ड से इलाज अनिवार्य करने और इलाज की रेट लिस्ट प्रदर्शित करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अब तक अमल नहीं हुआ ।चन्द्राकर ने चेतावनी दी कि गरीब मरीजों से मनमानी वसूली करने वाले और आयुष्मान कार्ड से इलाज से इनकार करने वाले अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि रेट लिस्ट न लगाने और कार्ड से इलाज मना करने वाले अस्पतालों पर ठोस कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही साथ शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जिले के हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में लंबे समय से रिक्त पड़े 222 पदों को शीघ्र भरने का निर्णय लिया गया ।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने स्पष्ट किया कि शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है। कई विद्यालयों में नियमित कक्षाएं प्रभावित हो रही हैं। इस समस्या के समाधान हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर तत्काल निविदा जारी कर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने का आग्रह किया गया ।जनप्रतिनिधियों ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक होना अनिवार्य है। यदि समय रहते रिक्त पद नहीं भरे गए, तो विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित होगा ।बैठक में यह भी तय हुआ कि संबंधित विभाग को जल्द ही कार्यवाही के लिए पत्र प्रेषित किया जाएगा और नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी व त्वरित गति से पूर्ण कराया जाएगा ।शिक्षा प्रेमियों और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि जिले के विद्यार्थियों को अब बेहतर शैक्षिक माहौल मिलेगा।

# पिथौरा में विद्युत आपूर्ति सुधार की दिशा में बड़ा कदम, वार्ड 14 सहित 150 उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा लाभ

पिथौरा, 4 सितम्बर(देशबंधु)। क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही विद्युत आपूर्ति की अनियमितता एवं वोल्टेज संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु विद्युत विभाग द्वारा ठोस पहल की गई है। विभागीय अधिकारी एई तिजूराम गजबिये ने बताया कि उपभोक्ताओं की लगातार मिल रही शिकायतों पर विभाग ने स्थिति का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए सुधारात्मक कार्य प्रारंभ कर दिया है।

**नया तार व ट्रांसफार्मर स्थापित**

वार्ड क्रमांक 14 तथा समीपवर्ती क्षेत्रों में वोल्टेज समस्या के स्थायी निराकरण हेतु पुराना ढीला तार बदला जा रहा है तथा लोड डाइवर्ट करते हुए साई मंदिर क्षेत्र में नए ट्रांसफार्मर को जोड़ा गया है। इस परिवर्तन से लगभग 150 उपभोक्ता सीधे लाभान्वित होंगे।

विभाग ने बताया कि आवश्यकता के अनुरूप पुराने ट्रांसफार्मरों को चरणबद्ध तरीके से क्षमता वृद्धि युक्त बड़े ट्रांसफार्मरों से बदला जा रहा है। साथ ही, जहां आवश्यक है वहां नई लाइन बिछाई जा रही है ताकि आगामी वर्षों में तार बदलने की पुन: स्थिति निर्मित न हो।

**गर्मी एवं वर्षा ऋतु में राहत की संभावना**

गर्मी के दिनों में लोड बढ़ने के कारण वोल्टेज में गिरावट और बारंबार ट्रिपिंग जैसी समस्या नागरिकों को परेशान करती रही है। अधिकारी तिजूराम गजबिये ने स्पष्ट किया कि नए ट्रांसफार्मर की स्थापना और लाइन सुधार के बाद वोल्टेज समस्या का स्थायी समाधान होगा। विद्युत विभाग ने आश्वस्त किया है कि उपभोक्ताओं द्वारा दर्ज की जा रही शिकायतों का निराकरण अब प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। पिथौरा फीडर के समस्त उपभोक्ताओं को राहत देने हेतु बीएसपीएल के तकनीकी दल लगातार कार्यरत हैं।


## निधन

### श्रीमती अनसुईया चंद्राकर



महासमुंद 04 सितंबर (देशबंधु)। ग्राम खरोरा निवासी श्रीमती अनसुईया चंद्राकर 84 वर्ष का 4 सितंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे लभरा खुर्द में पदस्थ पटवारी संतोष चंद्राकर, जिपं में पदस्थ अशोक चंद्राकर, भीखम चंद्राकर, शांत्रीबाई महाविद्यालय में पदस्थ विष्णु चंद्राकर की मां थी।

### विक्रम उर्फ सनी साहू



दुर्ग, 4 सितंबर (देशबन्धु)। चंडी मंदिर वार्ड की भाजपा पार्षद एवं एमआईसी प्रभारी शशि द्वारिका साहू के छोटे पुत्र विक्रम उर्फ सनी साहू (25) का निधन हो गया। वे अस्वस्थ थे और शंकराचार्य हास्पिटल में उनका उपचार चल रहा था। अंतिम संस्कार आज शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया।

# अच्छी पढ़ाई करके स्टूडेंट्स दुनियां के किसी भी देश में बहुत अच्छे पैकेज पर नौकरी कर सकते हैं - रॉबर्ट क्लाइव- पूर्व जीएम भिलाई स्टील प्लांट

**शासकीय हाईस्कूल और मिडिल स्कूल कसेकेरा में शिक्षा जागरूकता व्याख्यान सम्पन्न**




बागबाहरा, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। मैं भी आपके जैसे एक सरकारी स्कूल से पढ़ाई कर अधिकारी बन पाया हूं। स्कूल में अच्छे से पढ़ने के बाद मेकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की । इसके बाद स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की परीक्षा पास कर भिलाई स्टील प्लांट में मैनेजर की नौकरी ज्वाइन की और प्रमोशन पाते हुए जनरल मैनेजर की पोस्ट तक पहुंच पाया हूं। हमारे छत्तीसगढ़ के भिलाई स्टील प्लांट ने दुनियां की सबसे लंबी रेल बनाने का कीर्तिमान बनाया है। पिछले महीने प्रधानमंत्री जी ने जम्मू कश्मीर स्थित चिनाब नदी पर बने देश के सबसे ऊंचे पूल का उद्घाटन किया उस पुल को बनाने के लिए लगा सारा इस्पात भिलाई स्टील प्लांट से गया है। यह हमारे छत्तीसगढ़ के लिए बहुत गौरव की बात है। उक्त जानकारी भिलाई स्टील प्लांट के सेवानिवृत्त जनरल मैनेजर रॉबर्ट क्लाइव द्वारा हाई स्कूल और मिडिल स्कूल कसेकेरा के विद्यार्थियों को दी गई। उन्होंने अपनी कनाडा यात्रा के संस्मरण विद्यार्थियों के साथ शेयर किए जिसमें उन्होंने सुपीरियर झील के बारे में बताया। कनाडा के लकड़ी के बने एक जैसे मकानों के बारे में बताया और वहां के लोगों के आपस में प्यार और समानता के साथ जीने की जीवनशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वहां के लोग बहुत मेहनती और अनुशासनप्रिय हैं। वहां सिक्स लेन सड़के हैं जिसमें हर कोई अपनी स्पीड के लिए तय लेन पर सफर करता है इसलिए वहां एक्सीडेंट नहीं होते हैं। वहां ट्रैफिक रूल्स की बहुत इज्जत की जाती है। यदि सड़क पर बदको का झुंड सड़क पार कर रहा हो तो पूरा ट्रैफिक रुक जाता है। वहां चोरियां नहीं होती इसलिए आप दरवाजों पर बिना ताला लगाए जा सकते हैं। वहां बुजुर्गों को अच्छी पेंशन मिलती है और उनकी बहुत इज्जत की जाती है। पंजाब से बहुत सारे लोग कनाडा जाकर बसे हुए हैं। ट्रक और बस चलाने वाले अधिकतर ड्राइवर भारतीय हैं। अपने व्याख्यान की समाप्ति उपरांत उन्होंने बच्चों के सवालों के जवाब दिए और उन्हें अपनी पसंद के विषयों में अपना कैरियर बनाने की सलाह दी। बच्चों द्वारा भिलाई स्टील प्लांट के भ्रमण की इच्छा जाहिर करने पर उन्होंने उन्हें स्कूल टीचर्स के साथ स्टील प्लांट के अध्ययन भ्रमण के लिए इनवाइट किया और आवश्यक परमिशन दिलाने में सहयोग का आश्वासन दिया।

उन्होंने बच्चों को विज्ञान आश्रम कसेकरा जाकर गणित, इंग्लिश और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी करने हेतु मोटिवेट किया। इस अवसर पर विज्ञान आश्रम कसेकरा के संचालक, पूर्व अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम द्वारा विद्यार्थियों को अभी से बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया और नियमित रूप से सुबह उठकर अभ्यास के महत्व बताया। शासकीय हाईस्कूल कसेकेरा के प्राचार्य पवन चक्रधारी ने अतिथि वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके संस्मरणों को बहुत प्रेरणादाई बताया और बच्चों को कसेकेरा गांव में ही देश विदेश की सैर कराने और भिलाई स्टील प्लांट की कार्यप्रणाली से अवगत कराने हेतु धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मिडिल स्कूल के प्रधान अध्यापक डा विजय शर्मा, शिक्षकगणलोकेश चंद्राकर जितेंद्र साहू, श्रीमती लक्ष्मी साहू श्रीमती कामाक्षी चंद्राकर, श्रीमती प्रेमिन दीवान राहुल ध्रुव, मोनेश देवांगन का अच्छा सहयोग प्राप्त हुआ।

# तिमाही परीक्षा शुरू, स्कूलों में अब तक नहीं पहुंची कई विषयों की पुस्तकें, पढ़ाई पर संकट, इधर शिक्षक बांट रहे गूगल ज्ञान

**नवापारा राजिम,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। एक जुलाई से स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो गई है। जबकि सरकारी स्कूलों में कई क्लासों की किताबें अब तक पूरी नहीं आयी हैं, जिससे बच्चों को अधूरे कोर्स की किताबें मिली हैं। ऐसे में बच्चे ठीक से पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे हैं।



### शिक्षक बांट रहे गूगल जानकारी

यह स्थिति कई जिलों में बनी हुई है। रायपुर जिले के कई स्कूलों में भी किताबों की समस्या से छात्र और पालक जूझ रहे है। शिक्षक भी गाइड और मोबाइल का सहारा लेकर बच्चों को ज्ञान बांट रहे है। ऐसा ही एक मामला गोबरा नवापारा के पीएमश्री हरिहर स्कूल का है जहां गूगल से प्रश्नों का जवाब खोज कर छात्रों को भेजा जा रहा है। जिसका स्क्रीनशॉट वायरल हो रहा है। कुछ पालकों ने नाम न छापने की शर्त में बताया कि स्कूल के कुछ शिक्षकों द्वारा प्रश्नों का जवाब गूगल से खोज कर भेजा जा रहा है। जब इसकी शिकायत की गई तो शिक्षकों ने बच्चों को ही लताड़ लगा दी गई। ऐसे में डर से अब बच्चे और पालक सामने नहीं आना चाह रहे। अब सवाल यह है कि क्या परीक्षाओं में यह जवाब मान्य होगा और गूगल पूरी जानकारी सही दे सकता है ?

विदित हो कि नये सत्र में स्कूल खुले लगभग दो माह से ज्यादा का समय बीतने को है, कई स्कूलों में तिमाही परीक्षायें भी शुरू हो गई है पर अभी तक कई स्कूलों में कई विषयों की पुस्तकें पहुंची ही नहीं है। इस स्थिति को देखते हुये पालक मोहनी साहू व छ.ग. महिला सेवा संस्थान की महिलायें किताबों को स्कूलों तक उपलब्ध कराने की मांग लेकर जनदर्शन पहुंची, जिससे बच्चों को समुचित व अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके व बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो। उनके साथ डॉ संदीप मेश्राम, भारती साहू, मुनीजा हुसैनी, मंजू टेमरे, सरस नेताम व पोषण सिन्हा भी उपस्थित थे।

अभिभावकों का कहना है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेज रहे हैं, लेकिन किताबों के अभाव में बच्चों को पढ़ाई समझ नहीं आ रही है। होमवर्क करना भी उनके लिए मुश्किल हो गया है। इससे बच्चों की शिक्षा पर गंभीर असर पड़ रहा है। अब देखना यह होगा की इन नन्हों की सुधी कब तक ली जाती है, उन्होंने बताया कि पूर्व में भी कुछ अन्य पालकों द्वारा भी यह मांग की गई थी, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। अब सवाल यह उठता है कि शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन इस गंभीर स्थिति की ओर कब ध्यान देगा? बच्चों की पढ़ाई के साथ खिलवाड़ आखिर कब तक चलता रहेगा? किताबों की समय पर आपूर्ति को लेकर क्या कोई जवाबदेही तय होगी?

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में पीएम श्री हरिहर स्कूल नवापारा की प्राचार्य फाखरा खानम दानी ने हमारे प्रतिनिधि से कहा कि पुस्तकों के अभाव में गूगल से जवाब निकाल कर पढ़ाया जा रहा है और कोई विकल्प ही नहीं है। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू ने कहा कि पूर्व में पुस्तकों का मांग पत्र मांगा गया था तब स्कूल ने उपलब्ध नहीं कराया था। अभी दो दिनों के अंदर अन्य स्कूलों से पुस्तकें उपलब्ध करा दी ।

# 25वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ



**बलौदाबाजार,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय पंडित चक्रपाणि शुक्ला हाई स्कूल मैदान में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, भाजपा नेता विजय केशरवानी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन किया जा रहा है, 3 सितंबर से 6 सितंबर 2025 तक चलने वाले तीन दिवसीय खेल आयोजन में कबड्डी खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, भाला फेक, गोला फेक ऊंची कूद, लंबी कूद, सहित अन्य खेलों का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने सभी खेल के आयोजन में भाग लेने वाले स्कूल के प्रतिभागीय बच्चों को शुभकामनाएं दी गई व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के आयोजन की सराहना करते हुए स्कूली बच्चों के द्वारा पढ़ाई के साथ-साथ खेल जैसे आयोजनों में भाग लेते हैं जो बहुत ही अच्छी बात है, सभी को राज्य के साथ देश का नाम रोशन करना है इससे आपके स्कूल आपके नगर व माता-पिता का भी नाम रोशन होगा, व सभी को खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दी गई। 25 वीं राज्य स्तरीय खेल आयोजन शुभारंभ के अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना यादव, भारत स्काउट गाइड के उपाध्यक्ष विजय केसरवानी, कृष्णा अवस्थी, महाविद्यालय के सांसद प्रतिनिधि आलोक अग्रवाल, अधिवक्ता धनंजय साहू, भाजपा नेता पूर्व मंडी सचिव योगेश अग्रवाल, रवि साहू, खेल अधिकारी श्रीमती प्रीति बंछोर, प्राचार्य श्रीमती ऋतु शुक्ला, सहित खेल विभाग के अन्य प्रशिक्षक व जनप्रतिनिधि तथा प्रतिभागी उपस्थित थे।

# घर के बाहर खड़ी वैन में लगी आग, अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

**नवापारा राजिम,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। नवापारा में घर के बाहर खड़ी वैन में आग लगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।




दरअसल, शीतलापारा, वार्ड क्रमांक 20, नवापारा निवासी लखन देवांगन ने 2 सितंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि प्रार्थी बेकरी विक्रेता है। हर दिन की तरह सोमवार को भी उसने अपने वाहन वैन क्रमांक सीजी 04 एचएल 5042 को अपने घर के दरवाजे के सामने खड़ा किया था। रात में खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य सोने चले गए। सोमवार-मंगलवार की मध्य रात्रि 2 से 3 बजे के बीच जब उसकी नींद खुली तो उसे जलने की गंध आई। इसके बाद जब उसने घर से बाहर आकर देखा तो उनकी वैन का पिछला हिस्सा जल रहा था। उन्होंने तुरंत घर के अन्य सदस्यों को बुलाया और पानी डालकर आग बुझाई। इस दौरान वैन का पिछला हिस्सा जल चुका था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 326 (द्ध) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# विकास की पहली सीढ़ी है सड़क : रोहित साहू

**राजिम,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने अपने निजग्राम पिपरछेड़ी सहित आसपास के ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी है। राजिम-महासमुंद स्टेट हाइवे स्थित ग्राम कोमा से पिपरछेड़ी तक पक्की व चौड़ीकरण की पुरानी मांग भी अब विधायक रोहित साहू के प्रयास से पूर्ण हो गई है। आगामी दिनों में यह मार्ग आवागमन को सुलभता प्रदान करेगी साथ ही ग्राम पिपरछेड़ी को स्टेट हाइवे से जोड़ेगी। 04 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क निर्माण कार्य का विधायक रोहित साहू ने ग्राम पिपरछेड़ी में भूमि पूजन किया। इस दौरान जिला पंचायत सभापति नंदनी ओंकार साहू, राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, सरपंच एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, खुटेरी सरपंच बेनीशंकर साहू सहित भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में भूमिपूजन कार्य संपन्न किया गया।




4 करोड़ 42 लाख की लागत से बनने वाले कोमा-पिपरछेड़ी पक्की मार्ग का विधायक ने किया भूमिपूजन

विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में सड़कों को गांव के विकास की सीढ़ी बताया। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के विकास के मार्ग खुलेंगे। मेरी जन्मस्थली का ऋण जो मुझ पर है उस ऋण और आप सभी के आशीर्वाद से कभी उऋण नहीं हो सकता। इस सड़क के लिए विगत कई वर्षों से मांग की जा रही थी। मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल इस सड़क निर्माण में थोड़ा विलंब हुआ लेकिन आज मुझे इस भूमिपूजन के साथ हर्ष एवं संतोष है कि नई व चौड़ी सड़क अब भाजपा की सरकार में बनने जा रही है। इस सड़क के निर्माण के साथ क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों, छात्र छात्राओं, समेत सर्वजन को आवागमन की बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना और मजबूत आधारभूत संरचना तैयार करना हमारी पहली प्राथमिकता में शामिल है।

# खल्लारी सोसाइटी प्रबंधक की मनमानी से किसान परेशान

**बागबाहरा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति खल्लारी में खाद (यूरिया) वितरण में हो रही मनमानी और पक्षपातपूर्ण रवैये को लेकर क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। इसी संबंध में भाजपा मंडल महामंत्री ताराचंद देवांगन ने समिति प्रबंधक को भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए घेराव करते हुए कै कलेक्टर के नाम से शिकायत दर्ज कराया गया। एवं जिला प्रशासन से इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

ताराचंद देवांगन ने बताया कि समिति प्रबंधक द्वारा किसानों के साथ गंभीर अन्याय किया जा रहा है। सोसाइटी में उपलब्ध यूरिया का वितरण निष्पक्ष रूप से करने की जगह प्रबंधक अपने करीबी और संबंधित किसानों को प्राथमिकता दे रहे हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि आम किसानों को जहाँ नियम अनुसार 2 बैग यूरिया तक नहीं दिया जा रहा है और उन्हें च्चस्टॉक नहीं हैज्ज कहकर भटकाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर चुनिंदा किसानों को 200 से 300 बैग तक यूरिया बाँटा जा रहा है। यह न केवल घोर अनियमितता है बल्कि किसानों के साथ सीधा विश्वासघात भी है। उन्होंने कहा कि यूरिया किसानों की फसल के लिए अत्यंत आवश्यक है। समय पर खाद नहीं मिलने से धान व अन्य खरीफ फसलें प्रभावित हो रही हैं। यदि यही स्थिति रही तो किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। और क्षेत्र की कृषि व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इससे एक ओर किसान वर्ग हताश हो रहा है। वहीं दूसरी ओर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। श्री देवांगन ने कड़े शब्दों में कहा कि भाजपा सरकार किसान हितैषी सरकार है। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएँ संचालित कर रहे हैं। ऐसे में सोसाइटी प्रबंधक द्वारा की जा रही यह मनमानी सरकार की नीतियों और योजनाओं पर पानी फेरने का काम कर रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की तुरंत और निष्पक्ष जांच कर दोषी सोसाइटी प्रबंधक को निलंबित किया जाए। और किसानों को समान रूप से खाद उपलब्ध कराने की ठोस व्यवस्था की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस शिकायत पर शीघ्र कार्यवाही नहीं होती है तो भाजपा कार्यकर्ता किसानों के साथ सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। ताराचंद देवांगन ने कहा कि भाजपा सदैव किसानों के साथ खड़ी रही है। और भविष्य में भी उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करती रहेगी। किसानों को उनका हक दिलाने तक यह लड़ाई जारी रहेगी।


प्रति,
जिला कलेक्टर महोदय
जिला महासमुंद (छत्तीसगढ़)
प्रतिलिपि :
1) माननीय विधायक महासमुंद।
प्रार्थी,
ताराचंद देवांगन
खल्लारी बस स्टैंड
91311-89087
दिनांक: 04/09/2025
स्थान: खल्लारी, जिला महासमुंद

# पर्यूषण पर्व का आठवां दिन उत्तम त्याग धर्म के रूप में मनाया गया

**बलौदाबाजार,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार जैन समाज पर्यूषण पर्व का आज आठवां दिन उत्तम त्याग धर्म बड़े ही धूमधाम से मनाया। उत्तम त्याग भौतिक वस्तुओं से मोह कम करना और क्रोध मान माया लोभ का त्याग सबसे बड़ा त्याग है। त्याग धर्म के दिन श्री जी के प्रतिमा पर प्रथम चार कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य संजय मटरू काका जी लकी पवन कुमार छाबड़ा, श्रेयांश संजय पाटनी, निष्कर्ष ऋषभ जैन को प्राप्त हुआ। आज श्रीजी की प्रतिमा पर शांति धारा करने का सौभाग्य मितेंद्र मनाली प्राप्ति, अमन जैन को प्राप्त हुआ। जिन्होंने अपने सभी भाइयों को एक साथ शांति धारा करवाया। आज की शांति धारा पूरा छाबड़ा परिवार के भाइयों के द्वारा धार्मिक मंत्रों के बीच एक साथ की गई, विशेष रूप से महिलाओं ने आरती और बधाई गीत गाए, पंडित डीपी जैन भिंड वाले पंडित जी साथ में समाज के संरक्षक इंद्र कुमार जी महावीर प्रसाद जी ने समझाया कि त्याग केवल वस्तुओं का नहीं बल्कि क्रोध लोभ और अहंकार का भी होना चाहिए पर्यूषण पर्व पर बड़ी संख्या में बच्चों और युवाओं की भीड़ दिखाई दे रही थी।



# शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**राजिम,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के संभागीय अध्यक्ष राम नारायण मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने गरियाबंद के जिला शिक्षा अधिकारी को विभिन्न मांगों के संदर्भ में ज्ञापन सोपा मिश्रा ने बताया कि कार्यालय में लंबित शिक्षकों के चिकित्सा क्षतिपूर्ति सामान्य भविष्य निधि खाते से आहरण सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों के ना मांगना जांच प्रकरण तथा सत्रांत तक पुनर्नियुक्ति के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से सार्थक चर्चा हुई ।जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को सभी लंबीत समस्याओं पर यथा शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष राम नारायण मिश्रा सचिव आत्माराम साहू गरियाबंद के जिला अध्यक्ष मुरारी राम देवांगन राजेंद्र कुमार नाग आदि उपस्थित थे।



# जीएसटी स्लैब में बदलाव केंद्र सरकार का ऐतिहासिक फैसला : आशीष

**भाटापारा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 अगस्त को जीएसटी स्लैब में बदलाव की घोषणा की गई थी जिसके तहत 22 सितंबर को जीएसटी स्लैब में लिए गए परिवर्तन के निर्णय का प्रभाव देखने को मिलेगा।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष आशीष जायसवाल ने निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि जीएसटी स्लैब में हुए परिवर्तन का लाभ न केवल व्यापारियों को बल्कि आम जनता को भी प्रत्यक्ष रूप से मिलेगा।। लगभग 175 से अधिक दैनंदनी उपभोग की वस्तुओं के मूल्य में कमी आएगी, पहले बार आम जनता के उपयोग की आवश्यक वस्तुओं जैसे गंभीर बीमारियों से संबंधित दवाएं बच्चों की शिक्षण सामग्री आदि को जीएसटी मुक्त कर दिया गया है।



नए संशोधनों के पश्चात 12त्न और 28त्न जीएसटी स्लैब समाप्त हो जाएगा और केवल 5त्न और 18त्न के अंतर्गत समस्त उत्पाद आएंगे।। तंबाकू और विलासिता की वस्तुओं में सीधे 40त्न का स्लैब प्रभावी रहेगा, वहीं स्वास्थ्य की ओर जागरूकता फैलाने के दृष्टिकोण से व्यक्तिगत हेल्थ केयर में भी छूट प्रदान की गई है।

देश के व्यापारिक संगठनों द्वारा समय-समय पर जीएसटी काउंसिल को लगातार परामर्श दिया जा रहा था जिसके फलस्वरुप देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के निर्देश पर जीएसटी स्लैब में परिवर्तन कर केंद्र सरकार ने बड़ा ऐतिहासिक फैसला लिया है ।।अक्टूबर माह में देश के सबसे बड़े त्यौहार दीपावली में बड़े स्तर पर व्यापारियों द्वारा उत्पाद की खरीदी बिक्री की जाती है इसी तरह फुटकर दुकानदारों से आम जनता व किसानो द्वारा बड़ी मात्रा में क्रय विक्रय किया जाता है ऐसी स्थिति में जीएसटी स्लैब में हुए परिवर्तन का प्रभाव 22 सितंबर से दिखाई देने लगेगा और जिसका प्रत्यक्ष लाभ दीपावली के पूर्व व्यापारियों, किसानों एवं आम जनता को मिलेगा।

# भौतिक वस्तुओं और सांसारिक इच्छाओं का त्याग करना ही उत्तम त्याग धर्म है : बृम्हचारी प्रिंस भैया

**नवापारा राजिम,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। नगर में दिगम्बर जैन समाज द्वारा जैन भवन में मनाया जा रहा पर्यूषण पर्व का आठवां दिन उत्तम त्याग धर्म के रूप में मनाया गया। धर्म के लक्षण उत्तम त्याग धर्म पर प्रवचन देते हुए जैन विद्वान बाल ब्रह्मचारी प्रिंस भैया ने कहा कि उत्तम त्याग का अर्थ है भौतिक वस्तुओं और सांसारिक इच्छाओं का त्याग करना। यह गुण सिखाता है कि हमें अपने स्वार्थ और सांसारिक मोह को छोड़कर आत्मिक उत्थान की ओर ध्यान देना चाहिए। त्याग से व्यक्ति को आत्मबल और मानसिक शांति मिलती है। उत्तम त्याग धर्म के दिन नवापारा समाज के सौभाग्यशाली पुण्यार्जक परिवार द्वारा जैन भवन में प्रथम चार कलशों से अभिषेक करने का सौभाग्य रमेश कुमार सौरभ आलोक दक्ष पहाड़ियां परिवार, शीलचंद प्रभात जैन, मनोज कुमार अनिल जय जैन, रविंद्र रितेश ऋतिक सिंघाई तथा शांतिधारा करनेका सौभाग्य मनोज अनिल जय कुमार जैन परिवार व राजकुमार एकता प्रिया परिवार तथा श्री शांतिनाथ जिनालय में शांतिधारा का सौभाग्य उमेश कुमार आशीष कुमार पूनमचंद जैन परिवार, वैभव कुमार प्रतीक कुमार, वीर कुमार चौधरी परिवार एवं श्री पार्श्वनाथ जिनालय में शांतिधारा का सौभाग्य सुरीत समीर जैन परिवार, रमेश चंद राजेश राकेश परिवार को प्राप्त हुआ। जैन भवन में शांति धारा का वचन बाल ब्रह्मचारी प्रिंस भैया के मुखारविंद से संपन्न हुआ। तत्पश्चात सामूहिक संगीतमय पूजन संपन्न हुई। पर्यूषण पर्व के शुभ अवसर पर समाज के लगभग 30 लोगों के द्वारा व्रत एवं उपवास करके आराधना की जा रही है। जिसमें तपस्वियों द्वारा दिन में एक बार बस जल ग्रहण किया जाता है। नवापारा नगर का यह पुण्य है कि अत्यंत कठिन साधना को करते हुए तपस्वियों में समाज अनेक बच्चे शामिल हैं। जिनकी उम्र 15 साल से भी कम है।



**22 भक्तों का चल रहा है दस दिवसीय उपवास:** पर्यूषण पर्व पर उपवास करने वालों के नाम निम्न प्रकार से हैं, आज इन सभी का 8वा उपवास है, विमल सिंघई, अरुणा महेंद्र जैन, कामिनी चौधरी, संगीता नवरंग सिंघई, अखिलेश जैन, आशीष विनोद जैन, एकता राजकुमार जैन, नीलम आकाश जैन, नेहा स्वप्निल चौधरी, शिल्पा विक्की चौधरी, अनुष्का साकेत चौधरी, श्रद्धा पंकज जैन, शिवानी संदीप नाहर, सुरभि सोनम सिंघाई, रूही जैन, मेघा रावका, अनुभव जैन, श्रुति जैन, अभिजीत चौधरी, आन्या चौधरी, अतिशय चौधरी, श्री जैन, संस्कार गंगवाल तथा आराध्य गदिया दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के द्वारा आपकी तपस्या की सुख साता पूछते हुए, आपके पुण्य की खूब खूब अनुमोदना की गई। शाम को श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर बस स्टैंड में पूरी समाज के द्वारा झांज मंजीरे से आरती एवं भक्ति की गई। तत्पश्चात प्रिंस भैया के द्वारा उत्तम त्याग धर्म पर बहुत ही प्रभावित प्रवचन किए गए। धार्मिक रील बनाओ प्रतियोगिता में सभी लोगों ने मिलकर विभिन्न प्रकार की रील बनाई जिसका प्रदर्शन प्रोजेक्टर के द्वारा जैन भवन में कराया गया।

# महिलाओं को कौशल विकास व क्षमता निर्माण के लिए किया गया प्रेरित



**बलौदाबाजार,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा संकल्प एचईडबल्यू के अन्तर्गत महिला केंद्रित विषय पर विशेष जाकरूकता कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेरा एवं कोसमंदी में किया गया।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को केंद्र और राज्य सरकार की महिला केंद्रित योजनाओं, नीतियों तथा अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनके कौशल एवं क्षमता निर्माण के लिए प्रेरित करना। जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ सुश्री नम्रता साहू द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, घरेलू हिंसा, पॉक्सो एक्ट एवं अन्य महिला एवं बच्चों से संबंधी कानून की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेरा एवं कोसमंदी के प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।